इस वर्ष भाद्रपद माह अधिक माह के योग में-सूर्य के आगे एक राशि मंगल रहे, पीछे सूर्य होने से वर्षा में न्यूनता तथा उस वर्ष में शुक्र मंत्री तथा राजा दोनों पद सुशोभित करता है, तो दुर्भिक्ष का फल न्यून होकर सुभिक्ष बनता है। अतः यह वर्ष सुभिक्ष होगा। लेकिन उपद्रव बढ़ेंगे। वर्ष में तिल, तेल, घी, सन के भाव तेज होंगे। इनका भाव भी अस्थिर बनेगा। यानि तैजी का घटक चलेगा। विशिष्ट नेता वर्ग का देहान्त योग, दुर्घटना में होगा। मंगल सिंहस्थ होकर एकाएक तेजी का योग बनता है। राजतंत्र में अशांति रहेगी। इस वर्ष ग्रहण योग के अभाव से जनता में पापाचार बढ़ेगा। स्त्री शिक्षा के लिए नये तकनीक शिक्षण संस्थाएं खुलेंगे। रसादि पदार्थों पर गुप्त छापा भी पड़ेगा।

द्विस्वभाव कन्या लग्न में संवत् 2069 का प्रवेश एवं वर्षेश दोनों की लग्न स्थिति फलादेश अच्छा वर्ष होने का संकेत करता है। चिकित्सा विभाग को मंगल ग्रह से काफी परेशानी से गुजरना पड़ेगा। पश्चिमी देशों में लोक मंगल कार्यों के नाम से जनता को लूटा जायेगा। विश्व में जनतंत्र संबंधी विधेयक पर सम्पूर्ण देशों में क्रांति का आंदोलन चलेगा। इस वर्ष में शनि ग्रह तुला राशि में उच्च का होकर गोचर फल इस प्रकार देगा। **सूर्यपुत्रे तुलायते ह्यत्युपद्रवमादिशेत। सप्त धान्या महर्घाणि मेदिनी नष्ट कारिका॥** तुला राशि में शनि के प्रभाव से-विश्व में अग्निकाण्ड उपद्रव होंगे। सभी अनाज, सप्त धान्य महंगे और पृथ्वी पर अनिष्ट घटनाओं का बोलवाला होगा। विश्व में व्याकुलता तथा रोगोत्पत्ति, हीन भावना के विचार बनेंगे। स्त्री वर्ग का एवं मुख्य नेताओं का अपहरण का योग बनता ही रहेगा। डाकुओं को विशेष सफलता बनेगी। बंगाल में उत्पात तथा क्षेत्रवाद का मामला बनेगा। विभिन्न पार्टियों में मतभेद चलेंगे। सत्ता पक्ष को भी अशोभनीय क्रम से गुजरना पड़ेगा। चित्रा नक्षत्र गत शनि का प्रभावादि-**चित्रास्थे प्रमदाजन लेखक चित्रज्ञ चित्र भाण्डानि। स्वातौ मागधचर दूत सूत पोत प्लव नटाद्या॥** इसके प्रभाव से गोचर काल में स्त्रीगण, लेखक, चित्रकार, फोटोग्राफर, भाण्ड, ललित कला के कलाचार्य, कलाकारों एवं अन्य कोमल प्रकृति वालों को कष्ट होगा। इस नक्षत्र में शनि के योग से भारत में अच्छी वर्षा होगी। फसल भी अच्छी होगी। दक्षिण प्रदेशों में आपसी मतभेद बढ़ेगा। तथा प्रजा में भी उपद्रव आंदोलन जैसा योग बनेगा। शनि की दृष्टि दक्षिण दिशा में होने से-तथा पश्चिम में तुला राशि के योग से प्रभाव चलेगा। अतः भारत के दक्षिणी भागों में प्राकृतिक आपदा का योग बनेगा। चक्रवात, आतंकवाद, हिंसा एवं अराजकता के प्रभाव से जन-आंदोलन भी भड़कने का योग बनता है। जन-धन-तन तीनों की हानि का योग बनता है। मन्दिर, देवालयों को भी अपवित्रता का गढ़ बना सकते हैं। शनि ग्रह की शांति के लिए महर्षि पिप्लाद के बताये हुए शनि के दशनाम स्तोत्र का स्नानादि के बाद नित्य प्रातःकाल पाठ करने से शनि का कोप, साढ़े साती और ढैया की पीड़ा नष्ट हो जाती है। दशनाम स्तोत्र इस प्रकार है। **नमस्तै कोण संस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तुते। नमस्तै बभ्रुरूपाय कृष्णाय नमोस्तुते॥ नमस्तै रौद्रदेहाय नमस्तै चांतकाय ते। नमस्तै यमसंज्ञाय नमस्तै सौरये विभौ॥ नमस्तै मंद संज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तुते। प्रमादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥** इस प्रकार शनि का स्तोत्र पढ़ने तथा शनि ग्रह संबंधित दानादि देने से लाभ होता है।

मेदनीय ज्योतिष-ग्रहयोगानुसार नक्षत्र ग्रह गति योग फलम्

प्रान्तीय (राज्यवार भविष्य मिश्रित ग्रहयुक्ति) फलादेश

राजस्थान-यह क्षेत्र राजपूताना (वीरों का प्रांत) से विश्व में परिचित है। तुला का शनि लग्न में उच्च का साढ़ेसाती के प्रभाव से मिला-जुला भविष्य बनेगा। क्षत्रियों एवं व्यापारियों की मुख्य भूमि होने से तुला राशि का शनि वर्चस्व बढ़ायेगा। राशि पति शुक्र ही राजा व मंत्री होने से स्त्री वर्ग का प्रशासनिक सेवा, तकनीकी सेवा में वर्चस्व बढ़ेगा। ता. 16.04.2012 से 26.06.2012 तक का समय संकटमय बनेगा। इस वक्त महापुरुषों एवं बड़े राजनेताओं को संकट भय डालेगा। राजनैतिक पार्टियों से विद्रोह एवं विधान सभा का संचालन में बाधक योग बनेगा। अनिवार्य सेवाओं में संकट दायक स्थिति बन सकती है। खनिज का अच्छा भू-भाग मिलेगा। सम्पत्ति बढ़ेगी।

पंजाब, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, उत्तरांचल, बिहार, असम, संघीय प्रदेशों का भविष्य-इन राज्यों की अलग-अलग भविष्य के स्थान पर सामूहिक योग लिखे जा रहे हैं। इन राज्यों में राजनैतिक व्यवस्था में परिवर्तन का योग यानि राज्य सरकारें भंग होने तथा अविश्वास प्रस्ताव जन्य अशोभनीय व्यवहार बन सकता है। राज्यपालों की नियुक्ति में भी क्षेत्रीय पार्टियों द्वारा विरोध प्रदर्शन का मामला बनेगा। प्राकृतिक आपदा, बाढ़ादि के प्रभाव से जनता प्रभावित होगी। कृषि वर्ग के लिए एवं स्त्री वर्ग के लिए यह वर्ष अच्छा रहेगा। गायों की सुरक्षा का आंदोलन चलेगा। अग्निकाण्ड, हत्याकाण्ड जैसा योग बनेगा। ता. 15.07.2012 से 10.10.2012 तक इन प्रांतों में अभद्रता तथा चिन्ता दायक स्थिति बनेगी। अपहरण काण्ड बढ़ेंगे।

हरियाणा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात-ध्रुवांक गणना मेदनीय ज्योतिष के योग से इन प्रांतों में कृषि कार्य में विशेष विकास होगा। सरकारी तंत्र सुखी रहेगा। राजनैतिक योग में हत्याएं बढ़ेंगी। तथा उद्योग-धंधे भी विकसित होंगे। प्राकृतिक आपदा से जन-धन की हानि होगी। नेताओं के मतभेद बढ़ेंगे। न्यायालय संबंधी प्रकरण भी ज्यादा होंगे। ता. 15.05.2012 से 26.08.2012 तक स्थानीय सरकारों में परिवर्तन अथवा मंत्री मण्डल में परिवर्तन होगा। बाढ़ का प्रकोप बढ़ेगा। नदियों का पानी सीमा से बाहर भी चलने का योग बनता है। भक्ति के क्षेत्र में मन्दिर, मठ, मस्जिदों में भी अशोभनीय योग, बलात्कार, भ्रष्टाचार का योग बनेगा। **पोप पादरी मुल्ला पण्डा। यहां खायेंगे जनता का डण्डा॥** नारी शक्ति का शोषण के साथ अशोभनीय घटनाओं से देह व्यापार से गुजरने को भी मजबूर करने जैसे योग बनते हैं। विद्युत उत्पन्न क्षमता बढ़ेगी। गृह युद्ध जैसा वातावरण के संकेत बनते हैं। जनप्रिय नेताओं को भी आयुक्षीणता अथवा हत्याएं जैसा योग बनता है।

उड़ीसा, कर्नाटका, तामिलनाडू, मेघालय, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गोआ, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड एवं सभी केन्द्र शासित प्रदेश, पर्वतीय क्षेत्र तथा तीर्थ क्षेत्र, पर्यटन स्थलादि-इन राज्यों में मंगल+शनि का प्रभाव तथा चं+बु की युति सूर्य के साथ होने से शक्ति पूजा, देव पूजा, आध्यात्मिक में अशोभनीय घटनायें घटेंगी। व्यापारी वर्ग ज्यादा चिन्तित होंगे। परिसीमन के मामलों में प्रांतीय सीमा के निर्धारण में गोली काण्ड या हत्या कांड योग बनता है। ता. 16.06.2012 से 19.10.2012 तक इन राज्यों में व्यापारी वर्ग, कृषक वर्ग ज्यादा परेशानी झेलेंगे। युद्ध का ताण्डव व प्राकृतिक घटनाओं के प्रभाव से जन-धन की हानि होगी। नारी शक्ति का तंत्र बढ़ेगा। भ्रूण हत्याओं पर यहां विशेष कार्यक्रम जन हित में आयोजित होंगे। भूकम्प, ज्वालामुखी या सुनामी जैसे प्राकृतिक प्रभावों से संकट छायेगा। केन्द्रीय बल को सुरक्षा हेतु सरकार को तैनात करने का योग बनता है। आतंकवादी इन प्रांतों में छिपकर नहीं, सामने डाकुओं की तरह छायेंगे। **भूम्या नराच्श्रुतृष्याद गजह्य वृषभैर्युद्ध सुभिक्ष रोगैः। पीड़यन्ते सर्वदेशाः उदधिपुर पधे दुर्गेदशेषु भंग॥** पशुओं में दूध की कमी। अशोभनीय पशुओं पर भी अत्याचार गो हस्ती हत्याएं तथा खनन् विभाग में मानव-मानव का भक्षी जैसा योग बनेगा। गांवों की सुरक्षा के अभाव में जनता पीड़ित रहेगी। स्त्री विक्रय धंधा जोर पकड़ेगा। ईश्वर रक्षा करें।

विश्वस्तरीय घटनाक्रम (प्रमुख राष्ट्रों की मिश्रित घटनाएं)

अमेरिका, आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, इंग्लैण्ड, मारीसस, ग्रीनलैण्ड-ग्रह गणना योग से इन देशों में राजनैतिक अस्थिरता का योग बनेगा। मजदूर वर्ग संकट में होगा। सरकारी तंत्र में गोपनीयता का पर्दाफाश होगा। औद्योगिक एवं आणविक शक्ति का विकास ज्यादा होगा। प्राकृतिक आपात काल पीड़ा का सामना भी करना पड़ सकता है। चिकित्सक वर्ग पलायन कर सकते हैं। खनिज उत्पादन का योग ज्यादा होगा। वायुयान दुर्घटना की स्थिति एवं आत्म हत्याओं का सिलसिला चलेगा। राजनैतिक दलों में कुठाराघात अपमान जनक घटनाएं घटेंगी। नारी वर्ग सबल बनेगा।

अफगानिस्तान, युगोस्लाविया, मलेशिया, कोरिया, चीन, ईरान, ईराक, फ्रांस, रूस-ग्रह गणना योग से इन देशों में भूकम्प आना, यौनाचार, भ्रष्ट कार्य ज्यादा होंगे। न्यायालयों में झगड़ा-फंसाद से अशोभनीय घटना का योग बनेगा। शासक वर्ग में भी परिवर्तन के योग ज्यादा बनेंगे। राजपक्ष में स्त्री वर्ग शुक्र ग्रह से प्रभावित होना सत्ता पक्ष में प्रबलता बनती है। अतिवृष्टि के प्रभाव से बाढ़ से जन-धन की हानि तथा आतंकवाद का प्रभाव सर्वत्र बनेगा। मनुष्यों का दोहन पशुओं की भांति होगा। राष्ट्रपति के प्रस्तावों का भी हनन् या अशुभता का प्रदर्शन बनेगा। नग्न नृत्यों का बोलबाला भी छाया रहेगा। सिनेमा जगत का यहां वर्चस्व बढ़ेगा।

पाकिस्तान, अफ्रीका, हिन्द चीन, लन्दन, बंगलादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, कोरिया आदि-ग्रह योग से इन देशों में अनावश्यक शासकीय निर्णय लेने से जनता में विरोध बढ़ेगा। शुक्र राजा व मंत्री के कारण इन देशों में नारी शक्ति को सबलता-प्रबलता का आभास होता है। नारियों का वर्चस्व बढ़ेगा। लेकिन शोध कार्यों के प्रति राजकीय व्यवस्था लड़कियों को मिलने के बावजूद शोषण ज्यादा होगा। चिन्तन मनन-मंथन जैसी वार्त्ताओं को भी गौण समझकर टालने का प्रयास चलेगा। तकनीकी विकास होगा। प्राकृतिक आपदाओं से बाधित देशों में आतंकवाद का वर्चस्व भी छाया रहेगा। शासकीय कार्यों की व्यवस्था बिगड़ेगी। नेताओं का पदच्युत या अपहरण का योग बनता है।

जर्मनी, जापान, न्यूजीलैण्ड, सिंगापुर, चीन, कनाडा, हालैण्ड, पोलैण्ड, सिक्किम, मैक्सिको, कोरिया प्रायद्वीप, यूक्रेन, पश्चिमोत्तर देश -इस देशों का राजनैतिक भविष्य अंधकार मय प्रतीत होता है। शुक्र+मं+के+रा के कारण ता. 16.06.2012 से 28.07.2012 तक का समय सत्ता परिवर्तन दायक एवं मशीनरी उद्योग में नयी क्रांति का योग बनता है। आकाशीय गतिविधियों में यहां अशोभनीय प्राकृतिक घटनाओं का ताण्डव छाया रहेगा। आर्थिक दृष्टि से देशों में विरोधी व्यापार दयनीय रहेगा। सू+बु=बुधादित्य योग से चिकित्सा क्षेत्र में अच्छा विकास होगा। खेलकूद कार्यों में भी अग्रणी रहेगा। पदच्युत कार्य अधिकारियों एवं मंत्रियों का बनता रहेगा। बालिका वर्ग को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा।

स्वतंत्र भारत की कुण्डली भारत वर्ष (हिन्दुस्तान)-वि. सं. 2069 के कन्या लग्न एवं वर्षेश भी कन्या लग्न के होंने से द्विस्वभाव संज्ञक कन्या राशि स्वामी बुध के प्रभाव बुध भी मीन राशि में चन्द्रादित्य योग (कलात्मक-साहित्य एवं शोध पूर्ण बनेगा) में अग्रसर होगा। बुधादित्य योग से वैज्ञानिक विकास विशेषकर चिकित्सा के क्षेत्र में अच्छी प्रगति होगी। लेकिन राज्यसभा एवं लोकसभा की गति दुर्बल (दयनीय) रहेगी। मानव संशाधन विकास मंत्रालय नयी शिक्षा नीति तथा शैक्षिक कार्य के प्रति जागृत होगा। छद्मवेशी योग भी बनता है। अर्थात् व्यक्ति आपसी विवाद से जनता के प्रति विश्वास में कमी आयेगी। ता. 13.5.2012 से 16.10.2012 तक राजनीति क्षेत्र में खलबली आयेगी। अविश्वास प्रस्तावों की तलवार लटकती रहेगी। भौतिक, शैक्षणिक, अध्यात्मिक कार्यों का यत्र-तत्र-सर्वत्र बोलबाला रहेगा। घोटाला काण्ड, अपहरण काण्ड ज्यादा बनेंगे। लेखक एवं प्रकाशक वर्ग पर कानूनी प्रभावों से वर्चस्व बढ़ेगा। आकाशीय परीक्षण ज्यादा होंगे। विविध प्रांतों में केन्द्रीय घटनाओं को प्रभावित करेगा। ता. 13.1.2013 से 20.2.2013 तक केन्द्रीय सत्ता में विशेष चिन्ताजनक घटनाएं घटेंगी। महामहिम राष्ट्रपति जी के पद की गरिमा भी घट सकती है। तथा बम ब्लास्ट जैसी अशोभनीय घटनाएं घटेंगी। महिलाओं के सम्मान भी अपमान जैसी घटनाएं घटेंगी। अपराधिक मामलों की संख्या अनंत होगी। वायुयान एवं रेल दुर्घटनाओं का भी अनियंत्रित स्थिति से जनता संकट मय रहेगी।

राजनैतिक पार्टियों का भविष्य कथन

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी-इस पार्टी के लिए वि. सं. 2069 संकट दायक योग करता है। पार्टी में अंतर्कलह से काफी लोग पार्टी को त्याज्य भी कर सकते हैं। **खुद का बीज बोया हुआ कंटक। कब कटेगा इनका संकट॥** पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन एवं सरकारों में अविश्वास जनक बाड़ खेत ने खाय उक्ति को सार्थक करेंगे ता. 16.4.2012 से 16.8.2012 तक वर्चस्व में न्यूनता तथा विशिष्ट नेताओं का देहावसान होगा। पार्टी के पदाधिकारियों में परिवर्तन के निर्णय में भी रोष (उदासीनता) का योग बनता है। घमासान संकट से पार्टी के वर्चस्व में कमी आयेगी। व्यक्ति विशेष चमकेंगे।

भारतीय जनता पार्टी-वि. सं. 2069 इस पार्टी की कुण्डली से शेयर्स बाजार की भांति रोना-हंसना योग बनता है। वरिष्ठतम नेताओं का पतन जैसा योग बनेगा। सामाजिक दृष्टि से इस पार्टी का वर्चस्व बढ़ेगा। कोर्ट-कचहरी का चक्कर के प्रभाव से पार्टी में फूट पड़ेगी। ता. 17.7.2012 से 18.11.2012 तक स्त्री वर्ग नेताओं से पार्टी के वर्चस्व में कुछ मजबूती बनेगी। हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात प्रांत में कुछ वर्चस्व बढ़ेगा। सदस्यता अभियान से सफलता का योग बन सकता है।

बहुजन समाज पार्टी-इस पार्टी का उत्तरोत्तर भाग्योदय योग बनता है। शनि ग्रह+शुक्र ग्रह के प्रभाव से पार्टी को सन् 2022 से सत्ता पक्ष का विशेष बल मिलेगा। तथा जन-जन में पहचान बनाने में अग्रसर होगी। कुछ नेताओं द्वारा छद्मवेशी योग बनेगा। तथा गुप्तचरों के माध्यम से पार्टी को खोखला करने में गति बढ़ेगी। फिर भी पूर्वी एवं उत्तर भारत में भागीदारी अच्छी रहेगी। सत्ता योग भी बनता है।

समाजवादी पार्टी-इस पार्टी के लिए वर्ष 2069 में ग्रह योग से कलह योग बनता है। परस्पर पार्टी के सदस्यों में अनैतिकता का योग बनेगा। वर्तमान अध्यक्ष को विशेष खतरा भी बनता है। महिलाओं के योगदान से पार्टी जीवित रहेगी। चुनावों में विशेष सफलता के योग नहीं बनेंगे। ता. 14.7.2012 से 10.10.2012 तक पार्टी में घमासान योग या अन्य अशोभनीय घटनाएं घटेंगी। अन्य पार्टियों के सहारे वर्चस्व बढ़ेगा।

जनता दल-इस पार्टी के लिए वर्ष 2069 नयी चेतना का कारक बनेगा। सदस्यता न्यून का योग, लेकिन सदस्यों की संसद में भूमिका अच्छी रहेगी। सेक्स कांड से या अभद्रता के कारण पार्टी का वर्चस्व गिरेगा। नारी शक्ति द्वारा सन् 2015 के बाद वर्चस्व बढ़ेगा। स्थानीय दलों का सहयोग प्राप्त करें तो कुछ वर्चस्व बढ़ सकता है।

माकपा-यह वर्ष पार्टी के लिए काफी परिवर्तन कारक, मुख्यालय में कुछ नवीन सदस्यों द्वारा सुझाव प्राप्त होंगे। दिनांक 23.7.2012 से 28.11.2012 तक पार्टी में नयी गतिविधियां चलेंगी। सत्ता में नेतृत्व का प्रभाव रहेगा। गुप्तचरों से बचकर पार्टी कार्य करें तो अच्छा रहेगा। नारी को नेतृत्व दिया जाये तो विकास ही सके। कार्यालय पर बम ब्लास्ट जैसा योग भी बनता है।

शिव सेना-इस पार्टी में कुछ मतभेद होने का योग बनता है। शीर्षस्थ नेताओं के अड़ियल स्वभाव के कारण वर्चस्व घटेगा। ता. 16.5.2012 से 20.7.2012 तक पार्टी में नवीन योजना बनेगी। वृद्ध जन नेताओं की दुर्घटना में मृत्यु योग बनता है। दक्षिणी भारत, महाराष्ट्र का पूर्वी भाग तथा राजस्थान में प्रभाव बढ़ने का योग बनता है। क्षेत्रीयता में सफलता ज्यादा मिलेगी। दक्षिणी भारत की महिला को दायित्व योग बनते हैं।

तृणमूल कांग्रेस-यह पार्टी क्षेत्रीय स्तर पर वर्चस्व प्राप्त करेगी। राज्य स्तरीय तथा केन्द्र भू-भाग में न्यूनतम स्थिति बनेगी। पार्टी धार्मिक गतिविधियों में सम्मान बढ़ेगा। तथा अध्यक्षता में भी परिवर्तन योग 12.5.2012 से 16.10.2012 तक बनता है। अन्य पार्टियों का सहयोग कम मिलेगा।

यू.पी.ए. गठबंधन-यह गठबंधन अस्थायी रूप में चलेगा। पांच-पांच वर्ष की अवधि में इसका स्वरूप बनता-बिगड़ता रहेगा। सन् 2012 में इसमें काफी अविश्वास का योग बनेगा। धोखा धड़ी एवं कानाफूंसी से विवाद भी बढ़ेगा। खींचतान स्थिति में 2014 तक इसका स्वरूप रहकर नाम परिवर्तन भी हो सकता है। इसके गठन में विभिन्न पार्टियों में समझौता का करार होगा।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा (गठबंधन)-गतिशून्य जैसी लगेगी। सदस्य भी अपने दायित्वों से हटकर चल सकते हैं। ता. 14.5.2012 से 27.10.2012 तक काफी उतार-चढ़ाव जैसे योग बनेंगे। दल का प्रमुख नेता अस्वस्थ भी होगा। तथा दक्षिण भारत में कुछ वर्चस्व बढ़ेगा। **घर का भेदी लंका ढहाये। उनको अब कौन बचाये॥** रा+के+श+मं ग्रह की स्थिति अशुभ दायक है।

संयुक्त मोर्चा-इस संगठन में नेतृत्व का अभाव रहेगा। सर्वजन में इसका वर्चस्व न्यून हो रहा है। ता. 16.4.2012 से 27.6.2012 तक कुछ हलचल में पुन: इसके गठन की पूर्ति या नवीनीकरण जैसा योग बनेगा।

नया गठन-नया संगठन का योग 2015 ई. में या सन् 2014 के अंतिम माह में बनेगा। जो सरकार संचालन की नीति बनायेगा। इसका नेतृत्व दक्षिण भारत की महिला करेगी। नारी उत्थान का भी कारक बनेगा।

अल्प दल-जो क्षेत्रीय पार्टियां अल्प दल की होकर किसी भी गठन या संगठन में सम्मिलित होंगी। सरकार में अपना पद प्राप्ति की शर्त रखेंगे। बजरंग दल का कुछ वर्चस्व बढ़ेगा। आर.एस.एस, संत समुदाय, भारत स्वाभिमान पार्टी जैसे असंख्य सदस्यों का संगठन भी सन् 2015 के आस-पास आगे-पीछे बनेगा। शनि+शुक्र+चन्द्र+मंगल के कारण सत्ता पक्ष में लाभ लेंगे।

क्या वर्तमान केन्द्र सरकार कार्यकाल पूरा करेगी ?-वर्ष लग्न के योग से वर्तमान सरकार का जो गठन है, यथावत् रहेगा। पार्टियों का गठन नहीं टूटकर सरकार को **बैशाखी का सहारा की तरह** चलेगा। व्यक्तिगत परिवर्तन चलते रहेंगे। प्रधान मंत्री को 15.5.2012 से 12.10.2012 तक बीमारी का योग भी। नेतृत्व में कमी नहीं रहेगी। मात्र बढ़ते हुए स्वार्थपरता के कारण कमजोरी रहेगी। सरकार अपना कार्यकाल पूर्ण करने की स्थिति में रहेगी। स्त्री वर्ग का वर्चस्व बढ़ेगा।

क्या दिल्ली सरकार का कार्यकाल पूरा होगा ?- पूर्व कथन भविष्य के अनुसार दिल्ली की सरकार अपना कार्यकाल पूर्ण करेगी। कुछ छद्मवेशी सदस्यों द्वारा शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ता. 17.6.2012 से 11.11.2012 तक मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित का कार्य काल में आतंकवादी हानि पहुंचा सकते हैं। दुर्घटना योग भी जून 2012 में बनता है। जनता चिन्तित रहेगी।

व्यक्तिगत भविष्य फल कथन

महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल- राष्ट्र हित में आपका वर्चस्व बढ़ेगा तथा शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव का बचाव देश की जनता की दुआओं से समाधान होगा। फिर भी स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्ष अशुभ दायक होगा। उच्च के सूर्य की दृष्टि जब उच्च के शनि पर समसप्तक योग से पड़ेगी, तब नैत्र पीड़ा बनेगी। ता. 14.4.2012 से 14.5.2012 तक का समय प्रतिकूल रहेगा। देश-विदेश यात्राओं में भारत का वर्चस्व बढ़ेगा। मगर स्वास्थ्य की दृष्टि से कार्यकाल में बाधा बनने का योग है। आप स्वास्थ्य से ठीक रहें, तो कार्यकाल पूरा कर पायेंगे।

उपराष्ट्रपति महोदय श्री हामिद अंसारी जी- आपको इस वर्ष शनि के योग से काफी न्यायपूर्वक कार्य की क्षमता बढ़ेगी। वर्चस्व बढ़ेगा। नया भवन या अन्य शुभ कार्य का योग बनेगा। मान-सम्मान भी बढ़ेगा। अंत:रोग शुक्र+शनि+मंगल के कारण रक्त विकार, मानसिक दृष्टि से संकट बनेगा। परिवार में अशोभनीय घटनाएं घटेंगी। ता. 14.7.2012 से 17.10.2012 तक का समय स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यकाल पूर्ण होने में संदेह बनता है।

श्रीमती सोनिया गांधी (राष्ट्रीयाध्यक्षा कॉंग्रेस पार्टी)— आपकी कुण्डली के योग से वर्ष में स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। मंगल+शनि+राहु का भावेश संबंध शत्रु दायक है। अत: विपक्षी द्वारा अपमान भी होगा। उदर या स्तन जन्य स्थानों पर आपरेशन का योग बनेगा। तथा हृदय गति अथवा हवाई दुर्घटना में भी अशुभता का योग बनता है। ता. 17.6.2012 से 20.9.2012 तक अशुभ योग। लम्बी यात्रा नहीं करें तो शुभ रहेगा।

डॉ. श्री मनमोहन सिंह (प्रधान मंत्री भारत सरकार)—राशि योग, भारतीयता की भावना से आपके कार्यकाल में अनेक बाधाएं आयेंगी। स्वास्थ्य की गड़बड़ी से आयु हीनता का भी योग बनता है। विपक्ष द्वारा सही निर्णय पर पहुंचने में बाधाएं रहेंगी। आप स्वयं संतुष्ट नहीं रहेंगे। यात्राएं ज्यादा नहीं करें। अग्निकाण्ड के प्रभाव से बचें। ता. 16.5.2012 से 19.10.2012 तक का समय संकट दायक रहेगा।

श्री राहुल गांधी (महासचिव)- उच्च के शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव आपके लिए यात्रा कारक तथा स्वास्थ्य के लिए चिन्ता कारक तथा छद्म वेशी लोगों से भी संकट दायक स्थिति में रहेंगे। युवा वर्ग भी कुछ धोखा कर सकते हैं। शनि न्यायप्रिय ग्रह है। तथा आपको उच्च पद पर भी शनि 2013 से 2015 मध्य बैठायेगा। लेकिन वायुयान की यात्रा में सावधान रहें।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी (पूर्व प्रधान मंत्री)- इस वर्ष आपके लिए मं+श+गु+रा+के के योग से स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। गिरने का योग बनता है। भाजपा के योग में आपका राजनीति जीवन का प्रभाव न्यून रहेगा। ता. 15.6.2012 से 20.8.2012 तक स्वास्थ्य विशेष प्रतिकूल होगा। मानसिक तनाव बना रहेगा। रेल यातायात या हवाई यात्रा में दुर्घटना का योग बनता है। हृदय घात संबंधी योग बनता है।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी- यह वर्ष स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। आपकी रथ यात्रा में भी आशातीत सफलता प्रतीत नहीं होने का योग बनता है। ता. 16.7.2012 से 19.12.2012 तक शारीरिक स्वास्थ्य ठीक प्रतीत नहीं होगा। दक्षिण-पूर्व की यात्रा में सावधान रहें। पारिवारिक, सामाजिक एवं राजनैतिक दृष्टि से संकट दायक योग है।

श्रीमती प्रियंका बढेरा- यह वर्ष नारी संगठन में आपको बल प्रदान करेगा। सामाजिक कार्य योग में नेतृत्व कुछ असभ्यता से गुजारना पड़ सकता है। जन संबोधन में गिरने का योग तथा ससुराल से कुछ दबाव भी बनेगा। मन उच्चाटन वाला रहेगा। ता. 14.7.2012 से 14.11.2012 तक भागदौड़ के कारण पति-पत्नि में कटुता का योग तथा राजनैतिक यात्राएं भी होंगी।

पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री ए.पी.जे.अब्दुल कलाम— यह वर्ष आपको मान-सम्मान का रहेगा। स्वास्थ्य भी गिरेगा। हवाई यात्राओं से कुछ चिन्ताजनक घटना से भय या चोट का योग। वैज्ञानिक परिवेश में भारत को विश्व स्तरीय परिवेश प्रदान करने में आपकी अहम् भूमिका रहेगी। ता. 16.6.2012 से 17.9.2012 तक समय प्रतिकूलता का रहेगा। अचानक परेशानी। स्वास्थ्य में गिरावट योग।

श्रीमती वसुन्धरा राजे सिंधिया- इस वर्ष का राजा एवं मंत्री, राशि स्वामी शुक्र आपको मांगलिक तथा राजनैतिक चाल में शुक्रनीति के योगानुसार सफलता मिलेगी। भाजपा की बागडोर आपकी विशेष रहेगी। इस वर्ष आप भारत में भाजपा का परचम फहरायेंगी। ता. 17.5.2012 से सूर्य का लग्न में होना शारीरिक पीड़ा ऑपरेशन जैसा बनेगा। लेकिन स्वास्थ्य ठीक रहेगा। ता. 16.5.2012 से 18.9.2012 तक तबीयत कुछ गड़बड़ रहेगी। राजनैतिक जीवन इस वर्ष प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय रहेगा।

श्री राजनाथ सिंह (पूर्व अध्यक्ष भाजपा)- तुला का लग्नस्थ शनि पारिवारिक जीवन में बाधक होगा। स्वयं की त्रुटियों से पार्टी में उदासीनता बन सकती है। न्यायालय संबंधी प्रकरणों का योग बनेगा। ता. 16.6.2012 से 13.11.2012 तक संकट दायक समय, स्वास्थ्य भी खराब होगा। चोट या असभ्यता के घेरे में फंस सकते हैं।

माननीय श्रीमान् अशोक गहलोत जी- वर्ष 2069 में ग्रह योगानुसार आपको शनि का प्रभाव पत्नी के लिए संकट दायक बनेगा। पार्टी के नेतृत्व में वर्चस्व रहेगा। केन्द्रीय कार्यकारिणी में आपको और सबलता मिलेगी। सरकारी तंत्र में विशेष योजना को संचालित करेंगे। यात्रा में कुछ सावधानी की आवश्यकता रहेगी। ता. 14.5.2012 से 16.10.2012 तक स्वास्थ्य बिगड़ने का योग, ऑपरेशन जैसी स्थिति बनेगी। कार्यकाल पूर्ण होने का संकेत। विपक्ष के तर्कवाद से कार्य सम्पादन में कमी रहेगी।

सुश्री मायावती (मुख्यमंत्री उ.प्र.)-यह वर्ष आपको काफी संकटों का सूत्रपात होगा। असभ्यता के दौर से भी गुजरना पड़ेगा। लेकिन विजय आपकी ही होगी। सन् 2012 से 2017 तक का नेतृत्व कार्य में सहायक रहेगा। बम ब्लास्ट संबंधी अफवाहों से धोखा द्वारा जीवन हानि का योग भी सितंबर 2012 व जनवरी 2013 में बनता है। आर्थिक दृष्टि से सम्पन्नता बढ़ेगी। दक्षिण भारत की यात्रा में सावधानी रखें। ता. 30.5.2012 से 10.11.2012 तक संकट दायक योग है।

श्री मुलायम सिंह यादव (पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र.)-आपको यह वर्ष विफलताओं के रूप में गुजरेगा। स्वास्थ्य गिरेगा। यात्रा या स्वास्थ्य सुधार के लिए विदेश जाने का भी संकेत बनता है। पार्टी के नेतृत्व में कमी आयेगी। अपने ही जनों द्वारा पार्टी का त्याग करना एवं अपमानित करना जैसा योग है। ता. 17.7.2012 से 27.9.2012 तक विशेष सावधान रहें। अग्नि या बम विस्फोट से बचकर चलें।

सुश्री जय ललिता जी- यह वर्ष शुक्र ग्रह से आपको आनंद दायक रहेगा। पार्टी के नेतृत्व में नियंत्रण चमकेगा। सामाजिक दायित्व बढ़ेगा। तथा नये वाहन की भेंट प्राप्ति का योग बनता है। शनि ग्रह की स्थिति आपको न्याय पक्ष में विजय कारक रहेगा। स्त्री पक्ष ही आपकी घातक बन सकती है। ता. 30.5.2012 से 10.10.2012 तक स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी।

श्री एम. चन्द्रबाबू नायडू-यह वर्ष लक्ष्मी प्रदायक होगा। धार्मिक आयोजनों का लाभ भी होगा। विदेशी यात्राएं स्वास्थ्य की दृष्टि से ज्यादा रहेंगी। गाय, शेर, चीता पशुओं से सावधान रहें। ता. 13.6.2012 से 10.9.2012 तक स्वास्थ्य गड़बड़ है।

श्रीमान् प्रणव मुखर्जी-आपको वर्ष 2069 प्रगति दायक रहेगा। शनि की साढ़ेसाती खर्च तो करायेगा, लेकिन खर्चा हितकारक होगा। राष्ट्रीय सम्मान प्राप्ति के साथ उच्च पद दायित्व सफलता पूर्वक संचालित कर पायेंगे। स्त्री पक्ष की प्रेरणा से लाभदायक योग। ता. 18.5.2012 से 24.8.2012 तक सावधान, दुर्घटना का भय बनता है।

श्रीमान् शरद पवार-आपके नेतृत्व में न्यूनता बनेगी। स्वयं के लिए कुछ स्थिति बिगड़ेगी। फिर भी पार्टी का सबल मिलेगा। अधिकारी वर्ग से, कृषक वर्ग से आपको अच्छा सहयोग मिलेगा। ता. 20.6.2012 से 24.9.2012 तक प्रतिकूल समय रहेगा। हवाई यात्रा से सावधान। स्वास्थ्य अचानक बिगड़ेगा।

डॉ. मुरली मनोहर जोशी- आपके व्यक्तिगत जीवन से जनता प्रेरणा लेगी। सूर्य+बुध+चन्द्रमा की युति से पार्टी का नेतृत्व भी मिलने का योग बनता है। आप की कुशलता का प्रभाव प्रांतीय नेताओं पर पड़ेगा। पत्नि या परिजनों को कुछ असाध्य रोग का विकार बन सकता है। ता. 30.5.2012 से 20.8.2012 तक स्वास्थ्य खराब रहेगा। पूर्वोत्तर भारत में आपका आदर्श एवं वर्चस्व बढ़ेगा।

श्रीमान् लालूप्रसाद जी यादव (सांसद) - वर्तमान सांसद को इस वर्ष में स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहना चाहिए। पार्टी में खींचतान का योग बनेगा। लेकिन नेतृत्व में सफलता प्राप्त कर लेंगे। जीवन में विशेष घटना घटने का योग भी बनता है। ता. 27.5.2012 से 20.11.2012 तक चोट, रोग बाधा, पीड़ा का योग। पत्नी का स्वास्थ्य बिगड़ेगा। संतान का भाग्योदय होगा।

श्री एम. करुणानिधि—यह वर्ष स्वास्थ्य गिरावट एवं रोग कारक होगा। पार्टी में आपके नेतृत्व की न्यूनता बनेगी। रक्त विकार फोड़ा जैसा योग करेगा। कहीं भाषण कार्य में मंच पर भी गिरने का योग बनता है। ता. 20.4.2012 से 24.7.2012 तक विशेष संकट का योग बनता है।

श्रीमान् रामविलास पासवान- शनि ग्रह उच्च का तथा राशि पति शुक्र इस वर्ष का राजा व मंत्री होने से आराम दायक जीवन जीने के साधन मिलेंगे। हवाई यात्रा में खतरा का संकेत तथा पार्टी में आपका वर्चस्व रहेगा। लेकिन न्यायालय संबंधी प्रकरण में हार बनती है। स्त्री की मदद लेवें। ता. 10.5.2012 से 24.7.2012 तक संकट दायक योग।

श्री पी. चिदंबरम्-शनि+मंगल+बुध+सूर्य ग्रहों की गणना से आपका नेतृत्व पार्टी को सबल बनाने में अग्रसर रहेगा। मंत्री तथा नेतृत्व के भार से आपकी भागदौड़ ज्यादा रहेगी। स्त्री पक्ष या किसी भी अनजाने स्थान पर जाने का योग रा+के से बनता है। उदर शूल का योग। आराम नहीं योग, हसेंगे आपको लोग। न्यायालय का प्रकरण भी चलेगा। गोलीकाण्ड में शनि योग।

श्रीमान् शिवराज पाटील जी-शनि+शुक्र+बुध के प्रभाव से आपका प्रशासनिक कार्य शुभदायक रहेगा। पार्टी में नेतृत्व न्यून रहेगा। आप अपना कार्यकाल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। फिर भी परिवर्तन योग बनता है। स्वास्थ्य में गिरावट। हेलीकॉप्टर दुर्घटना का योग बनता है। ता. 18.5.2012 से 20.10.2012 तक का समय चिन्ता दायक होगा।

सुश्री उमा भारती (साध्वी)-वर्ष में आपका राशि में शुक्र का होना, आपके लिए शुभदायक संकेत करता है। आध्यात्मिकता में शुक्र विशेष सफलता दिलायेगा। जन-जन में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। ता. 20.6.2012 से 30.8.2012 तक सावधानी से कार्य करें। विश्वस्तरीय छवि बनेगी। जनता में विश्वास जमेगा।

अभिनेता अमिताभ बच्चन-स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वर्ष आपको अशोभनीय रहेगा। ता. 16.8.2012 से 30.12.2012 तक भागदौड़ ज्यादा होगी। सामाजिक एवं राजनैतिक दृष्टि से आपके कार्य में गिरावट, लेकिन सिनेमा जगत में लाभ मिलेगा। वर्चस्व बढ़ेगा तथा सम्मान प्राप्ति का योग बनेगा।

श्रीमती शीला दीक्षित (मुख्यमंत्री दिल्ली)-आपको इस वर्ष में काफी लाभदायक घटक मिलेगा। स्वास्थ्य में गिरावट तथा विधान सभा में भी हृदय का दौरा भी बनेगा। आकाशीय यात्रा में सावधान रहें। घर में काफी अशोभनीय कार्यों का वर्चस्व बनेगा। ता. 13.6.2012 से 14.9.2012 तक स्वास्थ्य खराब रहेगा तथा छद्मवेशी लोगों से भी सावधान रहें। चलते राह में भी सावधानी रखें।

श्रीमती मेनका गांधी-आपको इस वर्ष मंगल ग्रह के दोष से रक्त विकार या गुप्त रोग से परेशानी बढ़ेगी। असमाजिक तत्वों से सावधान रहें। परिवार एवं राजनीति में वर्चस्व बढ़ेगा। हवाई यात्रा से सावधान। ता. 16 अप्रैल से 20 अग. 2012 तक के लिए स्वास्थ्य में गिरावट या अशोभनीय कार्य बनेगा। सम्मान प्राप्ति तथा नये कार्यक्रम में तल्लीनता बावत् वर्ष अच्छा रहेगा।

श्रीमती सुषमा स्वराज-यह वर्ष राजनीति की दृष्टि से शुभदायक रहेगा। पार्टी का दायित्व भी संभालना पड़ेगा। संसद में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। छद्म वेशियों से बचकर रहें तो ठीक है। ता. 14.7.2012 से 14.11.2012 तक राजनैतिक समय में कुछ परिवर्तन पद लाभ या यात्राएं आदि में व्यस्त होने से स्वास्थ्य में गड़बड़ होगा। वर्ष में जन सभाओं को संबोधन में भी वर्चस्व बढ़ेगा। सन् 2015 से 2018 तक सावधान रहें।

श्री बराक ओबामा (अमेरिकी राष्ट्रपति)-विश्व में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। हवाई यात्रा में अशोभनीय दुर्घटना योग ता. 16.5.2012 से 17.10.2012 तक बनता है। आपकी योजनाएं जन हित कारक होने से लोकप्रियता में आप अग्रसर रहेंगे। अहिंसा एवं शांति के लिए आप सतर्क रहेंगे। वर्ष अच्छा रहेगा।

श्री टोनी ब्लेयर (ब्रिटेन)-स्वास्थ्य की दृष्टि से शनि ग्रह आपको अशोभनीय कारक रहेगा। जनता का विश्वास कम होगा। नैत्र पीड़ा का योग बनेगा। स्त्री पक्ष से अशोभनीय घटना का मामला बनेगा। कोर्ट-कचहरी में भागदौड़ भी बनेगी। ता. 16.6.2012 से 17.11.2012 तक स्वास्थ्य में विशेष गिरावट बनेगी। सावधान रहें।

श्री सचिन तेंदुलकर (क्रिकेट जगत)-इस वर्ष आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। वर्ष भागदौड़ वाला तथा मानसिक दृष्टि से चिन्ता दायक रहेगा। हवाई यात्रा में अशुभ घटना भी या कोई बम बिस्फोट जगह पर चोट का योग बनता है। ता. 10.5.2012 से 16.7.2012 तक संकट स्वास्थ्य आदि का ज्यादा रहेगा।

श्री अन्ना हजारे जी-आपको शनि+सूर्य+मंगल से जन-तंत्र का योगदान एवं विजय का सोपान वर्ष 2011 से 2013 तक मिलेगा। इसी बीच स्वास्थ्य खराब होने से अशोभनीय घटना भी घट सकती है। आपको भारतीयता एवं राष्ट्रीयता का सम्मान प्राप्त होगा। ता. 14.4.2012 से 30.7.2012 तक समय प्रतिकूल बनता है। आप विश्व में बापू तुल्य पहचान बनाकर लोकपाल बिल के प्रेरणादायी बनेंगे।

किरण बेदी-वर्ष 2069 में आप एक प्रेरणादायी नियंत्रण कर्त्ता तथा जन-जन में प्रेम का सौहार्द प्राप्त करने वालों की श्रेणी में आयेंगी। भ्रष्टाचारियों की कार्य प्रक्रिया को नियंत्रण करने में अन्ना जी की टीम का नेतृत्व आपको मिलेगा। ता. 16.9.2012 से 16.11.2012 तक आपका स्वास्थ्य खराब होगा। अथवा चोट का योग बनेगा।

संत मोरारी बापू-यह वर्ष स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रतिकूल रहेगा। कथा स्थल पर भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। अतः ज्यादा लम्बी यात्रा नहीं करें, तो ठीक रहेगा। ता. 16.6.2012 से 17.11.2012 तक का समय विशेष अशुभ दायक रहेगा।

ग्रहण विवरण संवत् 2069 विक्रमी

विक्रम संवत् 2069 (23 मार्च 2012 से 10 अप्रैल 2013 ई. के मध्य) में पृथ्वी पर सूर्य व चन्द्र के कुल चार ग्रहण दिखाई देंगे। जिनमें दो सूर्यग्रहण एवं दो ही चन्द्रग्रहण हैं। भारतीय भू-भाग पर सूर्य का एक ग्रहण मोक्षावस्था में पूर्वोत्तर क्षेत्रों में दिखाई देगा। अन्य तीन ग्रहण का भारत में दर्शन संभव नहीं होगा। भारतीय भू-भाग पर दृश्य ग्रहण विवरण, सूतक (वेध) एवं राशियों पर शुभाशुभ प्रभाव निम्न प्रकार है।

1. **कंकणाकृति सूर्यग्रहण** (भारते दृश्य)-
   ज्येष्ठ कृष्ण 30 रविवार, दिनांक 20/21 मई 2012 ई.।
2. **खण्डग्रास चन्द्रग्रहण** (भारते अदृश्य)-
   ज्येष्ठ शुक्ल 15 सोमवार, दिनांक 4 जून 2012 ई.।
3. **खग्रास सूर्यग्रहण** (भारते अदृश्य)-
   कार्तिक कृष्ण 30 मंगलवार, दिनांक 13/14 नवंबर 2012 ई.।
4. **छाया चन्द्रग्रहण** (भारते अदृश्य)-
   कार्तिक शुक्ल 15 बुधवार, दिनांक 28 नवंबर 2012 ई.।

1. भारत में दिखाई देने वाला सूर्यग्रहण

ज्येष्ठ कृष्ण 30 रविवार, दिनांक 20/21 मई 2012 ई. को रात्रि में कृतिका नक्षत्र में यह ग्रहण भारतवर्ष के उत्तरी-पूर्वी क्षेत्रों में मोक्षावस्था में दिखाई देगा। भारत के अतिरिक्त उ. अमेरिका, पेसिफिक महासागर, फिलिपीन्स, इन्डोनेशिया, टोकिया, न्यूमेक्सिको, कनाडा, चीन, ग्रीनलैण्ड, रूस, ताइवान, सिंगापुर, कजाकिस्तान, उत्तरी कोरिया, मंगोलिया, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, थाइलैण्ड तथा पूर्वी एशिया के देशों में ही देखा जाएगा। ग्रहण के प्रसार क्षेत्र को मानचित्र में दिखाया गया है। ग्रहण के स्पर्श, मोक्षादि का विवरण भा.स्टै.टा. के अनुसार निम्न प्रकार है।

ग्रहण स्पर्श -ता. 20 मई रात्रि 26।26 बजे।

ग्रहण सम्मिलन-ता. 20 मई रात्रि 27।39 बजे।

ग्रहण मध्यकाल-ता. 21 मई प्रात: 29।23 बजे।

ग्रहण उन्मिलन-ता. 21 मई प्रात: 07।06 बजे।

ग्रहण मोक्ष-ता. 21 मई प्रात: 08।19 बजे।

ग्रहण वेध (सूतक)-ता. 20 मई को सायं 16।30 बजे से होगा। ग्रहण वेध काल में बालक, वृद्ध और रोगी जनों को छोड़कर सूतक के समय भोजन, शयन, मूर्ति पूजा, स्पर्श, हास्य विनोद करना निषेध है। ग्रहण अवधि में अन्न, वस्त्र, धन, स्वर्ण का दान विशेषफल दायक होता है। गर्भवती स्त्री को शांत भाव से ईश्वर व जगत जननी मां दुर्गा जी का कीर्तन व भजन करना चाहिए। मोक्ष पश्चात् स्नान करें।

ग्रहण का मेषादि राशियों पर शुभाशुभ प्रभाव

मेष-धन हानि	वृष- घात	मिथुन-धन हानि	कर्क-धन प्राप्ति
सिंह-ध्वंश	कन्या-चिन्ता	तुला-सौख्य वृद्धि	वृश्चिक-स्त्री कष्ट
धनु-रोग	मकर-अपमान	कुंभ-सिद्धि	मीन-लाभ

कंकणाकृति सूर्यग्रहण
20/21 मई 2012 ई.

देश के प्रमुख पूर्वोत्तर शहरों में द्रष्टव्य ग्रहण का विवरण

स्थान	स्पर्श	मोक्ष	स्थान	स्पर्श	मोक्ष
ईटानगर	4।25	4।50	कोहिमा	4।27	4।50
दार्जिलिंग	4।45	4।51	शिलांग	4।37	4।49
गंगटोक	4।45	4।52	इम्फाल	4।30	4।49
भूटान	4।43	4।51	सिलिगुडी	4।48	4।52
डिब्रूगढ़	4।19	4।51	अगरतला	4।40	4।47
सिबसागर	4।23	4।50	सिलचर	4।34	4।49
गुवाहाटी	4।34	4।51	आईजोल	4।40	4।48
कूचबिहार	4।45	4।50	तिनसुकिया	4।20	4।51

2. खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (भारते अदृश्य)

ज्येष्ठ शुक्ल 15 सोमवार, दिनांक 4 जून 2012 ई. को भारतीय समयानुसार अपराह्न 15।30 पर प्रारंभ होगा तथा ग्रहण का मोक्ष सायं 17।36 पर होगा। ग्रहण की अवधि 04 घंटे 30 मि. 02 सेकेन्ड की है। एशिया, उत्तरी तथा दक्षिणी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, पेसिफिक महासागर, जापान, चीन, रूस, मलेशिया, इण्डोनेशिया, ताइवान आदि देशों में दिखाई देने वाला ग्रहण भारत के किसी भी क्षेत्र में दिखाई नहीं देगा। अतः ग्रहण का धार्मिक महत्व नहीं है। तथा इसके वेध आदि नियमों को पालन करने की अवश्यकता नहीं है।

3. खग्रास सूर्यग्रहण (भारते अदृश्य)

कार्तिक कृष्ण 30 मंगलवार, दिनांक 13/14 नवंबर 2012 ई. को भारतीय समयानुसार रात्रि 26।05 पर प्रारंभ होगा तथा ग्रहण का मोक्ष 14 नवंबर प्रातः 29।18 पर होगा। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, अन्टार्टिका, दक्षिणी अमेरिका, पेसिफिक महासागर में दिखाई देने वाला ग्रहण भारत के किसी भी क्षेत्र में दिखाई नहीं देगा। अतः ग्रहण का धार्मिक महत्व नहीं है। तथा इसके वेध आदि नियमों को पालन करने की अवश्यकता नहीं है।

4. छाया चन्द्रग्रहण (भारते अदृश्य)

कार्तिक शुक्ल 15 बुधवार, दिनांक 28 नवंबर 2012 ई. को भारतीय समयानुसार सायं 17।34 पर प्रारंभ होगा तथा ग्रहण का मोक्ष 22।20 पर होगा। ग्रहण की अवधि 04 घंटे 35 मि. 59 सेकेन्ड की है। यूरोप, पूर्वी अमेरिका, एशिया, आस्ट्रेलिया, उ. अमेरिका में दिखाई देने वाला चन्द्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। अतः ग्रहण का धार्मिक महत्व नहीं है। तथा इसके वेध आदि नियमों को पालन करने की अवश्यकता नहीं है।

तीर्थराज प्रयाग में कुंभ महापर्व का सुयोग

संवत् 2069 रविवार ता. 10 फरवरी सन् 2013 ई. माघ मौनी अमावस्या को सूर्य और चन्द्रमा मकर राशि में तथा गुरु वृष राशि में संचरण करने से कुंभ महापर्व का सुयोग बनता है। त्रिवेणी के संगम प्रयागराज (इलाहाबाद) उत्तर प्रदेश में कुंभ महापर्व का यह सुयोग बना है। **ब्रह्मचारी गृहस्थौ वा वाना प्रस्थो अथ भिक्षुकः। बाल वृद्ध युवा नं च नरः नारी नपुंशका॥** अर्थात् कुंभ पर्व योग पावन पर्व स्नान दान करने वाले सात्वकी प्रवृति वाले मनुष्य पुनर्जन्म, मरण के बंधन से मुक्त हो जाते हैं। हरिद्वार, उज्जैन, प्रयाग एवं नासिक-इन तीर्थों पर प्रत्येक 12 वर्षों के पश्चात् सूर्य, चन्द्र एवं बृहस्पति-इन तीनों ग्रहों का विशेष योग बनने पर **कुभ महापर्व** का आयोजन किया जाता है। माघ मास में कुंभ महापर्व पर प्रयाग में गंगा, यमुना एवं सरस्वती के संगम (प्रयागराज) में स्नान करके प्राणी अनेक पापों से मुक्त होकर स्वर्गिक सुखों को प्राप्त करता है। शास्त्रानुसार व्यक्ति मात्र तीन दिन नियमपूर्वक स्नान कर लें तो उसे एक सहस्त्र अश्वमेध यज्ञों को करने के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है।

जो लोग प्रयागराज जाने में असमर्थ हों, वे लोग अपने निवास स्थान पर ही स्नान पात्र में गंगा एवं यमुना का निर्मल जल डालकर भगवान विष्णु, सूर्य एवं वरुण के मंत्र पढ़कर एवं प्रार्थना पूर्वक अन्न, वस्त्र, कलश, तिल, गुड़, पुष्प, फलों का दान तथा श्री विष्णु सहस्त्रणाम, श्री गंगा स्तोत्र, आदित्य हृदय स्तोत्र, सूर्य के द्वादश नाम आदि स्तोत्रों का विधिपूर्वक पाठ करें तो शुभफल की प्राप्ति होती है। एवं मानसिक पापों का क्षय होता है। **अश्वमेध सहस्त्राणि वाजपेय शतानि च। लक्षं प्रदक्षिणा भूमेः कुंभ स्नानेन तत्फलम्॥** श्रीविष्णु पुरानानुसार सहस्त्रों अश्वमेध यज्ञ करने से, सैकड़ों वाजपेय यज्ञ करने से और लाख बार पृथ्वी की प्रदक्षिणा करने से जो फल प्राप्त होता है, वह पुण्य फल केवल कुंभ स्नान से प्राप्त होता है। कुंभ पर्व के समय यथाविधि घृतपूर्ण कुंभ का पूजन कर, उसे वस्त्र अलंकार, आभूषण सुवर्ण या चांदी की मुद्रा सहित सदाचारी ब्राह्मण या विद्वान को संकल्पपूर्वक देने से सैकड़ों गोदान करने का फल मिलता है। कुंभ पर्व पर साधु-महात्माओं को भोजन खिलाना व दक्षिणा देने से आत्म कल्याण के साथ-साथ पित्तरों की भी तृप्ति होती है। कुंभ पर्व पर मनुष्यों को मन की निर्मलता, सादगी एवं सदाचार का पालन अवश्य करना चाहिए।

कुंभ महापर्व प्रमुख स्नान की तिथियां

1.	पौष शुक्ल तृतीया	सोमवार	ता. 14 जनवरी सन् 2013 ई.
2.	पौष शुक्ल एकादशी	मंगलवार	ता. 22 जनवरी सन् 2013 ई.
3.	पौष शुक्ल पूर्णिमा	रविवार	ता. 27 जनवरी सन् 2013 ई.
4.	माघ कृष्ण तृतीया	बुधवार	ता. 30 जनवरी सन् 2013 ई.
5.	षट्तिला एकादशी	बुधवार	ता. 06 फरवरी सन् 2013 ई.
6.	**माघ मौनी अमावस्या**	**रविवार**	**ता. 10 फरवरी सन् 2013 ई.**
7.	वसन्त पंचमी	गुरुवार	ता. 14 फरवरी सन् 2013 ई.
8.	जया एकादशी	गुरुवार	ता. 21 फरवरी सन् 2013 ई.
9.	माघी पूर्णिमा	सोमवार	ता. 25 फरवरी सन् 2013 ई.

मेष राशिगत गुरु का शुभाशुभ फल

ता. 8 मई 2011 से ता. 16 मई 2012 तक गुरु मेष राशि में ही संचरण करेंगे। ता. 17 मई गुरुवार को वृष राशि में 9।53 में प्रविष्ठ होंगे और संवत् के अंत तक वृष में ही संचरित रहेंगे।

मेष गुरा का लग्नस्थ भाव से स्त्री-संतान, मित्रों का सुख, आरोग्य, भाग्योदय कारक, शासन से लाभ, धार्मिक कृत्यों पर बल, सामाजिक सम्मान प्राप्ति।

वृषभ १२वां भाव गुरु का होने से मित्रों से विवाद, शासन से भय, धन का अपव्यय, प्रवास में दुख, चिन्ता, चोरी या दंड जैसी स्थिति भी, मानसिक विकृति भी।

मिथुन गुरु का ११वां भाव से रोग निदान, वैभव प्राप्ति। वाहन सुख, पुत्र-मित्रों से लाभ, भूमि-भवन, मांगलिक कार्यों का योग। शत्रु प्रबलता से सावधान।

कर्क गुरु का १०वां भाव से राजकीय कार्य योग शुभदायक। यश में वृद्धि, मानसिकता तथा गृह क्लेश का योग ज्यादा बनता है। पारिवारिक विवाद भी बनता है।

सिंह ९वां भाव में गुरु से आर्थिक लाभ, सेवा (नौकरी) प्राप्ति का योग। वस्त्राभूषण प्राप्ति का योग। धार्मिक कृत्यों में खर्चा ज्यादा होगा।

कन्या ८वां भाव में गुरु से मित्र व बंधु वर्गों से उपहास-विरोध होगा। प्रवास योग, स्त्री से कष्ट, संतान प्राप्ति में कष्ट या रोग का प्रभाव।

तुला ७वां गुरु होने से व्यापार में अच्छा लाभ। विदेश यात्रा का शुभ योग। शासन से सम्मान प्राप्ति। इष्ट मित्रों से लाभ दायक योग। नवीन कार्य में प्रगति दायक।

वृश्चिक ६ठा गुरु होने से शत्रुता बढ़ेगी। शक्ति न्यून, मानसिक चिन्ता, धन हानि, इष्ट मित्रों से भी द्वेष। साधना तथा धार्मिक कृत्यों से सफलता का योग बनता है।

धनु ५वां गुरु से संतान सुख, मित्र वृद्धि, मंत्र एवं विद्या अभ्यास से आर्थिक लाभ। प्रतियोगिताओं में सफलता का योग बनेगा।

मकर गुरु ४था भाव में होने से स्त्री वर्ग, पुत्रादि से शुभ दायक योग। सुख की प्राप्ति होगी। भूमि-भवन प्राप्ति का योग। वाहन क्रय-विक्रय में लाभ दायक योग।

कुंभ गुरु का ३रा भाव से श्रम सेवा कार्यो में वृद्धि का योग। अभीष्ट वस्तु प्राप्ति में लाभ एवं जिज्ञासा। स्त्री का सुख अच्छा।

मीन २रा गुरु होने से अर्थ प्राप्ति, मित्र वर्गों से लाभदायक योजना प्राप्ति। अनेक वस्तुओं का क्रय-विक्रय योग। आरोग्य व राजसेवा प्राप्ति, धन लाभ भी।

वृष राशिगत गुरु का शुभाशुभ फल

मेष मांगलिक व शुभ कार्यों का योग। विदेश यात्रा का योग बनता है। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के मेल से यश में वृद्धि। धार्मिक कृत्यों में खर्चा ज्यादा होगा।

वृषभ लग्नस्थ गुरु पूज्य हैं। आय कम खर्च की अधिकता रहेगी। धार्मिक कृत्यों से सफलता का योग बनता है। नवीन कार्यों की योजना बनेगी।

मिथुन द्वादशस्थ गुरु होने से खर्च में बढ़ोत्तरी होगी। आय न्यून रहेगा। व्यवसाय में उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। मानसिकता तथा गृह क्लेश का योग ज्यादा बनता है।

कर्क भूमि, भवन वाहनादि का योग बनता है। आर्थिक लाभ, सेवा (नौकरी) प्राप्ति का योग। विदेश यात्रा का शुभ योग बनता है। नवीन कार्य में प्रगति दायक।

सिंह गुरु दशमस्थ होने से आय के साधनों में व्यवधान पड़ेंगे। शक्ति न्यून, मानसिक चिन्ता, धन हानि, इष्ट मित्रों से भी द्वेष। खर्च की अधिकता रहेगी।

कन्या गुरु भाग्य स्थान में होने से शुभ फल दायक रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्ति का योग बनेगा। व्यापार में अच्छा लाभ का योग बनेगा।

तुला मानसिक तनाव व गुप्त चिन्ताएं बनेंगी। व्यवसाय में उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। घरेलु परेशानियां बनेंगी। धन हानि का योग बनेगा।

वृश्चिक भूमि-भवन-वाहनादि का योग बनेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा। मानसिक चिन्ताएं बनेंगी। परिश्रम से धन लाभ का योग।

धनु बनते कार्यों में व्यवधान पड़ेंगे। पशु व शत्रुओं से भय का योग बनेगा। आय की अपेक्षा व्ययं ज्यादा रहेगा। इष्ट मित्रों से भी द्वेष का सामना करना पड़ सकता है।

मकर घर में मांगलिक कार्यों पर ज्यादा खर्च होगा। भूमि-भवन-वाहनादि का योग बनेगा। परीक्षाओं में सफलता का योग। भाग्य उन्नति का अवसर प्राप्त होगा।

कुंभ जीवन में अत्यधिक संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है। मानसिक तनाव व गुप्त चिन्ताएं बनेंगी। स्वास्थ्य नरम रहेगा। आय कम खर्च अधिक रहेगा।

मीन मानसिक तनाव व गुप्त चिन्ता का योग। शारीरिक कष्ट का योग। व्यावसाय में काफी उलझनों का योग बनेगा। अकस्मात् कोई नये खर्चों से परेशानियां।

वृश्चिक राशिस्थ राहु का शुभाशुभ फल

मेष रोग निदान, नवीन कार्य की प्राप्ति, भाग्योदय, धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे।

वृषभ बाहर प्रवास, चिन्ता योग, शत्रुता योग, लाभ कम खर्च अधिक, बिघ्न बाधाएं।

मिथुन दाम्पत्य जीवन में कष्ट योग, स्वास्थ्य हानि, आय कम खर्च अधिक, आर्थिक परेशानी।

कर्क कार्य में कल्पना मात्र विफलताएं, भाग्य में बिघ्न के कारण गुप्त चिन्ताएं।

सिंह राजकीय दण्ड प्राप्ति, शत्रुता योग, खर्च अधिक, व्यवसाय में धन प्राप्ति।

कन्या वैभव, धन लाभ व उन्नति के अवसर, ऐश्वर्य की प्राप्ति, विदेश यात्रा का योग बनेगा।

तुला चिन्ता दायक, धन नाश, आय कम खर्च अधिक, मानसिक तनाव रहेगा।

वृश्चिक देह पीड़ा, चिन्ता योग, भागदौड़, बनते कार्यों में अड़चन, खर्च की अधिकता।

धनु आय कम खर्च अधिक, अप्रिय घटना का योग, रोग कारक, उदर पीड़ा।

मकर धन लाभ का योग, उन्नति योग, खर्च में बढ़ोत्तरी, विदेश यात्रा का योग बनेगा।

कुंभ खुशी तथा मांगलिक कार्य बाधाओं से अशांति, दौड़ धूप अधिक रहेगी।

मीन द्वेषता का योग, बुद्धि में वृद्धि शुभ, भूमि-भवन वाहनादि सुखों की प्राप्ति।

विशेष अशुभता में पूजा-पाठ, दानादि करें।

तुला राशिस्थ राहु का शुभाशुभ फल

मेष स्वास्थ्य नरम रहेगा। स्वजनों से मनमुटाव, बनते कार्यों में अड़चन, खर्च की अधिकता।
वृषभ आय कम खर्च अधिक, अप्रिय घटना का योग बनेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा।
मिथुन मानसिक तनाव व गुप्त चिन्ताएं। दाम्पत्य जीवन में कष्ट। आर्थिक परेशानी।
कर्क खर्च की अधिकता। मानसिक तनाव रहेगा, व्यवसाय में अल्प मात्रा में धन प्राप्ति।
सिंह भूमि-भवन-वाहनादि का योग। विदेश यात्रा का योग। उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।
कन्या बनते कार्यों में अड़चन, खर्च की अधिकता, स्वास्थ्य में नरमी, मानसिक तनाव बनेंगे।
तुला आय कम खर्च अधिक, मानसिक तनाव, बनते कार्यों में विघ्न, शारीरिक कष्ट योग।
वृश्चिक किसी अप्रिय घटना घटने का योग। आय में अल्पता व खर्च की अधिकता रहेगी।
धनु खर्च में बढ़ोत्तरी, विदेश यात्रा का योग बनेगा। उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।
मकर बनते कार्यों में अड़चन, खर्च की अधिकता। घरेलु उलझनों से मन अशांत रहेगा।
कुंभ भूमि-भवन वाहनादि सुखों की प्राप्ति। आय में वृद्धि, बिगड़े कार्य बनेंगे। रोग निदान।
मीन प्रतिष्ठित व्यक्तियों के मेल से आय व उन्नति के योग। ऐश्वर्य की प्राप्ति, भाग्योदय।
विशेष अशुभता में पूजा-दानादि करें।

वृषभ राशिगत केतु का शुभाशुभ फल

मेष धन लाभ तथा भूमि लाभ, वृथा खर्च अधिक, घरेलु विघ्न-बाधाएं बढ़ेंगी ।
वृषभ आर्थिक दृष्टि से अचानक शुभ दायक, स्वास्थ्य हानि का योग।
मिथुन धन हानि, चोरी का योग, आय कम खर्च अधिक, स्वास्थ्य हानि।
कर्क सम्पत्ति लाभ तथा धंधा वृद्धि, व्यय की अधिकता।
सिंह सेवा कार्य में रत कार्य ज्यादा, शत्रु भय, रोग, परेशानियां बढ़ेंगी।
कन्या अकस्मात धन का लाभ, भाग्योदय कारक योग करता है।
तुला पत्नि को कष्ट दायक योग, परिश्रम से धन लाभ, वाहनादि सुख, बिगडें काम बनेंगे।
वृश्चिक मांगलिक कार्य अच्छे होंगे, धन का व्यय अधिक होगा।
धनु शत्रुओं की वृद्धि होगी, उन्नति योग, आय कम खर्च की अधिकता रहेगी।
मकर विद्या लाभ शुभदायक योग, मांगलिक कार्य पर खर्च विशेष, विदेश यात्रा योग।
कुंभ माता-पिता को कष्ट योग, वाहन आदि का सुख प्राप्ति, संघर्ष के बाद धन प्राप्ति।
मीन धन लाभ के अवसर प्राप्त हो, मित्र से सहायता, बंटवारा योग अलग-अलग बनता है,
विशेष अशुभता में दानादि उपाय करें।

मेष राशिगत केतु का शुभाशुभ फल

मेष खर्च की अधिकता से मन में परेशानी, संघर्ष अधिक हो, स्वास्थ्य नरम रहेगा।
वृषभ आय कम खर्च अधिक, मानसिक तनाव, बनते कार्यों में अड़चन, शारीरिक कष्ट योग।
मिथुन खर्च की अधिकता। मानसिक तनाव बना रहेगा, व्यवसाय में अल्प मात्रा में धन प्राप्ति।
कर्क रोग व शत्रु भय का योग, स्वजनों से मनमुटाव, आय कम खर्च अधिक रहेगा।
सिंह भूमि-भवन-वाहनादि पर खर्चा। उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। धन लाभ का योग।
कन्या भूमि-भवन वाहनादि सुखों की प्राप्ति। आय में वृद्धि, बिगड़े कार्य बनेंगे। रोग निदान।
तुला आय कम खर्च अधिक, मानसिक तनाव रहेगा, बनते कार्यों में अड़चन, मन अशांत।
वृश्चिक आय कम व खर्च की अधिकता। परिश्रम के बाद लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त।
धनु विदेश यात्रा का योग, मांगलिक कार्यों पर खर्चा अधिक, धन लाभ का योग बनेगा।
मकर भूमि-भवन वाहनादि सुखों की प्राप्ति। आय में वृद्धि, बिगड़े कार्य बनेंगे। स्वास्थ्य नरम।
कुंभ बिगड़े कार्य बनेंगे। रोग निदान। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के मेल से आय के साधन बनेंगे।
मीन खर्च की अधिकता, आय में कमी रहेगी। मानसिक तनाव। स्वास्थ्य में गिरावट।
विशेष अशुभता में पूजा-दानादि करें।

व्यापारिक भविष्य वैज्ञानिक अनुसंधान पर सन् 2012-13 ई.

9 मार्च 2012 -(चैत्र मास में 5 शुक्रवार होने से)-25 फरवरी से 25 मार्च 2012 तक पिपरमेन्ट में 65 की भारी तेजी आ सकती है। तो 27 मार्च से 15 अप्रैल तक पिपरमेन्ट में मंदी चल सकती है। 19 जनवरी से 25 अप्रैल 2012 तक ग्वार में 555 की भारी तेजी आवे तो बाद में भारी मंदी आवेगी। 11 फरवरी से 15 मार्च तक चावल, लोहा में भारी तेजी आ सकती है। 15 फरवरी से 5 मार्च तक केसर, मखाना, गेहूं में तेजी तो लौंग, सौंफ में मंदी आ सकती है। 15 से 30 मार्च तक सोयाबीन में भारी तेजी। 6 से 15 मार्च तक अरहर में 200 की तेजी तो 27 मार्च 2012 तक अरहर में 275 की मंदी आ सकती है। 30 मार्च से 18 अप्रैल 2012 तक अरहर में 451 की तेजी आ सकती है। 3 मार्च से 5 अप्रैल तक क्रूड आयल, सोना, मोंठ, काबली चना, अरहर में भारी तेजी। 11 से 25 फरवरी 2012 तक प्याज में भारी तेजी व 1 से 15 मार्च गेहूं, मूंग, उड़द, देशी घी, सोयाबीन में भारी तेजी। इलायची में अच्छी तेजी आ सकती है।

7 अप्रैल 2012-(वैशाख मास में 5 शनिवार होने से)- 7 से 24 अप्रैल 2012 तक नारियल तेल में 212 की भारी तेजी। 3 से 23 अप्रैल तक चना में 355 की भारी तेजी। अरहर में 405 की भड़कती तेजी, तो बाद में मंदी आवेगी। 3 अप्रैल से 11 मई 2012 तक हल्दी में 707 की भारी तेजी आने की संभावना है। 17 मार्च से 7 मई 2012 तक चांदी 4575 की भारी तेजी बन सकती है। उसके बाद चांदी में मंदी आवेगी। 1 से 23 अप्रैल 2012 तक चीनी 105 तेज, 3 से 21 अप्रैल तक मसूर में 575 तेजी आ सकती है। 11 मार्च से 11 अप्रैल तक जीरा में 777 की मंदी तो 7 से 21 अप्रैल 2012 तक कालीमिर्च में 1115 की तेजी आवे तो आगे मंदी आवेगी। मार्च-अप्रैल में तिल में 1175 की जोरदार तेजी आ सकती है। तथा चांदी-सोना में भारी तेजी चलेगी।

6 मई 2012 -(ज्येष्ठ मास में 5 रविवार होने से)-मार्च-अप्रैल में उड़द, मूंग 505, धनियां में भारी तेजी, लौंग में तेजी चल सकती है। 11 मई से 15 जून 2012 तक चना 405 की मंदी, अरहर 275 की मंदी आ सकती है। 11 अप्रैल से 1 मई 2012 तक हल्दी में 799 की भड़कती तेजी, तो 5 अप्रैल से 7 मई 2012 तक चांदी 5005 की तेजी आ सकती है। 2 से 25 मई चीनी में 275 की मंदी चल सकती है। 15 से 23 मई 2012 तक जीरा 1575 की भड़कती तेजी, तो बाद में मंदी आवेगी। 15 से 30 मई तक कालीमिर्च में मंदी आ सकती है। 1 से 25 मई तक तिल 1575 की तेजी तथा अरहर, चना, उड़द, मूंग, सोयाबीन में भारी तेजी। सौंठ में तेजी। हल्दी, धनियां में तेजी आ सकती है। अप्रैल-मई 2012 में दालवाना, गेहूं में भारी तेजी। बेमौसम पानी वर्षा हो सकती है। 5 से 23 अप्रैल तक लालमिर्च 1500 तेज, सौंठ, छुआरे में तेजी आ सकती है। 25 अप्रैल से 25 मई तक धनियां, सौंठ, चावल में अच्छी तेजी आ सकती है।

5 जून 2012 -(आषाढ़ मास में 5 मंगलवार होने से)-27 मई से 6 जुलाई 2012 तक चना 250 मंदी, तो तिल में भारी तेजी। क्रूड आयल में तेजी आ सकती है। 11 से 15 मई तक लोहा में भारी तेजी। 25 मई 2012 से 21 जून तक चना में 275 की मंदी चल सकती है। 21 जून से 27 जुलाई 2012 तक हल्दी में 999 की भड़कती तेजी। 21 मई से 7 जून तक जीरा, लालमिर्च, अजवायन में तेजी। चावल में अच्छी तेजी। गुड़, चीनी में अच्छी तेजी। 27 मई से 11 जून 2012 तक चांदी 2005 तेज। 28 जून से 30 जुलाई 2012 तक चीनी में 111 की मंदी आ सकती है। 11 जून से 15 जुलाई 2012 तक जीरा 3275 की तेजी की संभावना है।

4 जुलाई 2012-(श्रावण मास में 5 बुधवार होने से)-3 जुलाई से 11 अगस्त 2012 के बीच चना 455 तेजी आवे तो 19 अगस्त 2012 तक चना 551 की जोरदार मंदी तो 21 जून 2012 से 3 सितंबर 2012 तक अरहर में 405 की भड़कती तेजी आ सकती है। 11 से 28 जून 2012 तक चांदी 4555 की मंदी तो 29 जून से 18 जुलाई तक चांदी में 5555 की जोरदार तेजी आ सकती है। 3 से 12 जुलाई तक जीरा 555 की तेजी आ सकती है। 11 जून से 20 जुलाई 2012 तक कालीमिर्च 2155 की जोरदार तेजी। 1 से 18 जुलाई तक अरहर, मसूर, चना, सरसों 375 की जोरदार तेजी का तूफान आ सकता है। 25 से 31 जुलाई तक चना 155 तेज, सौंठ 777 तेज, तो अमचूर, तिल 1500 मंदी चल सकती है।

3 अगस्त 2012 -(प्र0 भाद्रपद में 5 शुक्रवार होने से)-1 अग. से 15 सितं. तक हल्दी 1251 की तेजी चल सकती है। 21 अग. से 21 सितं. 2012 के बीच चीनी 399 की तेजी, मसूर 405 की तेजी बन सकती है। 7 अगस्त से 15 सितंबर 2012 तक जीरा 2777 की तेजी, तो कालीमिर्च में मंदी आवेगी। 3 से 16 अग. के बीच चना, अरहर, मसूर में अच्छी तेजी। मूंग 375 तेज, राजमां 250 तेज, सोयाबीन, पाम ऑयल में तूफानी तेजी आ सकती है। 11 से 25 अग. 2012 तक धनियां, नारियल गोला में तेजी। जीरा तेज, हल्दी, चना, मूंग, उड़द, लौंग, चीनी, कलौंजी, कपूर, सौंफ में अच्छी तेजी आ सकती है। क्रूड ऑयल में अच्छी तेजी चल सकती है। 21 से 31 अग. 2012 तक पिपरमेंट में तेजी। गेहूं, बादाम, मखाने, धनियां में अच्छी तेजी। 19 अग. से 18 सितं. के बीच पिपरमेंट में 199 की भड़कती तेजी आ सकती है।

1 सितंबर 2012 -(द्वि0 भाद्रपद में 5 शनिवार होने से)-27 अग. से 5 सितं. 2012 के बीच अरहर 75 तेज, गुड़ 65 तेज, चीनी 65 तेज, सोयाबीन 900 तेज, मूंग, मोठ में तेजी। 5 से 15 सितं. तक चांदी, सोना में तेजी। मूंग, उड़द, तूअर, बाजरा में तेजी। गुड़, चीनी में तेजी। पिपरमेंट में भारी तेजी तथा ग्वार में तेजी। 11 से 25 सितं. तक मसूर, जीरा, धनियां, लालमिर्च, लौंग, क्रूड ऑयल, बादाम में अच्छी तेजी आ सकती है। 9 से 18 सितं. 2012 के बीच गेहूं, बाजरा 50 तेज, धनियां 775 तेज, चना 150 तेज, चीनी 165 तेजी आ सकती है। 29 अग. से 9 अक्टू. 2012 तक चना 155 तेज। लालमिर्च 700 तेज होकर 500 की मंदी। 25 अग. से 17 सितं. 2012 तक जीरा 1199 की तेजी आ सकती है। 18 सितं. से 5 अक्टू. 2012 तक पिपरमेंट में 275 की मंदी आ सकती है। 31 अग. से 12 नवं. 2012 के बीच अरहर 700 से 1100 की भारी मंदी आ सकती है। 19 सितं. से 21 अक्टू. तक गुड़ में 777 की मंदी। 24 अग. से 17 सितं. तक जीरा 1575 की तेजी आ सकती है।

14 अक्टूबर 2012 -(आश्विन मास में 5 सोमवार होने से)-27 सितं. से 18 अक्टू. 2012 के बीच चांदी 3575 की जोरदार मंदी आ सकती है। क्रूड ऑयल, मूंग 275 मंदी आ सकती है। राजमां में 275 की तेजी आ सकती है। देशी घी में अच्छी तेजी आ सकती है। 9 से 31 अक्टूबर तक चना में 299 की मंदी। 7 अक्टू. से 11 जन. 2013 तक लालमिर्च 2575 की मंदी चल सकती है। 11 से 21 अक्टूबर तक चावल 303 तेज, 18 से 30 अक्टू. तक चावल, इलायची में अच्छी तेजी, तो मूंग, उड़द में अच्छी मंदी आ सकती है। 27 अक्टू. से 7 नवम्बर के बीच चना, केसर, लालमिर्च, धनियां में तेजी, तो अरहर, मूंग में मंदी आ सकती है। देशी घी, जूट, बारदाना में अच्छी तेजी आ सकती है। 7 अक्टू. से 21 दिसं. 2012 के बीच जीरा में 5559 की जोरदार मंदी, तो 20 नवं. तक पिपरमेंट में 77 की तेजी आ सकती है।

30 अक्टूबर 2012 -(कार्तिक मास में 5 मंगलवार होने से)-12 से 25 नवंबर 2012 तक अरहर में 555 की तेजी बन सकती है। 25 अक्टू. से 9 नवं. तक गुड़ में 377 की तेजी आ सकती है। 1 से 11 नवंबर तक अरहर, चना में 155 की तेजी आ सकती है। 7 से 15 नवंबर तक गेहूं, मूंग, उड़द में तेजी आ सकती है। तथा राजमां में 257 की तेजी, उड़द 306 तेज, गुड़ 255 तेजी आ सकती है। 16 से 28 नवंबर के बीच मसूर 500 तेज, चावल 405 तेज, चना 99 तेज, गुड़ 45 तेज, चीनी 145 तेजी आ सकती है। 22 से 29 नवंबर 2012 के बीच कालीमिर्च, जीरा तेज। तिल, सोयाबीन, ग्वार, चांदी में जोरदार मंदी आ सकती है। इसके अलावा मूंग, उड़द में मंदी का झटका लग सकता है।

29 नवंबर 2012 -(मार्गशीर्ष में 5 वृहस्पतिवार होने से)-20 नवं. से 10 जन. 2013 तक हल्दी में 155 की मंदी आ सकती है। 21 से 29 नवंबर तक चना, किशमिश तेज तो मूंग, उड़द में मंदी आ सकती है। 1 से 8 दिसंबर 2012 के बीच गेहूं 45 तेज, चीनी 65 तेज, बारदाना तेज, छुआरे, पिस्ता में तेजी, देशी घी तेज तो चावल में मंदी। 1 से 12 दिसंबर तक मसूर 500 तेज। 7 दिसं. से 5 मार्च 2013 के बीच लालमिर्च में 797 की जोरदार मंदी आ सकती है। 5 दिसं. 2012 से 27 जन. 2013 के बीच पिपरमेंट 275 की जोरदार तेजी, तो अरहर में 777 की जोरदार मंदी चल सकती है। 12 दिसंबर से 15 फरवरी 2013 तक गुड़ 275 तेज, चीनी 275 तेज तो जीरा में 799 की तेजी आ सकती है।

29 दिसंबर 2012 -(पौष मास में 5 शनिवार होने से)-11 से 21 दिसं. 2012 तक गेहूं 25 मंदी, मसूर 250 मंदी, राजमां 250 मंदी तो मक्का 45 तेज, बाजरा 65 तेज, सरसों 145 तेज, केशर 2575 तेज, बादाम, तिल तेज, लौंग में तेजी, सोयाबीन 601 तेज तो चांदी-सोना में भयंकर मंदी। 25 दिसंबर 2012 से 5 जन. 2013 तक पोस्तादाना 500 तेज, केशर में तेजी, मगज-तरबूज, अनारदाना शेष पृष्ठ 195 पर

शेष पृष्ठ 195 पर

पुरुषोत्तम (अधिक) मास फल सं. 2069 वि.

एकस्मिन वर्षे अधियुगे अधिक द्वये अति पूर्वोधिमासौ।
प्रथमोधिमासः प्राकृतःवज्ञेय अधि वन्न त्याज॥
असंक्रांति मासो अधिक मासौ स्पुट स्यात्।
द्वि संक्रांति मास क्षयोख्यः मास क्षयोख्यः कदाचित्॥ भास्कराचार्य॥

अर्थात् ज्योतिष की गणना में जब चन्द्र गणना से, सूर्य गणना से एक ही संक्रांति में दो अमावस्यायें आ जाती हैं। तब दूसरी अमावस्या वाले अमान्त महीने की वृद्धि होकर वह मल मास (पुरुषोत्तम मास) अधिक मास बन जाता है।

भविष्य पुराण के अनुसार-चन्द्र और सौर मासों के अंतर को ही अधिक मास कहा गया है। कहा जाता है कि एक समय दुःखी होकर मल मास ने भगवान श्री विष्णु से कहा-हे नाथ! क्या आप मुझ अभागे की पीड़ा को जानते हो। क्षण, लव, मुहूर्त्त, पक्ष, मास, दिन-रात्रि व नक्षत्र, राशियां सभी अपने-अपने स्वामी की आज्ञा से निर्भय होकर विचरण किया करते हैं। हे नाथ! कोई भी विवाह मुहूर्त्त, उत्सव, मांगलिक कार्य भी मुझ में नहीं किये जाते। यहां तक कि देवगण भी मेरा निरादर किया करते हैं। इसलिए हे स्वामी, मैं तो मरना चाहता हूं। मलीय मास की पीड़ा को समझ कर भगवान श्री विष्णु ने कहा-हे मल के रूप में निंदित मलीय मास आज मैं तुम्हें अपना नाम **पुरुषोत्तम** प्रदान करता हूं। जो लोग अधिक मास, लौंद मास, पुरुषोत्तम मास में जप, ध्यान, पूजा, दान, ईश्वर आराधना करेंगे। वे इस लोक में सुख भोगकर सहगति को प्राप्त करेंगे। इसलिए आज भी अधिक मास में दान-पुण्य का ही बड़ा महत्व है।

	शनि वर्जित	५-९-१२-२-४-८ बुध वर्जित	१२-९- १०-५	चन्द्र वर्जित			सूर्य वर्जित		

टिप्पणी — चन्द्रमा शुक्लपक्ष में २,५,९वें स्थानों में भी शुभ होता है, यदि क्रमशः ६,८,१२ स्थान में बुध के सिवा अन्य ग्रह न हों। ... [illegible]

१. मूंग (बुध) (शुक्र) १. वशपात्र

बुध
१. मूंग
२. हरितवस्त्र
३. सुवर्ण
४. कांस्य
५. मृगमद
६. आज्य
७. पंचरत्न
८. दासी
९. हस्तिदंत
ईशान्यांबाणाकारमंडल अं. ४ मगधदेश आत्रेयसगोत्र पीतवर्ण कन्यामिथुन को स्वामी जप ४०००
शुक्र
१. चित्रांबर
२. श्वेताश्व
३. धनु
४. हीरा
५. रौप्य
६. सुवर्ण
७. तंदुल
८. सुगंध
९. धृत
पूर्वे पचकोणमंडल वृषतुलाक स्वामी भोजकूट देश भार्गवसगोत्र श्वेतवर्ण जप १६०००
चंद्र
१. वंशपात्र
२. तंदुल
३. कर्पूर
४. मौक्तिक
५. श्वेतवस्त्र
६. वृषभ
७. रौप्य
८. घृतकुंभ
९. शंख
आग्नेयां चतुरस्त्रमंडल अं. ४ यमुनातीर देश आत्रेयसगोत्र श्वेतवर्ण कर्कको स्वामी जप १६०००
गुरु
१. अश्व
२. शर्करा
३. हलद
४. पीतधान्य
५. पीतवस्त्र
६. पुष्पराग
७. लवण
८. कांचन
उ. दाधचतुरस्त्रमंडल अगुल ६ सिंधुदशाद्भव आंगिरसगोत्र पी. व. धनु मीन का स्वामी जप १९०००
रवि
१. माणिक
२. गेहूं
३. धेनु
४. कुसुंभ
५. गुड़
६. ताम्र
७. रक्तवस्त्र
८. रक्तपुष्प
९. सुवर्ण
मध्यवतुलमंडल अ. १२ कलिंगदशाद्भव काश्यपस गोत्र रक्तवर्ण सिंह को स्वामी जप ७०००
मंगल
१. प्रस्त्रल
२. गेहूं
३. मसूर
४. ताम्रवस्त्र
५. गुड़
६. सुवर्ण
७. ताम्र
८. कणेहर
९. वृषभ
द. त्रिकोणमंडल अं. ३ अवंतीदेशद्भव भारद्वाजसगोत्र रक्तवर्ण वृश्चिकमेषे को स्वा. जप १००००
केतु
१. वैडूर्य
२. तिल
३. कंबल
४. कस्तूरी
५. शस्त्र
६. कृष्णवस्त्र
७. तैल
८. कृष्णपुष्प
९. छाग
१०. लाहपात्र
वाय. ध्वजाकारमंडल केतु अंगलु ६ अवेतिदेश जैमिनिसगोत्र धूम्रवर्ण जप १७०००
शनि
१. माष
२. तिल
३. तैल
४. कुलित्थ
५. महिषी
६. लोहू
७. कृष्णागौ
८. इंद्रनील
९. श्यामवस्त्र
प. धनुर कारमंडल अं. २ सौराष्ट्र देश काश्यपस गोत्र मकरकुंभको स्वा. कृ. व. जप २३०००
राहु
१. गोमेदरत्न
२. अश्व
३. नीलवस्त्र
४. कंबल
५. तिल
६. तैल
७. लोह
८. अंभ्रक
नैर्ऋत्या शूर्पाकारमंडल अं. १२ काश्मीरदेश पठानसगोत्र कष्णवर्ण जप १८०००

ग्रहाः	गोचराद्यैर्दशाक्रमाद्यैर्ग्रहकृतानिष्टफलशमनार्थं प्रत्येकग्रहाणां दानपदार्थाः												जप सं.	जपनीय मंत्राः	समय	समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केसर	मूंगा	रक्त गौ	रक्तचंदन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	सु. उ.	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कपूर	श्वेत बैल	श्वेतचंदन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	संध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केसर	कस्तूरी	रक्त बैल	रक्तचंदन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कपूर	शस्त्र	फल	९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचणे	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक	घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगन्ध	दधि	श्वेत घोड़ा	श्वेतचंदन	१६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तेल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्ण गौ	भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	संध्या	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तेल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड़ग	कंबल	घोड़ा	शूर्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्रौ	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	केबल	बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्रौ	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कपूर	मिसरी	श्वेतचंदन	हाथीदांत	मुंथेशवत्	मुन्थेश मन्त्र	मुन्थेशकाले	

अथ ग्रहाणां विंशोत्तरी महादशायामन्तर्दशाज्ञानाय चक्रमिदम्

सूर्य दशा वर्ष ६				चन्द्र दशा वर्ष १०				भौम दशा वर्ष ७			
कृ. उ.फा. उ.षा. तन्मध्येऽन्तरम्				रो. ह. श्रवण तन्मध्येऽन्तरम्				मृ. चि. ध. तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
र	०	३	१८	चं	०	१०	०	मं	०	४	२७
चं	०	६	०	मं	०	७	०	रा	१	०	१८
मं	०	४	६	रा	१	६	०	बृ	०	११	६
रा	०	१०	२४	बृ	१	४	०	श	१	१	९
बृ	०	९	१८	श	१	७	०	बु	०	११	२७
श	०	११	१२	बु	१	५	०	के	०	४	२७
बु	०	१०	६	के	०	७	०	शु	१	२	०
के	०	४	६	शु	१	८	०	र	०	४	६

राहु दशा वर्ष १८				गुरु दशा वर्ष १६				शनि दशा वर्ष १९			
आर्द्रा स्वा. श. तन्मध्येऽन्तरम्				पुन. वि. पू.भा. तन्मध्येऽन्तरम्				पु. अनु. उ.भा. तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
रा	२	८	१२	बृ	२	१	१८	श	३	०	३
बृ	२	४	२४	श	२	६	१२	बु	२	८	९
श	२	१०	६	बु	२	३	६	के	१	१	९
बु	२	६	१८	के	०	११	६	शु	३	२	०
के	१	०	१८	शु	२	८	०	र	०	११	१२
शु	३	०	०	र	०	९	१८	चं	१	७	०
र	०	१०	२४	चं	१	४	०	मं	१	१	९
चं	१	६	०	मं	०	११	६	रा	२	१०	६

बुध दशा वर्ष १७				केतु दशा वर्ष ७				शुक्र दशा वर्ष २०			
अश्ले. ज्ये. रे. तन्मध्येऽन्तरम्				म. मू. अश्वि. तन्मध्येऽन्तरम्				पू.फा. पू.षा. भ. तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
बु	२	४	२७	के	०	४	२७	शु.	३	४	०
के	०	११	२७	शु	१	२	०	र	१	०	०
शु	२	५०	०	र	०	४	६	चं	१	८	०
र	०	१०	६	चं	०	७	०	मं	१	२	०
चं	१	५	०	मं	०	४	२७	रा	३	०	०
मं	०	११	२७	रा	१	०	१८	बृ	२	८	०
रा	२	६	१८	बृ	०	११	६	श	३	२	०
बृ	२	३	६	श	१	१	९	बु	२	१०	०

जन्म राशि से ग्रहों का गोचर-फल

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	बृहस्पति	शुक्र	शनि	राहू	केतु
प्रथम	स्थान नाश: पन्था:	अन्नलाभ: पुष्टि:	भयं, पीड़ा च	बन्धनं	अरिष्टादि भयं	शत्रु नाश: सुखम्	पीड़ा भयं सर्वनाश:	कष्टम् हानि:	हानि रोगभयं
द्वितीय	हानि: भयं	धनलाभ: सुखं	धन नाश:	धन लाभ:	धनादि लाभ:	अर्थ लाभ: सुखं	धन हानि: शोक:	व्यञ्च नै:स्वं	वित्तनाश: वैरी भयं
तृतीय	सुखं श्रीप्राप्ति:	द्रव्याप्ति: सुखं	श्रीप्राप्ति: सुखम्	शत्रुतो भयम्	रोगाप्ति: भयम्	अर्थ लाभ: सुखं	अर्थ लाभ: सुखं	धन प्राप्ति नैरूज्यं	वृद्धि: सुखलाभ:
चतुर्थ	माननाश: रोगभयं	रोगदानार्थ सिद्धि:	कष्टम्	वित्तलाभ: सुखं	धन हानि व्ययम्	धनागम:	शत्रुवृद्धि: पीड़ा भयं	शोकश्च वैरं	पीड़ा च भीति:
पंचम्	हानि दैन्यं	कार्यनाश:	धन नाश: रुग्भयं	रूक् शोकश्च	लाभ: सुखंच	पुत्र लाभ:	धनुपुत्रयोर्नाश:	हानि: शोकश्च	शोक, अर्थनाश:
षष्ठ	रिपुनाश: सुखं	वित्तलाभ:	सुखम् अर्थलाभ:	अलाभ: स्थिति	रोग: शोकाश्च	शत्रु वृद्धि, पीडाच	सुखं वित्तलाभ:	लक्ष्मीप्राप्ति: सुखं	धन लाभ: सुखं
सप्तम्	गमनं धनहानि:	द्रव्य प्राप्ति: सुखम्	धन नाश:	विग्रह पीड़ा भयं	सम्मान सुखं च	शोक: अतिभयं	दोष पीड़ाभयं	कलह: हानि:	दुर्गति: पीड़ा च
अष्टम्	रोगाप्ति: भयम्	मृत्यु क्लेशभयम्	पापवृद्धि भयम्	धनान्नादि लाभ:	मत्युभयं पीड़ा च	विपत्ति: धनक्षय:	शत्रु वृद्धि रोग:	मृत्यु भयं	हानि, पीड़ाभयं
नवम्	पापवृद्धि: कान्तिक्षय	राजभयम्	रोगभयम्	धननाश: रूग्भयम्	सुख सम्मानम्	सुखं लाभ:	पापं धननाश:	पाप कर्मरति:	पापदैन्यञ्च
दशम्	सौख्यं कर्मसिद्धि:	शुभम् सुखम्	शोक:	सुख सुखभोग:	दैन्यम्	धर्म लाभ:	वैमत्यम्	वैरी सुखं	शोकश्च भयं
एकादश	वित्ताप्ति: सुखं	विविधार्थ लाभ:	लाभ: सुखप्राप्ति:	शुभ अर्थागम:	सौख्य प्राप्ति:	दुखं धनागम:	सुख वित्तलाभ:	वित्तलाभ: सुखं	अर्थलाभ: सुयशो
द्वादश	द्रव्यनाश: पीड़ा	रोग: धन नाश:	रोग: शोकश्च	शोक: धन नाश:	देहे पीड़ा भयं	धनागम:	क्लेशम् अनर्थश्च	पीड़ा च हानि:	वैरश्च पीड़ा

घात चक्र

(प्रवास, राज्याधिकारी से मिलने, यात्रा आदि में घात चक्र वर्ज्य करें लेकिन विवाहादि मंगल कार्यों में नहीं)

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या
घात मास	कार्तिक	मार्गशीर्ष	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद
तिथि	१।६।११	५।१०।१५	२।७।१२	२।७।१२	३।८।१३	५।१०।१५
वार	रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि
नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूल	श्रवण
योग	विष्कुम्भ	शुक्ल	परिघ	व्याघात	धृति	शूल
करण	बव	शकुनि	चतुष्पद	नाग	बव	कौलव
लग्न	मेष	मिथुन	कन्या	मकर	वृष	सिंह
प्रहर	१	४	३	१	१	१
चन्द्र (पु.)	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन
चन्द्र (स्त्री)	मेष	धनु	धनु	मीन	वृश्चिक	वृश्चिक

राशि	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घात मास	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
तिथि	४।९।१४	१।६।११	३।८।१३	४।९।१४	३।८।१३	५।१०।१५
वार	बृहस्पति	शुक्र	शुक्र	मंगल	बृहस्पति	शुक्र
नक्षत्र	शतभिषा	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
योग	शूल	व्यतिपात	वरीयान	वैधृति	गण्ड	वैधृति
करण	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुघ्न	चतुष्पद
लग्न	मीन	मिथुन	सिंह	वृश्चिक	मेष	कर्क
प्रहर	४	१	१	४	३	४
चन्द्र (पु.)	धनु	वृषभ	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
चन्द्र (स्त्री)	मीन	धनु	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	कुम्भ

मुहूर्तादि कार्येषु शुभाशुभ समय विचार

सूर्यादि वारों में कृत्य

रविवार में कृत्य— राजाभिषेकोत्सवयान-सेवा-गोवह्निमन्त्रौषधिशस्त्रकर्म।
सुवर्णताम्रौर्णिकचर्मकाष्ठसंग्रामपण्यादिखौ विदध्यात्॥

राज्याभिषेक, उत्सव (गाना बजाना), नई सवारी (वायुयान आदि) पर चढ़ना, यात्रा, नौकरी, गाय, बैल आदि पशु क्रय-विक्रय, अग्नि सम्बन्धी कर्म (हवन यज्ञादि), मन्त्रोपदेश, औषधि निर्माण और सेवन, अस्त्र-शस्त्र व्यवहार (युद्धादि), सोना, तांबा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, युद्ध और व्यापार सम्बन्धी सब कार्य रविवार में करने चाहिए।

सोमवार में कृत्य— शंखाब्जमुक्तारजतेक्षुभोज्य स्त्रीवृक्ष कृष्यम्बु विभूषणानि।
गीतक्रतुक्षीर विकारशृङ्गी पुष्पाक्षरारम्भणमिन्दुवारे॥

शंख आदि जलोत्पन्न वस्तु, मुक्ता, चांदी, ऊखरस से उत्पन्न गुड़, चीनी आदि भोज्य पदार्थ, स्त्री-प्रसंग, वृक्ष (बीज) रोपणादि, कृषि कर्म, जल सम्बन्धी कार्य (नहर निकालना, तालाब, कुआं बनाना आदि) वस्त्राभूषण धारण, गीत-नृत्य, यज्ञादि कर्म, दूध, दही, घृत, बर्फ सम्बन्धी, पशु सम्बन्धी, पुष्प तथा अक्षरारम्भ (विद्याध्ययन) सम्बन्धी सभी कार्य सोमवार में करने चाहिए।

मंगलवार में कृत्य— भेदानृतस्तेयविषाग्निशस्त्रवधानि-धाताहवशाठ्यदम्भात्।
सेनानिविंशाकरधातुहेम प्रवालकार्यादि कुजे हि कुर्यात्॥

चुगलखोरी, चोरी, विष सम्बन्धी, अग्नि सम्बन्धी, शस्त्रघात, बन्धन, संग्राम (लड़ाई शुरू), शठता, दम्भ-पाखण्ड, सेना सम्बन्धी, खान धातु सोना तथा मूंगा आदि सम्बन्धी सभी कार्य मंगलवार में करने चाहिए।

बुधवार में कृत्य— नैपुण्य-पण्याध्ययनं कलाश्च-शिल्पादि सेवालिपिलेखनानि।
धातुक्रिया काञ्चनयुक्तिसन्धि-व्यायामवादाश्च बुधेविधेया:॥

ट्रेनिंग, व्यापार, अध्ययन, कला कौशल, शिल्प, खेलकूद, चित्रकारी, धातु सम्बन्धी सोना, कांसा, पीतल आदि, सन्धि समझौता, व्यायाम, वाद-विवाद, नौकरी प्रवेशादि कार्य बुधवार में करने चाहिए।

गुरुवार में कृत्य— धर्मक्रिया पौष्टिककर्म यज्ञ-माङ्गल्यहेमाम्बरवेश्मयात्रा:।
रथाश्वभैषज्यविभूषणाद्यं कार्यं विदध्यात् सुरमन्त्रिणोऽह्नि॥

धर्मानुष्ठानादि कर्म, पौष्टिक (स्वास्थ्य), यज्ञ, विद्याध्ययन, मंगलोत्सव, सोना सम्बन्धी गृहकर्म, वस्त्राभूषण, यात्रा, रथ, घोड़ा, गाड़ी, कार, मोटर, वायुयान आदि सवारी सम्बन्धी कार्य, औषधि-आभूषण का निर्माण व प्रयोग सभी शुभ काम गुरुवार में करने चाहिए।

शुक्रवार में कृत्य— स्त्रीगीतशय्यामणिरत्नगन्धं वस्त्रोत्सवालंकरणादि कर्म।
भूषण्यगोकोश-कृषिक्रियाश्च सिद्ध्यन्तिशुक्रस्यदिने समस्तम्॥

स्त्री सम्बन्धी, शय्या, मणि, रत्न, सुगन्ध,वस्त्र, उत्सव, आभूषण, भूमि, व्यापार, गोसम्बन्धी, कृषि कर्म, जमीन, जायदाद तथा भण्डार (संग्रह) से सम्बन्धित सभी कार्य शुक्रवार में करने चाहिए।

शनिवार में कृत्य— लोहाश्मसीसत्रपुरस्त्रदास्य पापानृतस्तेयविषासवाद्यम्।
गृह प्रवेशो द्विपबन्ध-दीक्षा-स्थिरं च कर्माकंसुतेहि कुर्यात्॥

लोहा, पत्थर, सीसा, रांगा सम्बन्धी कर्म, अस्त्र-शस्त्र, नौकरी या नौकर रखना, पाप कर्म, चोरी, मिथ्यालाप, विषाक्त कर्म, आसव निर्माण व प्रयोग, गृह प्रवेश, हाथी को बांधना, अन्य पशु को

समस्त शुभ कार्यों में त्याज्य

१. जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म मास, श्राद्ध दिवस (माता-पिता का मृत्यु दिन), चित्त भंग, रोग या कोई उत्पादित। २. क्षय तिथि, वृद्धि तिथि, क्षय मास, अधिक मास, क्षय वर्ष, दग्धा तिथि, अमावस्या। ३. विष्कुम्भ योग की प्रथम पांच घटिकायें, परिधि योग का पूर्वार्द्ध, शूल योग की प्रम ७ घटिकायें, गण्ड और अतिगण्ड की ६ घटिकायें एवं व्याघात योग की प्रथम आठ घटिकाएं, हर्षण और वज्र योग की नौ घटिकाएं, व्यतिपात और वैधृति योग समस्त शुभ कार्यों में त्याज्य हैं। मतान्तर से विषकुम्भ की तीन, शूल की पांच, गण्ड और अतिगण्ड की सात, व्याघात व वज्र की ९ घटिकाएं शुभ कार्यों में त्याज्य हैं। ४. महापात का समय में भी कार्य न करें। ५. तिथि, नक्षत्र और लग्न इन तीनों प्रकार का गण्डान्त समय। ६. भद्रा (विष्टीकरण)। ७. तिथि नक्षत्र तथा दिन के परस्पर बने कई दुष्ट योग जैसे सप्तमी+अश्विनी+मंगल, पंचमी+हस्त+रवि, छठ+मृगशिर+सोम, अष्टमी+अनुराधा+बुध, नौमी+पुष्य+गुरु, दशमी+रेवती+शुक्र, एकादशी+रोहिणी+शनि आदि योगों को शुभ कार्य में त्याज्य करना चाहिए। ८. पाप ग्रह युक्त, पाप भुक्त और पाप ग्रह विद्ध नक्षत्र एवं नक्षत्रों की विष संज्ञक घटिकायें। ९. पाप ग्रह युक्त चन्द्र, पाप युक्त लग्न का नवांश। १०. जन्म राशि, जन्म लग्न से अष्टम लग्न। दुष्ट स्थान ४, ८, १२ का चन्द्र, क्षीण चन्द्र वर्जित है। १२. लग्नेश ६, ८, १२ न हो, जन्मेश और लग्नेश अस्त नहीं हो, पाप ग्रहों का कर्तरी योग भी वर्जित है। १३. मासान्त दिन, सभी नक्षत्रों के आदि की २ घटिका, तिथि के अन्त की एक घटी और लग्न के अन्त की आधी घड़ी शुभ कार्यों में वर्जित करें। १४. जिस नक्षत्र में ग्रहण या पापी ग्रहों का युद्ध हुआ हो वह नक्षत्र शुभ कार्यों में ६ महीने तक नहीं लेना चाहिए (ग्रहों के एक राशि अंश कलादि सम होने पर ग्रह युद्ध कहा है)। १५. ग्रहण के पहले ३ दिन और बाद के ६ दिन वर्जित, ग्रहण नक्षत्र वर्जित, ग्रहण खग्रास हो तो वह नक्षत्र ६ मास, आधे में ३ मास, चौथाई ग्रहण में १ मास, उदयोदय और अस्तास्त में ३ दिन पहले और ३ दिन पीछे कोई शुभ कार्य न करें। १६. गुरु-शुक्र का अस्त, बाल्य, वृद्धत्व, गुर्वादित्य समय भी शुभ कार्यों में त्याज्य कहे हैं। बाल्य और वृद्धत्व के ३ दिन वर्जनीय हैं। १७. कृष्ण पक्ष १४ का चन्द्र वार्द्धिक्य, अमावस का अस्त, शुक्ल एकम् के बाल्य चन्द्र के समय में भी शुभ काम न करें।

सामान्य रूप से दिन शुद्धि

१. दोनों पक्षों की २, ३, ४, ७, १०, १२, १५, कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तथा शुक्ला की १३ तिथि शुभ हैं। परन्तु तिथि-क्षय-वृद्धि त्याज्य हैं। २. शुभवार-सोम, बुध, गुरु और शुक्र

रोहिणी, मृगशिर, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा और रेवती नक्षत्र शुभ हैं। ५. योगों का वर्णन किया है उनका शुभ कार्यों में त्याज्य करना चाहिए। ६. तारा-जन्म नक्षत्र से इष्टकालीन नक्षत्र तक की संख्या को ९ से भाग दें। शेष १, २, ४, ६, ८ या ० रहे तारा शुद्ध जानो यदि ३, ५, ७ शेष रहे तो तारा अशुभ जानो। शुक्ल पक्ष में चन्द्र बल व कृष्ण पक्ष में तारा बल विशेष महत्व रखता है। ७. चन्द्र बल-क्षीण-वार्द्धक्य, अस्त, बाल्य, पाप ग्रह युक्त विशेष रूप से शुभ कार्यों में वर्जित करें। राशि अनुसार जन्म राशि १, २, ३, ५, ६, ७, ९, १०, ११वीं राशि का चन्द्र शुभ होता है। ४, ८, १२ राशि का चन्द्रमा हर प्रकार से नेष्ट माना गया है। मुहूर्त प्रकाश में लिखा है—यदि लग्न शुभ ग्रहों और संपूर्ण गुणों से युक्त हो परन्तु १२, ८, ६ भाव में चन्द्र हो तो अशुभ ही जानो। लग्न में गुरु-शुक्र तथा चन्द्र अपनी उच्च राशि ४ या नीच राशि ८ अथवा मित्र राशि या शत्रु के घर में हो और सम्पूर्ण गुणों सहित लग्न हो परन्तु पाप ग्रह युक्त चन्द्रमा हो तो दोष कारक ही होता है। इसलिए चन्द्र को सभी प्रकार से देखना चाहिए। ८. पाप ग्रह १२, ८, १ इन जगह में तथा ६ में शुभ ग्रह और पाप ग्रह केन्द्र १, ४, ७, १० त्रिकोण ९, ५ में अशुभ होते हैं और सौम्य ग्रह केन्द्र व त्रिकोण में और पाप ग्रह ३, ६, ११ भावों में और सम्पूर्ण ग्रह ११ भाव में श्रेष्ठ होते हैं। यदि केन्द्र या त्रिकोण में स्थित पाप ग्रहों पर बुध, बृहस्पति या शुक्र की पूर्ण दृष्टि हो। यदि केन्द्र या त्रिकोण में स्थित बुध शुक्र या गुरु की दृष्टि पाप ग्रहों पर हो तो पाप ग्रहों का फल शुभ हो जाता है। **विशेष**—चर लग्न, चर नवाँश तथा राशि स्थित चन्द्रमा ये तीनों चर शुभ कार्यों में वर्जित करें। शास्त्रों में लिखा है कि तिथि का १ गुण, नक्षत्र का ४, वार का ८, करण का १६, योग का ३२, तारा का ६०, चन्द्रमा का १०० और लग्न का १ करोड़ गुण होता है। अत: गुण व दोष इन दोनों के तारतम्य से विद्वानों को विचार कर मुहूर्त करना चाहिए। क्योंकि गुण सैकड़ों दोषों का विनाश करता है तो कहीं पर एक दोष ही असंख्य गुणों को नष्ट करता है। इसलिए शुभ-अशुभ का न्यूनाधिक देखकर ही मुहूर्त्त विचारने चाहिए।

हमारे नित्य दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण लिखा-पढ़ी, राजकीय या व्यापारिक कन्ट्रैक्ट, भेंट-मुलाकात, आवेदन या नवीन टेण्डर, नवीन मुलाकात द्वारा कार्य सिद्धि, नवीन विषय पर लेखन कार्य प्रारम्भ आदि अनेकानेक महत्वपूर्ण कार्य हमारे दैनिक जीवन में आते हैं जिसके लिए हम शुभ मुहूर्त चाहते हैं। पर यथा शीघ्र सर्वाङ्ग शुद्ध मुहूर्त की प्रतीक्षा में अधिक दिन तक नहीं रुक सकते अत: हम अपने प्रिय पाठकों के लिए वार-तिथि-नक्षत्र-योग अनुसार सुयोग व कुयोग मुहूर्त्तों की सारिणी दे रहे हैं। इस सारिणी की सहायता से सरलतापूर्वक शीघ्र ही शुभा-शुभ काल ज्ञात करके अपना कार्य आरम्भ कर सकते हैं।

योग	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
सिद्धि योग तिथि	—	—	३-८-१३	२-७-१२	५-१०-१५	१-६-११	४-९-१४
दग्धा तिथि	१२	११	५	३	६	८	९
हुताशन तिथि	१२	६	७	८	९	१०	११
विषाख्या तिथि	४	६	७	२	८	९	७
अधम तिथि	७, १२	११	१०	१, ९	८	७	६
वर्जित तिथि नक्षत्र	५ हस्त	६ मृग	७ अश्विनी	८ अनु.	९ पुष्य	१० रेवती	११ रोहि.
मृत्यु योग तिथि	१-६-११	२-७-१२	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	२-७-१२	५-१०-१५
क्रकच तिथि	१२	११	१०	९	८	७	६
उत्पात नक्षत्र	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.
मृत्यु योग नक्षत्र	अनुराधा	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिर	आश्लेषा	हस्त
काण योग	ज्येष्ठा	अभिजित्	पू.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा
दग्धा योग	भरणी	चित्रा	उ.षा.	धनिष्ठा	उ.फा.	ज्येष्ठा	रेवती
यम घंट योग	मघा	विशाखा	आर्द्रा	मूल	कृत्तिका	रोहिणी	हस्त
मुसल योग	अभिजित्	पू.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा
काल दण्ड	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजित्	पू.भा.
वज्र	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उत्तराषाढ़	शतभिषा	अश्विनी	मृग.
राक्षस योग	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिर	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ.षा.
ध्वांक्ष	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजित्	पू.भा.	भरणी
धूम्र	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उ.भा.
गद	श्रवण	उ.भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाति	मूल
आनन्द	अश्विनी	मृगशिर	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ.षा.	शतभिषा
श्रीवत्स	पुष्य	उ.फा.	विशाखा	पूर्वाषाढ़	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी
सौम्य	मृगशिरा	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी
छत्र	पू.फा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उ.भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु
शुभ	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	विशाखा
अमृत	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिर	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा
मित्र	उ.फा.	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य
सिद्ध योग	मूल	श्रवण	उ.भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाति
अमृत सिद्धि	हस्त	श्रवण	अश्विनी	अनुराधा	पुष्य	रेवती	रोहिणी
सर्वार्थ सिद्धि	हस्त, मूल ३ उ., पु., अश्विन	श्र.रो.मृ. पुष्य, अनुराधा	अश्विनी उ.भा., कृत्ति., अश्ले.	रोहिणी अनु., हस्त कृत्ति., मृग.	रेव., अनु., अश्वि., पुन. पुष्य	रेव. अनु., अश्वि., पुन., श्रव.	श्रवण रोहिणी स्वाति
दुष्ट तिथि	१, ३, ७	२-११	३-९-१२	७-९-११	—	—	११-१३

सर्वार्थ सिद्धि के साथ दुष्ट तिथि पड़ जाये तो ये योग दूषित हो जाता है। ऐसे ही अमृत सिद्धि में लिखा है। यदि यमदंष्ट्रा राक्षस आदि कुयोग में साथ ही कोई सुयोग सर्वार्थ आदि भी पड़े तो बुरे के बजाय शुभ फल देगा। अत: कार्यारम्भ शुभ रहता है। वैसे तत्कालीन लग्न शुद्धि कुयोगों का नाश कर सुयोग को अपना शुभ फल प्रदान करने की शक्ति रखती है।

विविध मुहूर्त्त विचार

भारतीय संस्कृति में संस्कारों को अत्यधिक महत्व दिया गया है। जन्म से मनुष्य शूद्र होता है भले ही वह किसी भी जाति में जन्म ले, जब तक वह संस्कारित नहीं किया जाता शूद्र ही बना रहता है। पूर्व में चालीस संस्कारों का प्रचलन था, किन्तु आज समयाभाव के कारण इनकी संख्या में कमी आई है। गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि तक सोलह संस्कार माने गये हैं। इनमें से भी कुछ मुख्य संस्कारों की ही मान्यता आज प्रचलित है।

गर्भाधान— सभी संस्कारों में गर्भाधान संस्कार का विशेष महत्व है क्योंकि भावी सन्तान के संस्कारों की आधारशिला इसी संस्कार पर निर्भर करती है। यह सर्वविदित तथ्य है कि सन्तानोत्पत्ति माता-पिता के पारस्परिक संयोग से होती है। अत: इन दोनों के चेतन-अचेतन मन तथा देह की पवित्रता आवश्यक मानी गई है। जैसे सुसमय में बीजवपन से सस्य में पुष्टता होती है उसी प्रकार सुसमय में गर्भाधान से सन्तान गुणी एवं दीर्घजीवी उत्पन्न होती है।

रजोदर्शन होने के चार दिन पश्चात्, समरात्रि काल में पुत्रोत्पत्ति एवं विषम रात्रि में कन्या सन्तति उत्पन्न होती है। गण्डान्त, रवि, चन्द्रग्रहण, ७वीं तारा, मूल, अश्विनी, भरणी, मघा, रेवती नक्षत्रों, व्यतिपात, वैधृति योग, अमावस्या माता-पिता की मृत्यु तिथि, क्षयतिथि, बुधवार-शनिवार, को छोकर अन्य तिथि-वार नक्षत्र-योग में तथा केन्द्र स्थान (१-४-७-१०) और त्रिकोण (५-९) में शुभ ग्रह हों तथा ३-६-११वें स्थान में पाप ग्रह हों तब प्रसन्नचित्त होकर रात्रिकाल में गर्भाधान-कृत्य करें। विवाह और गर्भाधान में स्त्री के चन्द्रबल को प्रधानता दें।

पुंसवन— गर्भाधान के पश्चात् पुंसवन संस्कार किया जाता है ताकि गर्भस्थ शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। इस संस्कार में मलमास, गुरु शुक्रास्त प्रभृति निषिद्ध योग बाधक नहीं होते, जो दिन-नक्षत्र शुभ हो उसी दिन कर लेना चाहिये। यह संस्कार गर्भ के दूसरे व तीसरे मास में किया जाता है। शास्त्रकारों का मत है कि पुंसवन संस्कार के लिए पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, मृगशिरा, मूल, श्रवण आदि नक्षत्र शुभ रहते हैं।

पारस्कर गृह्यसूत्र के अनुसार यह संस्कार तब करना चाहिये जब चन्द्रमा पुरुष नक्षत्र से युक्त हो।

सीमन्तोनयन— यह तीसरा संस्कार है तथा गर्भ के छठे या आठवें मास में किया जाता है। सीमन्तोन्नयन का शब्दार्थ होता है "शिर की मांग" लेकिन इसका भावार्थ है सौभाग्य सम्पन्न होना। इस संस्कार से गर्भवती के मन में आने वाली सन्तान के प्रति प्रेम तथा कर्त्तव्य की निष्ठा का समावेश होता है। पारस्कर गृह्य सूत्र में कहा है कि— **"प्रथम गर्भेमासे षष्ठेऽष्टमेवा"** तथा **"पुंसवनवत्"** कहकर यह स्पष्ट कर दिया है पुंसवन संस्कार में कहे गये मुहूर्त्त में इसे करें।

आश्लायन गृह्य सूत्र के अनुसार जब चन्द्रमा शुक्ल पक्ष में पुमान् नक्षत्र से युक्त हो तब करना चाहिये साथ ही इन्होंने गर्भ के चौथे मास में इसे करने का निर्देश किया है, लेकिन अधिक मत छठे और आठवें मास में करने को मिलते हैं।

मेधा-जनन संस्कार— शिशु के जन्म लेने के उपरान्त यह संस्कार किया जाता है ताकि आगे चलकर वह यशस्वी और बुद्धिमान हो। जब बच्चा जन्म ले चुके तो नालछेदन से पूर्व दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली में स्वर्ण भस्म शहद और गौघृत लगा कर नीचे लिखे मन्त्रों को बोलकर बच्चे को शहद चटा दें। चार मंत्र हैं प्रत्येक को एक बार बोल कर चटाना चाहिये। *मन्त्र—* **ॐ भूस्त्वीयदधामि, ॐ भुवस्त्वीयदधामि, ॐ स्वस्त्वीय दधामि, ॐ भूर्भुवः स्वः सर्वस्त्वीय दधामि।**

स्तन पान मुहूर्त्त— रिक्ता, तिथि, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति योग को त्याग कर शुभ तिथि-वार में पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, श्रवण, रेवती नक्षत्र में स्तन पान करना शुभ है।

प्रसूता स्नान का मुहूर्त्त— उत्तरा तीनों, रोहिणी, मृगशिरा, स्वाती, रेवती, हस्त, अनुराधा, पूर्वाफाल्गुनी, धनिष्ठा, अश्विनी इन नक्षत्रों में रवि, मंगल एवं बृहस्पति वारों में रिक्ता तिथि एवं अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथियों में प्रसूति स्नान प्रशस्त है।

जातकर्म— मेधा-जनन संस्कार से पूर्व यह संस्कार किया जाता है। नाल काटने पर सूतक लग जाता है और सूतक में जातकर्म करने का निषेध है। इस समय तिथ्यादि शुद्धि देखने की आवश्यकता नहीं होती, यदि किसी कारणवश पिता जन्म समय उपस्थित न हो तो जन्म के ११वें या १२वें दिन शुभ मुहूर्त्त में जातकर्म करना प्रशस्त है।

नामकरण संस्कार— जातकर्म संस्कार के पश्चात् नामकरण संस्कार किया जाता है लेकिन आज के युग में समयाभाव के कारण नामकरण के साथ ही जातकर्म करने का प्रचलन है। नामकरण संस्कार मूलत: दश दिन पश्चात् हो जाना चाहिये लेकिन इसके बारे में आचार्यों के भिन्न-भिन्न मत हैं। पाराशर स्मृति के अनुसार—

जाते विप्रो दशाहेन द्वादशाहेन भूमिपः। वैश्य पंच दशाहेन शूद्रो मासेन शुद्ध्यति॥

अर्थात् ब्राह्मण के लिए सूतक दस दिन, क्षत्रिय के लिए बारह दिन, वैश्य के लिए पंद्रह दिन तथा शूद्र के लिए एक मास तक रहता है। कुलाचार के अनुसार सूतक के अन्त होने के दूसरे दिन नामकरण करें। चिर-क्षिप्र-ध्रुव और मृदु नक्षत्रों में रवि, सोम, बुध, बृहस्पति, शुक्रवारों में, रिक्तामा को छोड़कर अन्य तिथियों में लग्न शुद्धि और चन्द्र-तारा का बल देखकर नामकरण करना प्रशस्त है।

निष्क्रमण संस्कार— घर से बाहर निकालने को निष्क्रमण कहते हैं। यह संस्कार तब किया जाता है जब बच्चे को घर से बाहर ले जाना होता है। जब माता अपने पिता के यहां जाये या माता-पिता को कहीं अन्यत्र जाना हो तो बच्चे को भी ले जाना अनिवार्य रहता है। इसलिए नामकरण संस्कार के पश्चात् निष्क्रमण किया जाता है। जन्म से चतुर्थ मास में यात्रा में विहित तिथियों में निष्क्रमण करना प्रशस्त है। यदि अत्यधिक शीघ्रता करनी पड़ जाये तो जन्म से बारहवें दिन यह संस्कार करें।

भूम्युपवेशन संस्कार— भूम्युपवेशन का अर्थ है भूमि पर बिठाना। प्रथम बार जब बच्चे को भूमि पर बिठना होता है। तब यह संस्कार किया जाता है। इसे जन्म से पांचवें महीने में करना चाहिये। भगवान् वराह और पृथ्वी का पूजन करके रिक्ता अमावस्या तिथि को छोड़कर अन्य तिथियों में शुभ ग्रह के बार में लड़के को कटिसूत्र धारण कराकर, ध्रुव, मृदु, लघु संज्ञक नक्षत्र में तथा मंगल बच्चे के लिए विशेष शुभ हो तब यह संस्कार करना उचित है।

इस समय बालक की आजीविकाज्ञानार्थ विद्या, कृषि, युद्ध व सेवा-सम्बन्धी पदार्थ उसके सामने रखें बालक जिस को पहले ग्रहण करे उसी के अनुसार उसकी जीविका जानें। बच्चे को भूमि पर बिठा तथा हाथ में पकड़े रह कर बालक का पिता, चाचा, दादा और नीचे लिखे मन्त्र से प्रार्थना करें—

रक्षैनं वसुधेदेवि सदा सर्वगतं शुभे।
आयु प्रमाणं लिखितं निक्षिपस्व हरिप्रिये॥

अन्न प्राशन— देह की पुष्टि-शक्ति और स्वास्थ्य के लिए यह संस्कार किया जाता है। तैत्तरीय उपनिषद् में "प्राणो वै अन्नम" अर्थात् अन्न ही प्राण है कहा गया है। बालक के जन्म से छठे, आठवें, दशवें आदि सम मासों में यदि कन्या हो तो पांचवें, सातवें आदि विषम मास में, रिक्ता-नन्दा और क्षयतिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, शनि, मङ्गल को छोड़कर अन्य वारों में, पुन., पु., हस्त, रो., चि., मृ., अनु., अश्वि., स्वा., तीनों उत्तरा., ध., म. और रेवती नक्षत्रों में, वृष, मिथुन, कन्या, मीन लग्न में अन्न प्राशन प्रशस्त है।

कर्ण वेध— जहां कर्ण वेध श्रवण शक्ति की वृद्धि में सहायक होता है वहीं आन्त्र उतरने (हानियां) जैसी भयानक व्याधि से बचाता है। यह संस्कार [illegible]

हरिशयन, (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक) पौष, चैत्र और जन्म मास को छोड़ कर ६, ८, १०वें मास में, ३, ५वें विषम वर्षों में, जन्म नक्षत्र और रिक्ता तिथि को त्याग कर अन्य तिथियों में, अश्वि., पुन., पु., ह., श्र., अनु., ध., रे., स्वा., मृ., चित्रा आदि नक्षत्रों में, चं., बु., गु., शु. वारों में, मे., वृश्चि., म., कु. लग्नों एवं नवांश को छोड़कर अन्य लग्नों में, चन्द्र तारा की शुद्धि देखकर कर्ण बेध करना शुभ है। लड़के का प्रथम दाहिना और लड़की का बायां करना प्रशस्त है।

मुण्डन संस्कार— जीवन के आरम्भ काल में जो बाल जन्म के साथ उत्पन्न होते है वे पशुता के सूचक माने गयें हैं। इन्हें कटाने से जहां वह पशुता समाप्त होती है वहीं मानवीं गुणों की प्रखरता के साथ बुद्धि और ज्ञान की भी वृद्धि होती है। जन्म से तीसरे, पांचवें आदि विषम वर्षों में चैत्र को छोड़कर उत्तरायण समय में २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ इन तिथियों में, सो., बु., गु., शु. आदि वारों में जन्म नक्षत्र को छोड़ कर मृ., चि., रे., ज्ये., श्र., ध., शत., स्वा., पु., ह., अश्वि., पुष्य इन नक्षत्रों में लग्न शुद्धि देखकर अपराह्न से पूर्व मुण्डन संस्कार प्रशस्त हैं।

अन्यमत से प्रथम, द्वितीय वर्ष भी विहित हैं तथा ब्राह्मण के लिए रविवार, क्षत्रिय के लिए मंगलवार, वैश्य तथा शूद्र के लिए शनिवार भी प्रशस्त हैं तथा याम्यायन (दक्षिणायन) में मार्गशीर्ष भी श्रेष्ठ हैं।

उपनयन संस्कार— मानवजीवन में इस संस्कार का अत्यन्त महत्व है क्योंकि इसके पश्चात् मानव की भौतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। गर्भाधान से आठवें वर्ष ब्राह्मण का, ग्यारहवें वर्ष वैश्य का उपनयन संस्कार हो जाना चाहिये। इसके पश्चात् उपरोक्त काल के दूने काल में निन्द्य माना गया है अर्थात् ब्राह्मण के सोलहवें, क्षत्रिय का बाईसवें और वैश्य का चौबीसवें। इसलिए विहित वर्ष में हरिशयन से पूर्व उत्तरायण के सूर्य में शुक्ल पक्ष में २, ३, ५, १०, ११, १२ तिथियों में, क्षिप्र, ध्रुव, चर, मृदु संज्ञक, श्ले., मृ., आ., तीनों पूर्वा नक्षत्रों में सो., बु., गु., शु., वारों में वृ., मि., सिं., क., तुला, धनु और मीन लग्न में, चन्द्र, तारा, रवि, गुरु की शुद्धि देखकर उपनयन संस्कार करना श्रेष्ठ है।

विशेष— ज्येष्ठ शुक्ल २, आषाढ़ शुक्ल दशमी, पौष शुक्ल ११, और माघ शुक्ल १२ उपनयन संस्कार में निषिद्ध मानी गई हैं।

अक्षरारम्भ मुहूर्त— जन्म से पाँचवें वर्ष में गणपति, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी की पूजा करके कुम्भ के सूर्य को छोड़ कर उत्तरायण में २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ इन तिथियों में, मृ., आ., पुन., पु., श्ले., ह., चि., स्वा., ध., शत., अश्वि., मृ., तीनों पूर्वा और उत्तरा, रो, रे, इन नक्षत्रों में रवि, गु., शु. वारों में, लग्न, चन्द्र, तारा बल विचार कर अक्षरारम्भ श्रेष्ठ माना गया है। वारों में सो., बु., मध्यम माने गये हैं।

विद्यारम्भ मुहूर्त— शिशिर, बसन्त एवं ग्रीष्म ऋतु में कुम्भ (कुम्भ के सूर्य को छोड़कर) रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार, २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ इन तिथियों में मृ., आ., पुन., ह., चि., स्वा., श्र., ध., शत., अश्वि., मूल, तीनों पूर्वा, पु. और श्लेषा इन नक्षत्रों में केन्द्र स्थान एवं त्रिकोण स्थान में शुभग्रह हों ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों, आठवां स्थान खाली हो तो विद्यारम्भ शुभ है।

जल पूजन के मुहूर्त— अधिक मास, चैत्र, पौष, गुरु, शुक्रास्त काल, मास पूर्ति होने पर ४, ९, १४ तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, बु., सो., गुरुवार में श्र., पुन., पु., मृ., ह., मू., अनु. इन नक्षत्रों में प्रसूता का जल पूजन करना शुभ है।

नित्यक्षौर का मुहूर्त— शनि, रवि और मंगलवार को छोड़कर अन्य वारों में, मघा, अनुराधा, रोहिणी, तीनों उत्तरा, कृत्तिका इन नक्षत्रों में ४, ९, १४, ६, ८ अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथियों, रात्रिकाल, सन्ध्या, भद्रा, गण्डान्त काल और भोजन तथा स्नान के पश्चात् क्षौर करना वर्जित है। दाह कर्म में, सूतकान्त में, जेल से छूटने पर, यज्ञ में, दीक्षा लेने में, राजा और ब्राह्मण की आज्ञा से क्षौर कर्म में मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं है।

विवाह मुहूर्त्त विचार

विवाहे दस दोष

मुहूर्त ग्रन्थों में विवाह के अनेक दोष बतलाये गये हैं लेकिन इनमें प्रमुखता मात्र दश दोषों की है। इनकी शुद्धि होने पर अन्य दोष प्रभावहीन हो जाते हैं। वे दश दोष हैं— (१) लत्ता (२) पात (३) युति (४) वेध (५) यामित्र (६) वाण (७) एकार्गल (८) उपग्रह (९) कान्तिसाम्य (१०) दग्धातिथि। पंचांग में जो विवाह मुहूर्त्त दिये गये हैं वे इनका विचार करके दिये गये हैं। जहां कोई दोष नहीं है वहां सीधी रेखा और जहां दोष है वहां (S) टेढ़ी रेखा बनाई गई है। इन दस दोषों का विचार इस प्रकार किया जाता है—

१. लत्ता— सूर्य, मंगल, बृहस्पति और शनैश्चर जिस नक्षत्र में हों क्रम से उससे अगले १२, ३, ६ और ८वें नक्षत्र को लत्ता से दूषित करते हैं। यह अग्र लत्ता दोष माना गया है। चन्द्र, बुध, शुक्र और राहु जिस नक्षत्र में हो क्रम से उससे पीछे के २२, ७, ५ और ९वें नक्षत्र को लत्तित करते हैं। यह पृष्ठ लत्ता दोष माना गया है। जैसे मंगल भरणी में हो और विवाह नक्षत्र रोहिणी हो तो यह मंगल का लत्ता दोषयुक्त साहा कहा जाएगा। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का लत्ता दोष का ज्ञान करें।

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	बृहस्पति	शुक्र	शनि	राहु	ग्रहा:
१२	२२	३	७	६	५	८	९	वि.नक्षत्र
सम्मुख	पृष्ठ	सम्मुख	पृष्ठ	सम्मुख	पृष्ठ	सम्मुख	पृष्ठ	दिशा
धननाश	भय	मृत्यु	भय	बन्धुनाश	कार्यनाश	कुलनाश	मृत्यु	फल

२. पात— साध्य, हर्षण, शूल, गण्ड, वैधृति और व्यतीपात इन योगों का अन्त जिन नक्षत्रों में होता है वे पात दोषयुक्त माने जाते हैं।

पात दोष चक्र

रो.	मृ.	म	उ.फा.	ह	स्वा	अनु.	मूल	उ.षा.	उ.भा.	रे	नक्षत्र
आर्द्रा	मृग.	अश्वि.	कृत्ति.	भर.	कृत्ति.	अनु	रोहि.	भर.	भर.	अश्वि.	सूर्याधिष्ठित नक्षत्र
पुन.	आर्द्रा	मृग.	आर्द्रा	मृग.	श्रव.	आर्द्रा	ज्ये	पुन.	शत.	ज्ये	
शत.	ज्ये.	ज्ये.	विशा.	शत.	धनि	उ.षा.	धनि	शत.	विशा.	धनि	
पू.फा.	धनि	पुष्य	पू.फा	पू.भा	पु.	पू.भा	आ	वि	उ.फा	म	
चित्रा	मघा	हस्त	उ.भा	स्वा.	हस्त	पू.षा	भर.	अनु	पू.फा	पू.फा	
मूल	हस्त	रेव.	पू.भा	भर.	रेव.	पू.फा	उ.भा	उ.षा	भर.	स्वा	

३. युति— जब विवाह के नक्षत्र में कोई ग्रह हो तो उसे ग्रह की युति युक्त दोष माना जाता है। ग्रहों की विवाह नक्षत्रों में युति धन नाशक, मृत्युदायक और भयप्रद कही गई है, विशेषतया शुक्र की युति वर्जित है। चन्द्र यदि स्वक्षेत्री, मित्र गृही व उच्च का हो तो युति दोष (चन्द्र का) नहीं माना जाता उल्टे इसे शुभ कहा गया है।

४. वेध—पंचशलाका चक्र में यदि विवाह के नक्षत्र के सम्मुख नक्षत्र में कोई ग्रह पड़े तो वेध दोष माना जाता है। शुभ ग्रह के वेध से स्वल्प और पाप ग्रह के वेध से अधिक दोष माना जाता है। नीचे वेध दोष चक्र दिया है इसमें ऊपर लिखे नक्षत्र में विवाह हो और नीचे लिखे नक्षत्र में ग्रह हो तो वेध होता है यह विवाह काल में वर्जित है।

वेध दोष चक्र

रो	मृ	म	उ.फा	ह	स्वा	अनु	मू.	उ.षा	उ.भा	रे	वि.नक्षत्र
अश्वि	उ.षा	श्र	रे	उ.भा	श	भ	पुन	मृ	ह	उ.षा.	वेध नक्षत्र

५. यामित्र—विवाह लग्न या चन्द्र से सप्तम में कोई ग्रह हो तो यामित्र दोष होता है। यदि लग्न और सप्तमस्थ ग्रह का अन्तर ठीक ६ राशि (अंश कलादि तक) तक हो तो पूर्ण यामित्र दोष अन्यथा अल्पदोष कहा गया है।

यामित्र दोष चक्र

रो	मृ	म	उ.फा	ह	स्वा	अनु	भ	उ.षा	उ.भा	रे	वि.नक्षत्र
अनु	ज्ये	ध	पू.भा	उ.भा	अ	कृ	मृ	पुन	उ.फा	ह	ग्रह नक्षत्र

६. बाण— किसी राशि में सूर्य के (स्पष्ट सूर्य के) भुक्तांश ८, १७ और २६ हों तो रोगबाण, २, ११, २० और २९ हों तो अग्निबाण, ४, १३, २२ हों तो राजबाण, ६, १५, २४ हों तो चोरबाण तथा १, १०, १९ और २८ हों तो मृत्यु बाण दोष माना जाता है। विवाह में मृत्यु बाण, यात्रा में चोरबाण, सेवा कर्म में (नौकरी करने में) राजबाण, गृहारम्भ में अग्निबाण और उपनयन में रोगबाण त्याज्य कहे गये हैं।

७. एकार्गल—विवाह के दिन विष्कुम्भ, वज्र, परिघ, अतिगण्ड, शूल, व्याघात, वैधृति और व्यतिपात इनमें से कोई योग हो तथा सूर्य नक्षत्र से (इसमें अभिजित के सहित गणना करें) चन्द्र विषम नक्षत्र में हो तो एकार्गल दोष होता है।

८. उपग्रह—विवाह के दिन सूर्य नक्षत्र से चन्द्रमा ५, ७, ८, १०, १४, १५, १८, १९, २१, २२, २३, २४ और २५वें नक्षत्र में हो तो उपग्रह दोष होता है। कुरू और वाह्यक क्षेत्र में विशेष दोषावह है।

९. क्रान्तिसाम्य—जब मेष और सिंह, वृषभ और मकर, मिथुन और धनु कर्क और वृश्चिक, कन्या और मीन तथा तुला और कुम्भ इन दोनों राशियों में से एक पर सूर्य तथा दूसरी पर चन्द्र हो तो क्रान्तिसाम्य दोष होता है। यह स्थूल क्रान्तिसाम्य है। सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य ही सर्वत्र वर्जित माना गया है।

१०. दग्धा तिथि—जब सूर्य धनु-मीन, वृष, कुम्भ, मेष-कर्क, मिथुन-कन्या, सिंह-वृश्चिक, तुला-मकर इन दोनों राशियों में से किसी राशि में सूर्य हो तो क्रम से २, ४, ६, ८, १०, १२ तिथियां दग्धा मानी गई हैं।

दग्धा तिथि चक्र

मेष कर्क	वृषभ कुम्भ	मिथुन कन्या	सिंह वृश्चिक	तुला मकर	धनु मीन	सूर्यराशि
६	४	८	१०	१२	२	तिथि

लत्तादि दोष परिहार—लत्ता उज्जैन क्षेत्र में सौराष्ट्र में, पात कुरुक्षेत्र, भठिण्डा, फिरोजपुर जिले में, एकार्गल जम्मू-कश्मीर में, वेध सब जगहों में, उपग्रह कुरुक्षेत्र, आगरा व अवध, बंगाल, जगन्नाथपुरी (कलिंग में) त्याज्य हैं। लग्न यदि सूर्य और चन्द्र के बल से बली हो तो एकार्गल, उपग्रह, लत्ता तथा पात दोष का परिहार हो जाता है।

विवाह समय के विहित मास, तिथि, नक्षत्र और लग्नादि

विवाह के लिए वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मेष, वृषभ और मिथुन के सूर्य (मिथुन का सूर्य हरिशयनी एकादशी से त्याज्य माना गया है) रिक्ता और अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथि, रोहिणी, मृगशिर, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, उ.षा., उत्तराभाद्रपद और रेवती (कुछ आचार्यों के मत से अश्विनी, चित्रा, श्रवण और धनिष्ठा भी विवाह नक्षत्र विहित माने गये हैं)। विवाह लग्न में मिथुन, कन्या, तुला, धनु और मीन का नवांश प्रशस्त कहा गया है।

वाग्दान विचार (वरवरण मुहूर्त्त)—रिक्ता अमावस्या तिथि को छोड़कर अन्य तिथियों में, शुभवार में तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी और कृत्तिका इन नक्षत्रों में लग्न और चन्द्रबल देखकर लड़की का भाई या पुरोहित पूर्वाभिमुख बैठे वर के मस्तक पर केशरादि का तिलक करें, पूजन करे तथा वर के मुख में मीठा या पान देकर गोद में वस्त्र, नारियल और द्रव्यादि दें।

विवाह के पूर्व कन्या का नाम बदलना—आजकल कन्या का नाम विवाह से पूर्व बदलने का नियम चल पड़ा है। इसके पीछे कारण है कि कन्या का जन्म नाम मालूम न होना, वैसे भी प्रायः लोग जन्म नाम को बदल कर दूसरा नाम रख लेते हैं। यदि विवाह से पूर्व कन्या का नाम बदलना हो तो ध्यान रखें कि बोलता नाम बदला जा सकता है जन्म नाम नहीं।

विवाह विचार में विशेष—दो सगी बहनों का दो सगे भाइयों के साथ विवाह न करें। दो सगी बहनों या भाइयों का तथा सगे बहन-भाई का विवाह ६ मास के भीतर न करें। आवश्यकता में लड़की के विवाह के बाद लड़के का विवाह हो सकता है। जुड़वां भाई-बहन का विवाह करने में भी कोई हानि नहीं। विवाह के पश्चात् ६ मास तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार न करें। यदि संवत् बदल जाये तो ६ मास के भीतर किया जा सकता है। सगाई के पश्चात् वर या कन्या की तीन पीढ़ी में मृत्यु होने पर १ मास तक विवाह न करें। अत्यावश्यकता में सूतक समाप्त होने पर शान्ति करा कर विवाह करें। सबसे बड़े लड़के और सबसे बड़ी लड़की का विवाह ज्येष्ठ मास में न करें। जन्म नक्षत्र और जन्म तिथि में भी विवाह शुभ नहीं होता। अत्यावश्यक हो कि ज्येष्ठ लड़के और लड़की का विवाह ज्येष्ठ में करना पड़े तो सूर्य के कृत्तिका नक्षत्र में रहते कदापि न करें। अन्य नक्षत्रों में शान्ति कराकर किया जा सकता है।

त्रिबल शुद्धि

श्रेष्ठ गुरु—जब गुरु जन्म राशि से २।५।७।९।११वें हो।
पूज्य गुरु—जब गुरु जन्म राशि से १।३।६।१०वें हो।
नेष्ट गुरु—जब गुरु जन्म राशि से ४।८।१२ वें हो।
परिहार—जब गुरु स्वराशिस्थ (धनु-मीन) या उच्च में हो तो नेष्ट भी श्रेष्ठ माना गया है।
श्रेष्ठ रवि—यदि सूर्य जन्म राशि से ३।६।१०।११वें हो।
पूज्य रवि—यदि सूर्य जन्म राशि से [illegible] हो।

नेष्ट रवि—यदि सूर्य जन्म राशि से ४।८।१२वें हो।

श्रेष्ठ चन्द्र—जन्म राशि से १।२।३।५।६।७।९।१०।११।१२वां चन्द्र श्रेष्ठ है। विवाह में १२ भी लिया जा सकता है।

नेष्ट चन्द्र—जन्म राशि से ४।८वां चन्द्र नेष्ट है।

गोधूलिका लग्न—हेमन्त ऋतु में सायंकाल जब सूर्य का बिम्ब लाल होकर पश्चिम में अस्त होने वाला होता है तब, ग्रीष्म में जब सूर्य आधा अस्त हो जाता है तब, वर्षा ऋतु में जब सूर्य सम्पूर्ण अस्त हो जाता है तब गोधूलि कही जाती है। वारों में जब गुरुवार को सूर्यास्त होने पर और शनिवार को सूर्य अस्त होने से पूर्व गोधूलि लग्न होती है। विवाह काल में यदि गोधूलि लग्न हो तथा लग्न, षष्ठ और अष्टम में चन्द्र हो तो कन्या के लिए अशुभ, लग्न, सप्तम, अष्टम इन स्थानों में मंगल हो तो वर के लिए अशुभ रहता है। लग्न से दूसरे, तीसरे और ग्यारहवें चन्द्र हो तो शुभ होता है।

वधु प्रवेश मुहूर्त्त—विवाह के पीछे १६ दिनों के भीतर सम दिन में अर्थात् २, ४, ६, ८, १०वें आदि दिनों में या ५, ७, ९वें विषम दिनों में वधु प्रवेश शुभ होता है, इसके बाद १, ३, ५, ७, ९, ११वें मास में, १, ३, ५वें वर्ष में वधु प्रवेश शुभ होता है। ५ वर्ष के पश्चात् कभी भी शुभ दिन देखकर वधु प्रवेश कराया जा सकता है।

द्विरागमन मुहूर्त्त—विवाह से विषम वर्षों में द्विरागमन शुभ है। कुम्भ, वृश्चिक और मेष में सूर्य हो, चन्द्र, गुरु और सूर्य बली हों तथा शुभ दिनों में, कन्या, तुला, वृष, मिथुन और मीन लग्न में तथा लघु, चर, ध्रुवसंज्ञक और मूल नक्षत्र में द्विरागमन शुभ है। शुक्र के सन्मुख और दक्षिण रहने पर नवविवाहिता, गर्भवती तथा बच्चे वाली स्त्री का पति घर जाना अशुभ है। रेवती में मृगशिर नक्षत्र तक चन्द्रमा के रहने से दक्षिण और सन्मुख शुक्र का दोष नहीं होता क्योंकि तब शुक्र अन्ध होता है।

नूतन वधू द्वारा पाकारम्भ—कृत्तिका, मृगशिर, पुष्य, ज्येष्ठा, विशाखा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती, नक्षत्रों में शुभ तिथि में, रवि, मंगल छोड़कर अन्य वारों में, स्थिर लग्न में तथा लग्न से ४, ८, १२वें कोई ग्रह न हो तो नवोढ़ा से पाकारम्भ कराना श्रेष्ठ रहता है।

धार्मिक कृत्य मुहूर्त्त—व्रत-अनुष्ठान, पुराण कथा, भागवत श्रवण, देव पूजन, रामायण कथा श्रवण इत्यादि कृत्तिका, अश्विनी, रोहिणी, मृगशिर, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा तथा रेवती नक्षत्रों में, १, ४, ९, १४ तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में मंगलवार, शनिवार को छोड़कर अन्य वारों में करना शुभ है। जिस विशिष्ट व्रत-अनुष्ठान के लिए विशिष्ट तिथि नक्षत्रादि निश्चित है, वह उसी समय करना चाहिए।

विवाहे मेलापक विचार

विवाह सामाजिक आवश्यकता है, यह संस्कार वासना पूर्ति के लिए नहीं वरन् गृहस्थ धर्म के निर्वाह के लिए किया जाता है। इस विषय में विद्वानों का मत है—

दाम्पत्य जीवनोद्देश्यो महान सेवामयस्था।
समाज देश विश्वेभ्यो दिव्यात्मानं समर्पयेत्॥

विवाह में लत्ता आदि दस दोष मुख्य माने गये हैं, इनमें अल्प दोष हो तो विवाह हो सकता है ऐसी शास्त्राज्ञा है, लेकिन जहां वर पक्ष और कन्या पक्ष दोनों में परस्पर सन्तोष हो जाये तो विहित नक्षत्रों में विवाह हो सकता है—

मनसश्चक्षुषोर्यस्मिन वरे यस्यां च योषिति।
सन्तोषो जायते तत्र नाव्यत् किञ्चिद् विचिन्तयेत्॥

वर और कन्या की कुण्डली हो तो दोनों के ग्रह मेलापक और नक्षत्र मेलापक शुद्धि देखनी चाहिये।

नक्षत्र मेलापक

इसमें वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रहमैत्री, गणमैत्री, भकुट और नाड़ी ये आठ कूट होते हैं।

१. **वर्ण**—वर कन्या के वर्ण राशि चक्र से ज्ञात करने चाहियें। यदि दोनों के समान वर्ण हों या वर का कन्या से श्रेष्ठ वर्ण हो शुभ अन्यथा अशुभ समझना चाहिये। वर्ण का एक गुण होता है।

२. **वश्य**—राशि चक्र से वर-कन्या के वश्य ज्ञात कर देखना चाहिये कि दोनों का एक वश्य है तब दो गुण, एक का द्विपद (मानव) और दूसरे का चतुष्पदया कीट है तो शून्य गुण बाकी में एक गुण जानें।

३. **तारा**—वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक तथा कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक गिन कर दोनों संख्याओं को पृथक-पृथक लिख कर ९ का भाग दें १, २, ४, ६ अथवा शून्य शेष रहने पर शुभ अन्यथा अशुभ जानें। दोनों से तारा शुभ हो तो श्रेष्ठ, एक से शुभ हो तो मध्यम और दोनों से अशुभ हो तो निन्द्य समझना चाहिये। हमने यहां पर बिना तारा जाने सीधे वर-कन्या के जन्म नक्षत्र से तारा गुण की सारिणी दी है। अतः वर-कन्या के तारा निकालने की इसमें आवश्यकता नहीं है।

४. **योनि**—राशि चक्र से दोनों की योनि ज्ञात करें। दोनों की एक योनि हो या योनि में मैत्री हो व सम हो तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

५. **ग्रह मैत्री**—राशि चक्र से राशि स्वामी जानें। राशि स्वामी एक हों, दोनों में मैत्री हो या एक-दूसरे के लिये सम हों तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

६. **गण**—राशि चक्र (अवकहड़ा) से गण ज्ञात करें। दोनों का एक गण हो या एक का देव दूसरे का मनुष्य हो तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

७. **भकुट**—वर की राशि से कन्या की राशि २, १२, ६, ८, ५, ९ हो तो अशुभ अन्यथा शुभ जानें।

८. **नाड़ी**—अवकहड़ा चक्र से दोनों की नाड़ी ज्ञात करें, यदि दोनों की एक ही नाड़ी हो तो अशुभ यदि भिन्न-२ नाड़ी हो तो शुभ समझना चाहिये।

इन आठों कूटों के शुभ होने पर ३६ गुण मिलते हैं। शास्त्राज्ञा है कि मेलापक में गुण १८ से अधिक हों तो विवाह शुभ रहते हैं। यदि ग्रह मेलापक ठीक हो तो इससे कम गुण भी ग्राह्य हैं।

ग्रह मेलापक

लग्न, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम, द्वादश में पापी ग्रह (मंगल, शनि, राहु, सूर्य आदि) हों तो जातक का दाम्पत्य जीवन सुखी नहीं रहता ऐसी ज्योतिष शास्त्र की मान्यता है। इनमें मंगल विशेषतया अधिक हानिकारक होता है इसलिए इस प्रकार की ग्रह स्थिति वालों को मंगली कहा जाता है। दक्षिण भारत में द्वितीय भाव से भी इन ग्रहों की स्थिति वाले जातक को मंगली कहा जाता है। चूंकि सप्तम स्थान से द्वितीय भाव आठवें पड़ता है और आठवां भाव मृत्यु का है अतः सहचर या सहचरी की आयु का विचार इसी भाव से किया जाता है। यहां हम इस दोष का परिहार दे रहे हैं ताकि ग्रह मेलापक में सुभीता रहे।

यदि वर और कन्या दोनों की कुण्डली में उक्त स्थानों में मंगल आदि पाप ग्रह पड़े हों तो विवाह शुभ, लड़के व लड़की की कुण्डली में उक्त स्थानों में पाप ग्रह की संख्या देखें यदि लड़के की कुण्डली में लड़की की कुण्डली से पाप ग्रह संख्या बराबर हो या अधिक हो तो विवाह शुभ अन्यथा अशुभ प्रद जानें। सप्तमेश स्वराशिस्थ हो, उच्च का हो अथवा अधिमित्र के गृह में हो तो मंगली दोष का परिहार हो जाता है।

वर और कन्या के नक्षत्र एवं ग्रह मेलापक देख कर नक्षत्र मेलापक चक्र से वर और कन्या के नक्षत्र के सामने के कोष्ठक में गुणयोग देखें। यदि योग २७ से अधिक हो तो मिलान अत्युत्तम समझें, यदि २७ से कम २० तक गुण मिलें तो उत्तम और १८ तक गुण मिलें तो मध्यम जानें। यदि १८ से कम गुण मिलें तो निंद्य है। यदि ग्रह मेलापक उत्तम हो तो १२ से १८ तक भी गुण मिलें तो विवाह करना शास्त्र सम्मत है।

मंगलीदोष

सभी प्रकार के ज्ञान एवं भारतीय शास्त्रों की उत्पत्ति भारतीय दर्शन से मानी गई है। भारतीय दर्शन जीवन और जगत् के रहस्यों का अनुसंधान और सन्तोष जनक सिद्धान्तों के आधार पर उनकी व्याख्या करता आया है। ज्ञान, दर्शन का स्वरूप और उस की सीमा है। मनुष्य स्वभाव से ही जिज्ञासु प्राणी है और अपनी इसी प्रवृत्ति के कारण किंवा अदम्य जिज्ञासा की प्रेरणा से, वह सदैव दार्शनिक समस्याओं का समाधान

खोजने में लगा रहता है। भारतीय दर्शन आत्मा को अजर-अमर मानता है और कर्मानुसार (कर्मों के अनादि प्रवाह-प्रारब्ध के कारण) देह परिवर्तन को इसका स्वाभाविक गुण मानता है। प्राणी मात्र की देह में रहने वाला यह अविनाशी आत्मतत्व, स्वतंत्र, रूपहीन, नित्य एवं चैतन्य है। यह कर्म बन्धन के ही कारण विनाशशील और परतन्त्र दीख पड़ता है। संसार के इस निगूढ़ तत्व को समझने के लिए ज्योतिष एक दिव्य चक्षु है। इसीलिए इसे वेदांग में गिना जाता है। वेद के अंगों में यह छठा अंग है। ज्योतिष के तेजस् को देख कर ही इसे चाक्षुष प्रत्यक्ष कहा जाता है। ज्योतिष के तीन स्कन्ध हैं जिन में फलित भी एक है। फलित स्कन्ध से ही सामान्य व्यक्ति अधिक प्रभावित होता है। फलित के कारण ही वह ज्योतिषी को सम्मान की दृष्टि से देखता है। वह नहीं जानता कि उस की जन्म पत्रिका में कहां गणितीय त्रुटि है, क्योंकि यह विषय उस की पकड़ से बाहर है। वह तो फलित के प्रति आसक्ति रखता है और उसी से प्रभावित होता है। लोक श्रद्धा ही इस विषय को जीवित रखे हुए है। आज की सबसे बड़ी बिडम्बना यह है कि ज्योतिषी को जीविका के लिए संघर्ष भी करना है और लोग श्रद्धा को अनुकण्ठ बनाये रखने के लिए अनुशीलन भी।

ज्योतिषशास्त्र और ज्योतिषी स्वतन्त्र भारत में इतनी दयनीय अवस्था में आ पहुंचे कि सभी कुछ उन्हें स्वयं करना है और समाज में इस विद्या के प्रति आस्था को सजीव बनाये रखना है। सामन्त तो रहे नहीं, श्रेष्ठी भी नहीं रहे, धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र में यह विज्ञान प्रचार और प्रोपेगंडा में ही सिमट कर रह गया। सभी लोग जानते हैं कि ज्योतिषी होना तो दूर रहा नक्षत्रों की श्रेणी में भी जो नहीं आते वे अपने आप को विश्व विख्यात भविष्यवक्ता कहते नहीं अघाते। ऐसे लोगों द्वारा भविष्यवाणी करने से जो स्थिति बनती है वह ज्योतिष पर आक्षेप लगाती है। ऐसे व्यक्ति अपनी अज्ञानता को छिपाने के लिए अनेक नाटक रचते हैं। उनकी नाट्य कला से उनको भले ही लाभ हो लेकिन इससे ज्योतिष शास्त्र की अपकीर्ति होती है, वह अविश्वसनीय बनता है और लोगों को उसे अन्धविश्वास (सुपरस्टीशन) कहने का अवसर मिलता है।

ऐसे ही मंगली दोष के विषय में अनेक भ्रान्तियां समाज में प्रचलित हैं। प्राचीन काल से ही भारत में कुण्डली मिलान की प्रथा है। विवाह से पूर्व वर तथा कन्या से ग्रहों का मेलापक पर निर्णय लिया जाता है कि आगामी जीवन दोनों का सुखमय रहेगा या दुखमय। विवाह मेलापक के लिए यूं तो अनेकानेक बातों को ध्यान में रखा जाता है लेकिन जितना महत्व मंगली दोष को दिया जाता है इतना अन्य किसी दोष को नहीं।

मंगली दोष का निर्णय करने के लिए वर-कन्या के प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम एवं द्वादश भावों को लिया जाता है, दक्षिण भारत में द्वितीय भाव को और मिला लेते हैं। इन भावों में कोई भी क्रूर किंवा पापी ग्रह (मंगल, शनि, सूर्य, राहु, केतु) स्थित हो तो मंगली दोष मान लिया जाता है। चूंकि मंगल वैवाहिक सुख को बिगाड़ने में अपना विशिष्ट स्थान रखता है इसलिए इसी ग्रह के नाम पर इस दोष को मंगली दोष कहा जाता है। प्राय: सर्वत्र ही यह मत प्रचलित है। यहां हम मंगली दोष कब-कितना हो सकता है इस पर विचार करते हैं। ग्रहों की ९ अवस्थाएं मानी जाती हैं, उच्च राशि, मूल, त्रिकोण, स्वराशि, अधिमित्र राशि, मित्र राशि, सम राशि, शत्रु राशि, अधिशत्रु राशि और नीच राशि। अब शंका उठती है कि इन नवों अवस्थाओं में स्थित ग्रह क्या समान फल कर सकता है। इसका उत्तर है नहीं। दूसरी बात क्या सभी ज्योतिर्विद इन नवों अवस्थाओं में स्थित ग्रह को समझकर मंगली दोष का निर्णय करते हैं इसका उत्तर भी नहीं है, क्योंकि उपरोक्त तथ्य को समझकर मंगली दोष का निर्णय किया जाता तो मंगली दोष को इतना भयंकर नहीं समझा जाता जितना कि आज माना जा रहा है। मंगली दोष का भयावह रूप दर्शाने के लिए किसने कब यह श्लोक रच डाला ज्ञात नहीं है-

लग्नेव्यये च पाताले, जामित्रे चाऽष्टमे कुजे।
कन्याभर्तुर्विनाशाय, भर्तुः कन्या विनाशकः॥

अर्थात् कुण्डली में १, ४, ७, ८, १२वें स्थान में मंगल हो तो क्या कन्या भर्ता का और भर्ता कन्या का नाश करते हैं। अगर हम इसकी शब्दावली पर ध्यान दें तो यह श्लोक किसी ऋषि प्रणीत प्रतीत नहीं होता। विवाह से पूर्व कन्या संज्ञा ठीक है लेकिन भर्ता शब्द यहां अनुचित है क्योंकि विवाह से पूर्व लड़के की संज्ञा वर है भर्ता तो विवाह पश्चात् बनेगा। दूसरे जब भर्ता हो गया तो भार्या आना चाहिए कन्या कहां से आया। अत: यह स्वत: प्रमाणित है कि यह श्लोक क्षेपक है आप्त वाक्य नहीं। कितने खेद का विषय है कि ऐसे अनार्ष श्लोकों को मान्यता देकर ज्योतिर्विद जहां अच्छे से अच्छे सम्बन्धों को अनादृत कर देते हैं वहीं ज्योतिष शास्त्र की प्रतिष्ठा को भी आघात पहुँचाते हैं। ज्योतिष जगत् में फैली इन विसंगतियों के कारण जन-साधारण की आस्था इस शास्त्र के प्रति लुप्त होती है और कभी-कभी माता-पिता अपने बच्चों की नकली कुण्डलियां बनवाकर विवाह सम्बन्ध कर देते हैं।

प्रथम भाव तन है, चतुर्थ सुख-स्थान, सप्तम भाव कामोपयोग को जतलाने वाला है। अष्टम भाव जीवन साथी कुटुम्ब को बतलाता है और द्वादश भाव शय्या सुख का निर्देशक स्थान है। यहां स्थित होकर मंगल उस भाव को दूषित करता ही है साथ ही दृष्टि दोष से दूसरे स्थानों को भी बिगाड़ता है, जैसे लग्न में स्थित मंगल की चतुर्थ, सप्तम और अष्टम स्थान पर ही दृष्टि रखता है, द्वादश में होकर भी सप्तम स्थान पर दृष्टि डालता है। चूंकि सप्तम स्थान से द्वादश में होकर भी सप्तम स्थान पर दृष्टि डालता है। चूंकि सप्तम स्थान से जीवन साथी के सुख का निर्णय किया जाता है और उसका पाप प्रभाव में रहना जीवन साथी के सुख का निर्णय किया जाता है और उसका पाप प्रभाव में रहना इस सुख से न्यूनता लाता है। इसलिए मंगलीक दोष का विचार बड़ी सूक्ष्मता से करना चाहिए। यदि हम सुदर्शन पद्धति का आश्रय लें तो अधिक सफलता के निकट पहुंच सकते हैं। जैसे लग्न से मंगली दोष मानते हैं वैसे ही चन्द्र से भी देखें तथा शुक्र से भी। शुक्र चूंकि भोग कारक ग्रह है और इससे बना मंगली दोष अधिक बाधाकारक देखा गया है। कुछ लोगों की मान्यता है कि वर और कन्या दोनों मंगली हों तो वैवाहिक सुख नहीं बिगड़ता लेकिन मैंने कई ऐसे जोड़े देखे हैं जिनका दाम्पत्य सुख नगण्य सा ही है। कुछ लोग मानते हैं कि मंगल-शनि आदि ग्रह यदि कारक हों तो बुरा फल नहीं करते ऐसा भी अकाट्य सत्य नहीं है। वृष लग्न की कुण्डली में शनि सर्वाधिक कारक ग्रह है लेकिन दूसरे, आठवें और दसवें स्थान का शनि विवाह विच्छेद कराने में सक्षम होता है। अब तक हमने मंगली योग पर विचार किया अब उसके परिहार पर विचार करते हैं। अर्थात् मंगली दोष किन स्थितियों में अपना फल नहीं दे पाता।

१. सप्तमेश स्वराशिस्थ हो, उच्च का हो, मित्र राशिस्थ होकर स्वस्थान को देखता हो। २. सप्तमेश पर वृहस्पति या शुक्र की पूर्ण दृष्टि हो तो मंगली दोष समाप्त हो जाता है। ३. सप्तम भाव को बली शुक्र या वृहस्पति देखते हों तो मंगली दोष का प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। ४. नीचस्थ या त्रिकस्थ होकर भी सप्तमेश सप्तम भाव को देखें तो मंगली दोष क्षीण हो जाता है।

बेड़ा जातक में एक श्लोक आता है:-

त्यक्तार्के विधवारेऽत्र पापेक्ष्यार्को चिरा प्रिया।
सौम्यैर्धन्या प्रियाऽस्तस्थैः क्रूरैः रण्डा च मिश्रितैः॥

अर्थात् स्त्री की कुण्डली में लग्न से सप्तम सूर्य हो तो पति द्वारा वह स्त्री त्याग दी जाती है या दाम्पत्य सुख से वंचित कर दी जाती है। मंगल हो तो विधवा होती है। शनि हो तो देर से विवाह हो तथा लम्बे समय बाद पति की प्रिया बने। शुभ ग्रह हो तो उत्तम भाग्य वाली, पापग्रह हो तो विधवा, पाप और शुभ दोनों हो तो मिश्रित फल मिलता है। कुण्डली के मात्र सप्तम स्थान में पापग्रह देखकर विधवा कह देना युक्ति-युक्त नहीं है। कुण्डली का सूक्ष्मातिसूक्ष्म अध्ययन करने के पश्चात् ही कोई निर्णय लेना चाहिए क्योंकि इस निर्णय पर ही दो प्राणियों के वैवाहिक सुख बनाना और बिगाड़ना निर्भर करता है। अनुभव में आया है कि सप्तम और अष्टम स्थान का पापग्रह जितना पीड़ा कारक है इतना अन्य स्थान का नहीं। मैं स्वयं मंगली हूँ मेरी पत्नी मंगली नहीं है इतने पर भी पिछले ४२ वर्षों से हम सानन्द साथ रह रहे हैं। इससे मेरा यह आशय बिलकुल नहीं है कि कुण्डली में मंगली दोष को अनदेखा कर दिया जाये बल्कि इतना ही है कि जहां मंगली दोष देखे वहां उसके परिहार और अन्य शुभ योगों को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। मंगल से अमंगल की कल्पना से समाज में जो भयावह-प्रभाव उत्पन्न हो गया है। उसी भय को समाप्त करने के लिए लघु लेख की रचना की गई है। आशा है जन-साधारण इससे लाभान्वित होंगे।

वर्ण के गुण

	ब्रा.	क्ष.	वै.	शू
ब्राह्मण	१	०	०	०
क्षत्रिय	१	१	०	०
वैश्य	१	१	१	०
शूद्र	१	१	१	१

वश्य के गुण

	च.	मा.	ज.	व.	की.
चतुष्पद	२	१	१	०	१
मानव	१	२	१	०	१
जलचर	१	१	२	१	१
वनचर	०	०	१	२	०
कीट	१	१	१	०	२

जन्म कुण्डली मिलान में ३६ गुण हैं। १८ गुण से ऊपर मिलने पर शुभ, २७ गुण से ऊपर अत्यंत शुभ मानते हैं। अन्य बातें भी विचार करते हैं।

तारागुण चक्र (३)

	१	२	३	४	५	६	७	८	९
१	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
२	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
३	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
४	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
५	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
६	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
७	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
८	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
९	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३

तारा देखने की रीति— कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक व वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर ९ का भाग देने से जो शेष बचे, वह तारा जानिए।

योनिगुण चक्र (४)

	अ.	ग.	मे.	स.	श्वा.	मा.	मू.	गौ	म.	व्या.	मृ.	वा.	न.	सि.
अश्व	४	२	३	२	२	३	३	३	०	१	३	२	२	१
गज	२	४	३	२	२	३	३	३	३	१	३	२	२	०
मेष	३	३	४	२	२	३	२	३	३	१	३	३	२	१
सर्प	२	२	२	४	२	१	१	२	२	२	२	२	०	२
श्वान	२	२	२	२	४	१	१	२	२	१	०	२	२	१
मार्जार	३	३	३	१	१	४	०	२	२	१	२	२	२	२
मूषक	३	२	२	२	१	०	४	२	२	२	२	२	२	१
गौ	३	२	३	२	१	२	२	४	३	०	२	२	३	१
महिष	०	३	३	२	२	२	२	३	४	१	२	२	२	३
व्याघ्र	१	२	१	२	१	१	२	०	१	४	१	१	२	२
मृग	३	३	३	२	०	३	२	३	२	१	४	२	२	२
वानर	२	३	०	२	२	२	२	२	२	१	२	४	२	३
नकुल	२	२	३	०	२	२	२	२	२	२	२	२	४	२
सिंह	१	०	१	२	१	२	१	१	१	२	२	२	२	४

ग्रह मैत्री के गुण चक्र

	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श
सूर्य	५	५	५	४	५	०	०
चन्द्र	५	५	४	१	४	॥	॥
मंगल	५	४	५	॥	५	३	॥
बुध	४	१		५	॥	५	४
गुरु	५	४	५	॥	५	॥	३
शुक्र	०	॥	३	५	॥	५	५
शनि	०	॥	॥	४	३	५	५

गण मैत्री के गुण ६

	दे.	म.	रा.
देवता	६	५	१
मनुष्य	६	६	०
राक्षस	०	०	६

२ १ १२ ३ ११ ४ १० ५ ७ ९ ६ ८

भकूटगुण चक्र (७)

	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी
मेष	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०
वृष	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७
मिथुन	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७
कर्क	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०
सिंह	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०
कन्या	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७
तुला	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०
वृश्चिक	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०
धनु	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७
मकर	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७
कुम्भ	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०
मीन	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७

नाड़ीगुण चक्र-८

	आदि	मध्य	अन्त्य
आदि	०	८	८
मध्य	८	०	८
अन्त्य	८	८	०

कुंडली में मंगलादि का विचार १, ४, ७, ८ व १२वें स्थान में मंगल होने से मंगली, वर की कुण्डली में हो तो स्त्री की ओर स्त्री की में हो तो पति को अनिष्ट, यदि दोनों की कुण्डली में हो तो दोष नहीं। इसी प्रकार इन स्थानों में शनि, राहु, केतु व सूर्य का भी विचार करते हैं। यह सब पाप ग्रह मंगल के परिहार हैं। चन्द्र कुंडली से भी इन स्थानों में मंगल आदि का विचार किया जाता है।

नैसर्गिक ग्रह-मैत्री चक्र

ग्रह	मित्र	सम	शत्रु
सूर्य	चं.मं.बृ.	बुध	शु.श.
चन्द्र	सू.बु.	मं.बृ.शु.श.	०
मंगल	सू.चं.बृ.	शु.श.	बुध
बुध	सू.शु.	मं.बृ.श.	चन्द्र
बृहस्पति	सू.चं.मं.	शनि	बु.शु.
शुक्र	बु.श.	मं.बृ.	सू.चं.
शनि	बु.शु.	बृह.	सू.चं.मं.

भाग-१

वर-वधू गुण मेलापक सारणी

ऊर्ध्वाधरस्थाम्यपि भानि पुंसां पार्श्व द्वयस्थानि तथा वधू नाम्। संपात कोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्सस्मृतितोऽधिकं यत्॥

← कन्या	वर →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
	नक्षत्र चरण	अ. ४	भ. ४	कृ. १	कृ. ३	रो. ४	मृ. २	मृ. २	आ. ४	पुन. ३	पुन. १	पु. ४	श्ले. ४	म. ४	पू.फा ४	उ.फा १	उ.फा ३	ह. ४	चि. २
मेष	अ. ४	२८ ३	३३ ०	२८॥	१८॥ ४	२१॥ -४	२२॥ -४	२६	१७ ३	१९ ३	२३॥ ३	३१॥	२८	२१ +५	२५ +५	१५॥ ३.५	११ ३.६	९ २.३.६	१३ ६
मान लो कोई प्रश्न पूछना चाहता है कि मेरा विवाह होगा या नहीं तो यह प्रश्न संख्या हुई १२ (बारह) और प्रश्न कर्ता ने यंत्र में १५ के अंक पर अंगुली रखी। अतः यन्त्र के कोष्ठक की संख्या है १५ (पन्द्रह) दोनों का योग आया २७ (सत्ताईस)। इसमें से १ (एक) घटाया तो शेष रहे २६ (छब्बीस) २६वीं संख्या का देवता है केतु, अतः केतु के नीचे १५वीं संख्या का उत्तर आया अर्थात् विवाह उपाय से होगा।

जब प्रश्न संख्या और यंत्र संख्या कोष्ठक संख्या का योग एक घटाने से भी ३२ से अधिक आये तो इसमें से ३२ घटा कर तब उपर्युक्त विधि से उत्तर देखना चाहिये जैसे प्रच्छक का प्रश्न है मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी। प्रश्न संख्या है २९ यन्त्र के कोष्ठक (जिसमें अंगुली रखी है) की संख्या है १५ इनका योग किया तो आया ४४ इसमें १ ऋण किया शेष रहा ४३ यह बत्तीस की संख्या से अधिक है अतः इसमें से ३२ की संख्या घटाई शेष रहे ११ अब पूर्व विधि से ११ की संख्या का देवता देखा तो ज्ञात हुआ "इन्द्र" और देवता इन्द्र के नीचे १५वीं संख्या का उत्तर मिला "पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी" इसी प्रकार सभी प्रश्नों के उत्तर ज्ञात कर लें।

३२ बत्तीसा यंत्र

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

प्र. सं.	प्रश्न	अधिपति देवता
१.	मुझे सन्तान सुख मिलेगा या नहीं?	श्री भैरव
२.	मेरी मुकदमे में हार होगी अथवा जीत?	शिव
३.	मेरा भाग्योदय कब होगा?	कृष्ण
४.	मुझे नौकरी मिलेगी या नहीं?	राम
५.	मुझे उन्नति के अवसर मिलेंगे या नहीं?	सीता
६.	खेती से मुझे लाभ मिलेगा या हानि?	राधा
७.	मैं अपना मकान बना सकूँगा या नहीं?	लक्ष्मी
८.	क्या मुझे परीक्षा में सफलता मिलेगी?	विष्णु
९.	मेरे लिए विद्या प्राप्ति के योग हैं अथवा नहीं?	नारायण
१०.	मैं इस जीवन में सफलता पा सकूंगा या नहीं?	दामोदर
११.	क्या मुझे भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव है?	इन्द्र
१२.	मेरा विवाह होगा अथवा नहीं?	गणेश
१३.	अमुक रोगी रोग मुक्त होगा या नहीं?	अग्नि
१४.	मेरे स्वप्न का फल कैसा?	वायु
१५.	क्या मेरा स्थानान्तरण हो जायेगा?	वरुण
१६.	मुझे व्यापार में लाभ मिलेगा अथवा हानि?	यम
१७.	क्या मेरी चिन्ता दूर हो जायेगी?	कुबेर
१८.	मित्र के साथ मित्रता कैसी रहेगी?	सूर्य
१९.	मुझे कर्ज मिलेगा या नहीं?	चन्द्र
२०.	मेरी खोई हुई वस्तु मिलेगी अथवा नहीं?	मंगल
२१.	प्रवासी (परदेश गया हुआ) कब लौटेगा?	बुध
२२.	क्या मुझे यात्रा से लाभ मिलेगा?	बृहस्पति
२३.	मेरे भाईयों से कैसे निभेगी?	शुक्र
२४.	क्या मैं कुंआ बनवा सकूंगा?	शनि
२५.	मेरे लिए यह वर्ष कैसा है?	राहु
२६.	मेरा आज का दिन कैसा बीतेगा?	केतु
२७.	अमुक स्त्री को पुत्रोत्पन्न होगा या पुत्री?	मित्र
२८.	क्या मेरी इच्छा पूर्ण होगी?	पृथ्वी
२९.	मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी?	काल
३०.	क्या मेरा सम्बन्धी धोखा देगा?	शेष
३१.	प्रेमिका/प्रेमी का प्रेम शुद्ध है या नहीं?	यक्ष
३२.	मैं तीर्थ यात्रा करुंगा अथवा नहीं?	तक्षक

१. श्री भैरव

१. सन्तान सुख मिलेगा।
२. तीर्थ यात्रा में विघ्न पड़ेगा।
३. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
४. सम्बन्धी धोखा दे सकता है। होशियार।
५. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
६. इच्छा पूरी होने में अभी देर है।
७. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
८. यह दिन शुभ नहीं है।
९. वर्तमान वर्ष मध्यम रहेगा।
१०. कुआं बनना अभी सम्भव नहीं है।
११. भाईयों से प्रेम बना रहेगा।
१२. यात्रा में हानि होने की आशंका अधिक है।
१३. प्रवासी शीघ्र लौटेगा।
१४. खोई वस्तु शीघ्र मिल जायेगी।
१५. कर्ज मिलने में कठिनाई झेलनी पड़ेगी।

२. शिव

१. मुकदमे में जीत होगी
२. सन्तान सुख गृह देवता की पूजा से मिलेगा।
३. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूर्ण हो जायेगी।
४. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम नहीं करता/करती।
५. संबन्धी धोखा देगा, सावधान।
६. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
७. अभी इच्छा पूरी नहीं होगी।
८. कन्या सन्तान उत्पन्न होगी।
९. आज का दिन शुभ रहेगा।
१०. यह साल उत्तम नहीं है।
११. कुआं बनवाने की इच्छा पूर्ण होगी।
१२. भाईयों में अनबन रहेगी।
१३ यात्रा लाभकारी रहेगी।
१४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का इच्छुक नहीं है।
१५. नष्ट वस्तु (खोई) नहीं मिलेगी।

३. कृष्ण

१. आपका भाग्योदय शीघ्र होगा।
२. आप मुकदमे मे जीतें इसमें संदेह है।
३. सन्तान सुख मिलेगा किन्तु उपाय से।
४. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
६. संबंधी धोखा नहीं देगा।
७. पत्नी उत्तम स्वभाव की मिलेगी।
८. निकट भविष्य में इच्छा पूर्ण नहीं होगी।
९. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
१०. आज का दिन मानसिक परेशानी वाला रहेगा।
११. वर्ष अत्याधिक लाभप्रद रहेगा।
१२. कुआं नहीं बनवा सकोगे।
१३. भाईयों से तकरार होने का भय है।
१४. यात्रा से लाभ मिलना कठिन है।
१५. चिन्ता न करें, प्रवासी कुछ दिनों में लौट आयेगा।

४. राम

१. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
२. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
३. आप मुकदमा हार जायेंगे।
४. सन्तान प्राप्ति की इच्छा पूरी हो जायेगी।
५. तीर्थ यात्रा होने में संदेह है।
६. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम करता/करती है।
७. संबंधी धोखा दे सकता है सावधान रहें।
८. पत्नी के स्वभाव से मेल खा जायेगा।
९. इच्छा अवश्य पूरी होगी।
१०. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
११. यह दिन शुभ ही बीतेगा।
१२. यह वर्ष कष्टमय बीतेगा।
१३. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी हो जायेगी।
१४. भाईयों से अनबन रहेगी।
१५. यात्रा करना लाभप्रद रहेगा।

५. सीता

१. उन्नति मिलने का समय आ गया है।
२. नौकरी मिलेगी किन्तु अत्याधिक प्रयत्न से।
३. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
४. चिन्ता न करें मुकदमा जीत जाओगे।
५. सन्तान सुख के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करायें।
६. तीर्थ यात्रा पर अवश्य जाओगे।
७. प्रेमी/प्रेमिका का दिखावटी प्रेम है।
८. संबंधी गुप्त चाल चलेगा सावधानी से रहें।
९. पत्नी उत्तम स्वभाव वाली मिलेगी।
१०. इच्छा पूरी हो इसमें संदेह है।
११. कन्या सन्तान जन्म लेगी।

१२. आज का दिन विशेष शुभ नहीं है।
१३. वर्ष आप के लिए चुनौतियों भरा होगा।
१४. कुंआ बनवाने की इच्छा पूरी होने में देरी होगी।
१५. भाईयों से मेल मिलाप रहेगा।

६. राधा

१. खेती से लाभ मिलेगा।
२. उन्नति में अभी देरी है धैर्य रखें।
३. नौकरी नहीं मिलेगी।
४. भाग्योदय शीघ्र होगा।
५. मुकद्दमा जीत लो ऐसी सम्भावना कम ही है।
६. सन्तान सुख अभी देर में मिलेगा।
७. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
८. प्रेमी/प्रेमिका मात्र दिखावा करता/करती है।
९. संबंधी धोखा नहीं देगा।
१०. पत्नी का स्वभाव अच्छा नहीं होगा।
११. इच्छा पूरी होने में सन्देह है।
१२. पुत्र सन्तान जन्म लेगी।
१३. यह दिन उत्तम प्रकार से व्यतीत होगा।
१४. यह वर्ष श्रेष्ठतम रहेगा।
१५. कुंआ बन जायेगा।

७. लक्ष्मी

१. मकान की इच्छा पूरी हो जायेगी।
२. खेती से लाभ कम मिलेगा।
३. प्रमोशन हो जाये ऐसा सम्भव नहीं दिखता।
४. नौकरी अथक प्रयत्न करने पर मिलेगी।
५. निकट भविष्य में ही भाग्योदय होने वाला है।
६. मुकदमे में जीतना कठिन है।
७. सन्तान सुख मिल जायेगा।
८. तीर्थ यात्रा पर जाने में विघ्न-बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।
९. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध नहीं है।
१०. संबंधी धोखा देने से नहीं चूकेगा।
११. पत्नी चिड़चिड़े स्वभाव की मिलेगी।
१२. इच्छा पूरी हो जायेगी।
१३. कन्या रत्न उत्पन्न होने की सम्भावना प्रबल है।
१४. आज का दिन अच्छा नहीं है।
१५. यह वर्ष मध्यम फलप्रद रहेगा।

८. विष्णु

१. परीक्षा में सफलता मिलेगी।
२. मकान निकट भविष्य में नहीं बना पाओगे।
३. खेती मत करो लाभ की आशा कम है।
४. प्रमोशन शीघ्र ही मिलने वाला है।
५. नौकरी मिलने में अभी देरी है।

७. मुकदमे में जीत जाओगे।
८. संतान सुख के लिए संतान गोपाल का अनुष्ठान करें।
९. तीर्थ यात्रा सकुशल होगी।
१०. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम छल है।
११. संबंधी धोखा दे ऐसा नहीं दिख रहा।
१२. पत्नी का स्वभाव अच्छा होगा।
१३. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१४. पुत्र सन्तानन जन्म ले ऐसे योग हैं।
१५. यह दिन शुभ रहेगा।

९. नारायण

१. विद्या प्राप्त कर लोगे, विश्वास करो।
२. परीक्षा में पास हो जाओ इसमें संदेह है।
३. मकान नहीं बन सकेगा।
४. खेती करने से लाभ मिलेगा।
५. प्रमोशन अभी मिलना सम्भव नहीं है।
६. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
७. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
८. मुकदमा जीतने में संदेह है।
९. सन्तान सुख अभी देरी से मिलेगा धैर्य रखें।
१०. तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर नहीं मिलेगा।
११. प्रेम का चक्कर हानिकारक है। सावधान रहें।
१२. संबंधी धोखा अवश्य देगा सावधान।
१३. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं मिलेगी।
१४. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१५. कन्या सन्तान का जन्म होगा।

१०. दामोदर

१. जीवन सुख पूर्वक व्यतीत होगा।
२. अल्प विद्या प्राप्ति के योग हैं।
३. परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी।
४. मकान बनाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. खेती से अल्प लाभ की आशा रखें।
६. प्रमोशन के योग बन रहे हैं।
७. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
८. भाग्योदय निकट भविष्य में हो जायेगा।
९. मुकदमे में जीत निश्चित है।
१०. सन्तान सुख थोड़ा देरी से मिलेगा।
११. तीर्थ यात्रा पर जाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
१२. प्रेमी/प्रेमिका मन से प्रेम करता/करती है।
१३. संबंधी धोखा नहीं देगा।
१४. पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी।
१५. इच्छा पूर्ण हो जायेगी।

११. इन्द्र

१. भूमिगत धन की प्राप्ति हो जायेगी।

३. विद्या पूर्णतया प्राप्त कर लो इसमें संदेह है।
४. परीक्षा उत्तीर्ण कर लोगे।
५. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
६. खेती से लाभ नहीं होगा।
७. प्रमोशन हो इसमें संदेह है।
८. नौकरी अभी नहीं मिलेगी।
९. भाग्योदय शीघ्र हो जायेगा।
१०. मुकदमे में जीत जाने का अवसर क्षीण है।
११. सन्तान सुख मिलेगा। लेकिन उपाय से।
१२. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
१३. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम झूठा है, बच कर रहें।
१४. संबंधी धोखा देने की योजना बना रहा है।
१५. पत्नी अति नम्र और स्नेहशील होगी।

१२. गणेश

१. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
२. भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव नहीं है।
३. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
४. विद्या प्राप्त कर लोगे।
५. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के चांस नहीं हैं।
६. मकान अभी देर से बनेगा।
७. खेती से लाभ मिलेगा।
८. उन्नति (प्रमोशन) अभी नहीं होगी, देर है।
९. नौकरी मिल जायेगी।
१०. भाग्य का सितारा चमकने वाला है।
११. ऐसे आसार हैं कि मुकद्दमा हार जाओगे।
१२. संतान सुख मिल जायेगा।
१३. तीर्थ यात्रा को नहीं जा सकोगे।
१४. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम नहीं है।
१५. संबंधी गुप्त रूप से सहायता करेगा।

१३. अग्नि

१. बीमार अच्छा हो जायेगा।
२. विवाह होने के आसार नहीं हैं।
३. गड़ा धन मिलेगा, गृह देवता की पूजा करें।
४. जीवन में सफलता मिलेगी।
५. विद्या प्राप्त कर लोगे।
६. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
७. मकान शीघ्र ही बन जायेगा।
८. खेती से लाभ मिलेगा।
९. फिलहाल तरक्की मिलना कठिन है।
१०. नौकरी मिलने के आसार नहीं हैं।
११. भाग्योदय शीघ्र होगा।
१२. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१३. सन्तान सुख मिल जायेगा।
१४. तीर्थयात्रा करने की इच्छा पूर्ण होगी।

१४. वायु

१. स्वप्न का फल उत्तम फलप्रद है।
२. रोगी के रोगमुक्त होने में अभी देरी है।
३. विवाह संबंध के लिए उपाय करना।
४. भूमिगत धन मिलने की सम्भावना है।
५. जीवन में सफलता मिलने में संदेह है।
६. विद्या प्राप्त हो जायेगी शिवार्चन करें।
७. परीक्षा में उत्तीर्ण होना कठिन है।
८. मकान बनाने में कठिनाइयां आयेंगी।
९. खेती से लाभ होने की आशा है।
१०. प्रमोशन होने में अभी समय लगेगा।
११. नौकरी निकट भविष्य में नहीं मिलेगी।
१२. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
१३. मुकदमे में जीत निश्चित मिलेगी।
१४. सन्तान सुख पाने के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
१५. तीर्थयात्रा नहीं हो सकेगी।

१५. वरुण

१. तबादला शीघ्र ही हो जायेगा।
२. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
३. बीमार के ठीक होने के आसार नहीं हैं।
४. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
५. गड़ा धन मिल जायेगा लेकिन उपाय से।
६. जीवन में अधिक सफलता मिले आशा कम है।
७. विद्या प्राप्ति में विघ्न आयेंगे।
८. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए शिवार्चन करें।
९. मकान बन जायेगा।
१०. खेती से विशेष लाभ की आशा रखना निर्मूल है।
११. उन्नति शीघ्र मिल जायेगी।
१२. नौकरी निकट भविष्य में मिल जायेगी।
१३. भाग्योदय अभी नहीं हो रहा देर लगेगी।
१४. मुकदमा जीतना कठिन है।
१५. संतान सुख भाग्य में नहीं है।

१६. यम

१. व्यापार में लाभ मिलेगा, परन्तु सावधानी आवश्यक है।
२. तबादले के योग बन रहे हैं।
३. स्वप्न का फल अच्छा है।
४. बीमार अच्छा हो जायेगा।
५. विवाह के लिए कुमार मन्त्र का सवा लाख जप करें।
६. गड़ा धन मिल जायेगा।
७. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
८. उच्चशिक्षा प्राप्ति के लिए गणपति मन्त्र जपें।
९. परीक्षा में पास हो जाओगे।

११. खेती से लाभ हो इसमें संदेह है।
१२. प्रमोशन कठिनाई से मिलेगा।
१३. नौकरी मिलने में संदेह है।
१४. भाग्योदय शीघ्र होने वाला है।
१५. मुकदमे में जीत निश्चित है।

१७. कुबेर

१. चिन्ता अभी देर से मिटेगी।
२. व्यापार में लाभ मिलेगा।
३. स्थानांतरण अभी नहीं होगा।
४. स्वप्न शुभ फलप्रद है।
५. बीमार के अच्छा होने की संभावना कम है।
६. विवाह होने की संभावना नहीं है।
७. गड़े धन प्राप्ति के लिए आसुरी सिद्धि करें।
८. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
९. विद्या से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. उत्तीर्ण होने के लिए हनुमत् उपासना करें।
११. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१२. खेती से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तरक्की मिल जाये ऐसा योग नहीं है।
१४. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
१५. भाग्योदय होने के लिए स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का जप करें।

१८. सूर्य

१. मित्र धोखा दे सकता है सावधान रहें।
२. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।
३. व्यापार से लाभ नहीं रहेगा।
४. तबादला हो जायेगा।
५. स्वप्न का फल उत्तम नहीं है।
६. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
७. विवाह शीघ्र हो जायेगा।
८. गड़ा धन भाग्य में नहीं है।
९. जीवन में सफलता प्राप्त करने की सम्भावना नहीं है।
१०. विद्या प्राप्ति नहीं हो सकेगी।
११. परीक्षा में पास होने में संदेह है, मन लगाकर पढ़ो।
१२. मकान शीघ्र बन जायेगा।
१३. खेती से लाभ मिलेगा।
१४. प्रमोशन के योग प्रयत्न साध्य हैं।
१५. नौकरी देर से मिलेगी।

१९. चन्द्र

१. कर्ज मिलने में विघ्न-बाधाएं आयेंगी।
२. मित्र कपट करेगा सावधानी अपेक्षित है।
३. चिन्ता मिट जायगी, ईश्वराधना करें।

६. स्वप्न का फल विशेष अच्छा नहीं है।
७. रोगी स्वास्थ्य लाभ कर लेगा।
८. विवाह के लिए विश्वासु मन्त्र का अनुष्ठान करें।
९. गड़ा धन पितृ पूजन करने से मिलेगा।
१०. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
११. विद्या प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।
१२. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
१३. मकान बन जाये इसमें सन्देह है।
१४. खेती से अधिक लाभ नहीं मिलेगा।
१५. उन्नति होने के योग क्षीण हैं।

२०. मंगल

१. खोई वस्तु मिल जायेगी प्रयत्न करें।
२. कर्जा मिल जायेगा।
३. मित्र के साथ निभ जावे ऐसा नहीं लगता।
४. चिन्ता शीघ्र दूर हो जायेगी।
५. व्यापार में हानि होने के योग हैं।
६. ट्रांसफर नहीं हो सकेगा।
७. स्वप्न का फल उत्तम है।
८. बीमार के अच्छे होने की सम्भावना नहीं है।
९. विवाह अभी देर से होगा।
१०. गड़ा धन मिलने में सन्देह है।
११. जीवन में सफलता कष्ट से मिलेगी।
१२. विद्या प्राप्त कर लोगे।
१३. पास होना कठिन है।
१४. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१५. खेती से लाभ रहेगा।

२१. बुध

१. प्रवासी लौट कर आ रहा है।
२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
३. कर्जा इस समय नहीं मिलेगा।
४. मित्र के साथ मित्रता बनी रहेगी।
५. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
६. व्यापार से लाभ मिलेगा।
७. तबादला हो जायेगा।
८. स्वप्न का फल मध्यम है।
९. बीमार अच्छा हो जायेगा।
१०. विवाह हो जायेगा।
११. गड़ा धन मिल जायेगा।
१२. जीवन में सफलता प्राप्त करना असम्भव है।
१३. विद्या प्राप्ति का योग नहीं है।
१४. उत्तीर्ण होने के लिए परिश्रम एवं हनुमत मन्त्र जपें।
१५. मकान नहीं बन सकेगा।

२२. बृहस्पति

१. यात्रा लाभदायक रहेगी।
२. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
३. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
४. कर्जा विलम्ब से मिलेगा।
५. मित्र के साथ नहीं निभ सकेगी।
६. चिन्ता दूर हो जायेगी।
७. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
८. तबादला हो जायेगा आश्वस्त रहें।
९. स्वप्न का फल अशुभ है।
१०. बीमार अच्छा नहीं होगा।
११. गड़ा धन मिलना सम्भव नहीं है।
१२. विवाह होना सम्भव नहीं है।
१३. जीवन में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त कर लोगे।
१४. विद्या प्राप्ति के योग नहीं हैं।
१५. परीक्षा में पास हो जाओगे चिन्ता न करो।

२३. शुक्र

१. भाईयों से अनबन रहेगी।
२. यात्रा से लाभ कम मिलेगा।
३. परदेशी (बाहर गया हुआ) शीघ्र लौट जायेगा।
४. खोई हुई वस्तु बहुत जल्दी मिल जायेगी।
५. कर्जा नहीं मिलेगा।
६. मित्र के साथ अच्छा मेल-मिलाप रहेगा।
७. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
८. व्यापार से लाभ मिलेगा।
९. तबादला के योग बन रहे हैं।
१०. स्वप्न का फल शुभ है।
११. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१२. विवाह के लिए उपाय करो।
१३. भूमिगत धन शीघ्र मिलेगा।
१४. जीवन में सफलता पाना कठिन है।
१५. विद्या प्राप्ति के लिए गायत्री उपासना करें।

२४. शनि

१. कुंआ बनवाने की इच्छा पूरी होगी।
२. भाईयों से बन जाएगी।
३. यात्रा लाभकारी रहेगी।
४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का विचार नहीं कर रहा।
५. खोई वस्तु प्रयत्न करने पर मिल सकती है।
६. कर्ज मिल जाएगा।
७. मित्र से अनबन होने की सम्भावना है।
८. चिन्ता मिट जाएगी, श्री बटुक भैरवार्चन करें।
९. व्यापार में लाभ मिलने की आशा क्षीण है।
१०. तबादला प्रयत्न करने पर हो सकता है।
११. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
१२. बीमार का स्वास्थ्य लाभ लेना असंभव ही है।
१३. विवाह हो जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
१४. गड़ा धन नहीं मिलेगा।
१५. जीवन में अच्छी सफलता मिलेगी।

२५. राहु

१. यह वर्ष मध्यम रहेगा।
२. कुंआ बन जाएगा।
३. भाईयों में नहीं बनेगी।
४. यात्रा से लाभ मिलेगा।
५. परदेशी शीघ्र ही लौट आएगा।
६. नष्ट वस्तु मिल जाएगी।
७. कर्ज मिल जाएगा।
८. मित्र धोखा देगा सावधान।
९. चिन्ता मिट जाएगी।
१०. व्यापार में लाभ होगा।
११. तबादला हो जाएगा।
१२. स्वप्न का फल शुभ है।
१३. बीमार के अच्छा होने में संदेह है।
१४. विवाह हो जाएगा लेकिन उपाय से।
१५. गड़ा धन इष्ट देव के पूजन से मिलेगा।

२६. केतु

१. यह दिन शुभ नहीं है।
२. यह वर्ष अच्छा रहेगा।
३. कुंआ नहीं बन सकेगा।
४. भाईयों के साथ प्रेम रहेगा।
५. यात्रा से कोई लाभ नहीं मिलेगा।
६. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा बीमार है।
७. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
८. कर्ज देरी से मिलेगा।
९. मित्र कपटी है अतः उसका त्याग करें।
१०. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
११. व्यापार से लाभ की सम्भावना नहीं है।
१२. तबादला नहीं होगा।
१३. स्वप्न का फल शुभ नहीं है।
१४. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१५. विवाह उपाय से होना सम्भव है।

२७. मित्र

१. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
२. यह दिन शुभ है।
३. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
४. कुंआ बन जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
५. भाईयों से बिगाड़ रहेगा।
६. यात्रा से लाभ मध्यम रहेगा।
७. प्रवासी आने के लिए चल चुका है।
८. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
९. कर्ज कठिनाई से मिलेगा।
१०. मित्र के साथ अच्छी पट जायेगी।
११. चिन्ता मिट जाएगी।
१२. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तबादला हो जाएगा।
१४. स्वप्न का फल उत्तम है।
१५. रोगी के स्वस्थ होने में संदेह है।

२८. पृथ्वी

१. इच्छा पूरी होने में देरी है।
२. कन्या रत्न की प्राप्ति होगी।
३. यह दिन मध्यम रहेगा।
४. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
५. कुंआ बनने में बाधाएं हैं।
६. भाइयों से मिलाप रहेगा।
७. यात्रा में लाभ मिलेगा।
८. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
९. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
१०. कर्ज नहीं मिलेगा।
११. मित्र के साथ बनने की संभावना नहीं है।
१२. चिन्ता बढ़ सकती है।
१३. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
१४. तबादले की सम्भावना क्षीण है।
१५. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।

२९. काल

१. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
२. इच्छा पूरी होगी।
३. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
४. यह दिन शुभ है।
५. यह वर्ष अधम रहेगा।
६. कुंआ बन जाएगा।
७. भाईयों से अनबन रहेगी।
८. यात्रा में लाभ प्राप्त करना असम्भव है।
९. परदेशी निकट भविष्य में नहीं लौट रहा है।
१०. खोई वस्तु शीघ्र नहीं मिलेगी।
११. कर्ज देर से मिलेगा।
१२. मित्र के साथ नहीं बनेगी।
१३. चिन्ता शीघ्र दूर होगी।
१४. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१५. तबादला हो जाएगा।

३०. शेष

१. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
२. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
३. इच्छा पूरी होने में देरी है।
४. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
५. यह दिन मध्यम रहेगा।
६. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
७. कुआं बनने में आकस्मिक बाधा आएगी।
८. भाईयों से बनना मुश्किल है।
९. यात्रा से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. परदेशी शीघ्र लौट कर आने वाला है।
११. खोई वस्तु मिलना कठिन है।
१२. कर्ज अभी नहीं मिलेगा।
१३. मित्र के साथ मेल-जोल रहेगा।
१४. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
१५. व्यापार से लाभ मिलेगा।

३१. यक्ष

१. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
२. सम्बन्धी से धोखे की आशा नहीं है।
३. पत्नी का स्वभाव सरल होगा।
४. इच्छा देरी से पूरी होगी।
५. पुत्रोत्पत्ति होगी।
६. दिन शुभ रहेगा।
७. यह वर्ष मध्यम शुभप्रद है।
८. कुआं निर्माण की इच्छा पूरी होगी।
९. भाइयों से साधारण मेल रहेगा।
१०. यात्रा से लाभ मिलेगा।
११. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा।
१२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
१३. कर्ज मिल जायेगा।
१४. मित्र के साथ नहीं निभेगी।
१५. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।

३२. तक्षक

१. तीर्थ यात्रा अभी नहीं हो सकेगी।
२. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
३. सम्बन्धी धोखा दे सकता है।
४. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं होगी।
५. इच्छा पूरी होने में देरी है।
६. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
७. दिन शुभ रहेगा।
८. यह वर्ष अरिष्टप्रद होगा।
९. कुंआ देर से बनेगा।
१०. भाईयों से मेल कम रहेगा।
११. यात्रा से लाभ नहीं होगा।
१२. प्रवासी नहीं लौटेगा।
१३. खोई वस्तु मिलना सम्भव नहीं है।
१४. कर्ज मिलने में सन्देह है।
१५. मित्र का साथ कम रहेगा।

स्वाहा ॥ इस मंत्र द्वारा पवित्र जल को आठ बार अभिमंत्रित करके गर्भिणी स्त्री को जल पिलाने से उसको सुख से प्रसव होगा।

पति को वश में करने के लिए:- ऊँ नमो महायक्षिणि पति में वश्यं कुरू कुरू स्वाहा। इस मंत्र को दीपावली अथवा ग्रहण के दिन 108 बार जप करके सिद्ध कर लें। पश्चात् 31 दिन 108 बार जप करने से स्त्री का पति उसके वश में हो जाता है।

जलती अग्नि शीतल हो:- ऊँ नमो कोरा कराया जल सा भरिया, ले गौरा के सिर पर धरिया, ईश्वर ले गौरा नहाय, ई जलती अग्नि शीतल हो जाय। शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा॥ इस मंत्र को ग्रहण या दीपावली में जगा लेवें। **विधि:-** कुंए के सन्निकट से सात कंकड़ी लेकर प्रत्येक पर सात बार मंत्र पढ़कर अग्नि की ओर फैंके।

नजर झाड़ने का मंत्र:- गुरु चरणे दिया मन, श्रीहरी मोक्ष कारन, देव दानव दैत्यानी लाई, नरसिंह वरा आसी सब उड़ाई, आलाली पालाली चोटी चोटी हुंकारे फुंकारे उड़ाय, माटी शलिकेर पांव देख टुकरियाजय अमुकार अंगे डाइनेर दृष्टि पलाय कार अक्षावीर नरसिंह आज्ञा। दीपावली में सिद्ध करके इस मंत्र को झाड़ने का विधान है।

सर्प विषनाशक मंत्र औषधि:- गरुड़ास्य मंत्र ऊँ सुपर्णोसि गरुत्मांस्त्रिवृतो शिरो गायंत्र चक्षुर्वृहद्रयन्तरेवक्षी। सोम गरुत्मांस्त्रिवृतो शिरो गायंत्र चक्षुर्वृहद्रयन्तरे वक्षी। सोम आत्माछन्दास्यंकानि यजूंविषनाम। साम ते तनुर्वामदेव्यं यजयज्ञियम्पुच्छन्धिष्ण्याःशम्या सपुर्णोसि गरुश्रममान्दिवं गच्छ स्वः पत ऊँ। इसे ग्रहण में सिद्ध कर नीम की टहनी या अपामार्ग से झाड़े का विधान है। दधि मधु नवनीता, पीप्पली शृंगवेरं, मीरचमपि कूटो प्रतिहंन्सा सुकेशी। यदि दसति सरोषो, तक्षको वासुकी वा, यमस् दनगतानां नास्ति मृत्युर्नराणम्॥ गाय के ताजे दूध से निकाला जाता मक्खन, गाय का दही, शहद, पीपल, अदरक, मिर्च और कूट बराबर मात्रा में मिलाकर सांप से डसे हुए व्यक्ति को पिला देने से विष उतर जाएगा।

चिन्ता निवारण लक्ष्मी प्राप्ति मंत्र:- ऊँ ह्रीं कमले कमल वालेय प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।

स्थायी धनस्थिति मंत्र:- ऊँ ह्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै नमः।

प्रसव समये जल मंत्र:- आकाश टले पवन राम लक्ष्मण दुई लाचा सुन की कर कोका कोकी रिक्ता कुण्डली बसिया बाहिर हव असिया सिद्ध गुड़ कालिका चराईर वरे शीघ्र करिया भूमि पड़े। **विधि:-** ताजा शुद्ध जल को सात बार मंत्र पढ़कर परोसने के पश्चात पिलाने का विधान है।

मृत्युंजय मंत्र:- ऊँ ह्रौ ऊँ जूं सः भूर्भव स्वः त्र्यम्बकं यजामहे सुगंधिपुष्टिर्धनम्। उर्वारूकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भवः स्वरो जूं सः ह्रौं ऊँ। पुरोणोक्तमृत्युंजय मंत्र- मृत्युंजयाय रुद्राय नीलकण्ठाय शम्भवे। अमृतेशाय शर्वाय महादेवाय ते नमः।

धनधान्य पूर्ण कर अन्नपूर्णा मंत्र:- ऊँ ह्रीं क्लीं नमो भगवती माहेश्वरी अन्नपूर्णे स्वाहां क्लीं श्रीं ह्रीं ऊँ। इस मंत्र के प्रभाव से धन धान्य पूर्ण रहता है। दो लक्ष जप, तिल, लाल धान की लाई, खीर, दाख, गोघृत से हवन करना चाहिए। दो लक्ष का पुरश्चरण क्षेत्र के भीतर यंत्र या ताबीज गाड़ देते हैं, उससे धान्य बढ़ता है।

सर्वसिद्धि हनुमानजी का अष्टादशाक्षर मंत्र:- ऊँ नमो भगवते आंजनेयाय महाबलाय स्वाहा। खीर, दाख, उखरस, पला, पीपल, शैर की लकड़ी से हवन एक लक्ष का पुरश्चरण। भेद यह है कि कामना के लिए अनुकूल हवन वस्तु होनी चाहिए।

बिच्छु झाड़ने का मंत्र:- ऊँ छः फट् स्वाहा। जल अभिमंत्रित करके देना। आदित्यरथ वेगेन विष्णुबाणवलेन च ताक्ष्र्य पक्षनिपातेन भूम्यां गच्छ महाविष॥ **विधि:** राई से उतारना।

आंख झाड़ने का मंत्र:- शर्यातिंच संकन्यांच च्यवनं शुक्रमश्विनी। संध्ययोः स्मरतां नित्यं तस्य चक्षुर्न नश्यति॥ मंत्र पढ़कर जल से धुलवायें।

ज्वर झाड़ना:- 1. ऊँ नमो नरहरे रोगापहारिणे ज्वरं नाशय नाशय सुखमारोग्यं कुरु स्वाहा। इस मंत्र को सात बार पढ़कर झाड़ें तो ज्वर न रहे। 2. ऊँ नमों अजैपालकी दुहाई जो ज्वर रहे तो महादेव की दुहाई फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा। इस मंत्र को दीपावली की रात्रि में सात बार पढ़कर तथा धूप दीप देकर सिद्ध कर लेना चाहिए।२

अन्तर तिजारा चौथिया का मंत्र:- ऊँ लंकायाम तीरे कुमुदो नाम वानरः। तस्य स्मरणमात्रेण ज्वरो याति दिशोदश॥ से पीपल के पत्ते पर लिखकर डोर से बांध देवे।

यात्रा में स्मरण करने का मंत्र:- यः स्मरेत्तुलसी सीता रामं सौमित्रिणा सह। कार्य कृत्वा रिपूंजित्वा क्षेमेणायाति वै नरः॥ थोडा सा दही खाकर यात्रा आरंभ करें और चंदन तिलक से सदा पूर्ण रहें।

बीमारी दूर भगाने के लिए:- गांव में पशुओं की बीमारी न आवे इसके लिए गुरु पुष्य हस्तार्क अथवा उत्तम पर्व में मिट्टी के बड़े सकोरे के भीतर मंत्र लिखकर गोशाला में लटका दें तो बीमारी नहीं होगी। **मंत्र:-** अर्जुनः फाल्गुनो जिष्णुः किरीटी श्वेतवाहनः। बीभत्सुविजयी पार्थ सव्यसाची धनंजयः। कपिध्वजो गुड़ाकेशो गांडीव कृष्णसारथिः। एतान्यर्जुननामानि गवां गोष्ठे च यो लिखेत्। न तत्र पशुरोगादि शुभं शीघ्र प्रजायते।

झाड़ फूंक शाबर मंत्र -सिरपीड़ा दूर करने के लिए:- लंका में बैठ के माथ हिलावै हनुमंत। सो देखिके राक्षसगण पराय दूरत॥ बैठी सीता देवी अशोकवन में। देखि हनुमान को आनंद भई मन में॥ गई उर विषाद देवी सिथर दरशाय। 'अमुक' के नहीं कछू पीर नहिं कछु भार। आदेश कामाख्या हरिदासी चण्डी की दोहाई॥ सिर के पीड़ा से पीड़ित व्यक्ति को दक्षिण की ओर मुख करके बैठा दें। सिर को हाथ से पकड़कर मंत्रोच्चारण करते हुए झाड़ें। 'अमुक' के स्थान पर रोगी का नाम ले लें।

आधासीसी दूर करने के लिए:- 1. वन में ब्याई कच्चे वनफल खाय। हाँक मारी हनुमंत ने इस पिंड से आधा सीसी उतर जाय॥ 2. ऊँ नमों वन में ब्याई बानरी, उछल वृक्ष पै जाय। कूद-कूद शाखानरी, कच्चे वनफल खाय॥ आधा तोड़े आधा फोड़े, आधा देय गिराय। हंकारत हनुमान जी, आधासीसी जाय॥ किसी एक मंत्र का उच्चारण करते हुए भस्म से झाड़ें।

नेत्र रोग शमन करने के लिए:- ऊँ नमों बने बिआई बानरी जहां-हजां हनुमंत आँखि पीड़ा कषवरी गिहिया थनै लाई चरिउ जाइ। भस्मन्तन गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र ईश्चरोवाचा॥ आंख पर हाथ फेरते हुए सात बार मंत्र पढ़कर मंत्र फूंके। व्यथा मिट जाएगी॥

कर्णमूल पीड़ा दूर करने के लिये:- वनरा गांठि वावरी तो डांटे हनुमान कंठ। बिलारी बाघी थनैजी कर्णमूल सम जाइ॥ श्री रामचन्द्र की बानी पानी पथ होई जाइ॥ विभूति से सात बार झाड़ने से कर्णरोग नष्ट होता है।

बिच्छू का विष झाड़ने के लिए:- 1. पर्वत ऊपर सुरही गाइ। कारी गाइ की चमरी पूछी तेकरे गोबरे बिछी बिआइ। बिछी तोरे कर अठारह जाति। छ कारी छ पीअरी छ भूमाधारी छ रत्नपवारी। छ कुं हुं कुं हुं छारि। उतरू का बिछी हाड-हाड पोर-पोर ते। कस मारे लीलकंठ गरमोर महादेव की दुहाई गौरा पार्वती की दुहाई अनीत टेहरी शंडार बन छाइ उतरहिं बोडी हनुमंत की आज्ञा दुहाई हनुमंत की। 2. ऊँ हरमर्कटमर्कटाय स्वाहा॥ मंगलवार को एक लाख जप तथा दशांश हवन करने से सिद्धि होती है।

अंड वृद्धि रोग दूर करने के लिए:- ऊँ नमो आदेश गुरु को जैसे के लेहु रामचन्द कबूत ओई करहु राध बिनि कबूत पवनपूत हनुमंत धाउ हर-हर रावन कूट मिरावन श्रवइ अण्ड खेतहि श्रवइ अण्ड-अण्ड विहण्ड खेतहि श्रवइ बाजं गर्भ हि श्रवइ स्त्री पीलहि श्रवइ शाप हर हर जंबीर हर जंबीर हर हर हर॥ मंत्र पढ़कर फूले हुए अण्डकोश को हल्के हाथ से मलें तथा अभिमंत्रित जल पिलायें तो अण्डवृद्धि शांत हो जाती है। मिट्टी दें। आंगन और बरामदों में सिर्फ उड़द के दाने ही बिखेरना चाहिए। मात्र इतनी ही क्रिया से ग्रह दोष सदा के लिए दूर हो जाता है।

यंत्र-मंत्र-तंत्र एक साधना एवं सफलता

विश्वासम् फलमदायकम्। श्रद्धारूपेण कर्म साधनम्॥ गुरुत्व गुरु ग्राह्य मंत्रम्। आज्ञानुसारेण साधना सफलम्॥

साधक को आवश्यकतानुसार अपने जीवन में तंत्र साहित्य का प्रयोग मंत्र-यंत्र के रूप में करना हो तो भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। हां उसमें अपने भाव समर्पित होना नितान्त आवश्यक है। तंत्र में शक्ति का योगदान, मंत्र में गुरु का योगदान तथा यंत्र में बुद्धि सरस्वती का योगदान प्राप्त करके अपना कदम रखा जाय या शाबर तंत्र की सामान्य प्रक्रिया को भी यदि अपनाया जाय तो कोई भी यंत्र-मंत्र-तंत्र में विफलता का आना संभव नहीं है। अवश्य सफलता प्राप्त होती है। जरूरत है साधना के नियमों-उपनियमों एवं सीमांकन की। शिव+शक्ति=साधना का आधार। इसीलिए **सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम्** की उक्ति चरितार्थ होती है।

आईये जन हिताय-सुरक्षाय-लाभाय कुछ सरल यंत्रों एवं मंत्रों की जानकारी सर्व कल्याण की भावना से परीक्षित यंत्रों की जानकारी आप भी प्रयोग करके देखें। तथा अपनी मंजिल प्राप्त होने पर हमें जरूर संकेत डाक द्वारा/फोन द्वारा बतायें। जिससे विश्वास, श्रद्धा भावना एवं कर्म का सटीक प्रमाण मिल सके। स्वयं करें, फिर लिखें। अनुभव की पाठशाला में जीवन पर्यन्त पढ़ना पड़ता है। यंत्र इस प्रकार है:-

मनोकामना पूर्ण करने के लिए-विधि- इस यंत्र को हल्दी के रस से कागज पर या भोजपत्र के ऊपर लिखें तथा इस यंत्र के नीचे अपना मनोरथ लिख दें। फिर इसका पलीता बनाकर रविवार के दिन जला दें। इस तरह सात रविवार तक प्रयोग करने से तथा साथ ही मंत्र का नित्य हल्दी की माला से जप करें तो शीघ्र ही मनोरथ पूर्ण होगा। मंत्र-ॐ ह्रीं ह्रां सः॥ सूर्य का पूजन भी करें। अवश्य ही लाभ होगा। प्रत्येक मनोरथ की पूर्ति अलग-अलग करें।

८	१५	२	[illegible]
६	३	१२	११
१०	[illegible]	८	[illegible]
४	५	१०	१३

व्यापार में लाभ प्राप्ति के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को केसर की स्याही से नदी का जल डालकर चमेली की कलम से भोजपत्र के ऊपर शुक्रवार के दिन २१००० यंत्र लिखकर (२४ घंटों में) फिर २१००० आटे की गोलियां बनाकर मछलियों को खिलाने पर यह यंत्र सिद्ध होगा। तब इस सिद्ध यंत्र को भोजपत्र या चांदी में या सोने की पत्तरी पर लगायें तो दिन-प्रतिदिन लाभ होगा।

[illegible]	[illegible]	२	[illegible]
६	३	५२	५२
५६	५१	८	५१
[illegible]	३	५२	५५

बूरी नजर दूर करने का यंत्र-विधि- हल्दी के द्वारा पीले रंग से रंगे सूती कपड़े पर यंत्र लिखकर पोटली सी बनाकर अजवायन डालकर काले धागे से बच्चे के गले में बांधने से बुरी नजर दूर होती है। अथवा इस यंत्र को बुधवार के दिन हल्दी से भोजपत्र पर लिखकर बालक के गले में बांधने से नजर दोष का निवारण होता है।

१४८	१३	१३८	६
२	१४६	१३	१३९
६३	७	१४०	[illegible]
२०	१३४	९	[illegible]

गर्भ धारण के लिए यंत्र-विधि- इस तावीज (यंत्र) को भोजपत्र के ऊपर केसर से रविवार को लिखकर स्त्री के गले में शुभ समय में बांधे तो गर्भ धारण होगा। रजस्वला समय को त्यागना है। तथा गौरी शंकर की पूजा स्त्री २१ दिन तक करें। अवश्य लाभ होगा।

प्रत्येक कार्य में सफलता के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को भोजपत्र के ऊपर रविपुष्य / गुरुपुष्य / सर्वार्थ सिद्धि योग में शुभ की होरा में केसर की स्याही से अनार की कलम से लिखें। तथा अपने पास रखें तो लाभ होगा। ॐ गुरु मंत्र जपें।

विद्या प्राप्ति के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को सरस्वती मंत्र से सिद्ध करके अपनी भुजा पर बांधे तो लाभ होगा। यंत्र केसर से भोजपत्र के ऊपर गुरु पुष्य, रवि हस्त बसंत पंचमी को तैयार करें। अनार की कलम से तथा ५१ दिन तक सरस्वती उपासना करें, लाभ होगा।

११	१	८
४	७	९
५	१२	३

भाग्योन्नतिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन भोजपत्र पर केशर से 625 यंत्र लिखें। जितने दिनों में संख्या दस हजार पूरी हो जाय, उतने दिनों तक प्रतिदिन यंत्रों को लिख-लिखकर नदी के जल में प्रवाहित करते रहें, तो भाग्य की उन्नति होती है। एवं कामनाएं पूर्ण होती है।

भाग्योन्नति

परीक्षा में सफलताः- परीक्षा आरंभ होने से 15 दिन पूर्व इस यंत्र को केसर द्वारा भोजपत्र के ऊपर लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 101 यंत्र लिखकर नदी के जल में प्रवाहित कर दें। सोलहवें दिन एक यंत्र को यथा विधि पूजकर तावीज में भरकर अपनी दांई भुजा अथवा गले में धारण कर लें और परीक्षा देने जायें तो उसमें सफलता मिलती है।

परीक्षा में सफलता

बंधन मुक्तिः- इस यंत्र को रविवार के दिन कागज या भोजपत्र के ऊपर चंदन से लिखकर एक जंगली कबूतर के गले में बांधकर कबूतर को छोड़ दें। इस यंत्र में जिस स्थान पर कैदी का नाम लिखा है, वहां 'कैदी के नाम' का तथा जहां 'मां का नाम' लिखा है वहां कैदी की मां का नाम लिखना चाहिए। बड़ा प्रभावकारी यंत्र है।

या हाफज	३३३	३३८	३३१
या हाफज	३२२	३३४	३३६
९९	३३७	३३०	३३५
कैदी का नाम मां का नाम	९९	या हाफज	या हाफज

बंधन मुक्ति

कारावास मुक्तिः- इस चक्र को पुए के ऊपर घी से लिखकर बीच में देवदत्त के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखें जो जेल में पड़ा हो। गंध, पुष्प आदि से यंत्र वाले पुए का पूजन करके, वह पुंआ उस कैदी व्यक्ति को खिला दें। इस यंत्र के प्रभाव से वह कैदी व्यक्ति तीन अथवा सात दिन के भीतर ही कैद से छूट जाता है। यह भी बड़ा प्रभावकारी यंत्र है।

ह्रीं
ह्रीं देवदत्त ह्रीं
ह्रीं
कारावास मुक्ति

गये हुए व्यक्ति का लौटनाः- घर से लड़का, लड़की, स्त्री, पुरुष, भाई, बहिन, सेवक अथवा अन्य व्यक्ति रूठकर या किसी भी कारण से चुपचाप बाहर चला गया हो और न आ रहा हो तो उसे वापिस बुलाने के लिए इस यंत्र को रविवार के दिन भोजपत्र पर चंदन से लिखकर चरखे पर बांध दें और कुंवारी कन्या के हाथ से उल्टा चरखा चलवाकर सूत कतवायें तो गया हुआ व्यक्ति वापिस लौट आता है।

क्रोध शमनः- इस यंत्र को लोहे के कांटे से गोरोचन द्वारा ताड़ पत्र पर सोमवार के दिन लिखें। मध्य में 'देवदत्त' के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए जिसका क्रोध शांत करना हो फिर यंत्र को कुम्हार की मिट्टी में रखकर 7 दिन तक पूजन करें। अंत में ब्राह्मण को भोजन करावें। इसके प्रभाव से शत्रु मित्र अथवा अन्य व्यक्ति का क्रोध दूर हो जाता है।

विद्या प्राप्तिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 225 यंत्र केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखें और उन यंत्रों को उसी दिन पूजन करके नदी के जल में प्रवाहित कर दें। 15 दिन तक इसी प्रकार निरंतर करता रहे तो साधक को इच्छित विद्या की प्राप्ति होती है। एक यंत्र तावीज में भरकर अपनी भुजा में भी धारण करना चाहिए।

११	१	८
४	७	९
५	१२	३

विद्या प्राप्ति

आजीविका प्राप्तिः- इस यंत्र को

पुत्री का विवाहः-

स्थानांतरणः- इस यंत्र को मंगलवार के दिन से प्रतिदिन

आजीविका प्राप्तिः- इस यंत्र को मंगलवार अथवा गुरुवार के दिन से लिखना प्रारंभ करें। प्रतिदिन 201 यंत्र अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखें। जब 5 हजार लिखे जा चुके हों तो उन्हें किसी नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इसके प्रभाव से आजीविका (नौकरी आदि) की प्राप्ति होती है।

आजीविका प्राप्ति

पुत्री का विवाहः- इस यंत्र को सोमवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 225 यंत्र भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही से लिखें। जब तक पांच हजार यंत्र लिखे जा चुकें, तब सबको एकत्र कर, धूप दीप देकर नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इस यंत्र के प्रभाव से पुत्री का विवाह आनन्दपूर्वक हो जाता है और उसके लिए चिन्ता नहीं करनी पड़ती।

पुत्री का विवाह

स्थानांतरणः- इस यंत्र को मंगलवार के दिन से प्रतिदिन 101 की संख्या में लिखना आरंभ करें। सफेद कागज या भोजपत्र पर केशर से यंत्र लिखने चाहिए। जब 2400 यंत्र लिख जायें, तब उन्हें किसी नदी के जल में प्रवाहित कर दें तो साधक व्यक्ति का स्थानांतरण उसके इच्छित स्थान पर हो जाता है।

स्थानान्तरण

भागे हुए व्यक्ति को बुलाने का यंत्रः- खोए या भागे हुए व्यक्ति के पहने हुए, बिना धुले हुए वस्त्र पर गुरु से इस यंत्र को बनायें और पत्थर की सिर के नीचे दबा कर रख दें। व्यक्ति के वापस आने तक रोज सायंकाल इसके ऊपर दीप जलाकर रखें। ऐसा करने से व्यक्ति आ जाता है। शीघ्र न लौटे तो पत्थर को कोड़े से मारें। इस तरह वह व्यक्ति जीवित होगा तो लौट आयेगा। नहीं तो समाचार तो मिल ही जाएगा।

८	१	६
३	५	७
४	९	२

भागे व्यक्ति को बुलाना

पारिवारिक सुखः- इस यंत्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन से प्रतिदिन 101 की संख्या में लिखना प्रारंभ करें। यंत्र को भोजपत्र पर केशर द्वारा लिखना चाहिए। जब 5000 की संख्या पूरी हो जाय तब से यंत्रों का पूजन कर उन्हें नदी के जल में विसर्जित कर दें। इसके प्रभाव से पारिवारिक सुख प्राप्त होता है।

पारिवारिक सुख

आत्म रक्षाः- इस यंत्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखकर यथाविधि धूप दीप आदि से पूजा कर त्रिलोहर के ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा अथवा कंठ में धारण करें तो आत्म रक्षा होती है। ऐसे व्यक्ति को कहीं भय नहीं होता।

आत्म रक्षा

राजदण्ड से मुक्तिः- इस यंत्र को कपूर कुंकुम से एक बड़े भोजपत्र पर लिखकर बीच में 'देवदत्त' के स्थान पर साध्य व्यक्ति का नाम लिखें। फिर यंत्र का गंध, पुष्प आदि से पूजन कर, गिलोह के ताबीज में भरकर कंठ अथवा भुजा में धारण करें तो इसके प्रभाव से राजदण्ड अथवा वंदन (कैद भय से) दूर हो जाता है। यदि किसी ने किसी को जबरदस्ती रोक रखा हो तो छुटकारा मिल जाता है।

राजदण्ड से मुक्ति

यश प्राप्तिः- इस यंत्र को रविवार के दिन प्रातःकाल 5 बजे से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 101 यंत्र भोजपत्र पर केशर या गोरोचन से लिखें। जब 2400 यंत्र लिखे जा चुकें, तब उन्हें किसी नदी या समुद्र के जल में प्रवाहित कर दें तो इसके प्रभाव से यश और संतान की प्राप्ति होती है।

यश प्राप्ति

धन प्राप्तिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखना प्रारंभ करें। प्रतिदिन 125 यंत्र लिखें, जब 5000 यंत्र लिख जायें, तब उन्हें जल में प्रवाहित कर दें तथा एक यंत्र को चांदी के ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा में धारण करें, तो धन की प्राप्ति होती है।

धन प्राप्ति

शत्रु विजयः- इस यंत्र को शमशान के कोयले द्वारा शत्रु के वस्त्र पर लिखकर उसे धूप, दीप दें। तत्पश्चात् उस वस्त्र को जमीन में गाड़ दें या किसी नदी में बहा दें तो शत्रु पर विजय प्राप्त होती है। इस यंत्र के प्रभाव से शत्रु देश छोड़कर चला जाता है अथवा क्षमा मांगकर शत्रुता छोड़ देता है।

हं.	हं.	तं.	तं.
तं.	तं.	तं.	तं.
हं.	हं.	तं.	तं.
हं.	हं.	तं.	तं.

शत्रु विजय

सम्मान प्राप्तिः- यंत्र को केसर अथवा अष्टगंध द्वारा भोजपत्र पर सवा लाख की संख्या में लिखें। लिखने का प्रारंभ शुक्ल पक्ष के गुरुवार अथवा पूर्णिमा के दिन करना चाहिए। निश्चित संख्या में लेखन कार्य पूरा हो जाने पर यंत्र लेखक को सर्वत्र सम्मान की प्राप्ति होती है। यंत्र लिखते समय धूप दीप भी जलानी चाहिए।

दं.	दं.	दं.	दं.
वं.	वं.	वं.	वं.
सं.	सं.	सं.	सं.
अं.	अं.	अं.	अं.

सम्मान प्राप्ति

शत्रु विनाश :- शत्रु का उच्चाटन करने तथा शत्रु से छुटकारा पाने के लिए इस यंत्र को लोहे की कलम से तांबे के यंत्र (ताम्र पत्र) पर लिखकर गंध पुष्पादि से पूजन करें तथा जिस शत्रु का विनाश करना हो, उसका ध्यान करें तो यंत्र के प्रभाव से शत्रु का उच्चाटन होता है। वह उस स्थान को छोड़कर दूर चला जाता है तथा शत्रुता करने का कभी नाम भी नहीं लेता।

लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.

शत्रु विनाश

खोई हुई वस्तु का मिलनाः- इस यंत्र को कनेर के वृक्ष की छाया में बैठकर बकरे की हड्डी से पृथ्वी पर 108 बार लिखें। तत्पश्चात् भगवान् शिव का यथाविधि पूजन करें तो इसके प्रभाव से खोई वस्तु मिल जाती है। इस यंत्र को मंगलवार या शनिवार के दिन लिखना चाहिए।

हुं.	हुं.	हुं.	हुं.
ह्रूं.	ह्रूं.	ह्रूं.	ह्रूं.
जं.	जं.	जं.	जं.
ह्रीं.	ह्रीं.	ह्रीं.	ह्रीं.

खोई हुई वस्तु का मिलना

संतान सुखः- इस यंत्र को रविवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 201 यंत्र लिखें। जब 2500 यंत्र पूरे हो जायें, तब उनका पूजन करके नदी में प्रवाहित कर दें। इस यंत्र के प्रभाव से संतान का सुख प्राप्त होता है तथा बिगड़ी हुई संतान सुधर जाती है।

६	११	३
४	७	९
१०	२	८

संतान सुख

सर्वकामना सिद्ध, इक्कीसा यंत्रः- इस इक्कीसा यंत्र को शुभ मुहूर्त में भोजपत्र पर अनार की कलम व अष्टगंध की स्याही से लिखकर भुजा में बांधे। इससे सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होकर सर्वकार्य सिद्ध होते हैं। ❖

४	१२	५
८	७	६
९	२	१०

इक्कीसा यंत्र

क्या-क्या करें उपाय कि घर और दुकान में सुख समृद्धि हो सके

वास्तु नियमों के अनुसार पूर्व दिशा और उत्तर दिशा श्रेष्ठ ऊर्जावान दिशायें मानी जाती हैं। इन्हीं दिशाओं में स्वास्थ्य समृद्धि और रचनात्मक शक्ति का विकास होता हैं। फेंगशुई के अनुसार काष्ठ तत्व को घर या दफ्तर के पूर्व दिशा में स्थापित करने से यह दिशा ऊर्जावान होती है। ऐसी मान्यता है कि यदि घर, कार्यालय, शोरूम आदि के पूर्वी हिस्से में लकड़ी का फर्नीचर या लकड़ी से निर्मित वस्तुएं आलमारी, शोपीस, पेड़-पौधे या फ्रेम जड़े हुए चित्र लगाये जायें तो अपेक्षित लाभ होता है। यदि आप अपने घर और दुकान कार्यालय में कुछ अच्छी ऊर्जाओं को संचारित करना चाहते हैं तो निम्नलिखित काष्ठ और लकड़ी के पेड़-पौधे या वस्तुएं रखकर इन्हें सुधार सकते हैं। जिन चीजों का विरोध होता है ऐसी वस्तुयें घर या कारोबार के स्थल पर नहीं लगानी चाहिए।

- घर की बैठक में जहां घर के सदस्य आमतौर पर एकत्र होते हैं, बांस का पौधा लगाना चाहिए।
- तीन चीनी बुद्धिमान पुरुषों फुक, लुक और साउ की मूर्तियां घर की पूर्वी दिशा में रखें।
- नुकीले औजार जैसे कैंची, चाकू आदि कभी भी इस प्रकार नहीं रखें जाने चाहिए कि उनका नुकीला सिरा घर में रहने वालों की तरफ हो। ये नुकीले सिरे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।
- शयन कक्ष में पौधा नहीं रखना चाहिए। किन्तु बीमार व्यक्ति के कमरे में ताजे फूल रखने चाहिए। इन फूलों को रात को कमरे से हटा दें।
- मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए चंदन, चमेलियां आदि से बनी अगरबत्ती जलाएं। इससे मानसिक बेचैनी कम होती है।
- तीन हरे पौधे मिट्टी के बर्तनों में घर के अंदर पूर्व दिशा में रखें। ध्यान रहे फेंगशुई में बोनसाई और कैक्टस को हानिकारक माना जाता है। क्योंकि बोनसाई प्रगति में बाधक एवं कैक्टस हानिकारक होता है।
- परिवार की खुशहाली और स्वास्थ्य के लिए पूरे परिवार का चित्र लकड़ी के एक फ्रेम में जड़वाकर घर में पूर्वी दीवार पर लटकाएं।
- घर के सदस्यों की दीर्घायु के लिए स्फटिक का बना हुआ एक कछुआ घर में पूर्व दिशा में रखें।
- घर को नकारात्मक ऊर्जा से मुक्त रखने के लिए उसमें पूर्व दिशा में मिट्टी के एक छोटे से पात्र में नमक भर कर रखें और हर २४ घंटे के बाद नमक बदल दें।
- अपने ऑफिस में पूर्व दिशा में लकड़ी से बनी ड्रेगन की एक मूर्ति रखें। इससे ऊर्जा एवं उत्साह प्राप्त होंगे।

ऊपर वर्णित उपायों के अतिरिक्त निम्नलिखित उपाय भी करके देख सकते हैं-

- घर या दफ्तर में झाड़ू का जब इस्तेमाल न हो रहा हो, तब उसे नजरों के सामने से हटाकर रखें।
- यदि घर का मुख्य द्वार उत्तर, उत्तर-पश्चिम या पश्चिम में हो तो उसके ऊपर बाहर की तरफ घोड़े का नाल लगा देना चाहिए। इससे सुरक्षा एवं सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।
- पूर्व दिशा हेतु हरा रंग सर्वोत्तम है। साथ ही नीला एवं काला रंग भी इस दिशा के लिए उत्तम है। किन्तु इसके लिए सफेद तथा सिल्वर रंग प्रयोग में नहीं लाएं।

फेंगशुई के अनुसार हरा रंग लकड़ी या वनस्पति और नीला एवं काला रंग जल का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए पूर्व दिशा में इन रंगों की उपस्थिति इस दिशा को ऊर्जावान बनाती है। सफेद और सिल्वर रंग धातु के प्रतिनिधि होने के कारण इस दिशा के लकड़ी तत्व को हानि पहुंचाते हैं। इसलिए फेंगशुई के अनुसार भवन के पूर्वी भाग में हरे, नीले तथा काले रंग के पेंट, फर्नीचर, पर्दे आदि का प्रयोग करना श्रेयस्कर तथा सफेद एवं सिल्वर रंग की वस्तुओं का प्रयोग करना वर्जित माना गया है।

- घर को नकारात्मक प्रभावों से मुक्त रखने के लिए घर को नमक के पानी से धोना चाहिए।
- प्रवेश द्वारों के ठीक ऊपर घड़ी अथवा कैलेण्डर नहीं लगाने चाहिए। क्योंकि इससे उन द्वारों से होकर आने जाने वालों की आयु पर कुप्रभाव पड़ता है।
- कमरों में पूरे फर्श को घेरते हुए कालीन आदि बिछाने से लाभदायक ऊर्जा का प्रवाह रुकता है।
- किताबें रखने की आलमारियों में दरवाजे होने चाहिए। यदि बिना दरवाजों के शेल्फ में किताबें रखी जाती है तो उनसे स्वास्थ्य को हानि होती है।
- घर के प्रवेश द्वार के एकदम सामने अथवा एकदम बराबर में शौचालय होने से घर में प्रवेश करने वाली लाभदायक ऊर्जा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
- घर का कूड़ा-करकट कभी भी घर के मुख्य द्वार से ले जाकर बाहर नहीं फेंकना चाहिए। इससे स्वास्थ्य और धन पर कुप्रभाव पड़ता है।
- घर के मुख्य द्वार के सामने कोई भी बाधा (खंभा, सीढ़ियां, दीवार आदि) नहीं होनी चाहिए।
- किसी भी प्रत्यक्ष दिखायी देती बीम के ठीक नीचे सोने या बैठने से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है।
- यदि सोते समय शरीर का कोई अंग दर्पण में दिखाई देता है तो उस अंग में पीड़ा होने लगती है।
- सोते समय सिर या पैर किसी भी दरवाजे की ठीक सीध में नहीं होने चाहिए।
- जो घड़ियां बंद पड़ी हों, उन्हें या तो घर से हटा दें या चालू करें। बन्द घड़ियां हानिकारक होती हैं। ऐसी फेंगशुई की मान्यता है। उपर्युक्त बातों का ध्यान रखकर आप अपने जीवन और घर में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं।

नोट-वास्तु का यह विद्या काफी गहन है। इसका पूर्ण विवेचन यहां संभव नहीं है। इसके लिए आप अपने घर, मकान, दुकान या फैक्टरी का इस वास्तु विशेषज्ञ से निरीक्षण करवा सकते हैं।

लेखक-पं. केवल आनन्द जोशी
डी.1/सी.-33ए, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
मो.-09868716447, 09810202780
Email:kajoshi46@yahoo.co.in;
kajoshi46@gmail.com

रमल ज्योतिष से जाने मकान का योग

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र से भवन निर्माण के वास्ते कि भाग्य में जीवन यापन हेतु मकान का योग है या नहीं? इस नियत से भावनात्मक स्थिति में रमल ज्योतिष शास्त्र के विद्वान के समक्ष सवाल करें। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के पासे जिसे अरबी भाषा में **कुरा** कहते हैं, विद्वान आचार्य द्वारा एक शुद्ध पवित्र स्थान पर डलवाए जाते हैं। यह कार्य प्रणाली विद्वान के सम्मुख होती है। यदि प्रश्नकर्ता विद्वान के सम्मुख नहीं हो तो एक नवीन शोध विधि **प्रश्न फॉर्म** के द्वारा भी यह कार्य सम्पादित किया जा सकता है। इन दोनों प्रश्न करने की विधि में अंतर अवश्य ही है। मगर गणित का फलादेश-समाधान समय आने पर एक ही आता है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में नाम, माता-पिता का नाम, घड़ी, वार, तिथि, पंचांग की जरूरत भी नहीं होती है। मात्र पासे से ही सवाल का जबाव मय समाधान बराबर शीघ्र प्राप्त होता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में पासे डालने के उपरांत प्रस्तार यानि कि जायचे में जल तत्व बिन्दु और पृथ्वी तत्व बिन्दु की अधिकता हो तो अमुक जमीन जातक की जागृति अवस्था में होती है। यदि उक्त प्रस्तार में अग्नि तत्व बिन्दु और वायु तत्व बिन्दु की अधिकता हो तो अमुक जमीन जातक की सोती अवस्था में होना पायी जाती है। अमुक जातक को जाग्रती अवस्था वाली जमीन प्रस्तार के घरों के मुताबिक बलावल, शुभ-अशुभ, दृष्टि-कुष्टिता आदि को मद्दे नजर रखते हुए शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व भौतिक सुख-सुविधा साथ पारिवारिक स्थिति में भी शुभता का प्रतीक है। यदि उन घरों में विपरीत स्थिति हो तो सारी स्थिति प्रश्नकर्ता को जीवन भर विपरीत होकर हानिप्रद ही होगी। सवाल में इस स्थिति को सबसे पूर्व जानना अति आवश्यक है। जिससे कि मकान निर्माण होने से पूर्व की स्थिति की जानकारी हो सके। यदि प्रस्तार के 5वें घर, 6ठे घर में महान अशुभ शक्लें हों व बलावल भी निर्बलता हो तो क्रमांश संतान लाभ प्राप्ति नहीं होगी। अथवा कन्या रत्न की बरावर प्राप्ति होगी। अमुक मकान में निवासरत संतान और अन्य सदस्यों में आपस में मानसिक, आर्थिक तनावग्रस्त जीवन यापन की स्थिति पैदा होती रहेगी। यदि 5वें घर, 6ठें घर में पूर्णत: महान अशुभ शक्लें हों तो मकान का योग नहीं होना पाया जाता है। प्रश्नकर्ता के पास मकान लम्बे वक्त तक रहने का योग भी नहीं बनता है। यदि लग्न घर में शुभ कब्जुल दाखिल, अतवे दाखिल जो क्रमांश सिंह राशि, वृष राशि की शक्ल है, यह दोनों शक्लें महान शुभता की हैं। इनकी दृष्टि बरावर आ रही हो तो प्रश्नकर्ता के कई मकान प्रासि का योग पाया जाता है। जातक को सारे आनंद, सुख-शांति, धन-धान्य से पूर्ण, वैभवमय, मान-सम्मान, ख्याति का योग भी होना दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में मां सरस्वती और मां लक्ष्मी की असीम कृपा बरावर दोनों हाथों से होना दिखाई देती है। यह स्थिति प्रश्नकर्ता के 40 वर्ष से पहले ही प्राप्ति होना पायी जाती है।

यदि इसके विपरीत स्थिति होगी तो प्रश्नकर्ता बरावर विनाश व अनिष्ठता की ओर अग्रसर अनवरत रहने का योग बनता है। साथ ही 40 से पूर्व विनाश के कगार पर साथ ही चिन्ताग्रस्त, शोकाकुल स्थिति में होना दिखाई देता है।

मानव शरीर में बसने वाले नौ ग्रह

हिन्दू संस्कृति के दर्शन शास्त्र के मुताबिक नौ ग्रह मानव के शरीर के प्रत्येक अंगों में विद्यमान होते हैं। जैसे इंसान के माथे के बीच में सांस लेने वाली नाड़ी के एक उंगल नीचे की ओर सूरज होता है। ग्रहों का संबंध मानवीय चिन्तन से होता है। और चिन्तन का मस्तिष्क से होता है। यह जगह ज्ञान की चरम सीमा से संबंधित होती है। और चिन्तन सूरज का प्रतीक है। इसलिए हमारे ऋषियों-मुनियों ने सूरज का स्थान इंसान के माथे में निश्चय किया है। माथे के इस स्थान को **ब्रह्म-रंध्र** कहते हैं। महात्मा बुद्ध की ज्ञान-ज्योति माथे से प्रगट हुई थी।

ब्रह्म रंध्र से एक अंगुली नीचे सूरज का स्थान कहते हैं और उसमें एक अंगुली और नीचे की ओर चन्द्रमा का। चन्द्रमा ग्रह को इंसान की भावुकता से और चंचलता से जोड़ते हैं, साथ ही उसकी कल्पना शक्ति से भी। क्योंकि चन्द्रमा को सूरज से रोशनी लेनी पड़ती है। इसलिए इसका सूरज के साए के नीचे रहना जरूरी है। सूर्य का तेज यानि कि ज्ञान का उजाला जब चन्द्रमा पर पड़ता है। तब इंसान की शक्ति, ओज, वीरता चमकती है।

गरुड़ पुराण शास्त्र के मुताबिक मंगल ग्रह का स्थान मानव के नेत्रों यानि कि आंखों से माना जाता है। मंगल शक्ति का प्रतीक है। क्रोध का और प्रतिभा का भी दर्शक है, साथ ही खून से संबंध रखता है। मानव की आंख मन का शीशा होता है। जैसे शिव का तीसरा नेत्र उनके क्रोध का प्रतीक है। इंसान के मन की हालात को उसकी आंखों से साफ पढ़ा और समझा जा सकता है। इसलिए मंगल ग्रह का स्थान नेत्रों को माना गया है।

बुध ग्रह का स्थान मानव के हृदय में होता है। बुध ग्रह बौद्धिकता का प्रतीक है। वाणी का कारक भी है। हृदय में ही लहू (रक्त) छनता है, जो शरीर की सारी नाड़ियों की जान होती है। हमें किसी आदमी का कार्य-व्यवहार, काव्य शक्ति अथवा प्रवचन शक्ति जाननी हो तो हम रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के अनुसार बुध ग्रह को विशेष रूप से देखते हैं।

गुरु ग्रह का स्थान इंसान की नाभि में होता है। वृहस्पति देव वेद-पुराणों के ज्ञाता हैं। ये समस्त शास्त्रों के ज्ञाता साथ ही अथाह ज्ञान के प्रतीक होते हैं। आपने गौर से देखा होगा कि विष्णु की नाभि से कमल का फूल उगा हुआ दिखाया जाता है। जिस प्रकार से ब्रह्मा का आसन होता है और ब्रह्मा के हाथ में चार वेद होते हैं। इसलिए वृहस्पति का स्थान नाभि में है। गर्भवती स्त्री के गर्भ के बच्चे को सारी खुराक माता की नाभि से ही प्राप्ति होती है। नाभि संचार शक्ति का संचार है। इसलिए यह वृहस्पति का स्थान माना गया है।

शुक्र ग्रह का स्थान वीर्य में होता है। शुक्र दैत्यों के गुरु हैं। मानव की सृष्टि इसी कार्य से गतिमय है। इंसानी जिस्म की फालतू शक्ति आनंद के वास्ते काम वासना के रास्ते निकलती है। इसलिए इच्छा शक्ति का प्रतीक शुक्र ग्रह है। यह मानव के वीर्य में निवास करता है।

शनि ग्रह का स्थान नाभि गोलक में है। और नाभि में वृहस्पति यानि कि गुरु का ज्ञान का प्रतीक है। और चिन्तन का साथ ही ख्यालों की गहराई का भी है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र द्वारा हमें किसी व्यक्ति के चिन्तन की गहराई देखनी हो तो उसकी चिन्तनशीलता देखनी होगी। हमें उसके शनि ग्रह की स्थिति कहां-कहां और किस प्रकार से कितनी स्थिति में है, यह स्थिति सूक्ष्म और गहन गणित द्वारा जाननी होगी। चिन्तन की चरम सीमा अथाह ज्ञान है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के प्रस्तार यानि कि जायचा में एक ही स्थान पर शनि ग्रह और गुरु ग्रह एक निश्चित अनुपात में जो रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के गणित के मुताबिक हो, ऐसे व्यक्ति खोजी, वेद-पुराणों के ज्ञाता, शोधकर्ता साथ ही शास्त्रार्थ करने वाले व्यक्ति होते हैं।

राहु ग्रह का स्थान इंसान के मुंह में होता है। यह राहु ग्रह एक ऐसा ग्रह है, जिसका कोई दीन, ईमान, धर्म नहीं होता है। यह बिना पैंदे के लोटे के समान होता है। इसकी मित्रता अच्छे ग्रहों से होती है। और बुरे ग्रहों से भी होती है। उसका काम मात्र टांग अड़ाना है यानि कि बनते कार्य को बिगाड़ना होता है। इसलिए इसे जीभ पर स्थान दिया गया है। जिसका कोई भी भरोसा नहीं कि जीभ किस समय क्या और कैसे उच्चारण कर दे? यदि मंगल ग्रह की शक्ति पीछे हो तो जीभ गुस्से भरी वाणी, गंदी वाणी और वीरता पूर्ण वाणी बोलेगी। यदि बुध ग्रह की शक्ति पीछे हो तो अच्छी मधुर वाणी बोलेगी। यदि गुरु ग्रह की शक्ति पीछे हो तो ज्ञानवर्द्धक और शास्त्रार्थ की वाणी बोलेगी। यदि शुक्र ग्रह की शक्ति पीछे हो तो आशिकाना बातें करेगी। केतू ग्रह का स्थान हृदय से लेकर कंठ तक होता है। साथ ही केतू ग्रह का संबंध गुप्त चीजों से भी होता है। किसी भी कार्य बात के रहस्यों से भी होता है। इंसान भी कई बातों को कंठ तक लाकर रोक लेता है। वह अपनी जीभ पर भी नहीं लाता है। इसलिए केतू का होना अंदर ही अंदर गुप्त स्थान से माना गया है। इंसान के शरीर में यह सब नौ ग्रह अपनी-अपनी जगह पर निवासरत रहते हैं। मगर खून की गर्दिश के जरिये एक-दूसरे का प्रभाव ग्रहण करते रहते हैं। जैसे शरीर के अंग अपनी-अपनी जगह होते हैं। उसी तरह यह नौ ग्रह भी रहते हैं। यह सिर्फ तगड़े अंगों की शक्ल में कमजोर अंगों पर असर डालते हैं। मान लीजिए कि यदि पेट की खराबी से नाभि का शनि दुर्बल पड़ गया हो तो उस इंसान के माथे (ललाट) का सूर्य निस्तेज हो जाएगा। नेत्रों का मंगल विकृत हो जाएगा अथवा माथे का चन्द्रमा नीच का चन्द्रमा होकर पागल बना देगा।

परिलेखकर्ता-डॉ0 नरेन्द्र कुमार "भैया"
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान
3, महल खास, किला-भरतपुर (राज0)
फोन-05644-223216 मो.-9414268172

भविष्य जानने की विद्यायें

प्रत्येक व्यक्ति को अपना भविष्य जानने की जिज्ञासा होती है। अतः वह इसके लिए भविष्य बताने वाली विद्याओं और उनके जानकारों से सम्पर्क करता है। भविष्य बताने वाली उन विद्याओं की यहां व्याख्या करूंगा। इनमें विदेशी विद्वानों गिब्स बंधुओं की पुस्तक आत्मा या जीव संबंधित विज्ञान (Psychic Scienc) का भी बड़ा योगदान है। यह विद्याएं निम्न हैं:

1. ज्योतिष विज्ञान

इसका उद्‌गम विज्ञान है-ग्रह एवं नक्षत्रों से जुड़ा खगोलशास्त्र। इसे साईन्स ऑफ हैवेन्ली बाडीज भी कहते हैं। वास्तव में यह ज्योतिष का गणित पक्ष है। पूरे विश्व में इसकी मान्यता है। भारत में इसके प्रमुख एवं प्रथम विद्वान **आचार्य आर्यभट्ट** थे। जिनके नाम से धर्मसन प्रकाशन, दिल्ली ने श्री आर्यभट्ट पंचांग आदि की रचना 25 वर्ष पूर्व की थी। और आज यह 27वें वर्ष में भी यह सफलता पूर्वक जारी है। सन् 476 ई. में प्राचीन भारतीय नगरी पाटलीपुत्र (पटना) में इनका जन्म हुआ था। गणित में शून्य के यह जन्मदाता थे। इनकी रचित कविता शैली में पुस्तिका **आर्यभटिया** में खगोल, ज्योतिष, अंकगणित, बीज गणित, त्रिकोणमिती आदि के 33 नियम हैं। अंतर्राष्ट्रीय खगोली एवं ज्योतिष संघ ने पिछले दिनों चांद के बड़े गड्ढे का नाम इन्हीं के नाम पर रखा है। 1975 में प्रक्षेपित प्रथम भारतीय उपकरण का नाम भी आर्यभट्ट था। सात वर्ष पूर्व नैनीताल की खगोलिय वेधशाला का नाम आर्यभट्ट प्रेक्षणात्मक विज्ञान एवं अनुसंधान हो गया है।

ऐसे महान विद्वानों (वराह मिहिर, ब्रह्मगुप्त, भास्कर प्रथम एवं द्वितीय आदि) के अथक प्रयास से विकसित भारतीय ज्योतिष एवं पाश्चात्य ज्योतिष विद्या के आधार पर इसके दो पक्ष गणित एवं फलित माध्यम से ग्रहों एवं नक्षत्रों द्वारा द्वादश भाव की जन्म कुण्डलियों का निर्माण करके जातक का भविष्य उसकी महादशाओं, अंतर्दशाओं और सूक्ष्म अंतर्दशाओं द्वारा बताया जाता है। प्रस्तुत विद्या में शुभ-अशुभ ग्रहों, उनकी दृष्टियें, युतियें तथा योगों आदि के फलित से भविष्य ज्ञान की यह विद्या विकसित हुई। आज राहु काल, काल सर्प योग आदि का महत्व बढ़ गया है। बाद में रावण संहिता, भृगु संहिता, लाल किताब, काली किताब, दक्षिण का नाड़ी शास्त्र आदि ने भी इसमें सहयोग दिया।

2. हस्तरेखा शास्त्र (पामिस्ट्री) या सामुद्रिक शास्त्र-

इसमें जातक की हथेली, उंगलियें, अंगूठों आदि पर पड़ी रेखायें (प्रमुख हैं-जीवन रेखा, मस्तिष्क रेखा, हृदय रेखा, भाग्य रेखा एवं अन्य उर्वरक रेखायें), पर्वत, त्रिकोण, द्वीप, डमरू, त्रिशूल आदि के आधार पर एक कुशल हस्तरेखा विशेषज्ञ (जिसकी दृष्टि को एक्सरे आई कहा जाता है) जातक का भविष्य बताता है। भारतीय हस्तरेखा विज्ञान को सामुद्रिक शास्त्र का प्रमुख अंग कहा जाता है। पाश्चात्य पामिस्ट्री में वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक अनुसंधानों का बड़ा योगदान है। कीरो आदि विद्वानों ने इसे भारतीय सामुद्रिक शास्त्र से भी जोड़ा। कद्दे, मोटे अंगूठे वालों को अपराधी निर्धारित किया। इस प्रकार अंगूठे के द्वारा व्यक्ति का चरित्र गठित हुआ। हथेली के गुलाबी रंग की रेखाओं समेत श्रेष्ठ माना गया। पीले, धूमिल रंग उसके बाद माने गये। हांथों का कठोर और मुलायम होना भी जातक की विशेषता बताता है। तीसरा पामिस्ट्री का रूप पूर्वी मुस्लिम देशों में **इल्म-उल-काफ** के नाम से विकसित हुआ। पर यह तीनों ही भविष्य बताने में भारतीय ज्योतिष के नियमों को मानते हैं। क्योंकि यहां भी ग्रह स्थित हैं।

3. अंक ज्योतिष (न्यूमेरोलाजी)

इसमें नाम के शब्दों, जन्म तिथियों, माहों, सन्, वार आदि के अंकों के आधार पर भविष्य बताया जाता है। मूलांक और भाग्यांक प्रमुख होते हैं। ग्रहों आदि के अंक निर्धारित हैं। सूर्य का एक, चन्द्र का दो, मंगल का नौ, बुध का पांच, गुरु का तीन, शुक्र का छः, शनि का आठ, राहु, केतु, हर्षल एवं वरुण चार व सात के अंतर्गत आते हैं। इनकी संख्या एक से नौ तक की है। यदि अधिक होती है तो उन्हें जोड़कर 1 से 9 के बीच कर लेते हैं। इनमें नौ का ही अंतर होता है। इन संख्या के द्वारा स्वभाव, रहन-सहन, खान-पान, व्यवहार, स्वास्थ्य, कार्य, जय-पराजय, शुभ-अशुभ का निर्धारण किया जाता है। कमोवेश ज्योतिष से जुड़ी विद्या है।

4. मुखाकृति ज्ञान

इसके द्वारा भी जातक के भविष्य की जानकारी दी जाती है। यह भी सामुद्रिक शास्त्र से जुड़ी रहस्यपूर्ण विद्या है। यह मानवीय अंग लक्षणों का वृहद एवं सम्पूर्ण प्रमुख ज्ञान है। वराह मिहिर ने इसके 13 तत्व कहे, बाद में एक तत्व और जुड़ गया। मानवीय चेहरों के आकार, बाह्य रूप से ज्योतिषिय आकारों में, जानवरों आदि से मिलते हुए, विभिन्न ग्रह प्रधान भविष्य का दर्पण स्वभाव अनुसार होते हैं।

5. लेखन व हस्ताक्षर

इसके द्वारा भी भविष्य का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। क्योंकि दो व्यक्तियों की हांथ की रेखायें समान नहीं होतीं। उसी प्रकार उसका लेखन एवं हस्ताक्षर भी समान नहीं होते। जातक के चारित्रिक गुण-दोष, उसकी प्रवृति इससे पता चलती है। आजकल हस्तलेख जानकार का न्याय व्यवस्था में बड़ा महत्व है। इसमें अक्षरों की बनावट, उस पर रेखायें, बिन्दु, टूटना और लहरदार होना प्रमुख स्थितियां हैं। इनका सूक्ष्म अध्ययन करके व्यक्ति विशेष और उसके भाग्य का निर्णय किया जाता है।

6. टेरो कार्ड एवं अन्य कार्ड

इसके द्वारा भी भविष्य बताया जाता है। टेरो कार्ड में 78 कार्ड (22 प्रमुख और 56 सहायक) की संख्या एवं नामों के आधार पर भविष्य का निर्धारण जातक द्वारा कार्ड उठवाने के बाद होता है। सम्वत् 2063 के आर्यभट्ट पंचागम् में मेरे लिखे लेख से विस्तृत जानकारी प्राप्त करें। ताश के 52 प्लस एक.जोकर पत्तों के अलग-अलग समूहों में पत्ते उठाने से भी भविष्य की जानकारी उसके नियमों से होती है।

7. पांसों द्वारा रमल विद्या

इसमें पांसे फेंककर उसके बिन्दुओं के योग के आधार पर 16 कोष्ठकों के निर्धारित फलों को देखकर भविष्य साबित, खारिज, दाखिल, मुकविल स्थितियों में भविष्य बताया जाता है। इसके भारतीय संस्करण में अपने इष्टदेव को याद करके अपने प्रश्न के उत्तर के लिये 108 बार एक मंत्र 'ऊँ नमो भगवती देवी' का जाप करते हुए पांसे फेकते हैं।

8. स्वप्न विचार

यह केवल यह स्वप्न देखो तो यह होना ही नहीं है वरन् इसका विस्तृत रूप है। कौन सा स्वप्न कब देखा, उसका क्या प्रभाव होगा आदि। कुछ स्वप्न जो याद रहते हैं उनके ही विश्लेषण द्वारा भविष्य जाना जाता है।

9. अन्य कुछ विद्याओं में रंगो द्वारा, विभिन्न संसाधनों द्वारा जैसे-दर्पण ताल, पैण्डलम आदि द्वारा, शरीर फलित देखकर, श्री रामचरित मानस के 225 कोष्ठकों में श्री राम शलाका द्वारा, श्री हनुमान ज्योतिष द्वारा, गौतमी केवली महाविद्या द्वारा, चीनी ज्योतिष द्वारा, पशु चिन्हों के आधार पर, पशु-पक्षियों द्वारा गाय, नन्दी, तोता, रीछ आदि के समक्ष प्रश्न बोलकर। पिछले वर्ष विश्व हाकी कप के जर्मनी में परिणाम एक एप्पयरास मछली द्वारा सत्य हुए थे। इस प्रकार भविष्य जानने की विद्याएं अनेकों हैं, केवल जातक के विश्वास पर निर्भर है।

लेखक : पं. लक्ष्मी शंकर शुक्ल 'लक्ष्मेष'
लक्ष्मेष ज्योतिष केन्द्र
टाईप 101/बी., रेलवे बंगला,
भुसावल (महाराष्ट्र)-425201 मो : 09423935938

सर्व विध रक्षा हेतु 'श्री राम रक्षा यंत्र'

संसार में अनेकों चक्रवर्ती सम्राट हुए हैं-महाराज राम को छोड़कर किसी भी शासन में कृषि कला परिपूर्ण नहीं थी। रामराज्य में खेती खूब फली-फूली। न कभी अतिवृष्टि या सूखा पड़ा, न अधिक ताप से फसल जली। टिड्डी तथा चूहों का भी प्रकोप नहीं था। एक बार बीज बोने के बाद फिर बोने की आवश्यकता नहीं थी। जावा में अब भी एक वर्ष बोकर दस वर्ष तक काटते हैं। जब सब नर-नारी, देव-पितर, पशु-पक्षी अनाज से तृप्त हो जाते, तो बचा अनाज खाद रूप में खेत में डाला जाता था। उनके राज्य में कृषि के लिए बाहरी साधन के रूप में जुताई, खाद, निकाई और सिंचाई का समुचित प्रबन्ध किया जाता था। नव सम्वत् पर नागरिक सामूहिक यज्ञ करते थे। जिससे भीतरी साधन सम्पन्न होते थे। गणेश, सूर्य, वायु, पृथ्वी, इन्द्र इनकी प्रमुख पूजा होती थी। वैदिक मंत्रों में भी मुख्यतया: इन्हीं की पूजा होती थी। गणेश-चूहा, टिड्डी, दीमक से रक्षा करते थे। सूर्य-किरणों द्वारा खेती का पोषण करते थे। वायु-अनुकूल समय पर बादलों को मानसून रूप में लाते थे। पृथ्वी-अपने गर्भ से उर्जा को देती थी। इन्द्र-समय पर जल की उचित वर्षा करते थे।

इन्हीं चक्रवर्ती सम्राट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का आज भी स्मरण व जप-यंत्र-मंत्र इतने महत्वपूर्ण हैं जितने अन्य किसी के नहीं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है कि उनके राज्य में किसी भी प्राणी को कोई भी मानसिक दुःख भी नहीं था-

दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज्य नाहीं काहुहि व्यापा।।

स्वयं 21 बार पृथ्वी से परशुराम ने दुष्ट, अन्यायी राजाओं को ढूंढ-ढूंढकर मात्र फरशा की सहायता से वध किया। उनका कहना था-राजा प्रजा का रक्षक है, प्रजा का सेवक है, प्रजा तनिक भी यदि दुःख पावे तो राजा को राज्य करने का अधिकार नहीं है। इसी सिद्धांत के विरोधी राजाओं को मार-मारकर पृथ्वी को भयहीन किया था। जब भगवान राम ने सीता स्वयंवर के समय धनुष भंग के समय, वाद-विवाद हुआ तो राम के उच्च आदर्श, प्रजापालक गुण देखकर ही उन्हें क्षमा किया। अतः आज भी सर्वविध रक्षा के लिए श्रीराम रक्षा यंत्र राज और राम रक्षा स्तोत्र का उपयोग किया जाता है।

श्री राम रक्षा यंत्र-श्री राम रक्षा यंत्र अगस्त्य संहिता में दिया हुआ है। इस यंत्र को धारण किया जा सकता है। ताम्रपत्र पर अंकित कर किसी पवित्र जगह रखा भी जा सकता है। अगस्त्य संहिता के अनुसार वज्र पंजर नामक श्री राम रक्षा यंत्र को धारण से सर्व सिद्धियां उपलब्ध होती हैं। पाप व आपत्तियां समूल नष्ट हो जाते हैं। शत्रु मित्रवत् व्यवहार करते हैं। क्रूर ग्रह भी प्रसन्न एवं शांत हो जाते हैं। राज्य अधिकारियों से अनुकूलता प्राप्त होती है। श्री राम रक्षा यंत्र के पूजन व धारण से कोई भी पदार्थ दुर्लभ नहीं रह जाता। अगस्त्य ऋषि के अनुसार स्वर्णपत्र पर अंकित यंत्र जीवन पर्यन्त, चांदी पत्र पर 20 वर्ष, भोजपत्र पर 12 वर्ष, ताम्र पत्र पर 6 वर्ष तक प्रभावी रहता है। उपासक अपनी शक्ति के अनुसार यंत्रराज को बनाकर या लिखकर प्राण प्रतिष्ठा कर धारण करें। राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करते हुए प्रतिदिन तुलसी मंजरी एवं तुलसी पत्र अर्पण करें। यह प्रयोग आयु, आरोग्य, पुत्र-पौत्र आदि को देने वाला है।

श्री राम रक्षा स्तोत्र-यह पुस्तिका गीता प्रेस से प्रकाशित है। मात्र 3 मिनट का पाठ है। सर्वविध रक्षा के लिए प्रतिदिन पाठ करना चाहिए। जो व्यक्ति वायुयान, जलयान, रेलयान या मार्गयान से निरन्तर जाते हों, उन्हें श्री राम रक्षा स्तोत्र का पाठ कंठस्थ कर प्रवास में अवश्य पढ़ना चाहिए। या फिर छोटी सी पुस्तिका साथ में जेब में रख सकते हैं। इस स्तोत्र में पूर्ण पुरुषोत्तम सीताराम एवं उनकी समस्त शक्तियां, उनके मित्र और सेवक हनुमान आदि से अपने अंग-प्रत्यंग की रक्षा और सर्वविध सुख की कामना की गई है। इसको बुध कौशिक ऋषि ने स्वप्न में प्राप्त किया था, जो सर्व जन कल्याण के लिए ऋषि ने लिपिबद्ध किया। इसका पाठ करने से पूर्व हनुमान जी का भक्ति भाव से स्मरण या हनुमान चालीसा का पाठ करने से इसकी शीघ्र सिद्धि होती है।

श्री राम स्तोत्र को सिद्ध करने के लिए वर्ष में दो बार नवरात्र आते हैं। एक चैत्र मास में रामनवमी से पहले तथा दूसरा आश्विन मास में दशहरा से पूर्व। इन मितियों में प्रातःकाल नित्यकर्म से निवृत होकर, शुद्ध वस्त्र धारण कर, कुश के आसन पर, उत्तर या पूर्व की ओर मुखकर श्री राम दरबार का चित्र सामने रखकर तुलसी, चन्दन, पुष्पादि, अग्नि को स्थापित कर प्रतिदिन 11 पाठ का नौ दिन लगातार पाठ करें। पाठ के समय दीपक, धूप इत्यादि का भी प्रयोग प्रतिपदा से लेकर नवमी तक करें। जितनी आपकी श्रद्धा होगी उतनी शीघ्र ही सिद्धि आपको होगी। इसके बाद आपको प्रतिदिन केवल एक पाठ कण्ठाग्र से करना है। यही स्तोत्र के सिद्ध होने के लक्षण हैं।

श्री रामरक्षा स्तोत्र द्वारा रोग निवारण विधि

इस स्तोत्र की पाठ विधि ही रोग निवारण की क्षमता रखता है। किसी रोग के निवारणार्थ अभिमन्त्रित जल से रोगी का मार्जन करना होता है। कमल, गुलाब या रक्त कनेर या कोई सुगन्धित लाल पुष्प उसकी प्राकृत दशा में लेना चाहिए। प्राकृत दशा का अर्थ है-गीले वस्त्र में लपेटना, सूंघना, धोना या गंदे हाथों से छूते ही उनकी प्राकृत दशा समाप्त हो जाती है। सर्वप्रथम रोगी के पास जल से भरकर लोटा तांबा या पीतल का रख दें। फिर नवरात्र में सिद्धि की गई पुस्तक और यंत्र के सामने 11 या 21 पाठ पूर्ण कर पुष्प यंत्र पर रखकर चार पुष्प लोटे में इस प्रकार डालें ताकि पुष्प तैरते रहें। फिर हाथ में पुष्प लेकर लोटे के जल से स्पर्श कराकर भगवान श्री राम व उनकी शक्तियों का ध्यान करके रोगी के सिर से पांव तक पुष्प से हल्की सी छींटें दें। ऐसा 11 बार करके पुष्प को यंत्र के चरणों में रखकर लोटे वाले चारों पुष्प रोगी के सिरहाने रख दें। ज्यों-ज्यों रोग ठीक होता जायेगा, त्यों-त्यों पुष्प सूख जायेंगे। सूखे पुष्प गाड़ देना चाहिए तथा यंत्र वाला पुष्प जल में प्रवाहित कर दें। कठिन और दुःसाध्य रोग होने पर मार्जन कई बार किया जा सकता है। पुस्तिका न मिलने पर मंगाने को मुझे लिख सकते हैं।

लेखक : डॉ. कमल प्रकाश अग्रवाल
श्री धाम, 47-हुसैनी बाजार, चन्दौसी-202412
मो : 09927311629, 09412140444

स्वप्न से भविष्य जानिये

प्रायः निद्रा सुखदायिनी मानी गयी है। किन्तु व्यथित एवं निराश व्यक्तियों के लिए तो वह एक वरदान है, जहां जाग्रत अवस्था में द्वन्द्व एवं संघर्ष निद्रा के सुखद अंचल में नष्ट हो जाते हैं। दूसरे शब्दों में स्वप्न को मन का क्रीड़ागार कहना उचित होगा। क्योंकि जाग्रत अवस्था में मनुष्य का मन प्रतिरोधकों द्वारा दबा पड़ा रहता है। और निद्रा उन प्रतिरोधकों को शिथिल कर देती है। जिसके परिणामस्वरूप मन सहज निद्रा लोक में विचरण करने लगता है। स्वप्न शारीरिक और मानसिक उत्तेजना के प्रतिफल होते हैं।

संस्कृत में स्वप्न शब्द का अर्थ है-अपने आप में रमण करना या निद्रावस्था में वस्तुदर्शन। अन्य मानसिक क्रियाओं के समान यह भी सामान्य चेष्टा या अनुभव है जिसकी अनुभूति प्रत्येक व्यक्ति को होती है। गीता में कहा है-जो अकर्मण्य है वह स्वप्न में है, किन्तु

कर्मशील सत्य में ही विचरण करता है। कोई मनुष्य बिना स्वप्नों के जीवित नहीं रह सकता यदि वह जीवित है, सक्रिय है तो यह निश्चित है कि वह किसी न किसी रूप में स्वप्न देखता है।

फ्रायड के मत से सारी वासनाओं में प्रमुख और मूलभूत काम वासना है। वह इतनी प्रबल और उग्र होती है कि उसका रंग जीवन पर चढ़े रहता है। वैसे गीता में भी इस बात का उल्लेख है-**कियमन्यत् काम हेतुकं** अर्थात् सारी सृष्टि वासना इच्छा से ही उत्पन्न हुई है। स्वप्न भी एक प्रकार की स्वैर कल्पना है जिसको दिवा स्वप्न की भांति व्यक्तिगत समस्याओं से ही शक्ति मिलती है। फ्रायड ने स्वप्नों को इच्छापूर्ति का साधन तथा नींद का रक्षक माना है।

जैविक प्रेरणाओं की संतुष्टि सोते हुए अहं (इगो) से की जाती है। कभी-कभी यह शंकाओं, अंतर्द्वन्द्वों अथवा समस्याओं के समाधान का निर्णय लेने की असमर्थता होती है। फ्रायड के अनुसार सोता हुआ अहं नींद बनाये रखना चाहता है। वह इस मांग को एक प्रकार का विघ्न मानता है तथा उससे छुटकारा पाने का प्रयास करता है। ऐसा वह उन परिस्थितियों में इस मांग में सन्निहित इच्छा की पूर्ति कर उससे पा लेता है। इच्छा पूर्ति द्वारा मांगों का प्रतिस्थापन स्वप्न कार्य की प्रमुख प्रक्रिया है। जब कुण्ठा से उत्पन्न शत्रुभाव शत्रुता पूर्ण में व्यक्त नहीं हो पाता, तो वह बहुधा स्वैर कार्यों में व्यक्त होता है।

महर्षि पतंजली के समाधिवाद की व्याख्या के अनुसार स्वप्न अर्द्ध निद्रावस्था है। जब तमोगुण की प्रधानता होती है। तब सारी वस्तुएं अस्थिर रूप से दिखाई देती हैं। और जागने पर उनकी स्पष्ट स्मृति नहीं रह पाती। स्वप्नावस्था में जब रजोगुण अधिक होता है उस समय जाग्रत दशा में देखे हुए पदार्थ अथवा घटनायें रूपांतरित होकर दृष्टिगोचर होती हैं। और उनकी स्मृति जागने पर भी रहती है। जो स्वप्न घटित हो जाते हैं, वे सात्विक कहलाते हैं। ऐसे स्वप्न उत्तम कोटि के माने जाते हैं। यह अवस्था प्राय: योगियों की होती है और कभी-कभी साधारण लोगों को भी सत्व के उदय होने पर ऐसे ही स्वप्न दिखाई देते हैं। स्वप्न का पूर्वाभास होने पर भविष्यवाणी की जा सकती है।

परामनोविज्ञान के अंतर्गत सूक्ष्म शरीर का अध्ययन किये बिना स्वप्न विज्ञान को पूर्णत: समझना जटिल है। मनोविज्ञान के अनुसार जब बाहर के कार्यों से स्थूल शरीर स्थूल जगत में कार्य करने में असमर्थ हो जाता है तो तमोगुण से दबा हुआ सूक्ष्म शरीर जाग्रत अवस्था की स्मृति के कल्पित विषयों में कार्य करना प्रारंभ करता है, वह स्वप्न कहलाता है। शरीर या आत्मा के दो भेद हैं-(1) स्थूल (2) सूक्ष्म। इसमें स्थूल आवरण मनुष्य की स्थूल देह ही है। इस स्थूल जगत को छोड़कर जब गहन दृष्टि से देखते हैं तब शरीर के अंदर पांच ज्ञानेन्द्रियां (नासिका, चक्षु, श्रोत्र, त्वचा, जीभ), पांच कर्मेन्द्रियां (हस्त, पाद, गुदा, उपस्थ, वाणी), ग्यारहवां मन (जिसके द्वारा यह सब शक्तियां काम करती हैं तथा जिससे संकल्प-विकल्प होते हैं), पांच तन्मात्राओं (स्पर्श, शब्द, रूप, रस, गन्ध) तथा इसके अतिरिक्त प्राण (चेतना) और अहंकार (अर्हता) पैदा करने वाली शक्ति, बुद्धि, चित्त सहित निर्णय करने वाली तथा भावी और संस्कारों को रखने वाली शक्ति, यह अठारह शक्तियों का समूह सूक्ष्म शरीर कहलाता है।

भारतीय मतानुसार स्वप्न का संबंध मन से है। मन को चार भागों में विभक्त किया गया है-1. मन वहिर्मन, 2. चित्त अंतर्मन, 3. बुद्धि निर्णायक मन, 4. अहंकार संचालक मन। जबकि पाश्चात्य जगत अंतर्मन और वहिर्मन यह दो विभाग मानकर मन का विश्लेषण करता है। साधारणतया मनुष्य की तीन अवस्थायें मानी जाती हैं-जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति। लेकिन स्वप्न मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं-1. जाग्रतावस्था स्वप्न व 2. निद्रावस्था स्वप्न।

पहले प्रकार के स्वप्न कवियों, दार्शनिकों एवं प्रेमी-प्रेमिकाओं के होते हैं। प्रेमी जाग्रत अवस्था में अपनी प्रेमिका के बारे में सोचता है और फिर कुछ क्षणों में वह उसके सामने साकार सी हो जाती है। तन्मयता के उन क्षणों में वह उसके एक-एक हाव-भाव, एक-एक चेष्टा देखता है। इसे दिवा स्वप्न भी कहते हैं। दूसरे प्रकार का स्वप्न है-निद्रावस्था स्वप्न। जब हम शरीर को शिथिल छोड़कर पूर्ण विश्राम की स्थिति में होते हैं, तब भी स्वप्न आते हैं। कभी तो वह स्वप्न हमारे भौतिक जगत के होते हैं, कभी वे अद्भूत और अनोखे होते हैं। इन स्वप्नों को तीन भागों में बांट सकते हैं। चित्त और अहंकार तो जागता रहे, किन्तु बुद्धि और मन सोता रहे, यह साधारण स्वप्न की अवस्था है। जिसमें अतृप्त वासनायें या इच्छायें किसी न किसी माध्यम से तृप्ति पाती हैं। विशेष स्वप्न में भी अवस्था तो यही रहती है किन्तु चित्त, मन के समान बुद्धि को प्रभावित करने लगता है। सामान्य स्वप्न में चित्त अहंकार को प्रभावित न करके अपने आप ही उधेड़बुन करता रहता है। इन स्वप्नों में मनुष्य विभिन्न प्रकार की कल्पना करता है। जैसे-पहाड़ पर चढ़ना, हवाई जहाज पर सैर, अंतरिक्ष में उड़ना, तारे तोड़ना, देवताओं के दर्शन करना आदि। यह स्वप्न देवताओं और पूज्यों की कृपा से दिखाई देते हैं। तीसरे भविष्य सूचक स्वप्न तब होते हैं, जब विशेष स्वप्न की अवस्था में बुद्धि भी जाग्रत रहती है। और केवल मन ही सोता है। इस प्रकार के स्वप्नों में घटनायें प्रतीकात्मक या स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। जिनका निकट भविष्य से संबंध हो। यहां एक बात स्मरणीय है कि बुद्धि और मन दोनों पृथक हैं। इन दोनों में अंतर बताने के लिए महाभारत में-व्यवसायात्मिका बुद्धि मनो व्याकरणात्मके (महाभारत शांति पर्व 251, 11) अर्थात् बुद्धि व्यवसात्मिका और मन व्याकरणात्मक है। ब्रह्म मुहूर्त में देखे गये स्वप्न ही शुभ माने जाते हैं। ऐसा अनुमान है-ब्रह्म मुहूर्त में देखे गये स्वप्नों का [illegible] मास में ही फल मिल जाता है। यदि पहला स्वप्न खराब फिर अच्छा दिखाई दे तो पहले स्वप्न का फल न मिलकर बाद के स्वप्न का फल मिलता है। इसी कारण जब कभी शुभ स्वप्न दिखाई दे तो उठकर बैठ जाना चाहिए और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहना चाहिए। 11 अप्रैल 1865 की एक शाम व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति लिंकन और उनकी पत्नि को लिंकन की मृत्यु का पूर्वाभास स्वप्न द्वारा हो गया था।

विज्ञान कोई सपना नहीं है यथार्थ है लेकिन सपने से विज्ञान का संबंध है। यह बात सिलाई मशीन के आविष्कारक **एलियासहो** ने कर दिखाई। ऐलियासहो वर्षों तक सिलाई मशीन बनाने की कोशिश में लगा रहा पर सुई में धागा कहां डाला जाय, यह प्रश्न उसे विफल बना रहा था। एक दिन स्वप्न देखा कि जंगली जाति के सैनिक उसे पकड़कर अपने राजा के सामने ले गये हैं। 'हो' से राजा कह रहे हैं कि 24 घंटे में मशीन चालू नहीं हुई, तो उसे भाले से मार दिया जायेगा। तभी 'हो' ने देखा चारों ओर भालेदार सैनिकों से घिरा हुआ है। बीच में आग जल रही है। जिसकी रोशनी में भाले चमक रहे हैं। अचानक 'हो' का भय काफूर हो गया। उसने देखा कि भालों के अगले सिरों पर छेद हो रहे थे। 'हो' की आंख खुल गयी और समस्या का समाधान हो गया। उसने सुई के निचले सिरे में छेद कर सुई को मशीन में जोड़ा, तो मशीन चालू हो गयी।

जब एक ही स्वप्न बार-बार आये, तो इसका कारण यह होता है कि उसका उपचेतना उस दृश्य को तब तक दोहराता रहता है, जब तक कि बुद्धि उसके संकेतों को ग्रहण न कर लें। एक ही स्वप्न बार-बार आये, तो समझना चाहिए कि उसमें कुछ गूढ़ संकेत हैं। जिसका संबंध हमारी प्रमुख समस्या के साथ है या पूर्व जन्म की स्मृति सूक्ष्म शरीर में बनी हुई है। स्वप्न द्वारा पूर्व ज्ञान एवं स्वप्न द्वारा परिचित ज्ञान से किसी व्यक्ति के लिए स्वप्न के आदेश या भाव कुछ भी भेजा जा सकता है। यह इच्छा शक्ति (विल पावर) से संभव है। स्वप्न से वशीकरण और सम्मोहन भी संभव है। स्वप्न संबंधी रोगों में अनिद्रा, नींद में उठकर चलना प्रमुख है। कुछ उपचारक स्वप्नों का हाल सुनकर रोगी का इलाज करते हैं। इससे सिद्ध होता है कि स्वप्न रोगों के उपचार में प्राथमिक सहायता की तरह काम आ सकता है। मानसिक उपचार में तो स्वप्न का हाल मालूम करके ही उपचार होता है।

अंत में आचार्य रजनीश के शब्दों में अपने स्वप्नों का निरीक्षण करो और उनका विश्लेषण करो, क्योंकि कल तुम जो बनोगे और होओगे, उसकी भविष्यवाणी अवश्य ही उनमें छिपी होगी।

लेखक - वरूण चक्रपाणि
चक्रपाणि हर्बल रिसर्च फाउण्डेशन
श्रीधाम, 47-हुसैनी बाजार, चन्दौसी-202412 (उ.प्र.)
मो. : [illegible]

पृष्ठ 27 का शेष

अथ सर्व देव प्रतिष्ठा मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै.टा.)
26 अप्रै.	वैशा.	शु.5	गुरु	मृग.	ल. अभिजित
28 ''	''	शु.7	शनि	पुन.	ल. अभिजित
30 मई	ज्येष्ठ	शु.9	बुध	उ.फा.	ल. कन्या
31 ''	''	शु.10	गुरु	हस्ते	ल. अभिजिते
21 जून	आषा.	शु.2	गुरु	पुन.	ल. अभिजिते
22 जून	''	शु.3	शुक्र	पुष्य	ल. अभिजिते
29 ''	''	शु.10	शुक्र	स्वा.	ल. अभिजिते
6 जुला.	श्राव.	कृ.3	शुक्र	धनि.	ल. अभिजिते
8 ''	''	कृ.5	रवि	शत.	ल. कन्या 11।32 तक
9 ''	''	कृ.6	सोम	उभा.	ल. कन्या 12।38 उप.
17 जन.	पौष	शु.6	गुरु	उभा.	ल. अभिजित
18 ''	''	शु.7	शुक्र	रेव.	ल. अभिजित
23 ''	''	शु.12	बुध	मृग.	ल. मीन,वृष
27 ''	''	शु.15	रवि	पुष्य.	ल. अभिजिते
31 ''	माघ	कृ.4	गुरु	उफा.	ल. अभिजिते
1 फर.	''	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. अभिजित

अथ उपनयन (यज्ञोपवीत) मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै.टा.)
2 अप्रै.	चैत्र	शु.10	सोम	पुष्य	ल. मेष
4 ''	''	शु.12	बुध	पूफा.	ल. मेष, वृष
26 ''	वैशा.	शु.5	गुरु	मृग.	ल. अभिजिते
31 मई	ज्ये.	शु.10	गुरु	हस्त	ल. कर्क
21 जून	आषा.	शु.2	गुरु	पुन.	ल. अभिजित
22 ''	''	शु.3	शुक्र	पुष्य	ल. अभिजित
16 जन.	पौष	शु.5	बुध	पूभा.	ल. मेष
23 ''	''	शु.12	बुध	मृग.	ल. मीन, मेष
28 ''	माघ	कृ.1	सोम	श्लेषा	ल. अभिजित
1 फर.	''	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. कुंभ

अथ द्विरागमन मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै.टा.)
16 अप्रै.	वैशा.	कृ.11	सोम	धनि.	ल. अभि. 12।30 तक
26 ''	''	शु.5	गुरु	मृग.	ल. मिथुन
19 नवं.	कार्ति.	शु.6	सोम	श्रव.	ल. मीन
23 ''	कार्ति.	शु.10	शुक्र	उभा.	ल. अभिजित
29 नवं.	मार्ग.	कृ.1	गुरु	रोहि.	ल. अभिजित
30 ''	''	कृ.2	शुक्र	मृग.	ल. अभिजित
3 दिसं.	''	कृ.5	सोम	पुष्य	ल. मीन
10 ''	''	कृ.12	सोम	स्वा.	ल. अभिजित

अथ मुण्डन संस्कार मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै.टा.)
16 अप्रै.	वैशा.	कृ.11	सोम	धनि.	ल. मिथुन
26 ''	''	शु.5	गुरु	मृग.	ल. अभि. 12।38 तक
31 मई	''	शु.10	गुरु	हस्ते	ल. अभिजित
15 जून	आषा.	कृ.11	शुक्र	अश्वि.	ल. अभि. 12।53 तक
1 फर.	माघ	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. मीन (चं. 7 पू.)

अथ अक्षरारंभ व विद्यारंभ मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै.टा.)
18 अप्रै.	वैशा.	कृ.12	बुध	पूभा.	ल. मिथुन (विद्यारंभ)
26 ''	''	शु.5	गुरु	मृग	ल. अभि.12।38तक (विद्या)
27 ''	''	शु.6	शुक्र	आर्द्रा	ल. अभिजित
31 मई	''	शु.10	गुरु	हस्त	ल. मिथुन, अभिजित
15 जून	''	कृ.11	शुक्र	अश्वि.	ल. अभि. 12।53 तक
17 जन.	पौष	शु.6	गुरु	उभा.	ल. अभि. (विद्यारंभ)
23 ''	''	शु.12	बुध	मृग.	ल. मीन (विद्यारंभ)
1 फर.	माघ	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. अभिजित
7 ''	''	कृ.12	गुरु	मूल	ल. मीन (विद्यारंभ)

अथ विप्पणी (दुकान) करण मुहूर्त्ता: सं. 2069 वि.

दिनांक	मास	पक्ष ति.	वार	नक्षत्र	लग्न शुद्धि समय (स्टै.टा.)
20 अप्रै.	वैशा.	कृ.13	गुरु	उभा.	ल. मेष
26 ''	''	शु.5	गुरु	मृग.	ल. मिथुन, अभि. 12।38 तक
22 जून	आषा.	शु.3	शुक्र	पुष्य	ल. सिंह, तुला
27 ''	''	शु.8	बुध	हस्त	ल. तुला
24 नवं.	कार्ति.	शु.11	शनि	रेव.	ल. अभिजिते
28 ''	''	शु.15	बुध	रोहि.	ल. कर्क
29 ''	मार्ग.	कृ.1	गुरु	रोहि.	ल. अभिजित
30 ''	''	कृ.2	शुक्र	मृग.	ल. अभिजित
3 दिसं.	''	कृ.5	सोम	पुष्य	ल. अभिजित
9 ''	''	कृ.11	रवि	चित्रा	ल. मकर, अभिजित
17 जन.	पौष	शु.6	गुरु	उभा.	ल. अभिजित
18 ''	''	शु.7	शुक्र	रेव.	ल. अभिजित
19 ''	''	शु.8	शनि	अश्वि.	ल. अभिजित
23 ''	''	शु.12	बुध	मृग.	ल. मीन
27 ''	''	शु.15	रवि	पुष्य	ल. मीन
1 फर.	माघ	कृ.5	शुक्र	हस्त	ल. अभिजिते

(दृष्टिदोषश्चेत् क्षन्तव्यं सुधिभिः)

पंचकों में क्या करें और क्या न करें ?

पंचक नक्षत्र-धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद तथा रेवती नक्षत्रों के योग में पंचक कुंभ+मीन राशि के चन्द्र संचरण में ज्योतिषीय गणना से इन पांचों नक्षत्रों का पंचक नाम से सम्बोधित किया गया है। इन दिनों में यानि पंचकों में क्या नहीं करें और क्या करें? का प्रश्न जन मानस में उत्तरोत्तर चर्चा में रहता है। तथा पंडित जी से पूछते हैं-अभी पंचक तो नहीं है। उनका हां-ना का जबाब सुनकर आगे क्या करना है, क्या नहीं करना है, स्वयं इससे अनभिज्ञता के साथ कार्य की क्रियान्वित में भ्रमित हो जाता है। अतः ज्योतिषीय नक्षत्रों की 27 की गणना में 1 से 22 नक्षत्र व बाद 23वें से 27 वें नक्षत्रों को पंचक की संज्ञा दी गयी है। साधारणतः पंचकों में मुख्य रूप से शवदाह, चारपाई बुनना, पलंग शय्या, चटाई, कुर्सी, तखत, व्यवसाय हेतु गद्दी तैयार करना या कराना, मकान की छत डालना, लैण्टर-खम्बे सेट करना, काष्ठ, इंधन, लोहे के सरिये संग्रह करना तथा दक्षिण दिशा में यात्रा, दक्षिण मुखे नये भवन की सीढ़ियों पर चढ़ना वर्जित है। मृत्यु, व्याधि, अन्यान्य व्यथा, रोगोपद्रव होने पर शांति विधान की आवश्यकता पड़ती है। इन कार्यों में पंचक नहीं होने चाहिए। तथा शुभ कार्य, वाहनादि लेन-देन, फर्म का संचालन, मूर्ति प्रतिष्ठा आदि सभी श्रेष्ठ मुहूर्त्तों में पंचक पांचो नक्षत्र शुभ माने गये हैं। सभी व्रतोत्सव, महोत्सव यथा रक्षा बंधन, भैय्या दूज, महालक्ष्मी पूजनादि में पंचकों पर विचार नहीं किया जाता है।

पृष्ठ 34 का शेष

24, 29 अशुभ हैं। **मई**-पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। स्वयं का तथा संतान का भाग्योदय योग बनता है। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क होने का योग तथा आर्थिक लाभ होगा। आहार एवं व्यवहार का ध्यान रखेंगे, तो माह अच्छा रहेगा। सत्संग जैसा कार्य का लाभ भी होगा। पुरस्कार प्राप्ति का योग भी। ता. 2, 8, 18, 26 अशुभदायक हैं। **जून**-माह में भाग्योदय जैसा दो अवसर प्राप्ति का योग। वाहन क्रय का भी शुभ योग है। भूमि-भवन एवं विदेशी सामग्री की प्राप्ति का भी अच्छा माह है। मशीनरी कार्य का नया धंधा भी बनता है। व्यापारिक यात्राओं में आपको लाभ होगा। राजकीय कार्यों में सफलता का योग। ता. 4, 13, 21, 27 अशुभदायक रहेंगी। **जुलाई**-माह में भौतिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्थानांतरण का लाभ मिलेगा। नया प्रोजेक्ट बनाने की योजना का लाभ मिलेगा। वार्षिक स्थिति में आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा। न्यायालय संबंधी प्रकरण में विजय का योग। सम्मान प्राप्ति का योग। ता. 4, 14, 22, 29 अशुभ दायक हैं। **अगस्त**-माह में राजकीय उलझनों से बचें। कर्मों योगों में तरलता रहेगी। खेलकूद में भी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगिता परिणाम आपके हित में रहेगा। यात्रा लम्बी व आनंददायी होगी। सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भागदौड़ ज्यादा होगी। तीर्थाटनों में आपको आर्थिक लाभ जैसा योग बनेगा। ता. 2, 8, 14, 22, 27 अशुभदायक रहेंगी। **सितंबर**-पारिवारिक कार्यों का दायित्व ज्यादा बढ़ेगा। सरकारी पक्ष से व्यापारिक गतिशीलता की बाधाओं का निवारण होगा। भूमि-भवन के लेन-देन से विशेष लाभ होगा। मांगलिक कार्यों में भागदौड़ रहेगी। स्पष्टवादिता का परिणाम हितकर रहेगा। पशुओं से सावधान रहें। तबादला या व्यवसाय परिवर्तन योग है। ता. 1, 9, 13, 21, 28 अशुभ दायक होंगी। **अक्टूबर**-माह में आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी। मशीनों से लाभ बनेगा। सीमेन्ट उद्योग में प्रगति होगी। संतान के विवाह संबंधी चिन्ताएं टेंगी। स्वास्थ्य के प्रति कुछ गड़बड़ी एवं सामाजिक परिवेश में दायित्व मिलेगा। जिससे परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। पैतृक जमीन से लाभ दायक योग बनेगा। चोरी या डकैती का योग। ता. 6, 18, 24, 31 अशुभ दायक हैं। **नवंबर**-माह में संतान संबंधी चिन्ताओं का निवारण होगा। व्यापारिक गतिविधि तेज चलेगी। शुभ स्थानों की यात्रा से पारिवारिक विवाद का समाधान होगा। कृषि से अच्छी आय। चापलूसी कार्य प्रणाली अपनायेंगे तो वर्चस्व अच्छा बना रहेगा। रचनात्मक प्रवृति बढ़ेगी। ता. 5, 16, 27, 30 अशुभ दायक रहेंगी। **दिसंबर**-इस माह में सरकारी क्षेत्र में तबादलों की स्थिति बनेगी। प्रेम-रोमांश से बचें तो ठीक, अन्यथा न्यायालय प्रकरण से परेशानी बढ़ेगी। साझेदारी कार्यों में विवाद जैसी स्थिति बनेगी। भूमि-भवन का शुभदायक योग से परिवार में खुशी रहेगी। भ्रष्टचारियों के चंगुल से बचें तो ठीक रहेगा। अन्यथा आर्थिक हानि होगी। ता. 7, 20, 22, 29 अशुभदायक होंगी। **जनवरी 2013 ई.**-वर्ष में नये कार्य ज्यादा होंगे। माह में मेहनत से सितारा बुलन्द होगा। दूर या समीप की यात्रा होगी। कानूनी विवाद से राहत मिलेगी। यात्रा में स्वास्थ्य में अचानक गिरावट बनेगी। राष्ट्र स्तरीय सम्मेलनों में भाग लेंगे। सम्मान प्राप्ति तथा पर्यावरण जन्य कार्य में लगे रहें तो अच्छा लाभ एवं कीर्ति बढ़ेगी। ता. 3, 14, 22, 24, 30 अशुभदायक रहेंगी। **फरवरी**-माह में शुभ समाचार मिलते रहेंगे। यात्रा योग भी अचानक अच्छी होगी। नये कार्यों में मित्र वर्ग मदद करेंगे। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेंगे। नौकरियों का अच्छा योग। देश-विदेश भ्रमण का योग भी बनेगा। ता. 4, 11, 23, 25 अशुभदायक रहेंगी। **मार्च**-माह में बैंक बैलेंस अच्छा रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से संतान प्राप्ति का योग बनेगा। शुभाशुभ खबरें मिलेंगी। वाहन से सावधान रहें। हवाई यात्रा में दुर्घटना का योग बनेगा। शत्रु पक्ष का षडयंत्र बाधक रहेगा। चालू कार्यों में रुकावटें आयेंगी। ता. 6, 14, 24, 29 अशुभ दायक रहेंगी।

सिंह-मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

स्वामी-सूर्य **नग-माणिक**

मार्च 2012 ई.-इस माह में परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सामाजिक जीवन में आपका [illegible] बढ़ेगा। नौकरी-पेशा योग बनेगा। भवन प्रवेश संबंधी कार्य बनेगा। वाहन, मोटर, मशीन क्रय एवं उद्योग जैसा योग बनता है। ता. 2, 7, 17, 24 अशुभ दायक हैं। **अप्रैल**-इस माह में परिवार में मांगलिक खर्चों का कार्य होगा। कार्य क्षेत्र में अभिवृद्धि होगी। आकस्मिक धन लाभ का योग बनेगा। भवन तथा नौकरी से आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी। विरोधी पक्षों द्वारा अशुभ प्रयास भी विफल हो जायेंगे। अपहरण जैसी घटना घट सकती है। दूर-दराज में चौकस रहें तो शुभ रहेगा। ता. 6, 13, 23, 26 अशुभदायक हैं। **मई**-इस माह में व्यापारिक तथा औद्योगिक गतिशीलता बढ़ेगी। साझेदारी में भी लाभ दायक योग बनेगा। धार्मिक व यज्ञादि कार्यों में खर्चा होगा। सामाजिक कार्यों में काफी पहल से कार्य करना पड़ेगा। कोर्ट-कचहरी के विवाद में विजय योग। विदेश यात्रा का योग बनेगा। अच्छे पुरस्कार प्राप्ति योग। ता. 8, 13, 20, 22 अशुभ दायक रहेंगी। **जून**-रोजगार के अवसर में रुकावट आयेगी। माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ेगा। नौकरी-पेशा वालों की मानसिकता बिगड़ेगी। दिनचर्या में परिवर्तन का योग बनता है। अधिकारियों की अनदेखी से धोखा एवं कोर्ट-कचहरी योग भी विशेष रहेगा। माह में लम्बी यात्रा नहीं करें, तो शुभ रहेगा। ता. 3, 12, 14, 21, 23 अशुभ फलदायी होंगी। **जुलाई**-माह में अध्ययन के प्रति कुछ बाधाएं आयेंगी। माता-पिता का स्वास्थ्य भी बिगड़ेगा। जल तत्व से हानि योग। पानी में डूबने का योग बनता है। स्वयं को भी खांसी जैसे रोग से परेशानी। कुलदेवी एवं कुलदेवता की साधना से समय व्यतीत करें, तो शुभ रहेगा। नया कार्य इस माह में नहीं करें। ता. 1, 4, 13, 22, 24, 27 अशुभ दायक हैं। **अगस्त**-इस माह में सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने के कारण मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा। नौकरी पेशा में तरक्की होगी। रिश्तेदारों से लेन-देन में सावधानी रखें। विदेश यात्रा का योग। मांगलिक कार्यों का खर्चा ज्यादा होगा। तकनीकि शिक्षा का लाभ भी मिलेगा। स्त्री वर्ग का शुभ सहयोग बनेगा। ता. 7, 12, 22, 26 अशुभ दायक रहेंगी। **सितंबर**-कार्य योजना में अधिकारियों द्वारा विशेष सहयोग मिलेगा। नये कार्य के लिए पूर्व या दक्षिण दिशा की यात्रा करनी पड़ेगी। रिश्तों में कुछ टकराव के कारण मन में उदासीनता बनेगी। शेयर्स बाजार का कार्य में हानि का योग बनेगा। भवन-भूमि का लेन-देन तथा बैंकिंग कार्यों में वृद्धि होगी। ता. 2, 8, 14, 20, 24 अशुभदायक रहेंगी। **अक्टूबर**-इस माह में व्यापारिक गतिविधियों की स्थिति सुधरेगी। नये स्थान पर सम्पर्क सूत्र बढ़ेगा। फिजूल खर्चों पर लगाम कसे यानि नियंत्रण रखना होगा। किसी की जमानत देनी पड़ सकती है। मोटर, वाहन, कानून का इल्जाम भी लग सकता है। कुछ अशुभ सूचनाएं भी प्राप्त होने का योग बनता है। वाहन से सावधान। ता. 1, 6, 12, 23, 27 अशुभदायक हैं। **नवंबर**-इस माह में पारिवारिक यात्रा का योग बनता है। भौतिक सुख-सुविधाओं के लिए धन खर्चा का योग बनेगा। घरेलू मामलों में आपकी बातों पर ध्यान दिया जाएगा। परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। नये कार्यों में मित्र वर्ग मदद करेंगे। राजनैतिक स्तर बढ़ेगा। सामाजिक सेवाओं का दायित्व बढ़ने का योग विशेष बनता है। कुत्तों से सावधान। ता. 3, 9, 17, 22, 28 अशुभ हैं। **दिसंबर**-माह में मानसिक परेशानियां बढ़ेंगी। स्वास्थ्य प्रतिकूल भी हो सकता है। चिकित्सालय का सहारा लेंगे, तो ठी रहेगा। महामृत्युंजय मंत्र का जप करना शुभ दायक रहेगा। वैवाहिक स्थिति में भी टकराव जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। हिंसक जानवरों से बचकर रहें। पारिवारिक रिश्तों में उदासीनता रहेगी। ता. 1, 8, 17, 24, 27 अशुभ हैं। **जनवरी 2013 ई.**-माह में राजकीय पक्ष के कार्य बाधाएं बनेंगी। भौतिक साधनों में वृद्धि होगी। नौकरी पेशा वाले को तरक्की जैसा वातावरण बना रहेगा। दोस्तों के द्वारा विद्या पक्ष में तकनीकि बनाने में रुचि बढ़ेगी। विश्वासघात जैसा योग भी। सावधान! व्यापारिक यात्रा का योग। उत्तरा माह अच्छा। ता. 6, 9, 14, 20, 24, 27 अशुभदायक हैं। **फरवरी**-माह में धार्मिक या उत्सव में भागीदारी होगी। संतान सुख का सामान्य योग बनेगा। समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में सोच समझकर कार्य करें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें। कुछ बाहरी लोग भी बुराई कर रहे हैं। आपकी शरण में आने की सोचेंगे। ता. 4, 12, 18, 27 अशुभ हैं। **मार्च**-पारिवारिक कार्य बढ़ेंगे। उच्चाटन या अन्य बाधा योग बनेगा। अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी। धंधा में कुछ हानि या छापा पड़ सकता है। अनियमित दिनचर्या चलेगी। मार-पीट या बदनामी जैसा योग बनेगा। बैंकिंग कार्यों में विफलता चलेंगी। वाहन प्राप्ति का योग अचानक बनेगा। शत्रु पक्ष मजबूत होने का योग है। ता. 2, [illegible] 14, 21, [illegible] अशुभ हैं।

कन्या-टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या

कन्या राशि चक्र

7 श. 5 मं.
8 रा. 6 4
9 3
10 सू.चं.बु. 2 के.
11 12 1 गु.शु.

स्वामी-बुध **नग-पन्ना**

मार्च 2012 ई.-व्यापारिक कार्यों में भागदौड़ चलेगी। स्वास्थ्य संबंधी चिन्ता भी रहेगी। कारोबार में प्रगति का योग अच्छा बनेगा। परिश्रम का उचित फल मिलेगा। विदेश यात्रा का योग दो बार बनेगा। जायदाद बंटवारा संबंधी विवाद का योग। शनि की ढैया से वाहन प्राप्ति का योग, लेकिन दुर्घटना योग। सावधान। ता. 1, 6, 16, 23 नेष्ट हैं। **अप्रैल**-माह में संताप पक्ष की उच्च शिक्षा का योग बनेगा। स्वयं का स्वास्थ्य गिर सकता है। चापलूसों से बचकर रहें, तो अच्छा रहेगा। त्रुटि कर्ता आपसे क्षमा याचना भी मांगेगा। अतः माह में विजय योग बनता है। कहीं पर अच्छे मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। भूमि-भवन क्रय-विक्रय का योग बनता है। ता. 4, 10, 12, 27, 31 चिन्तादायक रहेंगी। **मई**-नौकरी पेशे वालों का तबादला योग बनता है। आवश्यक कार्यवश राजनेता भी मदद करेंगे, करायेंगे। पुरानी पारिवारिक घटनाओं की चर्चा को पुनः स्मरण करने से रंजिश संबंधी कार्य बन सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना साथी अच्छी मदद भी करेगा। ता. 3, 12, 16, 22 चिन्तादायक हैं। **जून**-इस माह में अपने नजदीकी सदस्यों की सहभागिता का अच्छा लाभ मिलेगा। पशुओं के क्रय-विक्रय या गायों की सेवा का रख रखाव से आर्थिक लाभ मिलेगा। जीवन साथी के प्रति अनुराग में वृद्धि होगी। सामाजिक सेवा कार्य का अच्छा योग बनेगा। विदेश यात्रा का गमन। मांगलिक कार्य का खर्चा बढ़ेगा। भागदौड़ चलेगी। ता. 4, 9, 12, 18, 21 अशुभ हैं। **जुलाई**-इस माह में वित्तीय स्थिति अच्छी रहेगी। पुरानी पारिवारिक जायदाद का क्रय अच्छा है। राजकीय सेवा का योग बनता है। अग्नि तथा जल तत्व से बचकर रहें, तो शुभ रहेगा। संदेहात्मक स्थिति से दूर रहकर कार्य करें। सम्मान प्राप्ति भी। ता. 7, 15, 23, 28 अशुभ योग। **अगस्त**-सामाजिक दायित्वों का प्रभाव बढ़ेगा। मान-प्रतिष्ठा तथा राजकीय सम्मान का योग बनता है। पारिवारिक कलह तथा पत्नि से मन-मुटाव बाधा योग बनेगा। आवश्यक कार्यवश आपको विदेश गमन या राजनेताओं से सम्पर्क सूत्र साधना पड़ेगा। निश्चय ही कोई लाभकारी योजना की प्राप्ति होगी। भवन भी बनेगा। ता. 8, 14, 22, 28 अशुभदायक हैं। **सितंबर**-यह चिन्ता दायक एवं कार्य में हानि दायक रहेगा। धन हानि या अग्नि से सम्पत्ति को हानि होगी। विद्युत करंट भी लग सकता है। घर में विवाद बढ़ेगा। आत्म हत्या तक की बात बनने का आसार है। क्षमा याचना से गृह क्लेश को शांत करें। महामृत्युंजय जप तथा सुण्दरकाण्ड अथवा हनुमान चालीसा के पाठ करें, तो शुभ रहेगा। ता. 9, 20, 24, 28 अशुभ हैं। **अक्टूबर**-इस माह में अनजान लोगों पर विश्वास करना आपको भारी परेशानी में डाल सकता है। स्त्री वर्ग का भविष्य इस माह में ज्यादा संकटदायी रहेगा। राजकीय सेवा योग। तबादला आदि कार्य। रोजगार प्राप्ति का योग। वाहन तथा भूमि खरीद का भी योग बनेगा। प्रसूता स्त्री के लिए सूर्य ग्रह की साधना शुभदायक रहेगी। ता. 3, 8, 19, 24, 29 अशुभ हैं। **नवंबर**-आपके प्रयासों का लाभ होगा। राजनीति में कदम रखें तो भी सफलता का योग बनता है। आय-व्यय में संतुलन बना रहेगा। सौंपा गया कार्य नहीं किया तो आगे हानि या अपमान होने का योग बनता है। युवा वर्ग के लिए माह प्रेरणादायी एवं रोजगार प्राप्ति के योग। नौकरी के चांस बनेंगे। देर रात्रि में अकेले घर से बाहर न घूमें। ता. 1, 9, 14, 19 अशुभ हैं। **दिसंबर**-इस माह में पुराने विवादों पर घरेलू कार्यों में सफलता मिलेगी। आपका पारिवारिक जीवन सामाजिक योग में शुभ दायक समाचार लायेगा। व्यापारिक अथवा धंधे की भागदौड़ में स्वास्थ्य खराब होगा। सरकारी कार्यालयों में दिया गया कार्य सम्पन्न होने का योग बनेगा। वाहन प्राप्ति एवं सम्मान प्राप्ति भी। ता. 3, 7, 14, 21, 24 अशुभ दायक हैं। **जनवरी 2013 ई.**-पुराने अदालती मामलों में फैसला आपके हितदायक रहेगा। रिश्तेदारों में अनबन विवाद बनेगा। पत्नि से बिगाड़। मंगल दोष का प्रभाव बनेगा। किसी अनजान शक्स से पारिवारिक कार्यों में धोखा से बचें। मान-सम्मान प्राप्ति का भी योग। वाहन एवं भूमि लेनदेन से लाभ होगा। साझेदारी कार्यों में भी लाभ होगा। ता. 4, 13, 17, 27 अशुभ हैं। **फरवरी**-इस माह में आपके दाम्पत्य जीवन का मुद्दा सामने आयेगा। घरेलु विवाद भी बनेगा। पारिवारिक कार्यों में दायित्व बढ़ेगा। घर में शुभदायक कार्य भी होंगे। अनावश्यक सूचना पर चिन्तन नहीं करें। कृषि कार्य की स्थिति अच्छी रहेगी। वाहन क्रय-विक्रय धंधा भी करने का योग। ता. 5, 11, 19, 27 अशुभ दायक हैं। **मार्च**-इस माह में अपने आपको आध्यात्मिक, धार्मिक कार्यों में तल्लीनता से जुटे रहेंगे। लाभ-खर्चा का अच्छा योग बनेगा। व्यापार में भी दोस्तों द्वारा नया ऑफर मिलता रहेगा। वित्तीय स्थिति अच्छी होगी। नौकरी का योग। व्यापार में काला धंधा जैसा आक्षेप लग सकता है। भागदौड़ रहेगी। ता. 3, 9, 16, 17, 28 अशुभ हैं।

तुला-रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

तुला

तुला राशि चक्र

8 रा. 6
9 7 श. 5 मं.
10 4
11 1 गु.शु. 3
12 सू.बु.चं. 2 के.

स्वामी-शुक्र **नग-हीरा**

मार्च 2012 ई.-इस माह में व्यापार में किये गये परिश्रम का प्रतिफल आशा से अधिक प्राप्त होने से मन में उत्साह का संचार होगा। राजकीय कार्य परियोजनाओं से अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। किसी पुराने मित्र से भेंट होगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। राज सेवा योग भी। ता. 1, 12, 23, 28 अशुभ हैं। **अप्रैल**-इस माह में पारिवारिक तथा मांगलिक कार्यों में बढ़ोतरी होगी। मित्रों से सभी प्रकार की सुख-सुविधाओं का लाभ होगा। भूमि-भवन का योग अच्छा बनेगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। संतान के स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ जैसा योग है। मां कुल देवी की पूजा करें। ता. 2, 8, 16, 25 अशुभ हैं। **मई**-माह में अनावश्यक कार्यों में धनखर्चा होगा। आर्थिक परेशानी से जीवन में उदासी का योग बनेगा। चोर या ऊपर से गिरने की घटना का योग बनता है। नैत्र पीड़ा से कुछ परेशानी बढ़ेगी। सामाजिक दायित्वों की वृद्धि होगी। कोर्ट में विजय। ता. 3, 9, 17, 27 अशुभ हैं। **जून**-इस माह में राजनैतिक कार्यों से भ्रमण ज्यादा करना पड़ेगा। सामाजिक संस्थाओं से भी कार्य की प्रक्रिया से जुड़ेंगे। वाहन प्राप्ति तथा अन्य घरेलू सामग्री का लाभ मित्र मण्डली द्वारा मिलेगा। अनजाने शक्स का भरोसा मत करें अन्यथा आर्थिक हानि हो जायगी। पशुओं से सावधान। ता. 6, 14, 23, 28 अशुभदायक हैं। **जुलाई**-माह में आर्थिक परेशानी बनेगी। रोजगार प्राप्ति का शुभ योग तथा राज-काज में लाभ मय पदोन्नति का अवसर बनेगा। पिता का स्वास्थ्य कुछ नरम होगा। नये संबंध में कुछ भागदौड़ पर सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग अच्छा मिलेगा। विदेशी सामग्री क्रय में रुचि बढ़ेगी। संतान लाभ भी। ता. 7, 19, 23, 29 अशुभ दायक हैं। **अगस्त**-माह में यात्रा प्रवास शुभ दायक रहेगा। पुराना उलझा हुआ कार्य बनेगा। सम्मान प्राप्ति से उत्साह वर्द्धन होगा। कार्य की गति बढ़ायें तो वांछित लाभ की प्राप्ति होगी। माता का स्वास्थ्य गिरेगा। व्यापारिक कार्य स्थल में कुछ सुधार भी होगा। भवन निर्माण में रुकावट जैसा योग है। ता. 8, 19, 24, 30 अशुभ हैं। **सितंबर**-इस माह में पुराना उलझा हुआ कार्य सुलझेगा। कार्य में गति बढ़ेगी। स्त्री पक्ष से अच्छे परामर्श की प्राप्ति से आर्थिक लाभ मिलेगा। मांगलिक कार्यों का संबंध भी होगा। राजनीति क्षेत्र में भी वर्चस्व बढ़ेगा। अन्य संगठनों में भी आपके प्रभाव से कार्य में अन्य को लाभ होगा। वित्तीय स्थिति श्रेष्ठ रहेगी। आय भी अच्छी। ता. 9, 20, 23, 29 अशुभ हैं। **अक्टूबर**-माह में कार्यों की भागदौड़ में स्वास्थ्य गिर सकता है। परिश्रम फल भी कम मिलेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। विदेश यात्रा का योग भी लाभदायक बनेगा। राजकीय सेवाओं का भी लाभ मिलेगा। संतान को उच्च शिक्षा का लाभ मिलेगा। मांगलिक कार्यों का शुभ योग भी बनेगा। तीर्थाटन का भी अच्छा लाभ मिलेगा। ता. 10, 21, 24, 30 अशुभ दायक हैं। **नवंबर**-माह में नये व्यक्तियों से सम्पर्क बढ़ेगा। वाहन प्राप्ति, सम्मान जनक कार्यों से नागरिक अभिनंदन जैसा योग बनेगा। वस्त्राभूषण प्राप्ति तथा धार्मिक कृत्यों का भी लाभ मिलेगा। पुराना रुका हुआ कार्य बनेगा। व्यापारिक गतिशीलता से मानसिक चिन्ता का भी निवारण होगा। साझेदारी कार्यों में एकाएक अच्छा लाभ होगा। ता. 10, 15, 22, 27 अशुभ हैं। **दिसंबर**-नये कार्यों में अभी हाथ इस माह में नहीं डालें। रिश्तेदारों से भी मन-मुटाव तथा विवाद जनक वार्ता बन सकती है। चापलूस वर्ग आर्थिक हानि करायेंगे। स्त्री वर्ग के सहयोग से इस माह कार्य

करेंगे, तो शुभ रहेगा। रचनात्मक कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी। लेकिन आलस्य के कारण सफलता नहीं मिलेगी। ता. 4, 12, 18, 23 अशुभ हैं। **जनवरी 2013 ई.**-यह माह आपके लिए प्रगति एवं आर्थिक दृष्टि से श्रेष्ठ रहेगा। मित्र एवं परिवार जनों से मिलने का योग बनेगा। मानसिक परेशानी बढ़ेगी। मांगलिक कार्यों के प्रति खर्चा योग ज्यादा बनेगा। वाद-विवाद भी लेन-देन से होने का योग है। प्रतियोगियों को शुभ समाचार मिलेंगे। तथा रोजगार प्राप्ति का अवसर मिलेगा। ता. 6, 7, 15, 16, 23, 24 नेष्ट हैं। **फरवरी**-ग्रह गोचर से सामाजिक कार्यों में अच्छी स्थिति बनेगी। आमदनी की प्राप्ति के अवसर बनेंगे। नये कार्यों का समीकरण बनेगा। राजनैतिक दृष्टि से यह माह काफी उत्साह वर्द्धक एवं सम्मान जनक रहेगा। स्वाध्याय में रुचि बढ़ेगी। वाद-विवाद से बचकर रहें तो वर्चस्व बढ़ेगा। मानसिकता में तनाव मुक्ति। ता. 1, 2, 13, 14, 20 अशुभ हैं। **मार्च**-इस माह में विद्यार्थी एवं मजदूर वर्ग खुश रहेंगे। सरकारी सेवार्थ कर्मी चिन्ता जनक बनेंगे। आयकर प्रकरण से काफी उदासीन बनेंगे। भूमि-भवन तथा प्रकाशन संबंधी कार्यों में अग्रसर होंगे। बोर्ड या विश्व विद्यालय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। वाहन से सावधान भी रहें। ता. 4, 8, 16, 21, 24 अशुभ रहेंगी।

वृश्चिक-तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

वृश्चिक — वृश्चिक राशि चक्र

9 | 7 श. | 10 | 8 रा. | 6 | 11 | 5 मं. | सू.बु.चं. 12 | 2 के. | 4 | 1 गु.शु. | 3

स्वामी-मंगल — **नग-मूंगा**

मार्च 2012 ई.-व्यापार एवं व्यवसाय में उन्नति होगी। समय के साथ संचलन में आप अच्छा लाभ प्राप्त कर पायेंगे। धूर्त लोगों से सावधान रहें। उधार प्रदत्त राशि प्राप्ति का योग बनेगा। यात्रा में अच्छा सम्पर्क बढ़ेगा। सामाजिक कार्यों में आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी। राजकीय कार्यों में सफलता तथा नौकरी प्राप्ति का योग बनेगा। ता. 1, 7, 13, 17, 22 अशुभ हैं। **अप्रैल**-यह माह परेशानियों से युक्त रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता का योग बनेगा। शनि की साढ़ेसाती के योग से आर्थिक हानि ज्यादा होने का योग बनेगा। पत्नी को केतु रोगी भी करेगा। विवादजन्य मामलों से बचकर चलें। सुन्दरकाण्ड का सात पाठ करना शुभदायक रहेगा। राजसेवा योग शुभ। ता. 1, 7, 20, 24 अशुभ हैं। **मई**-इस माह में पत्नी के सहयोग या स्त्री पक्ष के सहयोग से भाग्योदय कारक कार्य बनेगा। रोजगार प्राप्ति, भूमि-भवन लेन-देन का योग। मित्र वर्ग से काफी लाभ दायक बाते मिलेंगी। वाहन दुर्घटना से बचें। पारिवारिक कार्यों में गति तेज होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय योग बनेगा। ता. 2, 8, 14, 23 अशुभ हैं। **जून**-आर्थिक दृष्टि से यह माह चिन्तादायक रहेगा। पारिवारिक विवाद का प्रभाव सामाजिक दृष्टि से अशुभ भी होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी का योग तथा परिश्रम अधिक एवं लाभ कम वाला योग बनेगा। कहीं पर विशेष धोखा भी होगा। अन्य स्थान की यात्रा का योग भी बनता है। ता. 3, 11, 21, 27 अशुभ हैं। **जुलाई**-पारिवारिक कार्यों की गति बढ़ेगी। सबका अच्छा सहयोग मिलेगा। शत्रु पक्ष का प्रभाव शुभ दायक बन जायेगा। रोगजगार प्राप्ति योग बनेगा। सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ेगी। समाज में कोई नया कार्य सेवा रूप में मिलेगा। राजकीय कार्यों में भी सफलता का संचार होगा। स्वास्थ्य कुछ नरम होगा। ता. 4, 13, 19, 22, 26 अशुभ उदायक हैं। **अगस्त**-नवीन कार्य की योजना में आपको बांछित सफलता मिलेगी। दम्पत्ति पक्ष से कुछ शुभदायक कार्य होगा। संतान प्राप्ति तथा संतान का भाग्योदय तथा परिवार में मांगलिक कार्य बनेंगे। व्यापारिक स्थिति में कुछ चिन्ता दायक योग बनेगा। माह के अंत में कोई शुभ सूचना प्राप्ति का योग बनता है। ता. 5, 14, 22, 26, 29 अशुभ दायक हैं। **सितंबर**-इस माह में उत्तम कार्य होंगे। शुभ मांगलिक सूचनाएं मिलेंगी। परदेश गमन में भी लाभ होगा। बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। धार्मिक कार्य गति बढ़ेगी। मित्र वर्ग भी आपको अच्छा सहयोग देगा। नये कारोबार में भागदौड़ भी चलेगी। सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। चौपाये जानवर क्रय-विक्रय से लाभ होगा। ता. 6, 15, 23, 28 अशुभ दायक हैं। **अक्टूबर**-इस माह में आपको अपने व्यक्ति भी पराये नजर आयेंगे। घरेलू कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। रोग कारक समय भी रहेगा। ऊपर की चोट का भय रहेगा। अकस्मात् विदेशी यात्रा में परेशानी भी बनेगी। राजनैतिक कुयोग जैसी प्रतीत होगी। पुत्रादि से भी फालतु विवाद बनेगा। माह अशुभ दायक रहेगा। सावधान। ता. 7, 17, 24, 28, 29 अशुभ हैं। **नवंबर**-व्यापारिक कार्य अच्छा होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। घरेलू झगड़ों से बचें। भोग विलास एवं अन्य पारिवारिक झगड़ों में राशि खर्च होगी। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। कुछ मानसिक स्थिति में विकृति का योग बनेगा। माह में परिवर्तन योग ज्यादा है। स्त्री वर्ग आपकी अच्छी मदद करेगी। वाहन योग भी। ता. 7, 18, 24, 30 अशुभ हैं। **दिसंबर**-इस माह में मानसिक उलझनें बढ़ेंगी। स्त्री वर्ग तथा संतान से भी बाधाएं आयेंगी। राजपक्ष में शुभ कार्य बनेगा। नेत्र पीड़ा का योग। पथरी व अन्य उदर रोग बाधा योग बनेगा। उपाय शिवोपासना महाकाल भैरव की पूजा करें। कुटुम्ब परिवार एवं अन्य परिजनों से कार्य का विशेष लाभ मिलेगा। सामाजिक दायित्व बढ़ेगा। ता. 8, 18, 24, 29 अशुभ दायक हैं। **जनवरी 2013 ई.**-इस माह में सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। अन्यत्र कुछ धार्मिक यात्राओं में जाना पड़ सकता है। राजकीय कार्यों में लाभ अच्छा होगा। भूमि-भवन के लेन-देनों में अपनी कार्य प्रणाली को बढ़ा सकते हैं। विदेशी यात्रा एवं आर्थिक लाभ का योग बनता है। नवीन व्यापार के उद्योग में उत्साह वर्धक कार्य बनेगा। स्त्री वर्ग से सौहार्द पूर्ण वार्ताओं के योग से कार्य सफलता बनेगी। ता. 4, 13, 19, 22, 30 अशुभ हैं। **फरवरी**-इस माह में शत्रु पक्ष में वृद्धि होगी। आपके सामने कुछ नये धंधे की योजना बनेगी। परिवार में कुछ परेशानियां भी आयेंगी। भागदौड़ में धन खर्चा, लेकिन मांगलिक कार्य होगा। मां भगवती की आराधना से संकट का निवारण हो सकता है। पत्नी की ओर से आपको सामाजिक दायित्व सौंपा जायेगा। ता. 5, 7, 19, 22, 24, 28 अशुभ हैं। **मार्च**-इस माह में सामाजिक मन-मुटाव बनेगा। स्थान परिवर्तन का योग। परिवर्तन दायक योग भी। धंधा में नवीनता का प्रस्ताव मित्रों की ओर से आयेगा। रचनात्मक पहलू में रुचि बढ़ेगी। सम्मान प्राप्ति जैसा योग बनेगा। पत्नि बीमार हो सकती है। शिवोपासना करें तो शुभ दायक रहेगा। ता. 3, 13, 18, 24, 27 अशुभ दायक हैं।

धनु-ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

स्वामी-गुरु — **नग-पुखराज**

मार्च 2012 ई.-इस माह में आपको अपना व्यावसायिक प्रतिवादों पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। अन्यथा हानि का योग बनेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। संतान के विवाह संबंधी चिन्ताएं दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्य होगा। ता. 6, 13, 24, 27 अशुभ दायक हैं। **अप्रैल**-इस माह में धन लाभ अच्छा होगा। खर्च की मात्रा बढ़ेगी। माह के उत्तरार्द्ध में कुछ समय अच्छा आयेगा। राजनीति पार्टी में कुछ अच्छा योग। वर्चस्व बढ़ेगा। घरेलू कलह से चिन्ता बन सकती है। पुत्रादि प्राप्ति का योग बनता है। कुछ स्थानों पर मान-सम्मान भी बढ़ेगा। वाहन प्राप्ति का योग। ता. 4, 12, 23, 28 अशुभ दायक हैं। **मई**-माह में स्वास्थ्य नरम रहेगा। व्यापारिक गतिशीलता बढ़ेगी। विदेशी कार्य की गति भी तेज होगी। आलस्य वश कुछ आर्थिक हानि होगी। स्वाध्याय बढ़ायें तो शुभ रहेगा। मांगलिक कार्य का खर्चा बढ़ेगा। तीर्थाटन का भी अच्छा योग बनता है। धन के क्षेत्र में मित्र वर्ग अच्छी मदद करेंगे। ता. 7, 15, 21, 29 अशुभ दायक हैं। **जून**-माह में चलते कार्यों में बाधाएं आयेंगी। भाग्योदय का शुभ क्षेत्र, राजकीय सेवा का शुभ योग एवं देश-देशांतर में भ्रमण का योग भी बनता है। प्रेमी प्रसंग से बचें तो ठीक अन्यथा रोमांश में मान-सम्मान में न्यूनता बनने का योग है। संगठनात्मक कार्यों में अपनी सेवाएं देंगे। ता. 9, 16, 24, 30 अशुभ दायक हैं। **जुलाई**-इस माह में वास्तु दोष का समाधान करायें, तो श्रेष्ठ रहेगा। व्यापार में उन्नति का योग। नया व्यवसाय जैसी स्थिति तथा सगाई संबंध योग बनता है। कार्य में अपनी भावनात्मक स्थिति से चेतना आयेगी। रुके हुए कार्य बनेंगे। विवाद जन्य कार्यों से परहेज रखें। आलस्य वश हानि भी संभव है। ता. 8, 19, 23.

27 अशुभ हैं। अगस्त-इस माह में धार्मिक आयोजन ज्यादा होंगे। पुराने कार्यों की गति बढ़ेगी। कृषक वर्ग, व्यवसायी वर्ग, विद्यार्थी वर्ग में प्रगति दायक कार्यों में व्यस्तता चलेगी। मुकाबलों में विजय। रचनात्मक गति का प्रभाव बढ़ेगा। मान-सम्मान के साथ वर्चस्व बढ़ेगा। ता. 10, 24, 29, 31 अशुभ रहेंगी। सितंबर-व्यापार एवं व्यवसायिक उन्नति होगी। समय के साथ सहयोग की भी स्थिति श्रेष्ठ बनेगी। विवादजन्य कार्यों में तथा कोर्ट संबंधी कार्यों में विजय योग बनता है। समय की गति से आपको काफी आर्थिक लाभ भी होगा। राजकीय कार्य व्यवस्था में भी सुधार तथा सफलता मिलेगी। ता. 4, 13, 19, 23, 25 अशुभ हैं। अक्टूबर-रचनात्मक एवं साहित्यिक गतिविधियों में श्रृंखलात्मक लाभ का योग बनता है। दाम्पत्य जीवन में कुछ अनबन का योग बनता है। सामाजिक दृष्टि से काफी कार्य भार भी बढ़ेगा। स्त्री पक्ष से विवाद का बवण्डर भी बन सकता है। नौकर वर्ग से सावधान भी रहें। मित्र मदद करेंगे। ता. 2, 13, 19, 25 अशुभ हैं। नवंबर-इस माह में आपका कार्य एवं व्यवहार अच्छा रहेगा। मांगलिक कार्यों का खर्चा बढ़ेगा। कुछ मर्यादा भंग जैसी घटना घटेगी। छोटे बच्चों के व्यवहार से बचाव योग भी। धार्मिक कार्यों में चिन्तन-मनन-मंथन चलता रहेगा। विदेश यात्रा या नौकरी का भी अच्छा योग बनता है। प्रतियोगिता में सफलता का योग। ता. 1, 6, 13, 18, 22 अशुभ हैं। दिसंबर-इस माह में साम्प्रदायिक गतिविधियों में कुछ हानि, स्वास्थ्य गड़बड़, संतान के लिए भी अशुभ दायक तथा कार्य की गति में रुकावट बनेगी। किसी अनजाने व्यक्ति से विवाद भी हो जाये तो नई बात नहीं। चोरी की घटना भी घटने का योग है। सामाजिक सेवा में आपका नया वर्चस्व एवं दायित्व का निर्वहन होने का भी योग है। ता. 2, 8, 18, 23, 29 अशुभ हैं। जनवरी 2013 ई.-इस माह में आपके ग्रह योग अच्छे हैं। आपके ही अपने मतभेद से कुछ अनहोनी घटनाएं घटेंगी। आलस्य के प्रभाव से कुछ कार्यों में रुकावट हो जाएगी। वाहन, भूमि-भवन के लेन-देनों में लाभ होगा। भाई बंधुओं से कुछ मतभेद भी चलेगा। व्यावसायिक गति में कुछ नया संशोधन से आर्थिक हानि भी बनने का योग है। सावधान! ता. 3, 14, 24, 28 अशुभ दायक हैं। फरवरी-बैंक बैलेंस की वृद्धि का योग। मांगलिक कार्यों में भी लाभ। तीर्थाटन में भी लाभ यानि यह माह आर्थिक दृष्टि से अच्छा रहेगा। वाहन क्रय में कुछ चिन्ता बन सकती है। मित्र वर्ग के धोखे से बचें। आपकी शत्रुता से कुछ बाधाएं एवं कार्य क्षमता में ठेस पहुंच सकती है। कार्य बढ़ेगा। ता. 4, 13, 19, 24 अशुभ हैं। मार्च-इस माह में पूजा-पाठ तथा परीक्षाओं की दृष्टि से मानसिकता में कुछ चिन्ता का भूत सवार रहेगा। विलासिता पूर्ण जीवन का योग भी बनेगा। तनावपूर्ण वातावरण से बचें। यश प्राप्ति के अच्छे अवसर मिलेंगे। यातायात संबंधी निर्णयों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। तकनीकि शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। ता. 4, 18, 23, 27 अशुभ दायक रहेंगी।

मकर-भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

मकर

मकर राशि चक्रं

सू.चं.बु. 12, 11, 10, 9, 8 रा., 1 गु. शु., 7 श., 2 के., 4, 6, 3, 5 मं.

स्वामी-शनि **नग-नीलम**

ता. 26 दिसं. शाम को बुधास्त का होना तूफानी मंदी की चाल देने वाला होगा। जो वस्तुएं ता. 25 तक विशेष तेज रही होंगी, उनमें मंदी का श्रीगणेश होगा। सोयाबीन, सरसों, मूंगफली, तिल, तेल के भावों में तेजी का बिगुल बजेगा। एक से डेढ़ माह में मोटा लाभ होगा। **लक्ष्मी चांस**-ता. 8 जन. प्रात: 9 के लिए दुतर्फा गली लगायें। ता. 14 की शाम 15 के लिए दुतर्फा व ता. 26 की शाम 27 के लिए मंदी लगाना।

पौष-पौष मास में पांच शनिवार व पांच रविवारों का होना घटाबढ़ी व मंदी के रियेक्शन के साथ तेजी का ट्रेन्ड बनाते हैं। बदी चतुर्दशी का क्षय एवं बुधास्त मंदी कारक है। ता. 28 दिसं. शाम पूर्वाषाढ़ नक्षत्र में सूर्यदेव के प्रवेश से गुड़, खाण्ड, सरसों, सोयाबीन, तेल, हल्दी, गुग्गल, चांदी, कपूर, ऊन, सन, पाट के भावों में तेजी। बदी सप्तमी को धनु राशि में शुक्र के प्रवेश से रुई, कपास, बिनौला, खली, सूत, वस्त्र, गेहूं, जौ, चना, सोना, चांदी, तांबा आदि धातुओं के भावों में वृद्धि होगी। ता. 5 जन. से सफेद रंग की वस्तु, ग्वार, रुई, चांदी, कपूर, तिल, तेल, सोयाबीन, जिंक, लैड, क्रूड ऑयल, मेंथा, कॉपर, गैस के भावों में वृद्धि होगी। वायदा मार्केट में विशेष तेजी। **नोट**-जिस वायदा मार्केट में ता. 5 जन. को ता. 4 के बने नीचे भाव से टूटें, उसे बेचकर ता. 10 तक ही लाभ उठाना चाहिए। ता. 13 को मकर राशि में सूर्य के प्रभाव से गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तेल, रुई, पाट में मंदी। सोना, चांदी, शेयर्स में नरमी। **नोट**-जिस वायदा या हाजिर वस्तु में ता. 14 जन. को ता. 12 के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ेगा, तब उसी वस्तु में तेजी का चांस ता. 24 जन. तक सम्पन्न होगा। ता. 21 जन. से सुपीरियर चाल तेलों में होगी। ता. 25 जन. कुंभ राशि में मंगल के प्रवेश से अन्न, रुई, पाट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना में घटबढ़ साथ तेजी। **लक्ष्मी चांस**-ता. 2 जन. प्रात: दुतर्फा गली, ता. 14 व 25 की प्रात: अगले दिन की दुतर्फा गली लगायें।

माघ-माघ माह पांच चन्द्रवारों से युक्त तथा प्रतिपदा चन्द्रवारी श्लेषा नक्षत्र युक्त होने से जोरदार मंदी की चाल ग्वार, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ, मसूर, सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड में एक सप्ताह तक चलेगी। ता. 28 जन. दोपहर बाद मकर राशि में शुक्रदेव के प्रवेश से गुड़, खाण्ड, चीनी, घी व गेहूं, जौ, चना, मटर, चावल, मक्का के भावों में तेजी। रुई में घटबढ़ से तेजी। ता. 30 जन. प्रात: मार्गी गुरु के प्रभाव से ता. 30 जन. से तूफानी मंदी की चाल सोना, चांदी, रुई, जूट, पाट, हल्दी, मूंग, मोठ, चना, गेहूं, चावल, तांबा, रस पदार्थ विशेष चलेंगे। **नोट**-जिस वस्तु के भाव ता. 29 जन. के बने ऊंचे भाव से ता. 30 को बढ़ जायेंगे, तब उसी में तेजी का चांस ता. 2 फर. तक सम्पन्न होगा।

ता. 3 फर. की प्रात: कुंभ राशि में बुधदेव के प्रवेश से रुई, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, सोयाबीन, सरसों में जोरदार गिरावट होगी। जो ता. 8 फर. तक तूफानी चाल देने वाला होगा। उपरोक्त वस्तुओं के वायदा बाजारों में अगर ता. 3 को ता. 2 के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ेगा, तब तेजी का चांस ता. 8 फर. के 12।10 बजे तक सम्पन्न होगा। ता. 11 फर. चन्द्रदर्शन से नरमी। ता. 12 फर. कुंभ संक्रांति 30 मुहूर्ती से तेल, सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, अलसी, राई के भावों में विशेष तेजी। रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, पाट, जूट, बारदाना के भावों में मंदी। **नोट**-उपरोक्त वायदा वस्तुओं में ता. 13 फर. को 12 के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे, तब मंदी होगी। बाद में ता. 14 फर. को भी मंदी चले तब मंदी ता. 25 तक। लेकिन ऊंचे भाव क्रॉस होने पर तेजी। ता. 15 की शाम शुक्रास्त के प्रभाव से धान्यों में पहले तेजी आकर फिर मंदी। ता. 21 को प्रात: कुंभ राशि में शुक्रदेव के प्रवेश से सफेद रंग की वस्तुओं, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, ग्वार तथा रस पदार्थों में मंदी। ता. 23 फर. को बुध वक्री होकर, ता. 25 रात्रि में बुधास्त का होना वर्ष का सर्वश्रेष्ठ चांस सम्पन्न होगा। यहां पर ता. 23 से 25 फर. तक घटबढ़ होगी, बाद में बुधास्त का प्रभाव अगले माह दृष्टिगोचर होगा। **लक्ष्मी चांस**-3 फर. को 5 के लिए एवं ता. 8 फर. को 9 की दुतर्फा गली लगायें।

फाल्गुन-माह में पांच मंगलवार एवं पांच ही बुधवारों के योग से तेजी की प्रधानता व्यापारिक वस्तुओं में होगी। कृष्ण पक्ष में द्वादशी तिथि क्षय से नरमी की चाल प्र. पक्ष में रहेगी। और द्वितीय पक्ष में षष्ठी तिथि वृद्धि भी नरमी कारक है। ता. 26 फर. की शाम शतभिषा में शुक्र के प्रभाव से गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, रुई, कपास, घी, सरसों के भावों में तेजी होगी। क्रूड ऑयल, लोहा, तांबा, जिंक, लैड के भावों में मंदी। **नोट**-अगर ता. 27 फर. को 26 के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे, तब मंदी का चांस ता. 8 मार्च तक सम्पन्न होगा। मेंथा ऑयल में मंदी होगी।

ता. 10 मार्च रात्रि में बुधोदय का प्रभाव ता. 11 को घटबढ़ करेगा। ता. 12 को 11 के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूट जाए उसे बेचकर ता. 16 मार्च तक व्यापार करें। ता. 14 मार्च की शाम से पूर्व मीन संक्रांति का प्रभाव विशेष रूप से सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, चीनी, सोयाबीन, तिल, सरसों, अलसी के भावों में तेजी कारक होगी। अनाजों में कुछ तेजी आकर फिर मंदी। ता. 18 मार्च मीन राशि में शुक्र का प्रवेश धान्य, सरसों, तिल, सोयाबीन, तेल, गुड़, खाण्ड में नरमी करेगा। रुई, चांदी के भावों में वृद्धि। **नोट**-ता. 15 मार्च को 14 के बने नीचे भाव से जिस वायदा या हाजिर वस्तु के भाव टूट जाएं, तब उसी वस्तु में मंदी ता. 20 मार्च तक चलेगी। ता. 18 मार्च को ता. 17 के बने ऊंचे भाव से उपरोक्त वस्तुओं में से जिस वस्तु के ऊंचे बने भाव से मार्केट बढ़े, तब तेजी की धारणा बनाकर ता. 27 मार्च तक लाभ उठाया जा सकता है।

ता. 20 मार्च को होलाष्टक लगने से मार्केट का रुख घटबढ़ या मामूली उतार-चढ़ाव में रहेगा। ता. 26 मार्च को प्रात: रेवती में मंगल का प्रवेश चांदी के भावों में उछाला करेगा। गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, ग्वार, ज्वार, बाजरा में मंदी बनेगी। मेंथा में घटबढ़ से मंदी। **लक्ष्मी चांस**-ता. 26 को 27 फर. की तेजी लगाना। ता. 8 मार्च को 9 की दुतर्फा गली दोपहर में लगाना। ता. 18 को प्रात: भी दुतर्फा गली लगाना।

चैत्र कृष्ण पक्ष-पक्ष में तिथि क्षय नरमी को बल देगा। माह का प्रथम दिन गुरुवार हस्त नक्षत्र व ध्रुव योग से युक्त होने से सोना, चांदी, तांबा, ग्वार, चना, जीरा, कालीमिर्च, सरसों, सोयाबीन, तेल के हाजिर व वायदा वस्तुओं में तूफानी तेजी। जो एक सप्ताह तक चलेगी। **नोट**-अगर उपरोक्त किसी वस्तु में ता. 28 मार्च को या बाद में ता. 27 के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे, तब मंदी की चाल ता. 2 अप्रैल तक जानना। ता. 31 मार्च की प्रात: रेवती नक्षत्र में सूर्यदेव के प्रवेश से रुई, चावल, चांदी, सरसों, अलसी, लाख, गेहूं, जौ, चना में तेजी कारक होने से नीचे भाव मिलने पर स्टॉक करें। किन्तु उच्च स्तरीय भाव मिलें तब कतई स्टॉक न करें। यही चाल पक्ष के अंत तक चलेगी। चैत्र बदी अमावस्या को मीन राशि में बुध के प्रवेश से रुई के भावों में तेजी होगी। गेहूं, गुड़, खाण्ड में वर्ष की लास्ट मंदी चलेगी। सोना, चांदी में तेजी होकर मंदी का झुकाव आगे बनेगा। मैंथा ऑयल में जोरदार मंदी। **स्पेशल लक्ष्मी चांस**-ता. 30 मार्च को प्रात: 31 की दुतर्फा गली लगाना। ता. 3 अप्रैल को 4 के लिए तेजी लगाना। ता. 10 अप्रैल को 11 बजे ता. 11 के लिए मंदी लगाना।

चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव सं. 2069 वि.

चैत्र-वि.सं. 2069 चैत्र मास का नवीन चन्द्रदर्शन दिनांक 24 मार्च सन् 2012 ई. शनिवार को हो रहा है। चन्द्रदर्शन मेष राशि अंतर्गत अश्विनी नक्षत्र में हो रहा है। अतः इसकी दक्षिणी शृंग (नोंक) ऊंची होगी, जो सभी व्यापारिक जिन्सों में तेजी को बल प्रदायक है। उदित समय इसका वर्ण रक्त होगा। अतः सोना, चांदी, सूत, सन, पाट, बारदाना, कपासिया के भावों में तेजी को बल प्राप्त होगा। गुरुवासरी अमावस्या व पूर्णिमा अनाजों के भावों में घटाबढ़ी से मंदी को बल। गेहूं, जौ, चना, मटर, बाजरा में मंदी। सींगदाना, बिनौला, तिल, तेल, मटर, सोयाबीन, सूर्यमुखी तेज। लोहा, शीशा, जस्ता, शेयर्स के भाव घटाबढ़ी से तेज।

वैशाख-वैशाख मास का नवीन चन्द्रदर्शन 22 अप्रैल सन् 2012 ई. सोमवार को हो रहा है। जो शशि उगै सोम शनि से तीस दिनों के अंदर अनाजों के भावों में तेजी का संकेत। चन्द्रदर्शन वृष राशि अंतर्गत है अतः इसका दक्षिण शृंग (नोंक) उच्च होगा। जो तेजी को बल प्रदायक है। चांदी, शीशा, जस्ता, रांगा, कलई के भावों में तेजी। सोना, सूत, कपास, शेयर्स, जूट, पाट, बारदाना, सूती वस्त्र, रंग, रोगन के भावों में अस्थिरता को बल मिलेगा। गुड़, चीनी, अफीम, शक्कर के भावों में तेजी। सरसों, तिल, अरण्डी, सोयाबीन के भावों में नर्मी-गर्मी की अधिकता रहेगी। धनियां, सौंठ, मिर्च, कपूर, दालवाना तेज। नमक, दूध, दही, रसीले फल के भावों में तेजी।

ज्येष्ठ-दिनांक 22 मई 2012 मंगलवार को ज्येष्ठ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन मिथुन राशि अंतर्गत मृगशिर नक्षत्र व 30 मुहूर्त्ती है। उदित समय इसके दोनों शृंग (नोंक) शूल के समान व उच्च होंगे जो कि प्रत्येक जिन्सों में तेजी। अन्न व वायदा व्यापार के भावों में तेजी। रुई गिरकर तेज। सोना, चांदी के भावों में घटाबढ़ी तो होगी लेकिन मान तेजी का ही रहेगा। घी, तिल, तेल, मूंगफली, अरण्डी, सोयाबीन तेज। रुई, कपासिया, सूत में 8 से 10 प्रतिशत, शेयर, पाट, बारदाना, जूट, पटसन में 50 से 80 प्रतिशत तक की तेजी। ज्वार, बाजरा, मक्का में स्थिरता को बल। रसायन पदार्थ, रसीले फल व पदार्थ, किराना तेज।

आषाढ़-दिनांक 21 जून 2012 को आषाढ़ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 45 मुहूर्त्ती पुनर्वसु नक्षत्र व कर्क राशि अंतर्गत हो रहा है। उदित समय वर्ण श्वेत व दोनों शृंग (नोंक) समान होंगे। अतः गेहूं, जौ, चना, सूत के भावों में तेजी। रुई, सूत, सूती व रेशमी वस्त्र, सरसों, घी, तिल, तेल के भावों में तेजी। सोना, चांदी, गुड़, शक्कर के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। यदि आज उदित समय चन्द्रमा पर मंडल हो तो ज्वार, बाजरा, मक्का के भावें में मंदी। उड़द, मूंग, मसूर, अरहर में घटाबढ़ी से तेजी। गैस, सोनमक्खी के भावों में भी तेजी।

श्रावण-ता. 21 जुलाई 2012 ई. शनिवार को मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन मघा नक्षत्र व सिंह राशि के अंतर्गत हो रहा है। उदय काल में इसका वर्ण श्वेत रंग का होगा। अतः सोना, चांदी, स्टील, पीतल के भावों में तेजी। रुई, सूत, पाट, पटसन, बारदाना, शेयर्स, जूट के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी। गेहूं, जौ, चना, मटर के भावों में सुधार। उड़द, मूंग, मसूर घटाबढ़ी से गिरकर तेज। मक्का, ज्वार, पशुचारा के भावों में तेजी। सरसों, तिल, तेल, अलसी, सींगदाना, बिनौला, खोपरा के भाव भी आलस्य त्याग देंगे। गुड़, शक्कर, घी, चावल में स्थिरता। कालीमिर्च, उड़द, जीरा, कपूर, केसर तेज। जीवनोपयोगी वस्तुओं के भावों में भी तेजी बनेगी।

प्र० भाद्रपद-दिनांक 19 अगस्त 2012 ई. रविवार को प्र.भाद्रपद मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन पूर्वाफाल्गुनी, 45 मुहूर्त्ती व कन्या राशि अंतर्गत हो रहा है। उदित समय पीत वर्ण व इसके दोनों शृंग (नोंक) समान होंगे। जो कि प्रत्येक व्यापारिक जिन्स में तेजी का झटका देगा। राई, सूत, सूती वस्त्र, पाट, बारदाना, हैशियन, शेयर्स बाजार में तेजी को बल प्राप्त होगा। चांदी घटाबढ़ी से तेजी लेगी। रंग, रोगन, गेरू, मज्जा, अरहर, सोना के भावों में तेजी। लकड़ी, पत्थर, कोयला तेज। अन्न के भाव तेजी लेकर गिर जायेंगे। अन्न उत्पादन उत्तम होगा। गुड़, चीनी, घी में तेजी। सरसों, सींगदाना, अरण्डी, लाहा, करण्डा में तेजी। आलू, प्याज, अदरख के भावों में तेजी।

द्वि० भाद्रपद-दिनांक 17 सितंबर 2012 ई. सोमवार को द्वितीया (अधिक मास) का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन वृश्चिक राशि अंतर्गत व 15 मुहूर्त्ती है। अतः पारा, स्टील, पीतल में तेजी। शेयर्स बाजार में घटाबढ़ी से अच्छी तेजी व अच्छी मंदी के झटके आयेंगे। सूत, सन, पाट, बारदाना, वेजीटेबल, पशुचारा के भावों में तेजी। चांदी गिरकर सुधार ले। ऑवरेज में चलती लाईन में परिवर्तन।

आश्विन-दिनांक 17 अक्टूबर सन् 2012 ई. बुधवार को आश्विन मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन विशाखा नक्षत्र व वृश्चिक राशि अंतर्गत व 45 मुहूर्त्ती है। उदित समय दोनों शृंग (नोंक) समान व वर्ण श्वेत से बाजार में तेजी का माहौल रहेगा। रुई, सूत, पाट, बारदाना, जूट, पाट, हैशियन के भाव गिरकर तेज व सोना, चांदी, स्टील, तांबा घटाबढ़ी से तेज। ज्वार, बाजरा, मक्का, मौंठ, उड़द, चना, मघ, मसूर में तेजी को बल मिलेगा। धनियां, सौंठ, मिर्च, हींग, मेवा, गोला के भावों में तेजी।

कार्तिक-ता. 15 नवंबर 2012 ई. गुरुवार को मास का नवीन चन्द्रदर्शन ज्येष्ठा नक्षत्र अंतर्गत व 15 मुहूर्त्ती में हो रहा है। उदित समय उत्तरी शृंग (नोंक) ऊंची होगी जो घटाबढ़ी से समता को बल देगा। गुड़, शक्कर, घी, चीनी में मंदी। घी, सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, अरण्डी, लाहा, अलसी व रेशम के भाव गिरकर तेजी लेंगे। सोना, चांदी गिरकर तेज होंगे। ज्वार, बाजरा, मक्का, मौंठ, उड़द के भावों में नर्मी। दालवाना में सुस्ती व अनाजों में भी स्थिरता को बल मिलेगा। आलू, प्याज व कंद-मूल के भावों में सुधार। धनियां, सौंफ, सौंठ, हल्दी के भाव गिरकर सुधार लेंगे। पशुचारा, कोयला, गैस, लकड़ी के भाव तेज।

मार्गशीर्ष-दिनांक 14 दिसंबर 2012 शुक्रवार को मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्त्ती व उदय काल में इसका वर्ण श्याम (काला) होगा व दोनों शृंग (नोंक) समान होंगे। जो कि प्रत्येक जिन्स में घटाबढ़ी। सोना, चांदी, स्टील, पीतल, जस्ता व धातुवाना, शेयर्स में घटाबढ़ी से तेजी। अलसी, अरण्डी, सींगदाना, सोयाबीन, मूंगफली, खोपरा के भाव में गिरकर सुधार। रुई, सूत, सन, पाट, शेयर्स, हैशियन के भावों में तेजी। गुड़, घी, चीनी, चावलों के भावों में तेजी।

पौष-ता. 13 जनवरी सन् 2013 रविवार को पौष मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्त्ती से सोना, चांदी, जस्ता, शेयर्स व तांबा के भावों में तेजी। किसी-किसी धातुवाना में चमक। गुड़, शक्कर, घी, चीनी, चावल में नर्मी। रुई, सूत, कपास के भावों में तेजी। ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मसूर, अरहर, गेहूं के भावों में तेजी। इलायची, गुग्गल, कस्तूरी, केशर, चाय, दालचीनी के भावों में तेजी। सरसों, तिल, सोयाबीन तेल के भाव गिरकर सुधार लेंगे।

माघ-12 फरवरी सन् 2013 ई. सोमवार को माघ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 15 मुहूर्त्ती है। घी, चावल, धान के भावों में तेजी। रुई में 10, 15, 25 की तेजी। कपास में 3 से 15 तक की तेजी। शेयर, पाट, बारदाना, जूट, हैशियन, कपासिया के भाव उठकर गिर जायेंगे। उड़द, चना, मसूर के गिरे भावों में सुधार। ऊन व ऊनी वस्त्रों के भाव मंदी का मान करेंगे। हल्दी, जीरा, मिर्च, नारियल, गोला, सोयाबीन के भावों में तेजी। पोस्त, अफीम में भी तेजी।

फाल्गुन-दिनांक 13 फरवरी सन् 2013 ई. को फाल्गुन मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्त्ती है। उदित समय इसका वर्ण पीत होगा। अन्न के संग्रह को आयी तेजी में बेचकर लाभ लें, स्टॉक न रखें। शेयर्स, रुई, सूत, सन, ऊन, बारदाना में घटाबढ़ी से तेजी। गुड़, चीनी, खाण्ड, शक्कर के भावों में मंदी। ज्वार, बाजरा, ग्वार, अरहर, मूंग में घटाबढ़ी। सीसा, पीतल, स्टील, तांबा घटाबढ़ी से तेज। सोना स्थिर, चांदी तेज। जीरा, कालीमिर्च व गुग्गल, अदरक, दालचीनी के भावों में नर्मी। रक्त वर्ण की वस्तुओं में मासान्त तक तेजी।

लेखक-पं. अनिल कुमार व्यास

सन् 2012 में ग्रहों का शेयर्स मार्केट पर प्रभाव

जनवरी-ता. 4 धनु के शुक्र योग से शीत प्रकोप, केमीकल्स, रसायन, साफ्टवेयर, इलेक्ट्रिकल्स व इंजीनियरिंग, वित्तीय संस्थानों के शेयर्सों में तेजी। ता. 5 जनवरी तिथि वृद्धि भावों में मंदी। ता. 9 सोमवासरी पूर्णिमा घटाबढ़ी से मंदी का झटका। ता. 10 भावों में घटाबढ़ी से गिरकर सुधार। ता. 14 मकर संक्रांति शनिवासरी से आयरन, धातु, मेडीसन, रसायन, इजी0, विद्युत, काली जिन्सों के शेयर्सों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 18 जनवरी योगक्षय से भावों में एकतरफा तेजी का झटका। ता. 23 सोम माघी अमावस्या सभी चुनिन्दा शेयर्सों के भावों में मंदी। ता. 24 मंदी का दौर। ता. 28 पंचमी शनि. योग भाव गिरकर तेजी। ता. 30 घटाबढ़ी से तेजी। माह की ता.1, 3, 5, 8, 9, 13, 16, 19, 22, 24 को सामान्य तेजी।

फरवरी-ता. 1 भाव दोपहर बाद गिरकर सुधार लेंगे। ता. 3 मीन के शुक्र घटाबढ़ी से मंदी का झटका। ता. 7 भौमवासरी पूर्णिमा लगभग सभी शेयर्सों में सुधार। चुनिन्दा शेयर्सों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 8 शनि वक्री भारत के कई राज्यों में हिंसक घटनायें, अफवाहों के जोर से मंदी का योग। ता. 13 कुंभ संक्रांति सोमवासरी है, अत: दो दिन तक घटाबढ़ी से भावों में मंदी। ता. 17 तिथि क्षय घटाबढ़ी से सुधार। ता. 21 मंगलवासरी अमावस्या से तेजी। ता. 24 फरवरी तिथि वृद्धि भावों में मंदी। ता. 28 मेष के शुक्र योग से धातुवाना, आयल, स्टील, चुनिन्दा वित्तीय संस्थानों के शेयर्सों में तेजी।

मार्च-ता. 2 भावों में घटाबढ़ी तो होगी, लेकिन मान तेजी में रहेगा। ता. 8 गुरु वासरी पूर्णिमा भावों में मंदी को बल प्रदायक है। ता. 10 मार्च दो दिन के अंदर घटाबढ़ी से तेजी। ता. 14 मीन संक्रांति भावों में मंदी का योग। ता. 12 को बुध वक्री से सभी प्रमुख चुनिन्दा लाईनों में तेजी का झटका। ता. 17 मार्च मंदी का योग। ता. 22 गुरु वासरी अमावस्या मंदी कारक है। ता. 24 भावों में सायं तक एकतरफा तेजी। ता. 28 तिथि वृद्धि दो दिन तक बाजार सुस्त रहेंगे।

अप्रैल-ता. 2 कुंभ के बुध भावों में घटाबढ़ी से गिरकर सुधार। ता. 5 चतुर्दशी क्षय सतर्कता से काम करें। भावों में अच्छी तेजी का योग। ता. 8 योग क्षय से तेजी। ता. 13 दोपहर बाद गिरकर तेजी। ता. 15 राहु-केतु का नक्षत्र परिवर्तन से दो दिन तक विशेष घटाबढ़ी का योग। मेष संक्रांति भी तेजी कारक है। ता. 21 शनिश्चरी अमावस्या दो दिन तक तेजी का योग। ता. 24 चलती लाईन में परिवर्तन। ता. 26 गिरे भावों में सुधार। ता. 27 अप्रैल भावों में मंदी का योग।

मई-ता. 2 मई दो दिन के अंदर तेजी। ता. 5 मेष के बुध भावों में घटाबढ़ी से गिरकर सुधार। ता. 7 तिथि क्षय से तेजी का योग। ता. 10 मई बुध अस्त तीन दिन के अंदर घटाबढ़ी से तेजी। ता. 14 वृष संक्रांति भावों में आज मंदी का रुख रहेगा। ता. 15 शुक्र वक्री मंदी का योग। ता. 18 वृष के शुक्र योग भावों में एकतरफा तेजी का योग। ता. 19 मई भावों में दोपहर बाद गिरकर तेजी। ता. 21 मई तिथि वृद्धि दो दिन के अंदर अच्छी मंदी का योग। ता. 24 मई तेजी। ता. 30 मई गुरु उदय धातुवाना, शेयर्स, मेडीसन, रसायन, इंजी0, स्टील, चाय व वित्तीय संस्थानों से जुड़े शेयर्स तेज।

जून-ता. 1 जून तिथि क्षय दो दिन तक बाजार में तेजी। ता. 4 जून सोमवासरी पूर्णिमा भावों में स्थिरता को बल। ता. 5 बुध उदय प्राकृतिक प्रकोप भावों में विशेष घटाबढ़ी, अनिश्चितता का माहौल। ता. 8 जून भावों में तेजी। ता. 11 मंदी का झटका। ता. 14 जून मिथुन संक्रांति एक सप्ताह के अंदर मंदी। ता. 19 जून भौमवासरी अमा0 घटाबढ़ी से तेजी। ता. 22 जून कन्या के भौम धातुवाना, शेयर्स तेज। ता. 26 जून शनि मार्गी भावों में मंदी का योग। ता. 30 जून शनिवासरी एकादशी भावों में दो दिन तक तेजी का माहौल। विशेष रिपोर्ट मंगाकर लाभ लें।

जुलाई-ता. 1 चतुर्दशी क्षय सतर्कता से काम करें। भावों में तेजी व किसी-किसी शेयर्सों में विशेष तेजी। ता. 3 जुलाई तेजी। ता. 7 जुलाई भावों में सायं तक मंदी। ता. 13 चार दिनों के अंदर सभी चुनिन्दा शेयर्सों में मंदी का झटका । ता. 16 जुलाई सोम कर्क संक्रांति घटाबढ़ी से मंदी। ता. 19 जुलाई गुरुवासरी अमा0 मंदी को बल देगी। ता. 24 जुलाई तिथि क्षय गिरे भावों में सुधार। ता. 29 जुलाई भावों में घटाबढ़ी से तेजी । वायु प्रकोप।

अगस्त-ता. 1 अग. भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 4 तीन दिन के अंदर भावों में अच्छी तेजी का झटका। घटाबढ़ी विशेष होगी। सतर्कता से कार्य करें। ता. 11 भावों में तेजी। ता. 14 अग. तुला के मंगल भावों में गिरकर तेजी देंगे। ता. 16 अग. सिंह संक्रांति भावों में घटाबढ़ी देगी। ता. 17 तेजी। ता. 20 भावों में मंदी का झटका। ता. 25 तिथि क्षय दो दिन के अंदर घटाबढ़ी से तेजी। ता. 30 अग. बुधास्त अच्छी तेजी की लाईन। प्रथम पांच दिन तेजी, चार दिन मंदी। रुख देखकर कार्य करें।

सितंबर-ता. 1 कर्क के शुक्र से दैत्यगुरु यदा कर्के से प्राकृतिक प्रकोप, बाजार चाल में सर्पमुखी चाल से तेजी। ता. 8 अष्टमी तिथि वृद्धि से भावों में दो दिन के अंदर मंदी का झटका। ता. 16 कन्या संक्रांति भावों में एक सप्ताह के अंदर तेजी का झटका। ता. 19 योग क्षय तेजी को बल मिले। ता. 21 भावों में नर्मी रहेगी। ता. 28 भावों में दोपहर बाद सुधार, सायं तक तेजी का योग।

अक्टूबर-ता. 1 तुला के बुध तीन दिन के अंदर तेजी। ता. 5 शनि अस्त राजनैतिक अस्थिरता या प्राकृतिक प्रकोप से भाव गिर सकते हैं। ता. 10 चित्रा के सूर्य भावों में तेजी का योग। ता. 15 सोमवती अमा0 तीन दिन तक भावों में मंदी का योग। ता. 18 तीन दिन तक तेजी का योग। ता. 23 भावों में दोपहर बाद मंदी का झटका। ता. 28 भावों में घटाबढ़ी से तेजी, मासांत में मंदी।

नवंबर-ता. 1 भावों में घटाबढ़ी से मंदी का माहौल। ता. 8 शनि उदय लगभग सभी चुनिन्दा शेयर्सों के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 13 भौमवासरी दीपावली से शेयर्स बाजार में आकर्षता का माहौल घटाबढ़ी। विशेष सतर्कता से कार्य करें। ता. 15 नक्षत्र क्षय सायं तक गिरे भावों में सुधार। ता. 17 भाव गिरकर तेजी लेंगे। ता. 25 दो दिन के अंदर भावों में मंदी का झटका। ता. 30 भावों में घटाबढ़ी लेकिन कोई विशेष अंतर नहीं।

दिसंबर-ता. 2 भावों में नर्मी, ता. 8 सतर्कता से कार्य करें, घटाबढ़ी से तेजी। ता. 13 गुरुवासरी अमा0 मंदी का योग। ता. 15 दोपहर बाद एकतरफा तेजी की लाईन। शनिवासरी धनु संक्रांति तेजी का योग विशेष। ता. 21 सायं तक गिरे भावों में सुधार। ता. 25 तीन दिनों के अंदर मंदी का योग। ता. 28 शुक्रवासरी पूर्णिमा दो दिन के अंदर तेजी।

विशेष-ता. 8 फरवरी से शनि वक्री हो रहे हैं। अत: अच्छी व लम्बी तेजी का योग 50 दिनों तक। तेजी दिनांक 3, 9, 10, 21, 25 जनवरी, ता. 3, 8, 9, 15, 16, 17, 19, 28, 29 फर., 3, 10, 11, 16, 24, 25 मार्च, 3, 5, 7, 12, 13, 19, 20, 29, 30 अप्रैल, ता. 6, 7, 10, 11, 13, 14, 15, 24, 26, 29, 30 मई, 1, 2, 7, 8, 11, 18, 24, 25, 30 जून, 2, 5, 9, 16, 18, 24, 25, 28 जुलाई, 3, 4, 10, 15, 23, 25, 26, 28 अग., ता. 4, 6, 10, 15, 17, 19, 24, 29 सितं., 5, 6, 9, 13, 21, 25, 28 अक्टू., 3, 8, 13, 14, 21, 25, 30 नवं., 1, 7, 8, 9, 11, 14, 15, 20, 24, 28 दिसं.। शेयर्स बाजार की जानकारी पूर्णतया ग्राफ पर आधारित है। परन्तु शेयर्स बाजार में कुछ अन्य जैसे राजनैतिक परिवर्तन, अस्थिर, मौसम परिवर्तन, प्राकृतिक प्रकोप, धार्मिक उन्माद आदि बाजार को प्रभावित करते हैं। तथा स्वयं दलाल की ग्रह दशा, अंतर्दशा आदि से भी बाजार प्रभावित होता है। अत: स्वयं दशा का उपाय करें। तो लाभ प्राप्ति संभव है। व्यापार में लाभ के लिए वर्ष 2012 ई. का भविष्यफल 251 रु0, दिनांकानुसार तेजी-मंदी रिपोर्ट 551 रु0, वार्षिक 5100 रु0, डाक सेवा के लिए 50 रु0 पृथक लगते हैं व मिलने से पहले समय लें। समस्या समाधान हेतु पत्र व्यवहार जबावी करें। सेवा नि:शुल्क।

निर्देशक-डा. वसंत लाल व्यास, लेखक-पं. अनिल कुमार व्यास
श्री अम्बा ज्योतिष पीठ, राया (मथुरा) उ. प्र.-281204
सम्पर्क सूत्र-, 05663-273353, 273492
मो. 09720686322, 09897157276

व्यापारिक जिन्सों की तेजी-मंदी लाईनों का ब्यौरा सन् २०१२ ई.

जनवरी 2012-ता. 3 जनवरी **धनिष्ठायां शुक्रे** से उड़द, ज्वार, बाजरा, मूंग, मौंठ, सोना, चांदी, रुई के भावों में तेजी। गेहूं, जौ, बाजरा, चना के भाव नर्मी में रहेंगे। ता. 4 पौष शुक्ला 11 कृतिका युक्त है। अत: लाल रंग की वस्तुओं के व्यापार में लाभ। ता. 9 जनवरी **कुंभ राशौ स्थिते शुक्रे** से हर वस्तु के भावों में मंदी का रुख दिखाई देगा। रुई, चांदी, गुड़, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा व सफेद जिन्सों में मंदी का झटका। ता. 12 जनवरी पू.षा. के बुध अनाज, सोना, चांदी के भावों में तेजी। खल-बिनौला के भावों में तेजी। ता. 14 मकर संक्रांति शनिवासरी 45 मुहूर्त्तों से गेहूं, जौ, चना, कपास में घटाबढ़ी से तेजी। शक्कर, गुड़, सरसों, अलसी, मूंगफली में तेजी के बाद मंदी। मक्का, ज्वार, बाजरा, तेल, लालमिर्च, लाल चंदन, हल्दी, केशर, चावल, चना, सिंघारा में तेजी के बाद मंदी। रुई, सूत, सन, बिनौला, जस्ता, पीतल, तांबा के भावों में घटाबढ़ी। ऊन, रेशम तेज, सोना तेज, चांदी घटाबढ़ी से नर्मी। ता. 21 जन. उ.षा. के बुध से गेहूं, जौ, चना, उड़द के भावों में तेजी। सोना, चांदी, तांबा, पीतल के भावों में घटाबढ़ी। ता. 23 जनवरी **निशापतेश्च तनय: शनि क्षेत्रे यदा भवेत्** से रुई, सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना के भाव घटाबढ़ी से समता को बल देंगे व सोमवती अमावस्या भी सभी चुनिन्दा शेयर्सों के भावों में घटाबढ़ी से मंदी का मान करा देगी। ता. 24 जनवरी चन्द्रदर्शन मंगलवासरी से अन्न व वायदा व्यापार में तेजी का रुख। रुई मंदी लेकर तेज। गुड़, सरसों, मूंगफली के भावों में तेजी। ता. 30 जनवरी **अष्टमी कृतिका** युक्त से फागुन में अनाजों के भावों में तेजी आयेगी। श्रवणे बुध योग से गुड़, अलसी, चावल, चना के भावों में तेजी।

विशेष-सोमवती तीनउ बुरी सावन, कार्तिक माह। गुण करती अवगुण करें, सुन लो सब साह॥ माघ बदी दोयज या तीज वृहस्पतिवार। उत्तम वर्षा शांति सुख, बाढ़ै मंगलाचार॥

फरवरी-ता. 2 फरवरी **मीन राशि गते शुक्रे** से चांदी गिरकर तेज। अनाज, सरसों, तेल, तिल, अलसी, गुड़, खाण्ड, बिनौला के भावों में मंदी। रुई में घटाबढ़ी चलेगी। ता. 6 **धनि.** के बुध से एक सप्ताह के अंतर्गत चावल तेज। सोना, चांदी, रुई में घटाबढ़ी से मंदी का झटका। सोना, चांदी, शेयर्स, अनाजों के भावों में तेजी। ता. 8 फरवरी को शनि वक्री से शेयर्स बाजार धाराशायी। सोना, चांदी के भावों में तेजी। ता. 14 फरवरी कुंभ संक्रांति 15 मुहूर्त्तों से गेहूं, चना, जौ, चावल, मटर, उड़द, मूंग, लकड़ी, कोयला, सफेद वस्त्र, सूत, कपास के भावों में तेजी। घी, मक्का, ज्वार, बाजरा, अरहर, लोबिया, मसूर, ऊन के भावों में मंदी। सोना, चांदी, जस्ता, रांगा, पीतल के भाव तेजी लेकर गिर जायेंगे। तिल, तेल, अलसी, इलायची, कालीमिर्च, लालमिर्च, जीरा के भावों में घटाबढ़ी। ता. 16 फरवरी **रेवती के शुक्र** योग से रुई, कपास, चांदी, चावल, चन्दन, कपूर व सुगन्धित द्रव्य पदार्थ, गुड़, खाण्ड, शक्कर के भावों में मंदी। ता. 21 फर. फाल्गुनी अमावस्या भौमवासरी से अल्पवृष्टि, दूध, दही, घी, चीनी, फल, रसीले पदार्थ के भावों में तेजी। सोना घटाबढ़ी से तेज। ता. 23 फरवरी चन्द्रदर्शन गुरुवासरी व 30 मुहूर्त्तों से दो दिन के अंदर घटाबढ़ी। रुई, सूत, सूती व ऊनी वस्त्र रेशमी वस्त्रों, सरसों, घी, तेलों के भावों में तेजी। सोना, चांदी, खाण्ड, गुड़ के भावों में मंदी। ता. 28 फरवरी मेषे आश्विने शुक्रे से **दैत्यगुरुर्यदा मेषे सर्वधान्य महर्घता** से ज्वार, बाजरा, चांदी व दालें, गुड़, खाण्ड, पाट, जूट, बारदाना के भावों में तेजी। व 10 दिन के अंदर तिल, तेल, अलसी, सरसों, घी, चावल, ज्वार, मिर्च, सूत के भावों में तेजी। रुई गिरकर तेज। ता. 29 फर. उ.भा. के बुध से चांदी के भावों में घटाबढ़ी। रुई, गुड़ व अनाजों के भावों में समता।

विशेष-षष्ठी फागुन बदी में, चित्रा करे सुभिक्ष। यदि स्वाती नक्षत्र तो, तीन मास दुर्भिक्ष॥ कृष्ण पक्ष में तिथि घटे, शुक्ल पक्ष बढ़ जाय। एक चीज तो क्या बढ़े, सभी चीज बढ़ जाय॥

मार्च-मास में गुरु-शुक्र के मिलन से घी, किराने के भावों में तेजी। ता. 2 मार्च चांदी, सोना, धातुवाना, हीरा, माणिक, जवाहरात, चावल, जौ, उड़द, तिल, मूंग, तुअर, चना, लाख, ऊन, चमड़ा के भावों में घटाबढ़ी से मंदी का झटका। ता. 8 फाल्गुनी पूर्णिमा गुरुवासरी से अन्न व धान्यों के भावों में घटाबढ़ी। ता. 11 मार्च तिथि क्षय से आज जनरल लाईन में तेजी। सोना तेज। चांदी में घटाबढ़ी। शेयर्स बाजार में तेजी व भरणी के शुक्र से 12 दिनों के अंदर सोना, चांदी, अफीम, लालमिर्च, सरसों, तिल, तेल, घी, उड़द, नारियल के भावों में मंदी। मूंग, मौंठ, उड़द, तुअर के भावों में घटाबढ़ी। रुई के भावों में तेजी। ता. 14 मार्च मीन संक्रांति 15 मुहूर्त्तों व बुधवासरी से गेहूं, जौ, चना, मक्का, ज्वार, बाजरा, दूध, लालचंदन, रुई के भावों में समता को बल। गुड़, शक्कर, सोना, चांदी, जीरा, तम्बाकू तेजी लेकर गिर जायेंगे। कपास, मिर्च, हल्दी, नमक, खोपरा, छुआरा के भावों में घटाबढ़ी। लौंग, कालीमिर्च, नारियल, जावित्री, जायफल गिरकर तेजी लेंगे। सरसों, राई, घी में तेजी। लोहा, तांबा, पीतल, जस्ता, रंग के भावों में तेजी। (इस संक्रांति में गल्ला भरने में कोई फायदा नहीं, फौरन खरीद-फरोख्त में लाभ) ता. 19 मार्च भरणी 2 गुरु से सोना, चांदी, धातु, हीरा, मजीठ, जवाहरात, मूंग, तुअर, मौंठ, दांख, चना, लाख, ऊन, चमड़ा के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 21 मघा के मंगल से मूंग, मौंठ, उड़द, चना, सरसों, राई, गेहूं व अनाजों के भावों में तेजी का योग। रुई, सूत, वस्त्र, चांदी, सोना, सरसों, आयरन, मेडीसन व रसायन, बैंकिंग, हेवी इंजीनियरिंग शेयर्सों के भावों में तेजी। किसी-किसी शेयर्स में तेजी का झटका।

विशेष-चैत सुदी पड़वा दिना, सोम, शुक्र, गुरुवार। बढ़ै धान्य धन सम्पदा, सुखी रहे संसार॥ पड़वा पांचै चतुर्दशी, शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मंदी करे, तेजी हो जब छीन॥

अप्रैल-ता. 2 अप्रैल **कुंभ राशौ बुध** से अलसी, रुई, चांदी के भाव घटाबढ़ी से तेज। घी, तेल, रसीले फल, डीजल, पैट्रोल, जीवन रक्षक उपयोगी वस्तुओं के भावों में तेजी। सोना घटाबढ़ी से तेज। शेयर्स बाजार में भी घटाबढ़ी। ता. 6 चतुर्दशी क्षय से तेजी व मीन राशि में बुध का प्रवेश योग से रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मंदी। सोना, चांदी घटाबढ़ी से तेज। बिनौला तेज। ता. 7 रोहिणी के शुक्र योग से 12 दिनों के अंतर्गत सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल व समस्त धातुवाना, रसायन, मेडीसन, इंजी. से जुड़े शेयर्सों के भावों में तेजी। अलसी, अरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, दांख, छुआरा, सुपारी, नारियल, ऊन के भावों में मंदी। अफीम के भावों में भी तेजी का झटका। ता. 13 मेष संक्रांति 15 मुहूर्ती शुक्रवासरी से रुई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, सभी प्रकार के फल, खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी के भावों में तेजी। गेहूं, चावल, मूंग, अरहर, जौ, चना, मटर के भावों में मंदी का झटका। ता. 15 को राहु-केतु का नक्षत्र परिवर्तन, सूर्य के ताप में वृद्धि व भावों में तेजी को बल मिलेगा। ता. 19 वृष के मंगल मार्गी होने से मूंगा, मोती, हीरा, माणिक, घी, धातु, गेहूं, चना, तिल, तेल, सरसों, रुई, कपास, गुड़, खाण्ड के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 21 वैशाखी अमावस्या शनिवासरी से धातुवाना, शेयर्स व सभी प्रकार की धातुओं में तेजी। ता. 22 चन्द्रदर्शन रविवासरी से ऑवरेज में मंदी। गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी। रुई में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 26 भरणी के सूर्य से रुई, अलसी में मंदी। सोना, चांदी, तांबा, पीतल के बर्तन, चादर, गेहूं, जौ, चना, चावल, मौंठ, अलसी, राई, सरसों, गुड़, घी, खाण्ड के भावों में तेजी।

विशेष-जेहि पखवारे तिथि बढ़ै, वाही में घट जाय। सभी वस्तु मंदी रहे, महंगाई हट जाय॥ बदी चौदश वैशाख में, गुरु अथवा भृगुवार। उत्तम उपजेगी फसल, मंदा चले बाजार॥

मई-मासारंभ में नमक, घी, किराना, तिल, तेल, रसीले फल व पदार्थों के भावों में तेजी। ता. 4 मेष राशि के बुध योग से मूंगा, मोती, हीरा, जवाहरात, सभी प्रकार की धातुएं, गेहूं, जौ, चना, तिल, तेल, सरसों के भावों में घटाबढ़ी से भाव नर्म रहेंगे। ता. 10 मई को बुधास्त से अनाजों के भावों में घटाबढ़ी से अच्छी मंदी या तेजी की लाईन निकल सकती है 15 दिनों के अंदर घी, रुई, सोना, चांदी, अलसी, अरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मौंठ, चावल, सरसों, राई के भावों में तेजी। ता. 11 मई मिथुने च यदा शुक्रे से गेहूं, जौ, चना, चावल, चांदी में विशेष तेजी कारक है। रुई, पाट, वारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में नर्मी। गुड़ व घी में अच्छी घटाबढ़ी की लाईनें चलेंगी। ता. 14 वृष संक्रांति सोमवासरी से जौ, चना, गेहूं, मटर,बादाम, सुपारी, मूंग, चावल में तेजी। शेयर्स बाजार किसी अफवाह के कारण गिर सकता है। सोना, चांदी, कॉपर में तेजी। ता. 18 वृष के शुक्र योग से रुई, कपास में अच्छी मंदी। सोना, चांदी घटाबढ़ी से गिरकर तेज। अनाजों के भावों में घटाबढ़ी से सुस्ती रहेगी। ता. 21 प्रतिपदा वृद्धि से शेयर्स, सोना, चांदी के भावों में मंदी चलेगी। ता. 26 रोहिण्यां बुधे से एक सप्ताह के अंदर कपास, रुई, सूत, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़ के भावों में तेजी। राई, तुअर, सन, ऊनी व रेशमी वस्त्रों के भावों में तेजी का झटका। ता. 30 मई को गुरु उदय से अनाजों के भावों में तेजी। रस, घी, किराना तेज।

विशेष-जेठ मास में सूर्य सह, पांच ग्रह एक संग। सावन सूखा जायेगा, मंत्री मंडल भंग॥ एक राशि यदा यांति, चत्वारः पंच खेचरा। प्लावयंति मही सर्वा, रुधिरेण जलेन वा॥

जून-ता. 3 जून रोहिणी के शुक्र से 12 दिनों के अंदर सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, सरसों, घी, तेल, खाण्ड, दाख, छुआरा, सुपारी, नारियल, ऊन के भावों में घटाबढ़ी से नर्मी का रुख रहेगा। ता. 4 ज्येष्ठ पूर्णिमा सोमवासरी है। **बुधो मिथुन राशिस्थो** से सरसों व तारामीरा में घटाबढ़ी। सोना, चांदी नर्म। चौपायों पशुओं के भावों में तेजी। ता. 5 को बुधोदय हो रहे हैं अतः एक महीने पश्चात अन्न के भावों में तेजी। ता. 7 जून को **मृगे सूर्ये** से रुई, सूत, सन, शेयर्स, कपूर व कस्तूरी, चंदन, सोना, चांदी, उड़द, मूंग, मौंठ, चना, अलसी व जलीय पदार्थ, नारियल के भावों में तेजी। किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी। ता. 14 को मिथुन संक्रांति गुरुवासरी 30 मूहूर्ती से आलू, प्याज, लहसुन, फल-फूल, पाट, शेयर्स, वारदाना, रुई, सरसों, सूत, तिल, तेल, गुड़, चीनी, घी, मूंग, उड़द, गेहूं, चना व सभी प्रकार के अनाज, सोना, चांदी में तेजी। सतर्कता से कार्य करें, तेजी की लम्बी लाईन भी निकल सकती है। ता. 21 जून को आर्द्रा में सूर्य का प्रवेश रुई, सूत, सन, खल, अलसी, अरण्ड, गेहूं, चना, चांदी में तेजी करायेगा। सोना के भावों में घटाबढ़ी व कर्क राशि के बुध से रुई में करीब 15 रुपये की मंदी व चांदी के भावों में घटाबढ़ी से 2 रुपये की तेजी। गुड़, दूध, तिल, तेल, मूंगफली, सरसों, सोना तेजी लेकर मंदी का मान करेंगे। ता. 28 को शुक्र मार्गी से गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी एक महीने पश्चात तेजी।

विशेष-पौष मास वैशाख या सावन या आषाढ़। भयकारी बुध का उदय, अस्त होय सुख बाढ़॥ जेहि पखवारे तिथि बढ़े, वाही में घट जाय। सभी वस्तुयें मंदी रहें, महंगाई हट जाय॥

जुलाई-ता. 3 पूर्णिमा मंगलवासरी व चतुर्दशी क्षय से सोना, चांदी, अनाजों व शेयर्स बाजार में तेजी का माहौल रहेगा। ता. 5 पुनर्वसु के सूर्य से रुई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, अरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारू, तिल, ज्वार, मौंठ, बाजरा, चावल, उड़द, नमक, सब्जी, माजू, केशर, नील, सौंठ, गुग्गल व सुगन्धित पदार्थों के भावों में तेजी। ता. 11 हस्त के मंगल 21 दिनों के अंदर अनाज, घी, गुड़, खाण्ड, नमक के भावों में तेजी। ता. 16 कर्क संक्रांति सोमवासरी से रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, शक्कर, तिल, तेल, नारियल, सरसों, सोना, चांदी के भावों में तेजी। गेहूं, जौ, चना, उड़द, अरहर, मूंग, मौंठ के भावों में नर्मी। ता. 19 पुष्ये रवि से दो सप्ताह के अंदर तिल, तेल, सरसों, गुड़, मध, खाण्ड, चावल, ज्वार, बाजरा, सुपारी, गुग्गल, मोम, हल्दी, लाख, सन, ऊनी वस्त्र, सोना, चांदी, शेयर्स के भावों में तेजी। रुई घटाबढ़ी से तेजी लेकर गिर जायेगी। ता. 21 चन्द्रदर्शन शनिवासरी से अगले महीने में अन्न के भावों में तेजी का संकेत, रुई, वस्त्र, सूत, सन, चांदी, मूंगफली व अनाजों व शेयरों के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 26 बाजार में तेजी का माहौल रहेगा। ता. 31 **मिथुने च यदा शुक्रे** से गेहूं, जौ, चना में तेजी। चावलों में अच्छी तेजी का झटका। रुई, पाट, वारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में तेजी। किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी। गुड़, घी में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। रस, घी, किराना में तेजी।

विशेष-श्रावण बदी तीज में पंचक लगे जो आन। जल उपद्रव रुके नहीं, कष्ट होय महान॥ सावन शुक्ला पक्ष में, होय तिथि कोई नाश। छत्र भंग का योग है, आगे कार्तिक मास॥

अगस्त-ता. 1 को शनिदेव कन्या राशि त्यागकर तुला में प्रवेश करने से रुई, गुड़, सभी प्रकार के अनाजों में तेजी। शेयर्स बाजार में काफी घटाबढ़ी से अच्छी तेजी। रस, घी, किराना, तिल, तेल में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 3 चित्रा के मंगल दो सप्ताह के अंदर जौ, चना, गेहूं, सोना, चांदी व पीतल के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. 8 बुध मार्गी व आर्द्रा के शुक्र से गेहूं व अन्य अनाजों के भावों में अकस्मात् मंदी का झटका। रसायन, मेडीसन से जुड़े शेयर्स, तेल, औषधियों के भावों में भी तेजी। ता. 13 **भूमिपुत्रोस्तुले जातः** से सभी प्रकार के अनाजों, अलसी, रुई, बिनौला, मूंगफली, मूंग, दलहन, गुड़, खाण्ड के भावों में तेजी। शेयर्स तेज। सोना तेज। चांदी में सुधार। ता. 16 **सिंहस्थे च दिवाकरे** सिंह संक्रांति से सभी प्रकार के धान्य, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, रसीले पदार्थ, फल, सोना के भावों में तेजी। वर्षा में कमी। ता. 19 चन्द्रदर्शन रविवासरी व 45 मुहूर्ती से ऑवरेज में मंदी। गुड़, तेल, सोना, चांदी में घटाबढ़ी से तेजी। रुई के भावों में मंदी का झटका। ता. 22 पुनर्वसु के शुक्र से बिनौला तेज। सूत, रुई, कपास, मोती, कपूर, चांदी के भावों में मंदी का झटका। ता. 28 सिंह राशि में बुध के प्रवेश से चांदी, सोना, रुई, सूत, ऊनी वस्त्र, देवदारू, खट्टे पदार्थ, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर व रसीले पदार्थों में मंदी। अनाज के भावों में घटाबढ़ी तो होगी लेकिन भाव स्थिरता पर बल देंगे। ता. 31 अग. पू.फा. के सूर्य से दो सप्ताह के अंतर्गत जीरा, सोना, सूत, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, कपड़ा के भावों में तेजी।

विशेष-एक राशि पर होय जब, बुध शुक्र और सूर। वर्षा की कमती करे, तेजी होय भरपूर॥ अनुराधा सुदी सप्तमी आवै भादव मास। यदि उस दिन वर्षे नहीं, तो आगे छोड़ो आस॥

सितंबर-ता. 1 **दैत्यगुरु यदा कर्के** से सोना, चांदी, रुई, अलसी, अरण्ड, गुड़, खाण्ड, शक्कर के भावों में तेजी। चांदी, गेहूं, अरहर, मटर में घटाबढ़ी से मंदी। चाय के भावों में 1 महीने के अंतर्गत तेजी का झटका। ता. 5 **पुष्य के शुक्र** से रुई, सूत, सन, रेशम, ऊन व धान्य के भावों में तेजी। लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में नर्मी। ता. 13 सितं. **कन्या राशि गतेज्ञेहि** से 6 महीने तक सोना, शक्कर में तेजी के बाद मंदी। गेहूं, गुड़, चना, शक्कर, खाण्ड व हल्दी के भावों में तेजी। ता. 16 कन्या संक्रांति रविवासरी से गेहूं, जौ, चावल, चना, अनाजों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी के भावों में तेजी। घी, तिल, तेल के भावों में घटाबढ़ी से अच्छी तेजी व मंदी की लाईनें निकलेंगी। ता. 19 चन्द्रदर्शन से ऑवरेज में मंदी। गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी। रुई के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 22 पुनर्वसु के शुक्र से 10 दिन के अंदर धान्य व बिनौला के भावों में तेजी। सोना, चांदी, रुई, कपास के भावों में मंदी का झटका। ता. 28 **वृश्चिक राशौ गते भौमे** से धान्य के भावों में समता। सोना और देवदारू के भावों में तेजी। चांदी, सोना, सूत, रुई, ऊनी वस्त्र, देवदारू, खट्टे पदार्थों के भावों में तेजी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, रसीले फल व रस पदार्थों के भावों में मंदी। अनाज के भाव सम। ध्यान रहे मंगल+राहु की युति से सोना में विशेष तेजी।

विशेष-पड़वा पांचै चतुर्दशी, शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मंदी करे, तेजी हो जब छीन॥ शुक्ल पक्ष सावन कभी कोई तिथि का नाश। छत्र भंग का योग है, आगे कातिक मास॥

अक्टूबर-ता. 1 **यदा च तुलाराशिस्थौ निशाकर सुत** से रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, अफीम के भावों में तेजी। अलसी, अरण्डी, चांदी, बिनौला, मूंगफली के भावों में घटाबढ़ी से मंदी। ता. 5 को गुरु वक्री व ता. 6 को शनि वक्री होने से सोना, घी, तेल व पशुओं के भावों में तेजी। ता. 10 अक्टूबर चित्रा के सूर्य से दो सप्ताह के अंतर्गत सूत, सोना, चांदी, मोती, रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, चना, तिल, तेल, नारियल, सन, केशर, कपूर, लालमिर्च, लाल वस्त्रों व मसूर के भावों में तेजी। ता. 16 अक्टूबर तुला संक्रांति मंगलवासरी व 45 मुहूर्ती से गेहूं, जौ, चना, कुल्थी, नमक, मिर्च, हल्दी, नारियल, जायफल, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, लोहा, उड़द, मूंग, मौंठ, ज्वार, बाजरा के भाव घटाबढ़ी से समता को बल देंगे। अरहर, रुई, वस्त्र तेज। चौपाये पशु व कंगनी चावल के भावों में मंदी। ता. 22 **बुधोवृश्चिक राशिस्थौ** से घी, तेलों के भावों में तेजी। प्रजा में सुख, सौभाग्य की वृद्धि, अफीम व अनाजों के भावों में मंदी। ता. 27 **कन्या राशि गते शुक्रे** से तीन सप्ताह के अंतर्गत प्राकृतिक प्रकोप से फसल हानि, चावलों में विशेष तेजी। रुई, पाट, वारदाना, कालीमिर्च, सोना में मंदी। गुड़, खाण्ड में भी मंदी का झटका। ता. 31 **हस्ते शुक्र** से रुई, चांदी, चावल नर्म। अनाज यदि मंदा हो तो संग्रह से लाभ। सोना, चांदी, शेयर्स तेज। गुड़, शक्कर में घटाबढ़ी योग। हरी घास, फूल, सब्जी के भावों में तेजी।

विशेष-सोमवती अमावस पड़े, कभी जो आश्विन मास। अन्न गुड़ खाण्ड तेल में, मंदी का है आभास॥ किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाय। ग्राहक मांगे मूंग घी, विक्रेता नट जाय॥

नवम्बर-ता. 2 तिथि वृद्धि से आज जनरल लाईन में घटाबढ़ी से मंदी। सोना तेज, चांदी उठकर गिर जायेगी। ता. 5 विशाखा के सूर्य से दो सप्ताह के अंतर्गत जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, तिल, तेल, सरसों, अरण्ड व अफीम के भावों में तेजी। अलसी, चांदी घटाबढ़ी से तेज। ता. 8 को बुधास्त व शनि उदय से बाजार में तेजी का माहौल। गेहूं व रसीले पदार्थों के भावों में तेजी। सोना, चांदी नरम। लोहा, इस्पात, मेडीसन, रसायन, पेट्रोलियम व धातुवाना से जुड़े शेयर्स के भावों में तेजी। ता. 9 **धनराशि गते भौमे** से जड़ीय पदार्थ, लकड़ी, घी, कपास और पशुओं के भावों में तेजी। रुई घटाबढ़ी से तेज। सरसों, तिल, तेल के भावों में तेजी आयेगी। ता. 13 अमावस्या भौमवासरी से बाजार में तेजी का माहौल। ता. 15 वृश्चिक संक्रांति गुरुवासरी से गुड़, खाण्ड, शक्कर, लालमिर्च, गेरू, कलई, नारियल, जायफल, रुई, तिल, तेल, सरसों, सौंठ के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। सोना, चांदी, कॉपर गिरकर तेजी लेंगे। ता. 18 **तुला राशिगते बुधे** से रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, शेयर्स, अफीम के भावों में तेजी। अलसी, सरसों, अरण्ड, मूंगफली के भावों में मंदी। ता. 22 बुधोदय से सन, तिल, साल के भावों में तेजी। व 10 दिन के अंदर गुड़, खाण्ड में तेजी। ता. 27 बुध मार्गी से घी, अलसी, शक्कर, रसायन व मेडीसन से जुड़े शेयर्स व अफीम के भावों में तेजी। ता. 30 जनरल लाईन घटाबढ़ी से तेज, सोना तेज, चांदी नरम।

विशेष-कार्तिक मावस के दिना, स्वाती नखत विचार। जो कहीं भूकम्प से पर्वत या मीनार॥ कार्तिक लगत त्रयोदशी, जो आवे रविवार। तो जौ गेहूं में, तेजी चले व्यापार॥

दिसम्बर-ता. 2 ज्येष्ठा के सूर्य से दो सप्ताह के अंदर वस्त्र, सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, अरण्ड, हींग, गुग्गल, पारा, गुड़, खाण्ड के भावों में तेजी। रुई घटाबढ़ी से गिरकर तेज। ता. 6 वृश्चिक के बुध **यदा वृश्चिक राशिस्थौ बुध** से रुई, सोना, चांदी, गुड़ के भावों में तेजी। एक स्पताह के अंतर्गत लगभग सभी चुनिन्दा शेयर्स, सोना, चांदी, किराना, दालवाना में तेजी। तिलों में तेजी का झटका। ता. 11 **वृश्चिके च गते शुक्रे** से प्रजा में सुख व आरोग्यता का संचार। सभी प्रकार के धान्यों के भावों में मंदी। रुई, शेयर्स, चांदी, अफीम गिरकर तेज। गुड़ के भावों में घटाबढ़ी। गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, बाजरा में तेजी। ता. 15 धनु संक्रांति 45 मुहूर्ती व शनिवासरी से गेहूं, जौ, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जस्ता, सभी धातुवाना व रसायन, मेडीसन से जुड़े शेयर्स के भावों में तेजी। घी तेजी लेकर गिरे। ता. 18 मकर के मंगल योग से रुई, सोना, चांदी, गुड़, तांबा, खाण्ड, घी, तेल, अलसी में तेजी। अनाजों के भावों में नरमी रहेगी। ता. 27 धनु मूल के बुध योग से तेजी का योग अधिक व पूर्वाषाढ़ के सूर्य से दो सप्ताह के अंदर तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गल, चमड़ा, कपूर, चांदी के भावों में तेजी। ता. 31 श्रवण के भौम योग से दो सप्ताह के अंदर गेहूं के भावों में विशेष तेजी। जौ, तिल, चना, अफीम, चांदी के भावों में तेजी। रुई में घटाबढ़ी से अच्छी तेजी व अच्छी मंदी की लाईन। विशेष हमारे यहां से रिपोर्ट मंगाकर लाभ लें।

विशेष-जेहि पखवारे तिथि बढ़े, वाही में घट जाय। सभी वस्तु मंदी रहे, महंगाई हट जाय॥ मावस्या गुरुवार या गुरु दिन मास नक्षत्र। ज्योतिष का सिद्धांत है, वर्षा हो सर्वत्र॥

विशेष-हमारे ज्योतिष रत्न कार्यालय से आप चांदी, सोना, तांबा, समस्त धातु, रुई, रेशम, ऊन, सूत, कालीमिर्च, तिलहन, दलहन, खल, चना, तुअर, मसूर, मटर, उड़द, मौंठ, ग्वार, ज्वार, चावल, सरसों, बाजरा, गेहूं, किराना, जीरा, धनियां, अजवाइन, सौंफ, मैथी, सोंठ, हल्दी, गुड़, खाण्ड, चीनी, घी, शेयर्स बाजार आदि में से किसी एक वस्तु की हाजिर तथा स्टॉक की वार्षिक भेंट 5451 रु0, छ: मास की 2851 रु0, तीन मास की 975 रु0 और एक मास की 351 रु0 है। वायदे रिपोर्ट की फीस जवाबी पत्र द्वारा जानें। वायदे की रिपोर्ट टाईम (दैनिक टाईम) सहित तैयार की जाती है। मनीआर्डर भेजते समय अपना पूरा पता तथा पिन कोड नम्बर किसी भी भाषा में साफ-साफ बड़े अक्षरों में लिखें। वी.पी. किसी भी ग्राहक को नहीं भेजी जाती। पत्रोत्तर चाहें तो जवाबी कार्ड ही भेजें। यहां आने से पहले पत्र से समय ले लेवें, क्योंकि कभी-कभी बाहर भी जाना पड़ता है। वैसे मिलने के लिए शनिवार-रविवार को 8 से 12 बजे तक का समय है। स्पेशल चांस की फीस एक मास की 251 रु0 व साल भर की एक वस्तु के लिए 1500 रु0 है।

पता-पं. अनिल कुमार व्यास,
श्री अम्बा ज्योतिष पीठ राया, मथुरा (उ0प्र0)
सम्पर्क सूत्र-05663-273353 मो. 09927269304

क्यों होते हैं विवाह असफल कुण्डली मिलाने के बाद

वर और वधू में आपसी विश्वास बना रहे, उनका वैवाहिक जीवन, सुखमय एवम् सफल रहे, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर वर-वधू के गुण-दोष हम कुण्डली के माध्यम से मिलाते हैं। किन्तु कुण्डली मिलाने के बाद अथवा मेलापक के बाद भी क्यों होते हैं विवाह असफल! क्या आपने कभी सोचा है?

कभी-कभी यह लड़ाई-झगड़ा कोर्ट-कचहरी तक पहुंच जाता है। वर पक्ष, वधू पक्ष पर और वधू पक्ष वर पक्ष पर दोषारोपण करते हैं। ज्योतिष शास्त्र एक विज्ञान है। इस विज्ञान के माध्यम से हम पूर्व घटित होने वाली घटनाओं का पूर्वानुमान लगाते हैं। अथवा लगा सकते हैं। अत: काल की गणना करने का विज्ञान है-ज्योतिष शास्त्र।

कुण्डली मिलाना अथवा वर-वधू मेलापक, मांगलिक दोष तथा अन्य गुण दोष आदि इस शास्त्र के माध्यम से हम जान सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से ही दो अंजान लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली का मिलान कर हम उन्हें एक साथ जीने-मरने की आज्ञा अथवा सामाजिक मान्यता प्रदान करते हैं।

विवाह उपरांत वर-वधू के परिवार का विकास हो, परिवार फले-फूले, उन्नति करें। परिवार में योग्य संतान हो, ऐसी संतान जो राष्ट्र की उन्नति-प्रगति करे, साथ ही कुटुम्ब का नाम रोशन करें। सम्मान बढ़ायें। यही सब सोच-विचार कर हमारे विद्वान ऋषि-मुनियों ने कुण्डली मिलाने की परम्परा को विकसित किया था। किन्तु कुण्डली या गुण-दोष का मिलान हम कैसे करते हैं। यह कुशल ज्योतिषाचार्य, पंडित, पुजारी आदि पर निर्भर करता है। छ:-आठ महीने किसी से ज्योतिष और पंचांग देखने का ज्ञान प्राप्त कर अपनी दुकान चलाने वाले पंडित कुण्डलियों का मिलान अथवा गुण-दोष की बारीकियों को नहीं समझ सकते। अत: ऐसा अल्प ज्ञानी पंडितों के कारण ही विवाह असफल होते हैं। वर अथवा वधू के माता-पिता पूर्ण विश्वास के साथ पंडित जी अथवा आचार्य अथवा दैवज्ञ के पास कुण्डली मिलवाने आते हैं। उन्हें क्या मालूम, जो अपनी अच्छी खासी दुकान अथवा ऑफिस सजाकर बैठा है, वह अल्प ज्ञानी अथवा नादान है। अत: अधूरा या अल्प ज्ञान वर-वधू के जीवन में जहर घोल देता है। विवाह उपरांत कलह, दोषारोपण आदि का आरंभ हो जाता है।

कुण्डली विद्वान एवं योग्य पंडित अथवा आचार्य से मिलवायें

वर-वधू की कुण्डली अथवा गुण-दोष योग्य अनुभवी विद्वान, पंडित से ही मिलवानी चाहिये। बातें बनाने वाले, आपकी हां में हां मिलाने वाले, लालची, पाखंडी पंडित से कभी भी गुण-दोष न मिलवायें। विद्वान ऐसा होना चाहिए जो वर-वधू की जन्म कुण्डली का अपनी अनुभवी दृष्टि से एक्स-रे ले लें। क्योंकि जन्म कुण्डली हमारे जीवन का एक्स-रे है। भूत, भविष्य, वर्तमान सभी उसमें दिखाई देता है। मात्र गुण-दोष मिलने से विवाह सफल नहीं होता। लड़के-लड़की के स्वास्थ्य, स्वभाव, आचार-विचार, विद्या, संतान, कुटुम्ब, धन और आयु भावों पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। गुण-दोष अथवा कुण्डली मिलाते समय वर-वधू की राशियों, लग्न और लग्नेश, सप्तम और सप्तमेष का भी मनन करना आवश्यक है। पंचांग में मात्र गुण मिलाये और कह दिया कर दो विवाह, गुण मिलते हैं-ही काफी नहीं होता वैवाहिक जीवन को सफल और सुखमय बनाने के लिये।

कुण्डली मिलाते समय ध्यान रखें

कुण्डली मिलाते समय ध्यान रखें कि विवाह दो परिवार, दो शरीरों का संबंध और मिलन है। अत: विवाहोपरांत वर-वधू का मानसिक स्तर, शैक्षिक योग्यता, आर्थिक पक्ष, पारिवारिक स्तर ठीक रहेगा अथवा नहीं। कुण्डली मिलाते समय मात्र गुण ही न देखें, दोष पर भी ध्यान दें। वर-वधू के नाम से मिलान न कर, कुण्डली से गुण-दोष मिलना ज्यादा अच्छा रहता है। क्योंकि जन्म कुण्डली से मंगली दोष, स्वास्थ्य, स्वभाव, आयु, पारिवारिक स्थिति आदि का ज्ञान हो जाता है। वर-वधू के माता-पिता को चाहिये कि सही जन्म कुण्डली ही मिलवायें। गलत बनाई गई अथवा ऐसी जन्म कुण्डली न मिलवायें, जो आवश्यकतानुसार बनवाई गई हो अथवा एक पक्ष की कुण्डली देखकर बनवाई गई है। यदि आप आवश्यकतानुसार बनवाई गई जन्म कुण्डली मिलवाते हैं अथवा गलत बनी हुई जन्म कुण्डली मिलवाते हैं, तो आप का लड़का या लड़की परेशान रहेगा। उसका वैवाहिक जीवन प्रभावित रहेगा।

मेलापक क्यों जरूरी है?

वर-वधू का चुनाव करते समय उनकी प्रवृति, मनोवृति, अभिरुचि, ग्रहों में समानता का मूल्यांकन उनकी जन्म कुण्डलियों को मिलाकर ही किया जा सकता है। मेलापक या कुण्डली मिलान में अष्टकूटों-वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रह मैत्री, गण, भकूट व नाड़ी के आधार पर वर-वधू के स्वभाव व उनकी रुचि समानता व असमानता का पता चलता है।

यह सब जानने के लिए मेलापक अथवा कुण्डली मिलाना अति आवश्यक है। कुण्डली मिलान करने वाला पंडित अथवा ज्योतिषाचार्य निष्पक्ष और इंमानदार होना चाहिये। किसी एक पक्ष की ओर उसका झुकाव नहीं होना चाहिये। निष्ठा, विश्वास और धैर्यपूर्वक कुण्डली मिलान करना चाहिए। जिससे वर-वधू का वैवाहिक जीवन सफल, आनंददायक और प्रगतिशील हो। अत: सफल व सुखमय वैवाहिक जीवन के लिये कुण्डली मिलाकर विवाह करें, नाम से मिलाकर नहीं।

लेखक : डॉ. नीरज पाण्डेय 'दादा'
मां ज्योतिष अनुसंधान केन्द्र
651, सैक्टर-10, आवास-विकास कॉलोनी
सिकन्दरा, आगरा-282007 (उ0प्र0) मो: 09897646528

व्यापार दिग्दर्शन (तेजी-मंदी) सन् 2012-13 ई.

मार्च-यह माह फाल्गुन सुदी 8 अष्टमी (होलाष्टक) गुरुवार से प्रारंभ होकर चैत्र सुदी अष्टमी शनिवार तक रहेगा। इस माह में वारों के योग से राजनैतिक स्थिति बिगड़ेगी। तथा अविश्वास जनक अशुभ घटनाओं का प्रभाव व्यापार पर पड़ेगा। माह में चैत्र कृष्ण सप्तमी बुधवार को मीन संक्रांति बालावस्था (बैठी) मुहुर्त्ती 15 होना धान्य भाव और महंगे होंगे। ज्येष्ठा में संक्रांति का प्रवेश होना धान्य में तेजी करेगा।

बुधवार को जब कभी हो सूर्य संक्रांत।
रस पदार्थ गुड़ खाण्ड अरु तिलहन तेज नितांत॥

यानि रस वाले सभी पदार्थों में तेजी का रुख इस माह में चलेगा। ईख तथा कपूर एवं इत्र आदि के भावों में अस्थिरता रहेगी। इस माह में रस वाली चीजों का अभाव योग बनता है। अतः तेजी के योग 10 से 15 % तक बनेंगे। माह में ता. 1 से 7 तक मूंग, मोंठ, तिल, अरहर, सरसों, मूंगफली, बाजरा, पशु आहार, खाद्यान्न, तिलहन, दलहन के भावों में तेजी बनेगी। जो 7 से 10 % तक बनेगी। ता. 8 से 16 तक सभी जिन्सों के भावों में मंदी का झटका लगेगा। उड़द, चावल, मसूर, मटर, चना, हींग, हल्दी, लालमिर्च, कालीमिर्च तथा गुड़, खाण्ड के भावों में मंदी का योग 2 से 7 % तक बनता है। ता. 17 से 23 तक घी, तेल, तिल, लाल रंग, पीले रंग की चीजों में एकतरफा भाव चलेगा। ता. 24 से 31 तक सब्जी, किराना सामग्री, पशु आहार, ज्वार, कपास, बिनौला, तारामीरा, रायड़ा, अरहर, पैट्रोल के भावों में तेजी बनेगी। माह में तेजी का योग 45%, एकतरफा 12%, मंदी 30% तथा समभाव 7% रहेंगे। राजकीय नियंत्रण से कुछ परिवर्तन का योग बनता है।

अप्रैल-यह माह चैत्र शुक्ला श्री रामनवमी वि. सं. 2069 रविवार से प्रारंभ होकर वैशाख शुक्ला सीता नवमी तक रहेगा। गुरु ग्रह का अस्त माह के अंत में तेजी का योग एकाएक बनेगा तथा घटेगा। माह में मेष संक्रांति वैशाख बदी 8 ता. 13 अप्रैल 2012 को ऊभी मु. 45 शुक्रवार सायं काल पूर्वाषाढ़ बाद उषा के प्रथम चरण में प्रवेश होने से

शुक्रवार के दिन कभी सूर्य संक्रमण होय।
हाथी घोड़ा ऊंट गुड़ में महंगा पन होय॥

यानि पृथ्वी में अन्न उत्पत्ति का योग अच्छा बनेगा। पशु, चौपाये महंगे होंगे। ता. 1 से 6 तक तिल, तेल, चना, गेहूं, अनाज, किराना, मशीनरी के भावों में स्थिरता समभाव रहेंगे। ता. 7 से 13 तक बाजार एकतरफा सभी वस्तुओं के लिए बनेगा। यानि जो भाव प्रातः खुलेगा, दिन भर वही भाव सभी जिन्सों में चलेगा। यह तेजी या मंदी 5 से 12% बनती है। ता. 14 से 20 तक लाल रंग की वस्तुओं में अच्छी तेजी बनेगी। सोना, चांदी, तांबा, विद्युत सामग्री के उपकरण, ग्वार, लोहा, तुअर, राई, रुई, शक्कर में तेजी बनेगी। यह तेजी 7% तक नजर आती है। ता. 21 से 25 अप्रैल तक खाण्ड, शक्कर, रसकस, बारदाना, जस्ता, मिट्टी, मूंगफली, गेहूं, तारामीरा, लालमिर्च, धनियां, जौ, बाजरा, ज्वार में अच्छी तेजी बनेगी। ता. 26 से 30 अप्रैल तक सभी वस्तुओं के भावों में घटबढ़ या उथल-पुथल तेजी या मंदी का भाव चलेगा। इस दौरान प्राकृतिक आपदा के योग से घटबढ़ भी बनती है। माह में 42% तेजी, 18% अस्थिरता, 4% मंदी का योग बनता है।

मई-यह माह वैशाख शुक्ला 10 मंगलवार से प्रारंभ होकर ज्येष्ठ शुक्ला 10 गुरुवार तक रहेगा। गुरु व बुध अस्त तथा ज्येष्ठ कृष्ण 9 सोमवार को भुवन भास्कर सूर्यदेव वृषभ में प्रवेश मध्याह्न में प्रौढ़ावस्था 15 मुहुर्त्ती संक्रांति के योग से सभी जिन्सों में तेजी का रुख चलेगा।

सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति।
मूंगा मोती धान्य सब सस्ता अरु सुख शांति॥

संक्रांति के योग से मोती, मूंगा, जेवरात तथा अन्न में मंदापन योग बनता है। लेकिन नक्षत्र शतभिषा के योग से तेजी का रुख बना रहेगा। माह में ता. 1 से 5 तक अरण्डी, नारियल, शक्कर, खाण्ड, कपूर, चावल, सोयाबीन, तारामीरा, वनस्पति घी, पामोलीन तथा तिल, मूंगफली आदि में तेजी 10% तक बनेगी। ता. 6 से 12 तक अनाज, खाद, बीज, जीरा, कॉपर, कपास, उड़द, ईलायची, शेयर्स, मूंग, मोंठ, मटर, पटसन, वनस्पति घी में तेजी बनेगी। ता. 13 से 16 तक अदरख, चावल, चंवला, लहसुन, तृण, पशु आहार में तेजी बनेगी। ता. 17 से 24 तक बाजरा, मसूर, मूंग, नमक, लालमिर्च, कालीमिर्च, कपास, रुई, बिनौला में तेजी 10 से 12% तक बनने का योग है। ता. 25 से 31 तक एकाएक मंदी का झटका सभी जिन्सों में 2 से 4% तक बनेगा। तेजी का योग 47%, मंदी 33%, समभाव 10%। इस प्रकार माह सामान्यतः तेजी के रुख में व्यतीत होगा।

जून-यह माह ज्येष्ठ सुदी 11 शुक्रवार क्षय तिथि 12 से प्रारंभ होकर आषाढ़ सुदी 11 शनिवार तक चलेगा। माह में शुक्रास्त पश्चिम में तथा गुरु उदय का योग बनेगा।

उदय-अस्त सप्ताह में अगर शुक्र हो जाय।
शांत-अशांत प्रजा रहे, दुःख नितांत अधिकाय॥

प्रजा सुख से हीन उपद्रव योग बनने का योग। आषाढ़ कृष्ण 10 गुरुवार भुवन भास्कर सूर्यदेव मिथुन राशि में प्रवेश सायंकाल अश्विनी नक्षत्र योग कुमारिका अवस्था 30 मुहुर्त्ती संक्रांति के प्रभाव से समभाव बनेंगे। धान्य के भावों में गिरावट का योग भी एकाएक बनेगा।

गुरुवारी संक्रांतियां जब-जब जग में आव।
सुखी प्रजा धन धान्य युक्त सभी वस्तु समभाव॥

इसके योग से माह में मंदी का या तेजी का योग न्यून। मात्र समभाव रूप से माह चलेगा। माह में धातु बाजार भी स्थिर जैसा चलेगा।

केतु शुक्र गुरु की युक्ति द्वादश भाव।
कलह वृद्धि परिवार में तेजी-मंदी का आव न ताव॥

यानि सुस्ती का योग चलेगा। ता. 1 से 4 तक घी, किराना सामग्री, रसकस में तेजी 10% तक योग। ता. 5 से 9 तक सभी जिन्स स्थिर भाव में चलेंगे। यानि न तेजी, न मंदी का सप्ताह चलेगा। ता. 10 से 17 तक **सोना, चांदी, पैट्रोल नहीं रहेगा इन पर कंट्रोल।** ईंधन सामग्री तेज होगी। ता. 18 से 22 तक कपास, तिल, तेल, जीरा, धनियां, गर्म मसाला, अरहर, सोना, चांदी, कॉपर, कपूर, औषधि बाजार में तेजी आयेगी। ता. 23 से 25 तक एकतरफा मंदी चलेगी। सावधान रहें! ता. 26 से 30 तक सभी जिन्सों में 5 से 12% तेजी का रुख चलेगा। तेजी 42%, मंदी 40%, समभाव 18% चलेगा। अतः सामान्य तेजी रहेगी।

जुलाई-यह माह आषाढ़ सुदी 12 रविवार अनुराधा नक्षत्र के योग से शुरू होकर श्रावण शुक्ला 13 मंगलवार तक चलेगा। माह में श+मं की युति से विश्व व्यापार में चिन्ताजनक घटनाएं घटेंगी। किसी का अपमान भी होगा। पांच गुरु तथा पांच बुधवार के योग से खाद्यान्नों के भाव सम बनते हैं। गेहूं, चना, चावल, चांदी, चीनी में तेजी का रुख मास पर्यन्त रहेगा। श्रावण कृष्ण 12 सोमवार को कर्क संक्रांति प्रातःकाल प्रौढ़ावस्था बैठी 30 मुहुर्त्ती मृगशिरा चन्द्र वृषभ योग में लगेगी यानि सूर्यदेव कर्क में प्रवेश करेंगे। अतः धान्य भाव सम रहेंगे।

मिथुन रवि महंगे बिकैं मूल रू कन्द कपास।
तिलहन सारे धान्य में तेजी का आभास॥

तिलहन में विशेष तेजी 15 जुलाई तक बनती है।

सावन में दशमी बिना जो आवे संक्रांति।
बाढ़ै भाव धान्य धन सम्पदा वर्षा हो बहु भांति॥
सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति।
मूंगा मोती धान्य सम सस्ता अरु सुख शांति॥

यानि जेवरात बाजार, शेयर्स बाजार मंदा होगा। ता. 1 से 8 तक ग्वार गम, चांदी, इस्पात, कपास, बाजरा, ज्वार, मक्का में 2 से 8% तेजी बनेगी। ता. 9 से 10 तक बिनौला, चावल में समभाव। ता. 11 से 14 तक किशमिश, छुहारा, धनियां, अजवायन, कालीमिर्च, पटसन, बारदाना में तेजी का योग। ता. 15 से 20 तक सोना, चांदी, लोहा,

15 जनवरी 2013: बाजार अभी बुल्स के प्रभाव में ही रहेगा परन्तु धीरे धीरे गिरावट का प्रभाव दिखाई देने लगेगा. लगभग 58 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 17 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 25 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नहीं होगा. मार्केट साधारण गिरकर खुलेगा तथा 0.15 प्रतिशत ऊपर उठकर बंद होगा.

वीडियोकोन, ए बी बी, भारत बिजली, बी एच ई एल, काम्पटन, एम्को, हैवेल्स इण्डिया, भारत इलैक्ट्रोनिक्स, आप्टो सर्किट, सीमेन्स के शेयरों में मजबूती बनेगी. गवर्नमेन्ट पेपर्स, गिल्ट एण्ड सिक्योरिटीज, इन्जीनियर्स इण्डिया, लार्सन एण्ड टूब्रो, प्रज इण्डिया, शान्ति गियर्स, थर्मैक्स, सी सी आई प्रोडक्टस, टाटा काफी, टाटा टी, विलियमसन टी, जय श्री टी में गिरावट आयेगी.

22 जनवरी 2013: प्राय: ही 50 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 33 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 17 प्रतिशत शेयरों

में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट साधारण गिरकर खुलेगा तथा 0.075 प्रतिशत ऊपर ऊठकर बंद होगा.

अपोलो टायर्स, बालकृष्ण इण्डस्ट्रीज, जे के इण्डस्ट्रीज, एम आर एफ. टिन प्लेट इण्डस्ट्रीज, हिन्दुस्तान जिंक, गोडफे फिलिप्स, आई टी सी के शेयरों में मजबूती रहेगी. मद्रास सीमेंट, प्रिज्म सीमेंट, श्री सीमेंट, टैक्समेको, एल एम डब्ल्यू, एल जी बालाकृष्णण, भारत अर्थ मूवर्स, आल्सटम प्रोजेक्टस, लार्सन एण्ड टूब्रो, प्रज इण्डिया, शान्ति गियर्स, थर्मैक्स, सी सी आई प्रोडक्टस, टाटा काफी, टाटा टी में गिरावट आयेगी.

29 जनवरी 2013: प्राय: ही 50 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 25 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 25 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत गिरकर खुलेगा तथा 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर बंद होगा.

हिन्दुस्तान आयल एक्सप्लोरेशन, ओ एन जी सी, एग्रोटैक फूड, रुचि सोया, जी एम डी सी, सेसा गोआ, गैमन इण्डिया के शेयर स्ट्रांग रहेंगे. एस्सार स्टील, सनफ्लैग आयरन एण्ड स्टील, टाटा स्टील, उत्तम स्टील के शेयर गिरावट में रहेंगे. ए सी सी सीमेंट, अम्बुजा सीमेन्ट ईस्टर्न, मद्रास सीमेंट, प्रिज्म सीमेंट में वोलेटिलीटी रहेगी.

05 फरवरी 2013: प्राय: ही 50 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 43 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 07 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत गिरकर खुलेगा तथा 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर बंद होगा.

स्टील, सीमेंट, इन्फास्ट्रक्चर सैक्टर कमजोर रहेंगे. टैक्स्टाईल, शुगर पर्सनल हैल्थ केयर सैक्टर में सुधार होगा. वीडियोकोन, ए बी बी, भारत बिजली, बी एच ई एल, काम्प्टन, एम्को, हैवेल्स इण्डिया में तेजी बनेगी. शान्ति गियर्स, थर्मैक्स, सी सी आई प्रोडक्टस, टाटा काफी, टाटा टी, विलियमसन टी जय श्री टी में गिरावट आयेगी.

12 फरवरी 2013: प्राय: ही 50 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 43 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 07 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नहीं होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा 0.15 प्रतिशत गिरकर बंद होगा.

होटल लीला वैन्चर, इण्डियन होटल्स, ओरियेन्टल होटल्स में तेजी बनेगी. चाय तथा टौबेको सैक्टर स्ट्रांग रहेगे. स्टील, सीमेंट, इन्फ्रास्ट्रक्चर सैक्टर कमजोर रहेगे. कोलगेट पामोलिव, डाबर, गोदरेज कन्ज्यूमर प्रोडक्ट, हिन्दुस्तान लीवर, मेरिको, निरमा, प्रोक्टर एण्ड गैम्बल का प्रदर्शन अच्छा नही रहेगा.

19 फरवरी 2013: प्राय: ही 48 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 43 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 09 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर बंद होगा.

अपोलो टायर्स, बालकृष्ण इण्डस्ट्रीज, जे के इण्डस्ट्रीज, एम आर एफ. टिन प्लेट इण्डस्ट्रीज, हिन्दुस्तान जिंक, गोडफे फिलिप्स, आई टी सी. एच डी एफ सी बैंक, जी एम डी सी, सेसा गोआ. गैमन इण्डिया, आई सी आई सी आई बैंक में तेजी रहेगी. इण्डियन होटल्स, ओरियेन्टल होटल्स, भारती शिपयार्ड, एस्सार शिपिंग, जी ई शिपिंग, मर्केटर लाईन्स, शिपिंग कार्पोरेशन, वरुण शिपिंग में गिरावट आयेगी.

26 फरवरी 2013: लगभग 25 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 50 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 25 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर बंद होगा.

वीडियोकोन, ए बी बी, भारत बिजली, बी एच ई एल, काम्प्टन, एम्को, हैवेल्स इण्डिया, भारत इलैक्ट्रोनिक्स, आप्टो सर्किट, सीमेन्स, सोलेक्ट्रोन सैन्टम इलैक्ट्रोनिक्स, अस्तरा माइको में तेजी बनेगी. टाटा स्टील, उत्तम स्टील, ए सी सी सीमेंट, एल एम डब्ल्यू, एल जी बालाकृष्णण, भारत अर्थ मूवर्स, आल्सटम प्रोजेक्टस, इन्जीनियर्स इण्डिया, लार्सन एण्ड टूब्रो,, सी सी आई प्रोडक्टस, टाटा काफी में गिरावट आयेगी.

05 मार्च 2013: बियरिश मार्केट में 42 प्रतिशत शेयर तेजी की और जायेंगे. 50 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 08 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.30 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा 0.15 प्रतिशत गिरकर बंद होगा.

गवर्नमेन्ट सिक्योरिटीज, काम्प्टन, एम्को, हैवेल्स इण्डिया में तेजी बनेगी. गोदरेज कन्ज्यूमर प्रोडक्ट, हिन्दुस्तान लीवर, मेरिको, निरमा, प्रोक्टर एण्ड गैम्बल, वैलस्पन इण्डिया, बजाज हिन्दुस्तान, बलरामपुर चीनी में गिरावट आयेगी. अधिकतर सैक्टर गिरावट का रुख पकड े गे.

12 मार्च 2013: 25 प्रतिशत अस्त तथा 17 प्रतिशत वक्री ग्रहों से सभी व्यापारिक गतिविधियों में परिवर्तन होगा. शेयर बाजार भी इससे अछूता नहीं रहेगा. 33 प्रतिशत शेयर तेजी की और जायेंगे. 58 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 09 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा लगभग फ्लैट बंद होगा.

एम्को, हैवेल्स इण्डिया, भारत इलैक्ट्रोनिक्स, आप्टो सर्किट, सीमेन्स में तेजी बनेगी. केडिला हैल्थ केयर, सिप्ला, डाबर फार्मा, डिस्मैन फार्मा, डिव्सि लैबोरेट्रीज, डा रैड्डीज लैब्स, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा. मारुती उद्योग, टाटा मोटर्स, टी वी एस मोटर्स, एडलैब फिल्मस में गिरावट आयेगी.

19 मार्च 2013: 50 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 42 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 08 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा लगभग फ्लैट बंद होगा.

गवर्नमेन्ट सिक्योरिटीज, ए बी बी, भारत बिजली, बी एच ई एल, काम्पटन, एम्को, हैवेल्स इण्डिया में तेजी बनेगी. एलैम्बिक, अरबिन्दो फार्मा, केडिला हैल्थ केयर, सिप्ला, डाबर फार्मा, डिस्मैन फार्मा में गिरावट आयेगी.

26 मार्च 2013: 50 प्रतिशत शेयर तेजी की ओर जायेंगे. 34 प्रतिशत शेयर निगेटिव रहेंगे. 16 प्रतिशत शेयरों में कोई परिवर्तन नही होगा. मार्केट 0.15 प्रतिशत ऊपर ऊठकर खुलेगा तथा लगभग फ्लैट बंद होगा.

वैलस्पन इण्डिया, बजाज हिन्दुस्तान, बलरामपुर चीनी, धामपुर शुगर, मवाना शुगर, रेणुका शुगर के शेयरों के प्रदर्शन में सुधार होगा. बजाज आटो, हीरो मोटर्स कार्प, एच एम टी, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, मारुती उद्योग, एडलैब फिल्मस, बालाजी टेली फिल्मस, के सेरा सेरा प्रोडक्शन्स, जी टेलीफिल्मस. भारत एल्यूमीनियम, हिण्डाल्को, मद्रास एल्यूमिनियम में गिरावट आयेगी.

शेयर बाजार का उपरोक्त संभावित रुख ग्रह गोचर पर आधारित हैं तथा बिना किसी पूर्वाग्रह के दिया जा रहा है. बाजार स्थानीय परिस्थितियों के अतिरिक्त वैश्विक एवं स्थानिक राजनैतिक वातावरण, केन्द्र तथा प्रदेश सरकार की नीतियों आदि पर निर्भर करता है. बाजार में काम करने व्यापार करने से पूर्व बाजार का आकलन कर लेना हितावह है. ज्योतिषीय आधार पर किये गये व्यापार से होने वाले लाभ अथवा हानि के लिये लेखक किसी भी रुप में जिम्मेदार नही होगें. बाजार की वार्षिक, अर्धवार्षिक रिर्पोट के लिये लेखक से उनके स्थायी आवास सी- 82 वल्लभ नगर, उमा नगर सोसायटी के सामने, नोविनो तरसाली रोड, वडोदरा (गुजरात), पिन - 390009 मो 095 7433 7962 पर अथवा pmummy@gmail.com सम्पर्क किया जा सकता है.

प्रवीन कुमार जैन

व्यापारिक भविष्य फल संवत् 2069 सन् 2012-13

गत अनेक वर्षों से ज्योतिष जगत के सर्वश्रेष्ठ पंचाग-आर्यभट्ट में प्रकाशित हमारा कमोडिटी बाजार का ग्रह गोचर आधारित आकलन सर्वथा सत्य होकर पूर्वाचार्यो के सिंद्धातों की सत्यता एवं सफलता को प्रतिष्ठित कर रहा है. वास्तव में हमारा प्रयास तो मात्र ज्योतिष की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करना भर रहा है. पूर्वाचार्यों के अध्ययन, मनन एवं विश्लेषण तक पहुंचना तो दूर हम उसको छूने भर की कल्पना भी नहीं कर सकते. इस वर्ष पुनः इन्हीं पृष्ठों के माध्यम से हम कमोडिटी बाजार की ई. वर्ष 2012-13 की संभावित गतिविधियों का आकलन प्रस्तुत कर रहे हैं. ज्योतिष जगत की अन्य विधाओं के साथ वैदिक ज्योतिष का तालमेल हमने नहीं किया है अतः प्रस्तुत आकलन पूर्णतया वैदिक ज्योतिष पर आधारित है.

चैत्र मास की गुरुवारी अमावस्या तथा शुक्रवारी पूर्णिमा-दोनों ही सौम्य वारों की होने से चैत्र मास में प्रायः ही सभी वस्तुओं में गिरावट रहेगी. व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य मंदे का रुख रहेगा. रसकस में तेजी बनेगी. अमावस्या का घट्यात्मक मान तथा पूर्णिमा घट्यात्मक मान रुई में गिरावट का योग बना रहा है. चैत्र मास में मेष राशि से गुरु तथा शुक्र का गोचर रुई, सूत, कपास तथा तैल का स्टाक दूसरे महीने से लाभकारी रहेगा.

चैत्र शुक्ल पक्ष : 23 मार्चः प्रतिपदा के नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से कम होकर रुई तथा चांदी में तेजी का योग बना रहा है. चैत्र शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी प्रतिपदा धन धान्यों की वृद्धि में सहायक होने से सामान्य जन के लिये हितकारी सिद्ध होगी.

चैत सुदी पड़वा दिना सोम शुक्र गुरुवार । बढ़ै धान्य धन सम्पदा सुखी रहै संसार ।।

24 मार्च : शनिवारी द्वितीया रुई एवं चांदी में तेजी का योग बना रही है. 25 मार्च : शुक्र कृतिका में सरसों, उड़द के उत्पादन में कमी आयेगी परन्तु अन्य धान्यों का उत्पादन सामान्य रहेगा. सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, वस्त्र, हींग, तिल, तैल, सरसों में मंदा रहेगा. 26 मार्च : वक्री बुध पू.भाद्रपद में अन्न की उपलब्धता में वृद्धि होगी. सोना, चांदी, लोहा, तांबा तथा धान्यों के मूल्यों में तेजी आयेगी. रुई में घटाबढ़ी चलेगी. आरोग्यता एवं कुशलता की हानि होगी. 27 मार्च : मंगलवारी पंचमी से रुई एवं चांदी में तेजी का योग बन रहा है. 28 मार्च : पंचमी तिथि वृद्धि शुक्र वृष में बुधोदय वक्रावस्था में मीन राशि पू.भाद्रपद नक्षत्र रुई में मंदा करेगा. धान्यों में तेजी बनेगी. सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा. 29 मार्च : गुरुवारी षष्ठी से दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी. 31 मार्च : सूर्य रेवती में-रुई, चावल, चांदी, नमक, सरसों, अलसी, लाख, गेहूँ, जौ चना आदि में तेजी.

अप्रैल मासः मास का प्रारम्भ चैत्र शुक्ल पक्ष की रविवारी नवमी से वैशाख शुक्ल पक्ष की सोमवारी नवमी तक है. 01 अप्रैल : चैत्र शुक्ल पक्ष की रविवारी नवमी से धान्यों के भावों में तेजी का योग बन रहा है. 02 अप्रैल : वक्री बुध कुंभ में 16:02 परः अन्न के भावो में घटबढ़ चलेगी. रसकस में तेजी आकर मंदा होगा. 04 अप्रैल : बुध मार्गी कुंभ राशि पू. भाद्रपद में - सोना, सुपारी, सरसों, सोंठ, लाख तथा चमड़ा में तेजी बनेगी. 06 अप्रैल : बुध मीन मेंः शुक्रवारी पूर्णिमा रुई में घटबढ़ तथा चांदी में तेजी बनायेगी. घी, गुड़, खांड़, तैल, मूंगफली अरण्डा, बिनोला तथा रुई में मंदा आयेगा.

वैशाख मास : वैशाख मास का शुभारम्भ शनिवारी प्रतिपदा से हुआ है. कृष्ण पक्ष में षष्ठी का क्षय होकर त्रयोदशी की वृद्धि हुई है. एक ही पक्ष में तिथि का क्षय होकर तिथि की वृद्धि हो जाना पक्ष के शुभत्व को प्रभावित कर रहा है. मास के पांच शनिवार तथा पांच ही रविवार अशुभफलकारक हैं. सभी वस्तुओं में तेजी रहेगी. अमावस्या तथा पूर्णिमा घट्यात्मक मान रुई में रुई, तैल, गुड़, खांड़ में तेजी का योग बना रहा है.

वैशाख कृष्ण पक्ष : 08 अप्रैल : शुक्र रोहिणी मेंः वैशाख कृष्ण रविवारी द्वितीया चांदी, रुई में साधारण तेजी बनायेगी. नारियल, द्राक्ष, सुपारी, सोना, चांदी में गिरावट आयेगी. 11 अप्रैल : वैशाख कृष्ण षष्ठी का क्षय रुई में तेजी बनायेगा. 13 अप्रैल : सूर्य अश्विनी नक्षत्र मेष राशि में बुध उ . भाद्रपद में : अन्नों में तेजी लायेगा. सभी वस्तुऐं मंहगी होंगी. सोना, चांदी, अलसी, अनाज, लोहा, तांबा, सूत, कपड़ा, सुपारी, नारियल, लाल चन्दन, मेथी, लौंग, इलायची, हींग, अरण्डा, ईख, तिल, तेल, तिलहन, कपास, बारदाना, फलों आदि सभी वस्तुओं में तेजी बनेगी. गुड़, खांड, चांदी, रुई में घटबढ़ चलेगी तथा रुई, कपास में पहले मंदा आकर बाद में तेजी आयेगी. धान्य एवं चावलों के मूल्यों में समता रहेगी. शुक्रवारी संक्रांति से गुड़ तथा कार, स्कूटरों, मोटर साईकिलों आदि वाहनों के मूल्यों में बढ़ोत्तरी होगी. घोड़ा, ऊँट तथा हाथियों के भावों में भी तेजी आयेगी. मेष के सूर्य से छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी रहेगी.

शुक्रवार के दिन कभी सूर्य संक्रमण होय ।हाथी, घोड़ा, ऊँट गुड़ में मंहगापन होय ।। मेष राशि में सूर्य का जब होता है वास ।खांड़ तेज तिल तेज हो रुई, सूत, कपास ।। चंद्र सूर गुरु तीन का एक राशि पर वास ।कपड़ा जौ अरु मूंग में लाभ सातवें मास ।।

14 अप्रैल : मंगल मार्गी सिंह राशि में : रुई में मंदा होगा. 15 अप्रैल : वैशाख कृष्ण रविवारी दशमी धान्यो एवं घी में तेजी तथा रुई में गिरावट का योग बना रही है. 19 अप्रैल : वैशाख कृष्ण गुरुवारी त्रयोदशी की वृद्धि रुई में गिरावट लायेगी. 20 अप्रैल : रात्रि 21:31 से 23 अप्रैल प्रातः 10:25 तक की अवधि में सूर्य चन्द्रमा एवं गुरु ग्रहों के मेष से गोचर में कपड़ा, जौं एवं मूंग का संग्रह सातवें मास में लाभदायक रहेगा. ध्यान रहे कि योग के समय चन्द्रमा के अस्त होने से योग का फल पूर्णरूपेण घटित नहीं होगा तथा फल में किंचित न्यूनता रहेगी. बैशाख कृष्ण शुक्रवारी चतुर्दशी उत्तम कृषि उत्पादन के कारण खाद्य पदार्थों की मंहगाई दर में कमी का संकेत दे रही है. भविष्य भारती के मत से :

वदि चौदस वैशाख में गुरु अथवा भृगुवार । उत्तम उपजेगी फसल मन्दा चलै बाजार ।।

21 अप्रैल : बैशाख शुक्ल पक्ष में रुई में गिरावट रहेगी. बैशाख कृष्ण अमावस्या का अश्विनी नक्षत्र मध्यम शुभ फलों का संकेत कर रहा है. शनिवारी अमावस्या अन्न की उपलब्धता में अत्याधिक कमी करेगी तथा भावों में घटाबढ़ी रहेगी. गेहूँ, जौ, चना, मूंग आदि का स्टाक आगे चलकर तेजी आने के कारण लाभप्रद रहेगा.

बैशाख शुक्ल पक्ष : 23 अप्रैल : सोमवारी द्वितीया से रुई एवं चांदी में गिरावट आयेगी. 24 अप्रैल मंगलवारी तृतीया से रुई एवं चांदी में तेजी रहेगी. 25 अप्रैल : शुक्र मृगशिरा में : गुड़, खांड, शक्कर तथा सभी प्रकार के धान्यों में तेजी आयेगी परन्तु गेहूँ, जौ, चना में मंदा रहेगा. 26 अप्रैल : बुध रेवती मेंः चांदी, गुड़, खांड, घी, तैल, सरसों, तिल तथा तिलहनों में मंदा आयेगा. लाल मिर्च, गेहूँ, मजीठ, लाल चन्दन, गेरू, कुंकम, केसर में तेजी बनेगी. गुरुवारी बैशाख शुक्ल पंचमी से अन्न उपलब्धता संतोष जनक रहेगी. 27 अप्रैल : सूर्य भरणी में - सोना, चांदी, तांबा, पीतल आदि धातुओं, चावल, गेहूँ, जौ, चना, मोंठ, अलसी, सरसों, राई, गुड़, खांड, घी में तेजी आयेगी. रुई में मंदा रहेगा. शुक्रवारी षष्ठी दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनायेगी.

मई मास : मास का प्रारम्भ वैशाख शुक्ल पक्ष की मंगलवारी दशमी से ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की गुरुवारी दशमी तक है. 03 मई :

धान्य तथा रुई में मंदा चलेगा. सोना, चांदी, गुड़, खांड़ घटाबढ़ी चलेगी. 05 मई : बुध मेष राशि अश्विनी नक्षत्र में: चांदी, घी, तैल, तिल, तिलहन, सूत, अलसी, ईख, गुड़, खांड, शक्कर, सरसों तथा रसकसों के मूल्यों में गिरावट बनायेगा. गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मोंठ, मूंग आदि कृषि उत्पादों में तेजी आयेगी. सोना के भावों में समता रहेगी. 06 मई : रविवारी पूर्णिमा गेहूँ, गुड़, चांदी में तेजी तथा अलसी में मंदा बनायेगा.

ज्येष्ठ मास : ज्येष्ठ मास का शुभारम्भ रविवारी क्षय प्रतिपदा से हुआ है. शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा की वृद्धि होकर चतुर्दशी की हानि होने से शुक्ल पक्ष का शुभत्व प्रभावित हो रहा है. मास पांच सोमवार युक्त है. कृषि उत्पादन प्रचुर होगा. धान्यों की वृद्धि होगी. फलस्वरूप व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य तेजी मंदी का मिश्रित प्रभाव रहेगा परन्तु शुक्ल पक्ष की सोमवारी सप्तमी तथा शनिवारी त्रयोदशी के संयोग से सभी प्रकार के अन्न एवं अन्न पदार्थों में बाजार के सेन्टीमेन्टस तेजी के रहेंगे. अमावस्या तथा पूर्णिमा के घट्यात्मक मान से रुई, तैल, गुड़, खांड में तेजी का योग बना है. शकुन शास्त्र के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया के आर्द्रा नक्षत्र में यदि वर्षा हुई तो खाद्यान्नों की कमी से महंगाई बढ़ेगी. परन्तु 26 मई में वृष के सूर्य में वर्षा हुई तो खाद्यान्नों की कमी नहीं होगी. इसी प्रकार यदि 06 अथवा 07 जून में वर्षा हुई तो खाद्यान्नों की कमी नहीं होगी.

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष : 10 मई : मंगल पू फा में : गुड़, खांड़, नमक, सरसों लाही, अलसी, मूंगफली, घी तथा तैल के मूल्यों में तेजी बनेगी. 11 मई : सूर्य कृतिका में: अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा. सोना, चांदी, अलसी, गेहूँ, जौ, चना, मूंग, मोंठ, सरसों में तेजी आयेगी. 14 मई : सूर्य वृष में: शुक्र के क्षेत्र का सूर्य दो मास तक तेजी बनाये रखेगा. अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा. सोमवारी संक्रांति अनाजों, मूंगा, मोती के भावों में गिरावट का योग. अनाजों, दूध, दही, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के भावों में तेजी रहेगी.

सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति । मूंगा, मोती, धान्य सब सस्ता अरु सुख शांति ।। वृष राशि के रवि करै सुख सम्पदा सुकाल । दूध, दही, घी में रहै महंगाई की चाल ।।

15 मई : बुधास्त मेष राशि भरणी नक्षत्र में, शुक्र वक्री: रुई, चांदी, शक्कर, घी, तैल एवं धान्यों में तेजी आयेगी. अन्न उत्पादन अनुकूल रहेगा. ज्येष्ठ कृष्ण मंगलवारी दशमी धान्यों गुड़, खांड आदि रसकसों में तेजी बनायेगी. 16 मई से 25 जून तक कन्या में वक्री शनि अन्न पदार्थों में गिरावट देकर फिर तेजी बनायेगा. कीमती रत्नों, धातुओं- सोना, चांदी में, हाथी, घोड़े, बैलों, भैंसों, मजीठ, केशर तथा सभी प्रकार के रसकस में तेजी बनेगी. धान संग्रह लाभदायक रहेगा. रुई, कपास, गुड़, खांड़, नमक तथा अन्नों में मंदा आयेगा. 17 मई : गुरु वृष में: चांदी, घी, तैल, रसकस, दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों में तेजी बनेगी. खाद्यान्नों एवं अन्य भूसा वाले धान्यों का उत्पादन संतोषजनक रहेगा. अनाज आदि में साधारण तेजी रहेगी. 20 मई : बुध कृतिका में: धान्यों में तेजी. चांदी, घी में गिरावट आयेगी. रुई में घटबढ़ चलेगी.

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष : 21 मई : बुध वृष में: प्रतिपदा के नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से अधिक होकर रुई, चांदी, गेहूँ, अलसी, शक्कर, सूत तथा वस्त्रों में गिरावट का योग बना रहा है. 22 मई : प्रात: बुध गुरु की युति वर्षा में कमी का योग बना रही है. 23 मई : बुधवारी द्वितीया से रुई एवं चांदी में मंदा बनायेगी. 25 मई : सूर्य रोहिणी में: गेहूँ, जौ, चना, गुड़, खांड, घी, ज्वार, बाजरा, सरसों, तेल, तिल, अरण्डा, अलसी, सूत, सन, के भावों में तेजी आयेगी. रुई में साधारण तेजी बनेगी. चांदी में गिरावट आयेगी. 26 मई : बुध रोहिणी में: तिल, सूत, कपास, सोना, चांदी, तैल, सरसों, चावल, गुड़, खांड में तेजी आयेगी. सन, ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों में गिरावट आयेगी. रुई में तेजी आकर मंदा होगा. 27 मई : ज्येष्ठ शुक्ल रविवारी षष्ठी रुई, कपास, सूत, चावल, घी तथा धान्यों में तेजी का योग बना रही है. 28 मई : गुरोदय वृष राशि कृतिका नक्षत्र में : सभी प्रकार के अन्नों का उत्पादन संतोष जनक रह कर सुभिक्ष बनेगा. कीमती रत्नों एवं पत्थरों में तेजी आयेगी अन्य व्यापारिक वस्तुओं में गिरावट चलेगी.

जून मास : मास का प्रारम्भ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी एकादशी से आषाढ़ शुक्ल पक्ष की शनिवारी एकादशी तक है.

01 जून : वक्री शुक्रास्त, बुध मृगशिरा में: गेहूँ, तिल, सरसों, उड़द मंदे होंगे. ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी एकादशी तथा व्यतिपात का संयोग चांदी में गिरावट देगा. रुई में घटबढ़ बनेगी. हैवी टैक्सेशन तथा पैनल्टी से धन हानि होगी. धान्यों का उत्पादन उत्तम रहेगा. धान्यों में पहले मंदा आकर एक मास के बाद तेजी बनेगी. छः मास के बाद सोना चांदी के मूल्यों में गिरावट बनेगी. 03 जून : वक्री शुक्र रोहिणी में: शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से अधिक होकर घी, सूत, चांदी में गिरावट का योग बना रहा है. नारियल, द्राक्ष, सुपारी, सोना, चांदी में तेजी आयेगी. 04 जून : बुध मिथुन में, सांय वृश्चिक राशि ज्येष्ठा नक्षत्र में चन्द्र ग्रहण होगा. वृश्चिक राशि का चन्द्रग्रहण सभी जातियों के लिये दुखद होगा. धान्यों का नाश होगा. सोमवारी चन्द्र ग्रहण से अन्न, घी, तैल में तेजी आयेगी. इन वस्तुओं का स्टाक आगे चलकर लाभकारी सिद्ध होगा. गुड़ एवं खांड के स्टाक से पांचवे मास में लाभ रहेगा. चना, मूंग, मोठ के मूल्यों में गिरावट आयेगी.

आषाढ़ मास : आषाढ़ मास के पांच मंगलवार शुभफलदायक सिद्ध होंगे. कृष्ण पक्ष में तृतीया का क्षय होकर नवमी की वृद्धि हुई है. शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी का क्षय हुआ है. एक ही पक्ष में तिथि का क्षय होकर तिथि की वृद्धि हो जाना कृष्ण पक्ष के शुभत्व को प्रभावित कर रहा है. कृषि उत्पादों में मंदा रहेगा. लाल वस्तुओं एवं धान्यों के मूल्यों में तेजी आयेगी. अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में रुई, खांड़ में गिरावट का योग बना रहा है.

आषाढ़ कृष्ण पक्ष : 06 जून : राहु वृश्चिक में: आषाढ़ कृष्ण बुधवारी द्वितीया चांदी तथा रुई में गिरावट का योग बना रही है. 07 जून : सूर्य मृगशिरा में: सोना, चांदी, धान्य, रुई, रेशम, सूत, सन, कपास, कपूर, कस्तूरी, उड़द, मूंग, मोंठ, बाजरा, अलसी में तेजी आयेगी. 08 जून : बुध आर्द्रा में, बुधोदय मिथुन राशि आर्द्रा नक्षत्र में - सांयकालीन बुधोदय पीड़ा एवं भयकारक सिद्ध होगा. गेहूँ , जौ, चना, तिल, तैल, उड़द, मूंग, मोठ के भावों में गिरावट आयेगी. 09 जून : आषाढ़ मास की कृष्ण शनिवारी षष्ठी आगे कार्तिक मास में गेहूँ के मूल्यों में अप्रत्याशित तेजी बनायेगी. भविष्य भारती के मत से अनुसार : षष्ठी आषाढ़ै बदी जौ शनिवारी आव । गेहूँ संग्रह कीजिये कातिक दुगुना भाव ।।

11 जून : वक्री शुक्रोदय वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में: वक्रावस्था में उदित शुक्र से धान्यों में तेजी बनेगी. घी तथा अन्नों में घटबढ़ चलेगी. सोना, चांदी, कपास, रुई तथा सूत में तेजी बनेगी. 14 जून : सूर्य मिथुन में, मंगल उ. फा. में : मगंलवारी संक्रांति पापकारी है. आषाढ़ कृष्ण गुरुवारी दशमी तथा मंगलवारी संक्रांति से सभी प्रकार के अनाजों, नमक, घी, तिल, तैल, सरसों, मूंगफली, अलसी, राई आदि तिलहनों, कपूर, गुड़, खांड, शक्कर तथा अन्य रसकस, आलू, अरवी, अदरक, सोंठ, हल्दी, प्याज, कपास, जूट, भारी माल वाहकों के मूल्यों में तथा सवारी गाड़ियों मूल्यों में तेजी आयेगी. रुई में घटबढ़ चलेगी.

मिथुने रवि महंगे बिकै मूल रु कन्द कपास । तिलहन सारे धान्य में तेजी का आभास ।। किसी राशि पर संक्रमण करे भौम दिना सूर । तो महंगा होवे नमक रस घी तैल कपूर ।।

15 जून : बुध पुनर्वसु में: रुई, सूत, कपास, सन, चांदी के भावों में गिरावट आयेगी. 18 जून : केतु कृतिका में, आषाढ़ कृष्ण पक्ष की सोमवारी चतुर्दशी से अनाज, चारा घास का उत्पादन कम होगा.

साढ़ी चौदस हो कभी, सोमवार समवेतु । खेत न उपजै धान्य तृण, गाय भैंस केहि हेतु ।। साढ़ बदी चौदस दिना होय रोहिणी योग । कर्फ्यू और कंट्रोल से दुख पावै सब लोग ।।

19 जून : आषाढ़ कृष्ण पक्ष की मंगलवारी अमावस्या गेहूँ, जौ, चना में साधारण तेजी आयेगी.

आषाढ़ शुक्ल पक्ष : 20 जून : बुधवारी शुक्ल प्रतिपदा तथा प्रतिपदा के नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से अधिक होकर रुई, चांदी तथा घी में गिरावट

का योग बना रहा है. 21 जून : बुध कर्क में, सूर्य आर्द्रा में: गुरुवारी द्वितीया से चावल, चांदी तथा रुई में घटबढ़ी चलेगी. सूत, कपास, अलसी, सरसों, अरण्डा, गुड़ खांड, मोती, धान्य, गेहूँ, जौ, चना, कपूर में तेजी आयेगी. सोने में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी. कपड़ा में गिरावट रहेगी. 22 जून : मंगल कन्या में: चन्दन, रेशम एवं रेशमी वस्त्र, अलसी, लाल रंग की वस्तुओं एवं सभी लाल रंग के वस्त्रों, ऊनी वस्त्रों, जूट, सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास में तेजी बनेगी. 24 जून : बुध पुष्य में : आषाढ़ शुक्ल रविवारी पंचमी के प्रवेश के समय के लग्न पर दो क्रूर ग्रहों मंगल एवं वक्री शनि की पूर्ण सप्तम दृष्टि तथा पंचमी का शनिवार में प्रवेश सोना, चांदी, मोती, मूंगा तथा बहुमूल्यों पत्थरों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. रुई में घटाबढ़ी के बाद गिरावट रहेगी. 25 जून : शनि मार्गी: बाजार की चलती लाईन में परिवर्तन होगा. आषाढ़ शुक्ल सोमवारी षष्ठी से चांदी, सोंठ, पीपल, सरसों, गेहूँ, जौ, चना, गुड़ तथा अलसी में तेजी बनेगी. 27 जून : शुक्र मार्गी वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में : आषाढ़ शुक्ल पक्ष की बुधवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. शक्कर, चावल, घी में एक मास के बाद तेजी बनेगी. 30 जून :रोहिणी नक्षत्र में गुरु का प्रवेश सोना, चांदी, गुड़, खांड में मंदा होगा. रुई में घटाबढ़ी चलेगी.

जुलाई मास : मास का प्रारम्भ आषाढ़ शुक्ल द्वादशी से श्रावण शुक्ल की मंगलवारी त्रयोदशी तक है. 01 जुलाई : शुक्ल त्रयोदशी का क्षय से रुई एवं चांदी में तेजी का योग बन रहा है. 02 जुलाई : शुक्ल 14 का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से अधिक होकर घी, सूत, चांदी में गिरावट का योग बना रहा है. धान्यादि के भावों में तेजी. 03 जुलाई : मंगलवारी पूर्णिमा का मान रुई, चांदी में तेजी बनायेगा, अन्य वस्तुओं में गिरावट. पूर्णिमा में मास नक्षत्र का न होना अन्न में तेजी का संकेत है.

श्रावण मास: श्रावण मास का शुभारम्भ बुधवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास में पांच बुधवार एवं पांच गुरुवार से धान्यों की तेजी घटेगी तथापि पांच बुधवार आने वाले तीन मासो में मंहगाई का योग बना रहे हैं.

शुक्ल पक्ष सावन कभी कोई तिथि का नास । छत्र भंग का योग है आगे कातिक मास ।। कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़े शुक्ल पक्ष घट जाये । सभी वस्तुएं तेज हो सस्तापन हट जाये ।।

अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में रुई, तैल, गुड़, खांड में तेजी का योग बना रहा है. इस मास में धान्यों का भाव सम रहेगा. रसकस की हानि होगी. तीन बुधवार युक्त कृष्ण पक्ष घी में तेजी का संकेत है.

श्रावण कृष्ण पक्ष : 04 जुलाई : बुधवारी कृष्ण प्रतिपदा का मान दिन के नक्षत्र के मान से अधिक होकर चांदी, रुई में मंदा होगा. 05 जुलाई : सूर्य पुन. में: चांदी, सोना, कपास, बिनौला, तिल, ज्वार, मोंठ, बाजरा, उड़द, अलसी, सरसों, गुड़, खांड, चावल, नमक, अरण्डा, नील, सज्जी, मजीठ, माजूफल, केसर, कुसुंभा तथा सुगन्धित पदार्थों में तेजी आयेगी. 08 जुलाई : बुध । आश्लेषा में गुड़, खांड, तिल, तैल, सरसों, मूंग, उड़द, मूंगफली में तेजी आयेगी. 11 जुलाई : मंगल हस्त में : घी, गुड़, खांड, नमक तथा सभी प्रकार के अन्नों में तेजी आयेगी. धान्यों के उत्पादन में कमी रहेगी. 15 जुलाई : बुध वक्री कर्क राशि आश्लेषा नक्षत्र में: गुड़, खाण्ड, घी, तैल, तिलहनों में तेजी बनेगी. सभी प्रकार की व्यापारिक वस्तुओं तथा खाद्यान्नों के भावों में गिरावट आयेगी. वक्री बुध से धन हानि रहेगी. 16 जुलाई : सूर्य कर्क में: सोमवारी संक्राति से अनाजों, मूंगा, मोती, जौ, गेहूँ, चना, चावल, गुड़, शक्कर, खांड, में घटबढ़ आयेगी. बाजरा, ज्वार, सरसों, तिल तैल घी, नमक में तेजी बनेगी. सोना, चांदी, लोहा, पीतल आदि धातुओं में मंदा रहेगा. धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी.

सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति। मूंगा, मोती, ध ान्य सब सस्ता अरु सुख शांति।।

17 जुलाई : श्रावण कृष्ण मंगलवारी त्रयोदशी की वृद्धि से रुई में मंदे का योग बन रहा है. 18 जुलाई : श्रावण कृष्ण चतुर्दशी के आर्द्रा नक्षत्र में अन्न का संग्रह आगे विक्रय करने पर लाभ देगा. 19 जुलाई : सूर्य पुष्य में : 08 घटी 01 पल की अमावस्या श्रावण शुक्ल पक्ष में रुई में तेजी के बाद गुरुवारी अमावस्या से रुई, चांदी, घी में साधारण गिरावट आयेगी. तिल, तैल, सरसों, मद्य, गुड़, खांड, ज्वार, बाजरा, सुपारी, गुग्गल, नारियल, सोंठ, सोना, चांदी में तेजी आयेगी.

सावन मावस उत्तरा रेवति पुनरु धनिष्ठ । एक मास दुर्भिक्ष से जग में रहै अनिष्ट ।।

श्रावण शुक्ल पक्ष : 20 जुलाई : प्रतिपदा नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से कम होकर रुई तथा चांदी में तेजी का योग बना रहा है. 21 जुलाई : वक्री बुधास्त कर्क राशि आश्लेषा नक्षत्र में - शनिवारी द्वितीया से रुई एवं चांदी में तेजी बनेगी. श्रावण शुक्ल पक्ष में अस्त बुध शुभफलकारक है. 22 जुलाई : वक्री बुध पुष्य में - सोना, चांदी, मोती, मूंगा तथा बहुमूल्य पत्थरों के मूल्यों में तेजी आयेगी. रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी. 23 जुलाई : शुक्र मृगशिरा में : गुड़, खाण्ड, शक्कर तथा सभी प्रकार के धान्यों में तेजी आयेगी परन्तु गेहूँ, जौ, चना में मंदा रहेगा. 24 जुलाई : मंगलवारी पंचमी रुई एवं चांदी में तेजी का योग बना रही है. 26 जुलाई : श्रावण शुक्ल पक्ष की गुरुवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. 28 जुलाई : श्रावण शुक्ल पक्ष की शनिवारी दशमी से रुई के मूल्यों में तेजी बनेगी. 31 जुलाई : शुक्र मिथुन में : जौ, गेहूँ, चना, चावल में तेजी. अरहर, ग्वार, रुई, कपास, सूत, पटसन, बारदाना, अरण्डी, तैल, सरसों में गिरावट रहेगी. गुड़, खाण्ड, घी में घटाबढ़ी चलेगी.

अगस्त मास : मास का प्रारम्भ श्रावण शुक्ल पक्ष की रविवारी द्वादशी से प्रथम भाद्रपद शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी पूर्णिमा तक है. 01 अगस्त : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से अधिक होकर घी, सूत, चांदी में गिरावट का योग बना रहा है. 02 अगस्त : सूर्य आश्लेषा में, चन्द्रमा धनिष्ठा में : कर्क राशि आश्लेषा नक्षत्र का सूर्य, पूर्णिमा में धनिष्ठा नक्षत्र का प्रवेश तथा गुरुवारी पूर्णिमा का मान- इन सभी का योग सोना, चांदी, रुई, बिनोला, गेहूँ, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी, तेल, सरसों, तिल, चना, उड़द में तेजी बनायेगा.

प्रथम भाद्रपद मास : वर्ष में भाद्रपद मास अधिक मास है. प्र. भाद्रपद मास का शुभारम्भ शुक्रवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास के पांच शुक्रवार शुभफलकारक हैं. कृष्ण पक्ष में द्वितीया की हानि व पंचमी की वृद्धि हुई है. शुक्ल पक्ष में अष्टमी का क्षय हुआ है.

प्रथम भाद्रपद कृष्ण पक्ष : 03 अगस्त : मंगल चित्रा में : गेहूँ , जौ, चना, चावल, चांदी, सोना, पीतल, तांबा में तेजी बनेगी. 04 अगस्त : शनि तुला में : सभी प्रकार के अन्नो में तेजी, रुई, अनाज, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी. 08 अगस्त : बुध मार्गी पुष्य नक्षत्र कर्क राशि में, शुक्र आर्द्रा में : चांदी, कपड़ा चावल, में गिरावट आयेगी. अन्नों में अचानक मंदा आयेगा. 12 अगस्त : प्र. भाद्रपद कृष्ण रविवारी दशमी धान्यों एवं घी में तेजी तथा रुई में गिरावट का योग बना रही है. 14 अगस्त : मंगल तुला में : सभी प्रकार के धान्यों में विशेष रूप से उड़द, मूंग, सूत, कपास, रुई, जूट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, मूंगफली, गेहूँ आदि अन्नों में तथा सभी प्रकार की धातुओं में तेजी बनेगी. शुक्र के क्षेत्र का मंगल दो मास तक तेजी बनाये रखेगा. 15 अगस्त : मंगल-शनि की कन्या राशि मे युति से - धन धान्य की हानि होगी. 16 अगस्त : सूर्य सिंह राशि मघा नक्षत्र में : गुरुवारी संक्राति से सभी व्यापारिक वस्तुओं के भावों में समता बनाये रखने का प्रयास होगा. ज्वार, बाजरा, अरण्डा, द्राक्ष, मिर्च, चांदी, रुई, कपास, सरसों, सुगन्धित पदार्थ, ईख, शक्कर, खांड, गुड़, हल्दी, तिल, तैल, तिलहन, सोना, तांबा, पीतल, आदि धातुऐं तथा लाल रंग के पदार्थो में तेजी बनेगी. घी में मंदा होगा.

गुरुवारी संक्रांतियां जब जब जग में आव । सुखी प्रजा धन धान्य युत सभी वस्तु समभाव ।। ईख शर्करा मिष्ट रस गुड़ हल्दी तिल तैल । सोना तांबा तेज हो सूर्य सिंह के मेल ।।

17 अगस्त : भाद्रपद कृष्ण अमावस्या में आश्लेषा नक्षत्र का मान अमावस्या के मान से कम होकर खाद्य एवं अन्न पदार्थों

में तेजी का योग बना रहा है. शुक्रवारी अमावस्या में खाद्य पदार्थों की महंगाई, रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी.

प्रथम भाद्रपद शुक्ल पक्ष : 18 अगस्त : प्रतिपदा नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से कम होकर रुई तथा चांदी में तेजी का योग बना रहा है. 19 अगस्त : रविवारी द्वितीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. 20 अगस्त : सोमवारी तृतीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. 21 अगस्त : बुध आश्लेषा में : गुड़, खाण्ड, तिल, तैल, सरसों, मूंग, उड़द, मूंगफली में तेजी आयेगी. 22 अगस्त : शुक्र पुन. में : अन्नों की अनुपलब्धता से इनमें तेजी आयेगी. सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास में मंदा रहेगा. 23 अगस्त : गुरुवारी षष्ठी दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनायेगी. 24 अगस्त : मंगल स्वाति में : गेहूँ, तिल, रुई में तेजी आयेगी. चांदी में घटाबढ़ी चलेगी तथा सोना में साधारण मंदा रहेगा. 25 अगस्त : शनिवारी नवमी धान्यों के भावों में तेजी बनायेगी. 26 अगस्त : बुधास्त कर्क राशि आश्लेषा नक्षत्र में : रविवारी दशमी रुई के भावों में तेजी बनायेगी. 29 अगस्त : बुध सिंह राशि मघा नक्षत्र में : रुई, पटसन, शेयर्स में मंदा आकर तेजी बनेगी. धान्यों की हानि होने के उपरान्त भावों में समता बनी रहेगी. गेहूँ, जौ, चना, रुई, सूत, कपास, इमली, आंवला आदि खट्टे पदार्थों, तथा औषधीय वनस्पति, सोना में तेजी आयेगी. 30 अगस्त : सूर्य पू. फा. में : सोने में अच्छी तेजी बनेगी. चांदी, रुई, सूत, चावल, गेहूँ, गुड़, खाण्ड, तिल तैल, सरसों, ज्वार, घी, ऊनी वस्त्रों में तेजी आयेगी.

द्वितीय भाद्रपद एवं सितम्बर मास : द्वि.भाद्रपद मास का शुभारम्भ शनिवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास के पांच शनिवार एवं पांच रविवार दोनों ही अशुभफलकारक हैं. प्रत्येक व्यापारिक वस्तु में तेजी बनेगी. महंगाई में अत्याधिक वृद्धि से जनजीवन त्रस्त होगा.

कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़े शुक्ल पक्ष घट जाये । सभी वस्तुएं तेज हों सस्तापन हट जाये ।।

अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में गिरावट का योग बना रहा है. सितम्बर मास का प्रारम्भ द्वितीय भाद्रपद कृष्ण पक्ष की शनिवारी प्रतिपदा से द्वितीय भाद्रपद शुक्ल पक्ष की रविवारी पूर्णिमा तक रहेगा.

द्वितीय भाद्रपद कृष्ण पक्ष : 01 सितं. : शुक्र कर्क में : कर्क का शुक्र तेजी का योग बना रहा है. गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तैल तथा अन्य सभी रसकस में तेजी बनेगी. चांदी तथा सभी धान्यों के भावों में गिरावट आयेगी. रुई में गिरावट आकर तेजी बनेगी. गेहूँ, जौ, चना, अरहर, मटर में मंदा रहेगा. 02 सितं. : द्वितीय भाद्रपद कृष्ण रविवारी द्वितीया चांदी, रुई में साधारण तेजी बनायेगी. 04 सितं.: शुक्र पुष्य में : खाद्यान्नों की उपलब्धता में कमी आयेगी. गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपूर, पारा, हींग, लाख, चमड़ा में मंदा रहेगा. रुई, कपास, सूत, सन, रेशम, ऊन तथा धान्यों में तेजी बनेगी. 05 सितं. : बुध पूर्वा फाल्गुनी में : सभी प्रकार के अन्न एवं अन्न पदार्थों, गुड़, खाण्ड के भावों में गिरावट आयेगी. 08 सितं. : कृष्ण पक्ष की रोहिणी युक्त शनिवारी अष्टमी से तीन मास पश्चात् जौ, गेहूँ, बाजरा, मटर, गुवार आदि सभी प्रकार के अनाजों, हल्दी, सोंठ, जीरा, आदि किराने की वस्तुओं, कस्तूरी, हींग, गुड़, तिल, तैल तथा शीशा, पारा आदि धातुओं में तेजी बनायेगी. 11 सितं. : चन्द्रमा कर्क में द्वि. भाद्रपद कृष्ण मंगलवारी दशमी के योग से गुड़, खांड आदि रसकसों में तेजी बनेगी. धान्यों में घटबढ़ चलेगी. 12 सितं. : बुध उ.फा. में : उड़द, मोठ, अरहर, मसूर एवं मूंग का उत्पादन विपरीत रूप से प्रभावित होगा. चांदी में गिरावट रहेगी. रुई में घटाबढ़ी के बाद गिरावट आयेगी. 13 सितं. : सूर्य उ.फा. में, बुध कन्या में : सोना, चांदी, लोहा, तिल, तेल, सरसों, घी, चावल, उड़द, नारियल, सुपारी, मूंज, बांस, नील में तेजी आयेगी. अगले छः मास तक सोना, चन्दन, सुपारी, नारियल, शहद एवं उत्तम क्वालिटी की शक्कर में तेजी चलेगी. 14 सितं. : मंगल विशाखा में : रुई, कपास, वस्त्र तथा गेहूँ में तेजी बनेगी. 16 सितं. : शुक्र आश्लेषा में, सूर्य कन्या में : बुध की कन्या राशि का सूर्य भूषा, धान्य, ज्वार, बाजार, मकई, ग्वार की पैदावार में वृद्धि का योग बना रहा है. रविवारी भाद्रपद कृष्ण अमावस्या से नारियल, मंजिष्ठा आदि लाल वस्तु में तेजी आयेगी. घी, तेल, तिल, सरसों रुई, कपास, पशु आहारों, भूसा में घटबढ़ चलेगी. चावल, मोठ, चना तथा धान्यों, सुपारी, मेवा, अरण्डा, सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल तथा शेयर्स में गिरावट आयेगी.

द्वितीय भाद्रपद शुक्ल पक्ष : 17 सितं. : द्वि. भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सोमवारी द्वितीया उत्तम कृषि उत्पादन एवं पशुधन वृद्धि का योग बना रही है. रुई एवं चांदी में मंदा रहेगा. 18 सितं. : मंगलवारी तृतीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. 19 सितं.: बुध हस्त में अन्न के भावों में गिरावट आयेगी. 21 सितं.: शुक्रवारी षष्ठी दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनायेगी. 23 सितं. : शुक्ल पक्ष की रविवारी अष्टमी का मूल नक्षत्र दूध, दही, गाय, बैल, सन, सूत, कपड़ा, बिनोला, सोना, चांदी, सफेद वस्त्र, घी, गुड़, शक्कर में तेजी देगा. अब से पांचवे मास में अन्न, सैंधा नमक, सन, सूत, रुई, कपास में तेजी आयेगी. 26 सितं. : सूर्य हस्त में : गेहूँ, जौ, चना, गुड़, खांड, सूत, जूट, कपास, हल्दी, हींग, धनिया, घास, लकड़ी, नमक, रुई में तेजी आयेगी. 27 सितं.: बुध चित्रा में रुई, चांदी में घटबढ़ चलेगी. धान्यों में तेजी बनेगी. 28 सितं. : शुक्र सिंह राशि मघा नक्षत्र में, मंगल वृश्चिक में : वृश्चिक का मंगल छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगा. सभी प्रकार के धान्य, पशु, रुई, सोना, चांदी, तांबा, गेहूँ, जौ, चना, मजीठ, लाल चन्दन, लाल मिर्च तथा लाल रंग के अन्य सभी पदार्थ मंहगे होंगे. 29 सितं. : बुधोदय कन्या राशि चित्रा नक्षत्र में -धान्यों का उत्पादन उत्तम रहेगा. शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर घी, सूत, चांदी में तेजी का योग बना रहा है. 30 सितं. : रविवारी पूर्णिमा का मान रुई में घटबढ़, अलसी में मंदा तथा गेहूँ, गुड़, चांदी में तेजी बनायेगा.

आश्विन एवं अक्तूबर मास : आश्विन मास का शुभारम्भ सोमवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास पांच सोमवार युक्त है. शुक्ल पक्ष में चतुर्थी की हानि हुई है. व्यापारिक वस्तुओं में गिरावट का रुख बनेगा परन्तु मूंग, घी में तेजी बनेगी. अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई, तैल, गुड़, खाण्ड में तेजी का योग बना रहा है. अक्तूबर मास का प्रारम्भ आश्विन कृष्ण पक्ष की सोमवारी प्रतिपदा से कार्तिक कृष्ण पक्ष की बुधवारी द्वितीया तक रहेगा.

आश्विन कृष्ण पक्ष : 01 अक्तू. : बुध तुला में : घी, शक्कर, अलसी तथा यूनानी एवं आयुर्वेदिक औषधियों में तेजी बनेगी. 03 अक्तू. : मंगल अनुराधा में : गेहूँ, लाल मिर्च, लाल चन्दन तथा लाल रंग की सभी वस्तुओं में तेजी बनेगी. 04 अक्तू. : गुरु वक्री पर वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में घी, दूध एवं दुग्ध पदार्थों के भावों में गिरावट आयेगी. मंगल एवं राहु की वृश्चिक राशि में युति से आगे छठे मास में घी तथा वस्त्रों में तेजी का योग बना रही है अतः इस समय इन दोनो वस्तुओ का स्टाक आगे चलकर लाभकारी सिद्ध होगा. सभी प्रकार के अन्न का संग्रह आठ मास तक तेजी बने रहने के कारण लाभदायक होगा. श्रावण भादो, आश्विन एवं कार्तिक मास के बाद अत्याधिक तेजी बनेगी. दुधारू पशुओं के मूल्यों में विशेष तेजी आयेगी. 06 अक्तू. : बुध स्वाति में - रुई में मंदा रहेगा. 08 अक्तू.: शनि अस्त तुला राशि चित्रा नक्षत्र में : धान्यों के भावों में तेजी बनेगी. 09 अक्तू. : शुक्र पू.फा. में गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा मंदा रहेगा. 10 अक्तू.: सूर्य चित्रा में : गेहूँ, चना, कपास, रुई, सोना, चांदी, गुड़, खांड, अरहर, लाख चपड़ा, केसर कपूर में तेजी आयेगी. 12 अक्तू.: शनि स्वाति में : कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा. धान्यो के मूल्यो में गिरावट बनेगी. 14 अक्तू. : आश्विन कृष्ण रविवारी चतुर्दशी से गेहूँ, जौ, चना तथा रुई में तेजी बनेगी. 15 अक्तू. : बुध विशाखा में - आश्विन कृष्ण पक्ष की सोमवारी अमावस्या सभी प्रकार के अन्नों, गुड़, खाण्ड, तैल, तिलहन, रुई, चांदी, घी में गिरावट का योग बना रही है.

आश्विन शुक्ल पक्ष : 16 अक्तू. : मंगलवारी प्रतिपदा तथा चित्रा नक्षत्र के योग से रुई तथा चांदी में घटाबढ़ी चलेगी. 17 अक्तू. : सूर्य तुला में : सूर्य की बुधवारी तुला संक्रांति से गेहूँ, जौ, चना, आदि के भाव में समता रहेगी. चांदी, चावल, रुई, सन,

जूट, पटसन, कोयला, लकड़ी, तिल, तैल, सरसों में गिरावट आयेगी. सोना, कपूर, इलायची, लाल मिर्च, हल्दी, लौंग, कस्तूरी में घटाबढ़ी चलेगी. शुक्र के क्षेत्र का सूर्य दो मास तक तेजी बनाये रखेगा. अन्न का उत्पादन उत्तम तथा संतोष जनक रहेगा फिर भी सभी प्रकार के अन्न पदार्थों में तेजी बनेगी. बुधवारी द्वितीया भी रुई एवं चांदी में मंदा बनायेगी. 18 अक्तू. : चतुर्थी के क्षय से घी, मूंग, उड़द में तेजी बनेगी. 20 अक्तू. : शनिवारी षष्ठी गेहूँ, गुड़, अलसी, सरसों, रुई, सूत, कपास तथा चांदी में तेजी बनायेगी. 21 अक्तू. : शुक्र उ.फा. में : धान्य एवं रुई में तेजी आयेगी. सोना, चांदी में घटबढ़ चलेगी. 22 अक्तू. : मंगल ज्येष्ठा में : आश्विन शुक्ल पक्ष की सोमवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. चांदी में गिरावट तथा रुई में घटाबढ़ी रहेगी. 23 अक्तू. : बुध वृश्चिक में, शुक्र कन्या में, सूर्य स्वाति में : आश्विन शुक्ल पक्ष की मंगलवारी नवमी से कपास एवं उड़द का इस मास में किया संग्रह चैत्र मास में लाभदायक रहेगा. मंगलवारी नवमी मूंग, मोठ, उड़द, चौला आदि सभी प्रकार के दलहनों, अन्नों तथा कपास में आगे आने वाले महीनों में तेजी का योग बना रही है. धान्यों, सोना, रुई, सूत, कपड़ा, गुड़, शक्कर, खाण्ड, ऊनी वस्त्रों, सुपारी, मिर्च, राई, हींग, सरसों, अलसी, घी, तैल, अरण्डा, बिनोला आदि तिलहनों, उत्तम क्वालिटी के चावलों-बासमती आदि में तेजी बनेगी. धान्यों के मूल्यों में गिरावट बनेगी. चांदी में घटबढ़ चलेगी. 26 अक्तू. : बुध अनुराधा में : सोना, चांदी, रुई, सूत, सन के भावों में गिरावट रहेगी. धान्यों के भावों में समता रहेगी. 28 अक्तू. : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर घी, सूत, चांदी में तेजी का योग बना रहा है. 29 अक्तू. : सोमवारी पूर्णिमा का मान रुई, चांदी में तेजी बनायेगा.

कार्तिक मास : कार्तिक मास का शुभारम्भ मंगलवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास पांच मंगलवार एवं पांच बुधवार युक्त है. कार्तिक मास के पांच मंगलवार शुभफलदायक सिद्ध होंगे. धान्यों के भाव प्राय: स्थिर रहेंगे. रसकस की हानि होगी. कृष्ण पक्ष में द्वितीया की वृद्धि होकर अमावस्या का क्षय हुआ है. क्षय अमावस्या का घट्यात्मक मान तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई, तैल, गुड़, खाण्ड में तेजी का योग बना रहा है. शुक्ल पक्ष के तीन बुधवार घी तथा अन्य सभी वस्तुओं में तेजी का योग बना रहे हैं.

कार्तिक कृष्ण पक्ष : 31 अक्तू. : कार्तिक कृष्ण बुधवारी द्वितीया चांदी, रुई में मंदा बनायेगी. नवम्बर मास: मास का प्रारम्भ कार्तिक कृष्ण पक्ष की गुरुवारी द्वितीया से मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की शुक्रवारी द्वितीया तक रहेगा. 01 नवम्बर : शुक्र हस्त में : चांदी, रुई, चावल में मंदा रहेगा. सोना में साधारण तेजी बनेगी. गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी रहेगी. 06 नवम्बर : सूर्य विशाखा में - चांदी, चावल, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, कपास, गेहूँ, जौ, चना, सरसों, तिल में तेजी बनेगी. 07 नवम्बर : बुध वक्री वृश्चिक राशि अनुराधा नक्षत्र में : गुड़, खाण्ड, घी में तेजी बनेगी. अलसी, सरसों, तैल, तिलहनों तथा खाद्यान्नों के भावों में गिरावट आयेगी. 09 नवम्बर : मंगल धनु राशि मूल नक्षत्र में - अदरक, हल्दी, प्याज, आलू, सभी प्रकार के अन्नों, सोना, चांदी, घी, रुई, कपास, सूत एवं दुधारू पशुओं के मूल्यों में, सरसों, बिनोला आदि तिलहनों में तेजी आयेगी. गेहूँ, जौ, चना, चावल, चांदी, सोना, रुई में तेजी बनेगी. 11 नवम्बर : तुला राशि स्वाति नक्षत्र में - धान्यों, गेहूँ आदि में, रसकस में तथा घी में तेजी बनेगी. 12 नवम्बर : शुक्र चित्रा में, वक्री बुधास्त वृश्चिक राशि अनुराधा नक्षत्र में : सोना, चांदी तथा समस्त धान्यों के मूल्यों में समता रहेगी. सभी प्रकार की धातुओं में तेजी आयेगी. 13 नवम्बर : रिक्ता तिथि की क्रूर वार - मंगलवार की अमावस्या व्यापारिक वस्तुओं में तेजी करेगी. रुई तथा घी में तेजी रहेगी.

कार्तिक शुक्ल पक्ष : 14 नवम्बर : बुधवारी शुक्ल प्रतिपदा रुई, चांदी तथा घी में मंदा बनायेगी. परन्तु प्रतिपदा में दिन के नक्षत्र का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के नक्षत्र के घट्यात्मक मान से कम होकर रुई तथा चांदी में तेजी का योग बना रहा है अत: रुई तथा चांदी में घटाबढ़ी चलेगी. शुक्ल पक्ष की बुधवारी प्रतिपदा सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का संकेत दे रही है. 15 नवम्बर : गुरुवारी द्वितीया रुई एवं चांदी में मंदा बनायेगी. 16 नवम्बर : सूर्य वृश्चिक में, वक्री बुध विशाखा में : शुक्रवारी वृश्चिक संक्रांति छ: मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगी. चांदी, तांबा में साधारण तेजी होगी. ऊन एवं ऊनी वस्त्रों में तेजी के रुख के बाद भी भावों में समता रहेगी. तिल, तैल, रुई, कपास, सूत, वस्त्र, गुड़ तथा कार, स्कूटरों, मोटर साईकिलों आदि वाहनों, घोड़ों, ऊँटों तथा हाथियों आदि पशुओं में तेजी आयेगी. लाल रंग के पदार्थों में गिरावट रहेगी. 17 नवम्बर : शुक्र तुला में - सोना, गुड़, खांड में साधारण तेजी आयेगी. रुई में तेजी आकर मंदा बनेगा. धान्यों के मूल्यों में गिरावट रहेगी. 19 नवम्बर : वक्री बुध तुला में, सूर्य अनुराधा में : कार्तिक शुक्ल सोमवारी षष्ठी से सरसों, गेहूँ, जौ, चना, गुड़, अलसी में तेजी बनेगी. सोना, चांदी में घटाबढ़ी चलेगी. 21 नवम्बर : कार्तिक शुक्ल पक्ष की बुधवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. 22 नवम्बर : शुक्र स्वाति में : गुड़, खाण्ड, शक्कर, पशु आहारों एवं भूसी वाले धान्यों में तेजी बनेगी. अन्य सभी अन्नों में घटाबढ़ी चलेगी. 23 नवम्बर : बुधोदय वक्रावस्था में तुला राशि विशाखा नक्षत्र में : कार्तिक शुक्ल पक्ष में उदित बुध जौं, तिल, गेहूँ में तेजी आयेगी. 27 नवम्बर : मंगल पू.षा. में, बुध मार्गी तुला राशि विशाखा नक्षत्र में : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर शक्कर, सूत, धान, तिल, उड़द, चावल, उड़द, मूंगफली, घी, अलसी चांदी, सोना तथा आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषधियों में तेजी का योग बना रहा है. दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों में कमी आयेगी. अन्न का उत्पादन संतोष जनक रहेगा. 28 नवम्बर : चन्द्रमा रोहिणी में, वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में चन्द्र ग्रहण होगा. वृष राशि का ग्रहण, दुग्ध उत्पादकों एवं व्यापारियों, के लिये कष्टकारी रहेगा. इस समय चन्द्रमा का स्वाति नक्षत्र में स्थित शुक्र से वेध होने के कारण सूत तथा कपास के स्टाक से विशेष लाभ नहीं होगा. अन्नों का स्टाक पांचवे मास में लाभकारी रहेगा. बुधवारी चन्द्रग्रहण सुपारी, लाल वस्त्रों के स्टाक से आगे चलकर लाभ देगा. पूर्णिमा तथा नक्षत्र के मान से मास के फलों का प्रभाव मात्र 25 प्रतिशत ही होगा. रुई में गिरावट रहेगी. अलसी, सरसों, चांदी में तेजी बनेगी.

मार्गशीर्ष मास : मार्गशीर्ष मास का शुभारम्भ गुरुवारी प्रतिपदा से हुआ है. मास पांच गुरुवार एवं पांच शुक्रवार युक्त है. धान्यों के मूल्यों में कमी होगी. रसकस में घटबढ़ चलेगी.

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष : 29 नवम्बर : कृष्ण प्रतिपदा का मान दिन के नक्षत्र के मान से अधिक होकर सामान्य वर्षा तथा सामान्य जन के शुभ समय का संकेत दे रहा है.

दिसम्बर मास : मास का प्रारम्भ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की शनिवारी तृतीया से पौष कृष्ण पक्ष की सोमवारी तृतीया तक रहेगा. 01 दिसं.: मार्गशीर्ष कृष्ण तृतीया का आर्द्रा नक्षत्र अन्न एवं अन्न पदार्थों में गिरावट का संकेत कर रहा है. 02 दिसं.: सूर्य ज्येष्ठा में : सोना, चांदी, गेहूँ, जौ, चना, चावल, सरसों, गुड़, खांड, शक्कर, अलसी, पारा, हींग, अरण्डा, गूगल में तेजी आयेगी. 03 दिसं. : शुक्र विशाखा में : पशु आहारों एवं भूसी वाले धान्यों में घटबढ़ रहेगी. रुई में अच्छी गिरावट आयेगी. 05 दिसं.: मार्गशीर्ष कृष्ण बुधवारी षष्ठी का मान रुई में गिरावट का योग बना रहा है. 06 दिसं. : बुध वृश्चिक में : घी, तैल, अरण्डा, बिनोला आदि तिलहनों में तेजी आयेगी. धान्यों के मूल्यों में गिरावट बनेगी. 08 दिसं. : मार्गशीर्ष कृष्ण शनिवारी दशमी का क्षय घी एवं रुई में तेजी करेगा. 09 दिसं. : बुध अनुराधा में : आज मार्गशीर्ष मास की कृष्ण पक्ष की रविवारी एकादशी में किया सूत, रुई, कपास स्टाक बैशाख मास में लाभ देगा. सुभिक्ष से धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. रुई में मंदा रहेगा. 11 दिसं. : शुक्र वृश्चिक में : गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा में गिरावट रहेगी. रुई, अलसी, चांदी में तेजी बनेगी. गुड़ में घटाबढ़ी चलेगी. वृश्चिक का शुक्र छ: मास तक घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगा तथा 'मंगल घर में शुक्र हो अन्न तेज तब जान के अनुसार' अन्न पदार्थों में तेजी रहेगी. गुरुवारी अमावस्या से रुई, चांदी, घी में साधारण गिरावट आयेगी.

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष : 14 दिसं. : शुक्र अनुराधा में, मंगल उ.षा. में : शुक्रवारी प्रतिपदा के चन्द्रदर्शन से रुई में अच्छी तेजी बनेगी. धान, तिल, घी, तैल, उड़द में तेजी बनेगी. गुड़, खाण्ड, शक्कर, चावल, नमक तथा क्षारीय पदार्थों में गिरावट आयेगी. दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों में कमी आयेगी. अन्न का उत्पादन संतोष जनक रहेगा. 15 दिसं.: सूर्य धनु राशि मूल नक्षत्र में, शनिवारी तृतीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. सोना, कपास, सूत, अलसी, तिल, तैल में तेजी आयेगी.शनिवारी संक्राति सभी प्रकार के धान्यों में तेजी बनायेगी. मार्गशीर्ष मास की धनु संक्राति 'मंगशिर में संकाति धनु आवै तो दुर्भिक्ष' के अनुसार अन्न पदार्थो की उपलब्धता में कमी करेगी. धनु का सूर्य सभी प्रकार के अन्नों में मंदा बनायेगा. कपास, सूत, तैल, घी में तेजी बनेगी. तैल, सरसों, अलसी, रुई, पाट एवं बारदाना में तेजी बनेगी. 18 दिसं. : मंगल मकर में, बुध ज्येष्ठा में : मंगल गुरु का त्रिकोण योग सुभिक्ष का योग बना रहा है. सभी प्रकार के धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. तैल, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, खाण्ड, धान, ईख तथा घी में तेजी बनेगी. मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की मंगलवारी षष्ठी सरसों, गेहूँ, चना, गुड़, अलसी में तेजी बनायेगी. 20 दिसं. : मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की गुरुवारी अष्टमी अन्न तथा अन्न पदार्थों में घटाबढ़ी करेगी. 22 दिसं. : मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की शनिवारी दशमी रुई के भावों में तेजी बनायेगी. 23 दिसं. : राहु तुला में : शुक्र के क्षेत्र का राहु दो मास तक तेजी बनाये रखेगा. सभी प्रकार के खाद्यान्नों में तेजी बनेगी. 24 दिसं. : बुधास्त वृश्चिक राशि ज्येष्ठा नक्षत्र में, शुक्र ज्येष्ठा में : सोना, चांदी, तिल, चावल, तैल, सरसों में मंदा रहेगा. धान्यों में साधारण तेजी बनेगी. सभी प्रकार की धातुओं में तेजी आयेगी. 25 दिसं. : मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में द्वादशी की वृद्धि रुई में तेजी का योग बना रही है. 27 दिसं. : बुध धनु राशि मूल नक्षत्र में : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर घी, सूत, चांदी, ईख तथा चावल में तेजी का योग बना रहा है. सोना, चांदी तथा धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. रुई में घटाबढ़ी चलेगी. 28 दिसं. : सूर्य पू.षा. में : तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, हल्दी गुग्गल, चांदी, कपूर, ऊनी वस्त्र, सन में तेजी बनेगी.

पौष मास : मास का प्रारम्भ शनिवार प्रतिपदा से हुआ है. कृष्ण पक्ष में चतुर्दशी का क्षय होकर शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी की वृद्धि हुई है. मास में पांच शनिवार एवं पांच ही रविवार हैं. इस वर्ष ऐसी ही स्थिति द्वितीय भाद्रपद मास में बन चुकी है. शनि एवं रवि दोनों ही वार अशुभफलकारक हैं. व्यापारिक वस्तुओं में तेज घटाबढ़ी चलेगी. रसकस के मूल्यों में गिरावट रहेगी. व्यापारिक वस्तुओं के मूल्यों में कमी आयेगी. अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में रुई, तैल, गुड़, खाण्ड में तेजी का योग.

पौष कृष्ण पक्ष : 30 दिसं. : पौष कृष्ण रविवारी द्वितीया चांदी, रुई में साधारण तेजी बनायेगी. 31 दिसं.: मंगल श्रवण में-धान्यों की उपलब्धि में कमी से सभी प्रकार के अन्नों में विशेषकर गेहूँ में तेजी आयेगी. चांदी, सोना में साधारण तेजी बनेगी. रुई में घटबढ़ चलेगी.

जनवरी मास 2013: मास का प्रारम्भ पौष कृष्ण पक्ष की मंगलवारी चतुर्थी से माघ कृष्ण पक्ष की बुधवारी तृतीया तक रहेगा. 04 जनवरी : शुक्र मूल नक्षत्र में: धान्यों में तेजी बनेगी. सोना में घटाबढ़ी चलेगी. रुई पहले तेज होकर बाद में मंदे में जायेगी. 05 जनवरी : बुध पूर्वाषाढ़ में : गेहूँ, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, बाजरा, ग्वार, सोना, चांदी में मंदा आयेगा. गुड़, शक्कर, खांड, सरसों, अलसी, बिनोला, रुई, कपास में तेजी आयेगी. 10 जनवरी : पौष कृष्ण गुरुवारी चर्तुदशी का क्षय रुई में तेजी का योग बना रहा है. 11 जनवरी : सूर्य उ.षा. में : पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या का पूर्वाषाढ़ नक्षत्र धान्यों में तेजी बनायेगा. गेहूँ, उड़द, मूंग, जूट, सूत, कपास, चावल, बांस, सरसों, तिल, तेल, गुड़, शक्कर, खांड, चीनी, हल्दी, घी, चना आदि में तेजी आयेगी. चांदी में साधारण तेजी बनेगी. रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा.

पौष शुक्ल पक्ष : 13 जनवरी : बुध उ.षा. में : रविवारी द्वितीया रुई एवं चांदी में तेजी बनायेगी. अन्न उत्पादन श्रेष्ठ रहने से धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी. 14 जनवरी : सूर्य मकर में : सवत् 2069 की कर्क एवं मकर संक्रांतियां दोनों ही सोमवारी हैं. सोमवारी मकर संक्रांति से अनाजों, मूंगा, मोती के भावों में गिरावट का योग. सभी प्रकार के धान्यों में मंदा बनेगा. सोमवारी तृतीया से रुई, चांदी, घी तथा तेल में तेजी बनेगी. 15 जनवरी : शुक्र पूर्वाषाढ़ में, बुध मकर में : शनि के क्षेत्र का बुध सोना, चांदी आदि धातुओं तथा अन्न के भावों में समता बनाये रखने में मदद करेगा. शुभ तथा अशुभ दोनों प्रकार के फल प्राप्त होंगे. रुई, गुड़, खांड, घी, तैल, उड़द, मूंग, मोठ, तिल, तैल, सरसों, नमक में मंदा रहेगा. 17 जनवरी : मंगल धनिष्ठा में : गुरुवारी षष्ठी दो मास में सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनायेगी. चांदी, सोना, पीतल, तांबा, जस्ता, लोहा धान्य, गेहूँ, गुड़, शक्कर में घटबढ़ रहेगी. 20 जनवरी: पौष शुक्ल पक्ष की रविवारी नवमी धान्यों के भावों में तेजी बनायेगी. 21 जनवरी : बुध श्रवण में : गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, चना, गेहूँ में तेजी आयेगी. 24 जनवरी : सूर्य श्रवण में : उड़द, मूंग, जूट, रुई, सूत, कपास, चावल, बांस, सरसों, गुड़, खांड, चीनी, जौ, गेहूँ, सन, सोना, चांदी में तेजी आयेगी. 25 जनवरी : पौष शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी की वृद्धि हुई है. धान्यों तथा रुई में तेजी बनेगी. मंगल कुंभ में, शुक्र उ.षा. में : अनाज में तेजी आयेगी. रुई, सोना, चांदी, गुड़, खांड, शक्कर चांदी में घटबढ़ चलेगी. 26 जनवरी : शुक्ल चतुर्दशी का घट्यात्मक मान पूर्णिमा के मान से कम होकर घी, सूत, चांदी में तेजी का योग करेगा. 27 जनवरी : रविवारी पूर्णिमा का मान रुई में घटबढ़, अलसी में मंदा तथा गेहूँ, गुड़, चांदी में तेजी बनायेगा.

माघ मास : माघ मास का शुभारम्भ 28 जनवरी से हुआ है. कृष्ण पक्ष में अष्टमी की हानि हुई है. मास का पांच सोमवार युक्त होना शुभफलकारक है. व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य मंदे का रुख बनेगा. अमावस्या तथा पूर्णिमा का घट्यात्मक मान रुई में गिरावट का योग. भविष्य भारती के अनुसार :

शुक्र पंचमी शनि को षष्ठी तथा सप्तमी को रविवार । माघ: बदी में क्रमश: हो तो पृथ्वी पर हो युद्ध अपार ।।

माघ कृष्ण पक्ष : 28 जनवरी: शुक्र मकर में : कृष्ण प्रतिपदा का मान दिन के नक्षत्र के मान से कम होकर गुड़, खाण्ड, घी तथा सभी प्रकार के खाद्यान्नों में तेजी बनेगी. रुई तथा चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी. 29 जनवरी : बुध धनिष्ठा में: सोना, चांदी, धान्यों में गिरावट आयेगी. रुई में घटाबढ़ी चलेगी. चावल में तेजी बनेगी. 30 जनवरी : गुरु मार्गी वृष राशि रोहिणी नक्षत्र में : व्यापारिक वस्तुओं में गिरावट आयेगी.

